दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :126
प्रतापगढ़ | रविवार , 9 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

दिल्ली में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी

● गरीब महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये

▶▶महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब बहनों को 2500 रुपये देने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का एक सुंदर अवसर है और इस अवसर का सदुपयोग करते हुए हमने अपनी कैबिनेट की बैठक की, जिसमें सभी मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने अपने बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर रेखा गुप्ता के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए।रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ से होता हुआ बेटी बढ़ाओ तक पहुंचा है। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। समाज को आगे आना होगा कि बेटी बढ़ाने के लिए न केवल शिक्षा बल्कि उसका स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तीकरण जैसी हर चीज को जोड़ना होगा। आज समाज में पहले की अपेक्षा बहुत बदलाव है। यह समाज के मन से आना चाहिए कि हमारे लिए बेटी और बेटा बराबर है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है लेकिन मुझे लगता है कि महिला दिवस हर दिन होना चाहिए। जिस समाज में महिलाओं का सम्मान हो और जिस समाज की रीढ़ की हड्डी महिला होती हैं, मातृ शक्ति को हमेशा नमन करना चाहिए। आज पूरे विश्व में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसके लिए पूरे समाज को मिलकर उन्हें और प्रोत्साहन देना चाहिए।

मणिपुर में दो साल बाद सरकारी बस सेवाएं फिर शुरू

इम्फाल,(हि.स.)। मणिपुर में करीब दो साल के बाद शनिवार से प्रमुख मार्गों पर सरकारी बस सेवाएं पुनः शुरू हो गई हैं। इम्फाल से सेनापति जिले के लिए कांगपोकपी होते हुए और इम्फाल से चुराचांदपुर जिले के लिए बिश्नुपुर के रास्ते बसें चली। सुबह 9 बजे इम्फाल एयरपोर्ट से बसें चलीं। इसके साथ ही, पूरे राज्य में लोगों की मुक्त आवाजाही भी बहाल कर दी गई। यह निर्णय केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद लिया गया है।मुख्य सचिव पीके सिंह ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ये बसें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की सुरक्षा में संचालित होंगी। उन्होंने इसे जनता की असुविधा दूर करने और राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में एक कदम बताया। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बस सेवाओं में बाधा डालने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एटीएस ने हिजबुल मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी को जम्मू कश्मीर से किया गिरफ्तार

● मुरादाबाद में 2001 में एके-56 के साथ किया गया था गिरफ्तार

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की सहारनपुर की टीम ने मुरादाबाद पुलिस के सहयोग से 25 हजार के इनामी संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन से जुड़ा हुआ है।

इससे पूर्व मुरादाबाद में उसे एके-56 के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वर्ष 2007 में जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था।एटीएस ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ परवेज उर्फ हुसैन मलिक जम्मू- कश्मीर के पुंछ के ग्राम फजलाबाद का रहने वाला है।

उल्फत हुसैन ने वर्ष 1999 से 2000 तक पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर पीओके में ट्रेनिग प्राप्त की।

वह पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर से ट्रेनिग करने के उपरान्त मुरादाबाद आया था और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के प्रयास में था। एटीएस को जानकारी मिली थी कि मुरादाबाद जिले में उल्फत हुसैन राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहा है। एटीएस ने उसे नौ जुलाई 2001 को मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।

उसके पास से एक एके-47 और एक एके-56, दो पिस्टल 30 बोर 12 हैण्ड ग्रेनेड और 39 टाइमर, 50 डेटोनेटर, 37 बैट्री, 29 किलो विस्फोटक पदार्थ, 560 जिन्दा कारतूस के साथ आठ मैगजीन बरामदगी की गयी थीं। इस मामले में वह वर्ष 2007 में जमानत पर वह जेल से रिहा हो गया था। उसके बाद अदालत में किसी भी तारीख पर हाजिर नहीं हुआ। अदालत ने दोबारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे चढ़ने के बजाय वह फरार हो गया था। तभी से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

टैरिफ में कटौती करने पर सहमत हो गया है भारत

वाशिंगटन, एजेंसियॉ। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने आखिरकार टैरिफ में कटौती करने का फैसला किया है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उन्होंने कहा कि अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाने वाले देशों पर पारस्परिक टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफ़ वसूलता है। बहुत ज़्यादा। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। वैसे, वे सहमत हो गए हैं; वे अब अपने टैरिफ़ में कटौती करना चाहते हैं क्योंकि कोई तो आख़िरकार उनके किए की पोल खोल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को ठगा गया है और इसे रोकना होगा। ÷मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे रोक दिया था और अब हम इसे वास्तव में रोकने जा रहे हैं क्योंकि यह बहुत अनुचित है। आर्थिक दृष्टिकोण से, वित्तीय दृष्टिकोण से और व्यापार दृष्टिकोण से, हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने ठगा है।÷ ट्रंप ने यह भी कहा कि अभी टैरिफ ÷अस्थायी÷ और ÷छोटे÷ हैं, लेकिन ÷प्रमुख टैरिफ÷ जो पारस्परिक प्रकृति के होंगे, 2 अप्रैल से शुरू होंगे और वे हमारे देश के लिए एक बड़ा गेम चेंजर होंगे।वहीं, भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के जरिये शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने सहित व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपने व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद यह बात कही गई। ट्रंप ने अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत दो अप्रैल से कई व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा की, जो अमेरिका से आयात पर अधिक शुल्क लगाते हैं। इस पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे के सौहार्दपूर्ण समाधान की उम्मीद करता है।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में खेली जाएगी होली, प्रशासन ने लिया फैसला

अलीगढ़- अलीगढ़ की मुस्लिम यूनिवर्सिटी में होली मनाने पर रोक लगाए जाने के बाद बवाल मच गया था। अब यूनिवर्सिटी ने इस फैसले से रोक हटा दी है। यूनिवर्सिटी विरोध देखने के बाद बैकफुट पर आई है। एएमयू प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के एनआरएससी हॉल में होली खेलने की इजाजत दी है। एबीपी न्यूज के मुताबिक हॉल के प्रोवोस्ट प्रो बी बी सिंह का कहना है कि जिन छात्रों को होली खेलनी है वो 13 और 14 मार्च को यहां आकर होली खेल सकते है। प्रोफेसर सिंह का कहना है कि होली के लिए दो दिन तक ये हाल छात्रों के लिए उपलब्ध होगा। जानकारी के लिए बता दें कि कुछ दिन पहले ही एनआरएससी हॉल में होली खेलने के लिए छात्रों ने अनुमति मांगी थी।

मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है - प्रधानमंत्री

नई दिल्ली,(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं।उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला।

आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं।प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं।उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है। हमने उनके बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमने उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया है। पहले कामकाजी महिलाओं को केवल 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलता था, लेकिन हमने इसे बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है।

महाकुम्भ के बाद त्रिवेणी के पावन जल की यूपी के बाहर राज्यों में बढ़ी मांग

लखनऊ,एजेंसियॉ। प्रयागराज महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस त्रिवेणी के पावन जल की डुबकी से कोई छूट न जाय इसके लिए योगी सरकार ने अग्नि शमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का पवित्र जल पहुंचाया। यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी का यह जल पहुंचा ही था कि अब देश के दूसरे राज्यों से लोग निजी टैंकर लेकर संगम पवित्र जल लेने पहुंच गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ के समापन के बाद प्रदेश के सभी जिलों में संगम के जल को महा प्रसाद के रूप में पहुंचाने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य महा कुम्भ आने से वंचित रह गई यूपी की जनता को त्रिवेणी के पवित्र जल से स्नान का अवसर प्रदान करना था। यूपी के अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग को यह जिम्मेदारी दी गई। महाकुम्भ के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में त्रिवेणी का जल दमकल गाड़ियों के टैंकर में भरकर पहुंच चुका है।

उसका वितरण भी हो गया है। उनका कहना है कि इधर यूपी के बाहर के कई राज्यों से उनके पास लोगों के फोन आ रहे हैं जिसमें उन राज्यों में भी त्रिवेणी के गंगा जल की मांग की गई है। प्रमोद शर्मा का कहना है कि शासन का निर्देश प्रदेश के अंदर गंगा जल आपूर्ति का था जिसे विभाग पूरा कर चुका है। अब निजी तौर पर अपने संसाधनों से लोग अगर गंगा जल लेने संगम आते हैं तो विभाग जल भराने में सहयोग करेगा। यूपी के सभी 75 जिलों में अग्नि शमन विभाग की तरफ से त्रिवेणी का पावन जल पहुंचाने का सिलसिला अभी संपन्न ही हुआ था कि नॉर्थ ईस्ट में असम से निजी टैंकर लेकर परम शिवम शिव मंदिर योगाश्रम, गुवाहाटी के संत राजा रामदास त्रिवेणी संगम पहुंच गए। सीएफओ प्रमोद शर्मा का कहना है कि राजा रामदास जी ने टैंकर में गंगा जल भरवाने में विभाग का सहयोग मांगा और उनके विभाग ने उनके टैंकरों में जल भरकर उन्हें यहां से असम के लिए रवाना कर दिया। इधर संत राजा रामदास का कहना है कि नार्थ ईस्ट के एक मात्र महामंडलेश्वर स्वामी केशव देव महाराज जी ने 40 हजार लीटर और 28 हजार लीटर की क्षमता के ये टैंकर भिजवाए हैं। उनका कहना है कि उनका खालसा प्रयागराज महाकुम्भ के मेले में स्थापित था। उनके वापस जाने के बाद नार्थ ईस्ट में उनके तमाम भक्त, साधु संत और आम लोगों ने उनसे गंगाजल का प्रसाद मांगा तो उन्होंने आने वाले शिष्यों को दो टैंकर के साथ प्रयागराज भेजा है। रामदास महाराज कहते हैं कि उनके गुरु स्वामी केशवदेव महाराज को ये प्रेरणा योगी सरकार की पहल से मिली जिसमें यूपी के सभी जिलों में फायर डिपार्टमेंट के टैंकर से जल उपलब्ध करवाया गया।

फोन पर बात करते समय कुंए में गिरने से युवक की मौत

हाथरस,एजेंसियॉ। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव में फोन पर बात करते-करते एक युवक 120 फुट गहरे कुंए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर-वाहनपुर में फोन पर बात करते-करते ट्रैक्टर चालक राहुल (20) शुक्रवार की रात करीब 120 फुट गहरे कुंए में गिर गया। वह खेत से कोल्ड स्टोरेज तक आलू पहुंचाने के काम में लगा हुआ था।ट्रैक्टर में खराबी आने के बाद फोन पर बात कर रहा था, तभी वह पैदल चलते-चलते खेत में उतर गया और वहां स्थित कुंए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। इस हादसे की सूचना मिलने पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुंएसे बाहर निकाला।

अगस्ता वेस्टलैंड मामला

जमानत के बाद भी जेल में रहना चाहता है क्रिश्चियन मिशेल

● कहा- दिल्ली मेरे लिए असुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ने शुक्रवार को सुरक्षा जोखिम के कारण जमानत पर बाहर जाने के बजाय अपनी सजा पूरी करने और भारत छोड़ने की पेशकश की। जेम्स ने विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल को संबोधित करते हुए यह दलील दी। उनके खिलाफ सीबीआई और ईडी के मामलों में राहत मिलने के बाद विशेष अदालत ने उन्हें जमानत पर रिहा करने के लिए आवश्यक जमानत शर्तें लगाईं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 4 मार्च को ईडी मामले में उसे जमानत दे दी थी और मिशेल को आवश्यक जमानत शर्तों के साथ पेश करने का निर्देश दिया था, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने 18 फरवरी को निचली अदालत की शर्तों के अधीन सीबीआई मामले में राहत प्रदान की थी। शुक्रवार को न्यायाधीश ने जेम्स से पूछा, ÷अब तुम कैसे हो? पिछले दो महीनों में ईश्वर तुम पर मेहरबान रहा है। तुम्हें दोनों मामलों में जमानत मिल गई है।

हालांकि, जेम्स ने कहा, ÷दिल्ली बस एक बड़ी जेल है। मेरा परिवार मेरे पास नहीं आ सकता... मेरी सुरक्षा खतरे में है। मैं अपनी सजा पूरी करके देश छोड़कर चला जाना पसंद करूंगा।न्यायाधीश ने मिशेल से पूछा कि जब उसे जमानत मिल गई है तो वह जेल में कैसे रह सकता है। मिशेल ने कहा, ÷मैं जमानत स्वीकार नहीं कर सकता। यह असुरक्षित है। हर बार जब मैं तिहाड़ (जेल) से बाहर निकलता हूं, तो कुछ न कुछ होता है।÷ जमानत बांड प्रस्तुत करने के पहलू पर, उन्होंने कहा, ÷एक व्यक्ति जो छह साल से जेल में है, वह स्थानीय जमानतदार कैसे पेश कर सकता है?÷ मिशेल द्वारा इस बात पर जोर दिए जाने के बाद कि वह सुरक्षा कारणों से जमानत पर रिहा नहीं होना चाहता, न्यायाधीश ने पूछा, ÷क्या आप दिल्ली में कोई सुरक्षित स्थान नहीं ढूंढ सकते?÷ इसके बाद मिशेल ने ÷निजी तौर पर उस घटना के बारे में बताने÷ की पेशकश की, जिसका सामना उसने एम्स में भर्ती होने के दौरान किया था।

ट्रंप के टैरिफ वाले बयान पर कांग्रेस का हल्ला बोल

● पूछा- मोदी सरकार ने आखिर क्या सहमति दी है

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत टैरिफ कम करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने इस कथित सौदे पर चिंता व्यक्त की। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की वाशिंगटन यात्रा का उल्लेख करते हुए रमेश ने सवाल किया कि क्या सरकार भारतीय किसानों और निर्माताओं के हितों से ÷समझौता÷ कर रही है।रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अमेरिकियों के साथ व्यापार पर बात करने के लिए वाशिंगटन डीसी में हैं। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह कहा। मोदी सरकार ने किस बात पर सहमति जताई है? क्या भारतीय किसानों और भारतीय विनिर्माण के हितों से समझौता किया जा रहा है? 10 मार्च को जब संसद फिर से शुरू होगी, तो प्रधानमंत्री को संसद को विश्वास में लेना चाहिए। इसके अलावा, कांग्रेस ने अमेरिका पर टैरिफ %कटौती% करने के इस कथित सौदे और डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों को लेकर भारत सरकार की आलोचना की और इसे भारत का ÷अपमान÷ बताया।कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कहा - मैंने भारत की पोल खोल दी है, इसलिए अब वह अपने टैरिफ कम करने को मान गए हैं।

तीस साल पहले मंदिर को चर्च बनाया था, अब फिर बन रहा मंदिर

● धर्म परिवर्तन करने वाला पूरा गांव कर रहा सनातन धर्म में घर वापसी

● बांसवाड़ा जिले के गांगड़तलाई के निकट सोडला दूधा गांव का है मामला

बांसवाड़ा,(हि.स.)। तीर्थराज प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ ने सनातन की ऐसी बयार बहाई है कि पूरे देश में अलग ही माहौल नजर आ रहा है। इसका असर राजस्थान प्रदेश के जनजाति जिले बांसवाड़ा में भी देखने को मिल रहा है। दरअसल बांसवाड़ा जिले में एक गांव ऐसा है, जहां के लोगों ने सालों पहले धर्म परिवर्तित कर ईसाई धर्म को स्वीकार कर लिया था। अब पूरा गांव एक बार फिर से सनातन धर्म में वापस लौट रहा है। इतना ही नहीं, गांव में करीब 30 साल पहले भैरव जी का मंदिर था, जिसे चर्च में बदल दिया गया था। अब 30 साल बाद चर्च को फिर से मंदिर में बदला जा रहा है। सनातन धर्म में घर वापसी और मंदिर के उद्घाटन का कार्यक्रम रविवार को धूमधाम से किया जाएगा।बांसवाड़ा जिले के गांगड़तलाई पंचायत समिति के सोड़ला दूधा गांव का माहौल ही कुछ अलग है। कभी चर्च में पादरी का काम करने वाले गौतम गरासिया ने भी हिंदू धर्म में घर वापसी कर ली है। उन्होंने बताया कि देश और प्रदेश में बह रही सनातन संस्कृति और महाकुंभ से मिले संदेश के बाद इस गांव के लोगों ने जिन्होंने पूर्व में ईसाई धर्म अपना लिया था, अब फिर से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। साथ ही गांव में बने हुए 30 साल पुराने चर्च का रूप बदलकर फिर से यहां भैरव जी का मंदिर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि सालों पूर्व यहां ईसाई मिशनरी से प्रभावित होकर पूरे गांव के लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया था, लेकिन और अब उनके मन में फिर से सनातन संस्कृति की ओर रुख हुआ और अब फिर से वह हिंदू धर्म अपनाते हुए यहां भैरव जी का मंदिर स्थापित कर रहे हैं। भारत माता मंदिर से प्रेरणा लेकर इस जनजाति क्षेत्र में इस तरह का पहला आयोजन है। इससे प्रभावित होकर यह संभावना है कि आने वाले दिनों में और भी कई गांव में ईसाई धर्म अपना चुके लोग वापस सनातन की ओर अपने घर की वापसी करेंगे।

महिलाओं को एक हत्या करने की दी जाए छूट

● शरद पवार की पार्टी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

मुंबई, एजेंसियॉ। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) की महिला शाखा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अजीबोगरीब मांग कर दी है। महिला शाखा ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मद्देनजर एक हत्या के लिए सजा से छूट देने का आग्रह किया है। शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी की महिला विंग की अध्यक्ष रोहिणी खडसे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लिखे पत्र में कहा कि महिलाएं दमनकारी मानसिकता, बलात्कारी मानसिकता और निष्क्रिय कानून व्यवस्था की प्रवृत्ति को खत्म करना चाहती हैं।खडसे ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में मुंबई में 12 वर्षीय लड़की के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र किया। खडसे ने पत्र में कहा, ÷हम सभी महिलाओं की ओर से एक हत्या करने पर (दंड से) छूट की मांग कर रहे हैं।÷ इस पत्र का उद्देश्य राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधना है। उन्होंने एक सर्वेक्षण रिपोर्ट का भी हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि भारत महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित देश है क्योंकि उनके खिलाफ अपहरण और घरेलू हिंसा सहित कई अपराध हो रहे हैं।खडसे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारी मांग पर गंभीरता से विचार करने के बाद उसे स्वीकार कर लिया जाएगा।

महिलाओं को सशक्त बनाकर मुख्य धारा से जोड़ें- शिवांगी पांडेय

प्रधान प्रतिनिधि ने कहा, महिलाओं को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। विकास खण्ड मेजा के ग्राम पंचायत अमोरा के पँचायत भवन में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर बतौर आमंत्रित अतिथि सचिव सु श्री शिवांगी पांडेय ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से राष्ट्र विकास की गति में तेजी आना तय है।पँचायत स्तर पर महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उन्हें सशक्त बनाया जाय।सरकार की भी यही मंशा है।

क्षेत्र के ग्राम अमोरा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए शिवांगी पांडेय ने कहा कि हमारा इतिहास महिलाओं के शौर्य,संस्कार,समर्पण और शूरता से भरा पड़ा है।दुर्गा,काली जो शक्ति स्वरूपा रही हैं इनके द्वारा सृष्टि की रक्षा कर इतिहास रचा है।समाज ने रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना दी है।यम से लड़ने वाली सावित्री भी महिला ही थी।हम महिलाओं की ममता भी देखते हैं वही महिलाओं का चंडी रूप भी देखा है।बदलाव के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत का परचम फहरा रही है।समय की मांग है कि महिलाओं को हर स्तर पर साथ लेकर आगे बढ़ा जाय।ग्राम पंचायत अमोरा के प्रधान प्रतिनिधि आशीष सिंह ने कहा कि यहाँ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हर सम्भव कोशिश की जा रही है।प्रत्येक महिला को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।प्रधान के तौर पर महिलाओं को रोजगार व सम्मान देकर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने की हर सम्भव कोशिश जारी है।

मौके पर सचिव सुश्री शिवांगी पांडे, प्रधान प्रतिनिधि आशीष सिंह, ग्राम रोजगार सेवक भीमेंद्र मिश्रा, विपिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।कई महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसमें विनीता विश्वकर्मा, राजकुमारी, गुंजा जायसवाल, सीमा आदि रहीं।

सिकंदरा के कोटेदार की डीएम से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। ग्राम पंचायत सिकंदरा के उचित दर विक्रेता की शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। कार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार प्रवीण कुमार द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की जा रही है। अंगूठा लगवाने के बाद भी उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया जाता है। सिकंदरा निवासी निवासी प्रमोद कुमार मौर्य, फातिमा बेगम, नजीर अहमद, राम निहोर, बफाती, यार मोहम्मद, संतलाल, रूकसाना बेगम आदि का आरोप है कि उचित दर विक्रेता प्रवीण कुमार के द्वारा के वाई सी के नाम पर पचास से सौ रूपये लिया गय। लेकिन जनवरी फरवरी का खाद्यान्न आज तक नहीं बांटा गया है। कोटेदार प्रवीण कुमार से बात करने पर उनका कहना है कि लोगों द्वारा लगाए गए आप बेबुनियाद हैं।

महिला अधिकारों के न्याय का उत्सव है महिला दिवस - डॉ. अनामिका

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित की गई संगोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में बोलते हुए शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. अनामिका ने कहा कि यह दिवस महिला अधिकारों, समानता और लैंगिक न्याय के लिए एक वैश्विक उत्सव है। इस दिन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे सभी क्षेत्रों में अपने अधिकारों और अवसरों का समान रूप से उपयोग कर सकें। इस अवसर पर बोलते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी अधिकारी श्री प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा समाज को महिलाओं के अधिकारों और अवसरों के समानता के महत्व को समझना चाहिये। यह दिन लैंगिक भेदभाव, हिंसा, और असमानता के खिलाफ संघर्ष की आवश्यकता को उजागर करता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि महिला दिवस न केवल महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है, बल्कि यह एक अवसर है, जब हम समाज में लैंगिक समानता की दिशा में किए गए प्रयासों का मूल्यांकन करते हैं और भविष्य के लिए बेहतर कदम उठाने का संकल्प लेते हैं। संगोष्ठी का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन का कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

मांगों को लेकर महिलाओं ने निकाली रैली

प्रगतिशील महिला संगठन ने की भाजपा सरकार की निंदा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी, मनमाने विद्युत बिल आदि के लिए केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की कड़ी सरकार की निन्दा की। अंतर्राष्ट्रीय कामगार महिला दिवस के अवसर पर प्रगतिशील महिला संगठन के झंडे तले शनिवार को महिलाओं ने गौहनिया में रैली निकाली और अपनी आवाज बुलंद की।रैली को संबोधित करते हुए वंदना निषाद ने भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाई जा रही बेरोजगारी और महंगाई के बीच गरीब परिवारों पर महंगे ब्याज वाले समूह के कर्ज बोझ को बढ़ाने, बिजली के बढ़े हुए मनमाने बिल भेज कर अवैध वसूली करने, स्मार्ट मीटर लगाने और घरों के कनेक्शन काटने की कड़ी निंदा की। इससे पहले हाथों में बैनर और तख्तियां लिए जोश के साथ महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय कामगार महिला दिवस जिंदाबाद, नारी पर अत्याचार बंद करो, महिलाओं से भेदभाव बंद करो, मनुवादी पुरुष प्रधानता मुर्दाबाद, बराबर काम, बराबर दाम देना होगा, बिजली के मनमाने बिल वापस लो, स्मार्ट मीटर वापस लो, बकाया बिल माफ करो, समूह का बकाया कर्ज माफ करो, समूह का ब्याज दर कम करो, मनरेगा मजदूरी 600 करो, 200 दिन काम दो, आशा, आंगनबाड़ी, रसोईया व सफाईकर्मी को न्यूनतम सरकारी मजदूरी 26,000 रुपए महीना दो, कम फीस वाले सरकारी महिला कॉलेज खोलो जैसे नारे लगाते हुए महिलाओं ने रैली निकाली।रैली में भाग लेने वालों में गीता, वंशिका, शालू, सविता, रुखसाना, श्याम कुमारी, मंजू, विनीता, शबनम आदि शामिल रहीं।

सावधानः जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

कोरांव(प्रयागराज)। इस समय केमिकल युक्त मिलावटी दुग्ध का कारोबार बुलंदियों पर है। प्रतिदिन क्रय किए जा रहे दुग्ध क्रय केंद्रों से शुद्ध दुग्ध को विक्रेता व्यवसाई केमिकल मिला कर दूध को फैट बढ़ा कर गैर जिलों प्रांतों तक आपूर्ति की जा रही हैं। और भोली भाली जनता उसके मिलावटी दूध के सेवन से जान और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। दुग्ध माफिया इस कारोबार को सिर्फ अपने को अत्यधिक धनी बनने के चक्कर में लोगों की जान और स्वस्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस समय दुग्ध व्यवसाय हर क्षेत्र में अपना पांव पसार रखा है किंतु अच्छे व्यवसाय के साथ साथ साथ मिलावटी कारोबार ने लोगों की जिंदगी को खिलौना समझ रखा है। कोरांव इलाके में कई डेरियों ने कारोबार को आगे बढ़ाने में मिलावटी दुग्ध के जरिए अपनी आय बढ़ाने में लगे हैं। सक्छम विभाग समय समय पर ओचक चेकिंग नहीं करते सैमपल भी नहीं लेते जिससे दुग्ध फर्मों के हौंसले बुलंद हैं। मिलावट करने के लिए दूध एजेंसियां, डेरी दुग्ध क्रय केंद्र पशुपालकों से दुग्ध क्रय कर विक्रय के लिए एक खतरनाक किस्म का केमिकल होता है जिसे प्रयोग किया जाता है। जिससे दुग्ध का फैट बढ़ता हैऔर स्वाद भी बदल जाता है। वहीं मानव जीवन के लिए घातक है। चर्चा है कि उक्त केमिकल युक्त दूधों में जो केमिकल प्रयोग किए जाते हैं यदि हाथ में लग जाए तो हाथ में छाले पड़ जाते हैं,या मुंह में चला जाए तो अस्पताल में भर्ती तक की नौबत आ जाती हैं। ऐसे दुग्ध और केमिकल की जांच आकस्मिक कराकर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। इस समय हो, ईद का त्यौहार नजदीक पहुंचा है। इस लिए दुग्ध व्यवसाई मिलावटी दुग्ध का हम बेखौफ कर रहे हैं। दरअसल गैर जनपद मिर्जापुर,बनारस, और रीवा मप्र आदि जिलों में मिलावटी दूध और उससे निर्मित खोवा आदि प्रसिद्ध मिठाइयों का भी कारोबार लोग कर रहे हैं। किंतु सक्छम विभाग मूक दर्शक बना है।

बोले चिकित्सक

मिलावटी दुग्ध जीवन के लिए खतरनाक होता है। इससे पेट की बीमारियां उत्पन्न होती है,जिससे लीवर, हार्ट,किडनी,पर बुरा असर पड़ता है। लोग अपने घर में शुद्ध दुग्ध का प्रयोग करें। यदि केमिकल युक्त दुग्ध कही बिकता है तो गैर कानूनी और घोर अपराध है। इसी कारण स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव होते हैं।,,

डॉ शमीम अख्तर
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव
प्रयागराज।

ग्राम सभा की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

गांव वालों ने निर्माण रोकने के लिए एडीएम को सौंपा मांग पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र के मेजा खास में ग्राम सभा की जमीन पर, जहां वर्षों से होलिका दहन होता आ रहा है, कुछ दबंग किस्म के लोग अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से लिखित शिकायत की है।

गांव के निवासी अम्बरीष कुमार मिश्र, मुश्ताक अहमद, कमलेश कुमार, राजेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने उप जिलाधिकारी मेजा को एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि यह जमीन ग्राम सभा की है और यहां पिछले 80 वर्षों से होलिका दहन किया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, आरती देवी, राजकुमारी और उनके परिवार के लोग इस जमीन पर अवैध निर्माण करा रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से इस निर्माण को रोकने की मांग करते हुए उप जिलाधिकारी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

अक्षत के हरफनमौला खेल से उमरे जीता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। 68वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे क्रिकेट चैंपियनशिप में अक्षत पांडेय के हरफनमौला खेल (29 रन एवं चार विकेट) के दम पर उत्तर मध्य रेलवे ने पूर्व रेलवे को 13 रन से हराया।टीम के कोच रजा अली के अनुसार भूनेश्वर (उड़ीसा) में खेली जा रही प्रतियोगिता में उत्तर मध्य रेलवे ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 118 रन (गवेंद्र गोस्वामी 39, अक्षत पांडेय 29, मयंक सिंह 14 नाबाद, तन्मय प्रमाणित, दीपांजन मुखर्जी, अजीत बनर्जी, रोबिन चौधरी एक-एक विकेट) बनाये।

जवाब में पूर्व रेलवे की टीम 19.4 ओवर में 105 रन (तन्मय प्रमाणित 37, रवि सिंह व दीपांजन मुखर्जी 20-20, अक्षत पांडेय 4/15, मयंक सिंह 2/20, राहुल शर्मा 2/24) पर सिमट गई। अक्षत पांडेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

त्रिदिवसीय ट्रैवल एण्ड टूरिज्म सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग और भूगोल विभाग, जेटीजीडीसी के संयुक्त तत्वधान में जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में ट्रैवल एण्ड टूरिज्म के सर्टिफिकेट कोर्स का त्रिदिवसीय आयोजन किया गया। शनिवार को इस कोर्स का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजिन रे भूगोल विभाग ई.सी.सी, प्रयागराज थे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष ने मुख्य अतिथि का स्वागत और सम्मानित किया।

प्रोफेसर अजिन रे ने %एसेंस ऑफ द टूरिज्म ट्रेवल एण्ड मैनेजमेंट% विषय पर बहुत ही व्यावहारिक और महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को दी। इसके साथ ही उन्होंने पर्यटन के

विभिन्न आयामों से प्रतिभागियों को परिचित कराया। प्रोफेसर मीनाश्री यादव ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रोफेसर अर्चना पॉल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सहसंयोजन डॉ. अजिता ओझा, डॉ दर्शनकुमार झा, डॉ निर्मला गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंजलि शिवहरे, डॉ. रीना यादव, डॉ.विजयलक्ष्मी, डॉ. प्रीति आदि उपस्थित रहीं।

होलागढ़ के बारह छात्रों को मिला इंस्पायर्ड मानक अवार्ड

0 सभी छात्रों को मिली दस दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

नवलकिशोर मिश्र

होलागढ़ (प्रयागराज)। विकास खंड होलागढ़ के विभिन्न संविलियन स्कूलों के बारह छात्रों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इनस्पायर्ड मानक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके तहत सभी चयनित छात्रों के बैंक खाते में दस दस हजार रुपये की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इनमें ग्राम प्रधान बभनपुर सज्जन कुमार की बेटी भी शामिल है। संविलियन विद्यालय सुल्तानपुर अकबर से अमित गौतम कक्षा 8, उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरबनारा से गुंजा साहू कक्षा 7, संविलियन विद्यालय सराय हरिराम से शालिनी कक्षा 8, संविलियन विद्यालय कमालपुर से लक्ष्य

विश्वकर्मा कक्षा 8, संविलियन विद्यालय बभनपुर से शीलनिधि सूर्याशी कक्षा 8, संविलियन विद्यालय बलईमऊ से अनमोल कक्षा 8, उच्च प्राथमिक विद्यालय होलागढ़ से युवराज कक्षा 8, उच्च प्राथमिक विद्यालय चांटी से नेहा यादव कक्षा 8, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय होलागढ़ से रागिनी मौर्य कक्षा 7, सौरभी कक्षा 7 और रिया कक्षा 8 का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है। बता दें कि इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च मानक अवार्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को नवीन और रचनात्मक विचारों के प्रति प्रेरित करना है। छात्रों की इस शानदार सफलता के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लालजी शर्मा एवं शिक्षक नेता राकेश मिश्र नगरहा ने छात्र छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी है।

क्रिकेट समिति ने किया केबी काला का अभिनंदन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। नीलम करवरिया कप क्रिकेट समिति ने भारतीय रेलवे में अपनी सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत होने वाले पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं चयनकर्ता केबी काला का शनिवार को अभिनंदन किया।

पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के कल्याणी देवी स्थित आवास पर समिति के आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने केबी काला का शॉल ओढ़ाकर एवं राधे-कृष्ण की छवि देकर सम्मानित किया। अपने समय के दिग्गज बल्लेबाज रहे काला इस वर्ष फरवरी में रिटायर हुए हैं।

केबी काला का अभिनंदन करते नीलम करवरिया कप समिति के सदस्य।

इस दौरान बीके मिश्र, एलबी काला, योगेश कुशवाहा, परवेज आलम, विवेक सिंह सहित आयोजन समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

मस्जिद हजरा में सात रोजा तरावीह मुकम्मल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। चकिया कसारी मसारी मस्जिद हाजरा में सात रोज की तरावीह मुकम्मल हो गई। कारी हाफिज शाहबाज राजा ने तरावीह (एक कुरान) पढी, जुमे की देर रात तरावीह मुकम्मल हुई। हाफिज साहब ने अपनी बुलंद आवाज, साफ सुथरे अल्फाज से कुरान पढ़ी। इसी वजह से दूरदराज से लोग इनके पीछे तरावीह पढ़ने आते हैं।

तरावीह के बाद दुआ मांगी गई। बीमारों को शफा मुल्क में अमन चैन और खुशी की दुआ की गई। बाद में नात शरीफ और सलाम पढ़ा गया।

हाजी मोहम्मद शाहिद साहब ने तबर्रुक बांटा। हाफिज साहब को मुसाफे में लाखों रुपये और तोहफे मिले।

मस्जिद का इंतजाम बहुत शानदार रहा। इंतजाम कर्ता में हाजी मोहम्मद आमिर साहब, हाजी मोहम्मद शाहिद साहब, हाजी मोहम्मद काशिफ, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद यासीर, मोहम्मद काजिम, मेराज, सलमान, मोहम्मद तालिब उस्मान समेत मोहल्ले के नमाजी शामिल रहे।

मिक्सचर प्लांट के प्रदूषण से संकट में लोग

लोकमित्र ब्यूरो

करछना(प्रयागराज)। रेलवे स्टेशन के समीप एक तारकोल मिक्सचर प्लांट के जहरीले प्रदूषण में जनता जीने के लिए विवश है हल्दी खुर्द हल्दी कला एवं करछना मार्ग पर चलने वाले सभी राहगीर इस प्लांट से प्रभावित हो रहे हैं।

आरोप है कि उक्त प्लाट जब प्लांट चालू होता है तो जहरीली प्रदूषण से सभी बस्ती वाले दुर्गंध व प्रदूषण महसूस करते हैं।

उक्त प्लाट प्रतिदिन चालू रहता है जब हवा चलता है तो पूरा प्रदूषण हल्दी कला हल्दी खुर्द में पूरी बस्ती काली धुएं के रूप में फैला रहता है जिससे एक गंभीर बीमारी उत्पन्न होने का खतरा बना रहता है।

प्लाट की शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से लेकर उप जिलाधिकारी तक किया लेकिन उक्त प्लाट एक सफेद पोशाक वालों की होने की वजह से करछना स्टेशन करछना मार्ग हल्दी कला हल्दी खुर्द दो-दो स्कूल होने के बावजूद भी उक्त प्लाट आज तक बंद नहीं हुआ जिससे गंभीर बीमारी होने की आशंका बनी रहती है आज तक उक्त प्लाट में कभी भी न तो चिमनी का प्रयोग किया गया।

सैदाबाद ब्लॉक में भारतीय किसान यूनियन की बैठक 10 मार्च को

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। सैदाबाद ब्लॉक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन की बैठक विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर 10 मार्च को आयोजित की गई है।

उक्त जानकारी भारतीय किसान यूनियन के सैदाबाद ब्लॉक का अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल ने दी है।

सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए- राघवेंद्र

सहसों। वारी उमरी सहसों स्थित एम आर एस स्कूल में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राघवेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि सभी को महिला का सम्मान करना चाहिए।

प्रबंधक अरविंद सिंह ने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है ।नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है.÷ ÷हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास होता है.÷ ÷सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है। इस दौरान सनी सिंह, रघुवंश सिंह, सजीव मिश्र, प्रियंका वर्मा, हेमा सिंह, ऋचा दीक्षित, प्रियंका पाण्डेय, पूजा पाठक, अफ़रोज़ , कहकशां, मनतशा, अनुष्का वर्मा, सुनीता यादव, प्रदीप यादव, अनन्या श्रीवास्तव, शिवम् मिश्रा , कपिल पाण्डे सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

श्रीमद्भागवत कथा में निहित है जीव का कल्याण- वटुक महाराज

परमात्मा से प्राणी को जोड़ने का माध्यम है गुरु

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के सैबसा गांव में पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी बबलू पांडेय के यहाँ चल रही भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान वटुक जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में जीव का कल्याण निहित है। परमात्मा से आत्मा से जोड़ने में गुरु सीढ़ी का काम करता है।सदगुरु ही सदमार्ग की प्रेरणा भी देता है।कथा व्यास वटुक जी महाराज ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से प्राणी के पाप कट जाते हैं।मोक्ष के लिए भी यह कथा प्रभावी बतायी गयी है।जीव कल्याण के लिए कथा के साथ गुरु महात्म्य की उन्होने चर्चा की है।उन्होने बताया कि गुरु की प्रेरणा और परमात्मा के प्रति समर्पण ही प्राणी कल्याण का माध्यम रहा है।शापित राजा परीक्षित को शुकदेव महराज ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाकर उनके जीवन को मोक्ष दिलाया

था।बाँके विहारी की शरण ही एक मात्र रास्ता है जिससे जन्म जन्मांतर के बंधन कट जाते हैं।उन्होने कथा विस्तार में देवहुति कपिक संवाद,सती चरित्र सहित अन्य प्रसंग को कथा विषय से जोड़ा है। कथा आयोजक पूर्व प्रधान सैबसा बबलू पांडेय ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान उनके माता पिता शोभा पांडेय व रमेश चंद पांडेय के साथ परिवार के अन्य लोग भी यजमान के रूप में कथा श्रवण कर रहे हैं।संगीतमय कथा पण्डाल में कथा प्रेमियों की भारी भीड़ जमा रही।व्यास पीठ के भजनों पर यजमान सहित पण्डाल में बैठे लोग तालियाँ बजाकर झूमते रहे।श्री पांडेय ने बताया की कथा प्रतिदिन शाम 3 बजे से होगी। तेरह मार्च को सामूहिक पूर्ण आहुति, हवन, ब्राह्मण भोज, कन्या भोज, कुटुंब भोज, महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।कथा पण्डाल में लल्लन शुक्ल, लोलारक शुक्ल, बाबा ओझा, बसंत जी शुक्ल, नीरज द्विवेदी,तनय शुक्ल, धीरज द्विवेदी, विकास शुक्ल धीरू, मोहनलाल पांडेय, सीताराम उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ मौजूद रहीं।

बच्चों को संवार कर राष्ट्र को करें सशक्त-प्रवीण तिवारी

शिक्षक संघ अध्यक्ष ने बीएसए को बुके व अंग वस्त्र से किया सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। विकास खण्ड मेजा के विष्णु वाटिका गेस्ट हाउस में हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बाल वाटिका के तहत परिषदीय स्कूल के 23 कक्षा 1से3 के निपुण बच्चों को तथा आंगनबाड़ी के 9 बच्चों को पुरस्कृत किया है ।श्री तिवारी ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। बच्चे के भविष्य संवारने की जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को करना चाहिए।उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए, जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी

साक्षरता के तहत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। जिससे हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान से प्री-प्राइमरी की पढ़ाई को बढ़ावा मिलेगा और वही बच्चा प्री प्राइमरी ने निकल कर जब कक्षा 1 में पहुचे तो उसको सीखने की समझ का विकास हो चुका हो। उत्सव में कंपोजिट पथरा और मेजा के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया प्राथमिक विद्यालय दरी से प्रीति सिंह अहिरन का पूरा से पूजा मौर्य, और सिरहिर से उमा सिंह ने टी एल एम की प्रदर्शनी और लौठाढ़ की शिक्षिका अर्चना ने महिला सशक्तिकरण के पोस्टर से उत्सव को आकर्षक बनाया।खण्ड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने सभी अतिथियो का स्वागत किया अध्यक्षता विक्रमा सिंह ने किया। आयोजन में जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी, अजब सिंह, रमेश त्यागी, हसीब सिद्दीकी, रागिनी वर्मा, अर्चना, ज्योति दुबे, सुनील तिवारी बी के मिश्र, संदीप, लक्ष्मी गुप्ता, रोहित तिवारी, वी पी सिंह, अखिलेश चौधरी, अंजनी सिंह, विनय वर्मा, विनय दुबे, आशीष श्रीवास्तव, शिवभान सहित कई शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती उपस्थिति रहीं।

नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है- धर्मराज मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मेलन एवं महिला समारोह में बतौर मुख्यातिथ काशी क्षेत्र से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता ने शामिल हुए। आयोजित सम्मेलन को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है भारतीय संस्कृत में नारी को शक्ति, ममता,और त्याग का स्वरूप माना गया है जहां पर नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है यह स्पष्ट करता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्व को रेखांकित किया जाता रहा है आज हम सब यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इकट्ठा हुए हैं यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष उपलब्धियां और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है

बल्कि यह हमें सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है मेरा सभी माता और बहनों को यही संदेश है कि वह आत्मनिर्भर बने और अपने साथ-साथ अपने परिवार का भी जीवन बदलने के लिए भी कम करें ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री ब्रम्ह प्रसाद त्रिपाठी, कार्यक्रम सहसंयोजक ज्योति केसरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा,कविता पासी, शांति कुशवाहा,व सैकड़ों की संख्या में नारी शक्ति के रूप में महिलाएं उपस्थित रहीं।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले139 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में(थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 02, थाना कौशाम्बी से 01 कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

अर्बन केंद्र सईगंज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेनेटरी पैड्स वितरित किए

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। नगर स्थित वॉर्ड चार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सईगंज में डॉक्टर ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को रोगों के प्रति जानकारी दी। इस दौरान केंद्र में आने वाली महिलाओं को सेनेटरी पैड्स भी वितरित किए गए। डॉक्टर प्रीतीश शर्मा व डॉक्टर सुची गुप्ता ने महिलाओं व युवतियों को स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल करने की टिप्स दी और कहा महिलाओं को बताया कि महिलाओं को अपने पोषण का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अपने आहार में फल, सब्जियां और फाइबर, प्रोटीन युक्त भोजन को शामिल करें। उन्होंने बताया कि महिलाओं के जन्म दोषों को रोकने के

लिए फोलिक एसिड युक्त, हरी सब्जियां और खट्टे फलों को सेवन करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं में खून की कमी और कैंसर की बीमारी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने 20 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिलाओं को अपने नियमित स्वास्थ्य देखभाल में कोलेस्ट्रॉल और बीपी की जांच करवाते रहना चाहिए। रसोई घर में काम के दौरान निकलने वाले कूड़े को अलग से डालें, इसके अलावा अन्य कूड़े को भी अलग-अलग कूड़े दान में डालकर महिला घर बैठे की पर्यावरण को बचाने में अहम योगदान दे सकती हैं। इस दौरान फार्मासिस्ट संदीप कुमार यादव, एलटी नीरज त्रिपाठी, सोमा देवी, राजेश कुमार व हर्षित कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद रहें।

आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी। आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक क बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी के साथ थाना पश्चिम शरीरा अंतर्गत कस्बा पश्चिम शरीरा में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। साथ ही होलिका स्थल का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना पश्चिम शरीरा पर थाना पश्चिम शरीरा, थाना महेवाघाट व थाना कौशाम्बी के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं के सम्यक समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण एवं अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई एवं सभी को त्यौहार रमजान व आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी उपस्थित रहे।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय प्रवेश निपुण के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में चल रहे पांच दिवसीय प्रवेश निपुण के प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। महाविद्यालय परिसर में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षुओं को ध्वज शिष्टाचार, झंडागीत , प्रार्थना, टोली नियम, पेट्रोलिंग ड्यूटी इत्यादि प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं को शिविर के नियम, आकस्मिक गांठ बनाना, विभिन्न प्रकार की तालियां स्वागत ताली, गुड ताली,धन्यवाद ताली , का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षुओं को प्राथमिक चिकित्सा,हाइकिंग,आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, प्रशिक्षण

के चतुर्थ दिन प्रशिक्षुओं को टेंट बनाना, बिना थाली बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि प्रशिक्षण दिया गया , प्रशिक्षण शिविर के पांचवे और अंतिम दिन प्रशिक्षुओं की सर्वप्रथम सर्वधर्म सभा कराई गई तत्पश्चात कैंप फायर किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं टोलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र तिवारी जी ने प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रोवरध्रेंजर्स का आदर्श वाक्य है सेवा करो। अतः प्रत्येक परिस्थिति में एक रोवर अथवा रेंजर्स को अपना सेवा धर्म नहीं भूलना चाहिए। और देश और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं की दीक्षा संस्कार किया गया। और प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक समापन की घोषणा प्राचार्य द्वारा की गई। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महाविद्यालय के रेंजर प्रभारी रीता दयाल, एवम रोवर प्रभारी डॉ शैलेश मालवीय द्वारा किया गया, प्रशिक्षण शिविर का संचालन श्री श्यामबाबू जिला संगठन कमिश्नर स्काउट, एवं शालिनी सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी रीता दयाल ने किया।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार, डॉ अजय कुमार,डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केशरवानी, डॉ पवन कुमार, डॉ आनंद कुमार,डॉ रमेश चंद्रा, डॉ संतोष कुमार, एवम महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति पत्नी के आपसी विवाद का कराया गया समझौता

कौशाम्बी। परिवार परामर्श केंद्र का क्षेत्राधिकारी यातायात पुलिस लाइन द्वारा निरीक्षण किया गया। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा बुलाए गए पति-पत्नी को बैठक क्षेत्राधिकारी द्वारा परिवार परामर्श केंद्र के अधिकारीध्कर्मचारी व शनिवार को उपस्थित काउंसलरों के साथ 4 फाइलों की काउंसलिंग की गई, जिसमें 01 फाइल में पति-पत्नी व उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया। दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। वह दोनों पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया । दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे । परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया, अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें।

नारी सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है- गौरव पाण्डेय

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका भरवारी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने लगभग दर्जनों की संख्या में महिलाओं को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि महिला ही इस देश की ताकत है जिस प्रकार से भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान नहीं किया जा रहा है। लगातार महिलाओं के साथ दुराचार हो रहा है यह बहुत ही दुखद है हम सभी इसकी कड़ी निंदा करते हैं कांग्रेस पार्टी महिलाओं को सम्मान दिलाने को लेकर सदैव तत्पर रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक महिला नेत्री रजिया बेगम ने कहा की हमारी मां बहन बेटियां ही घर का स्वाभिमान होती हैं और देश का स्वाभिमान होते हैं उनकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है महिलाओं के अधिकार की लड़ाई जीवन पर्यंत तक लड़ती रहूंगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी जी ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती हुई आई है जिस प्रकार से पिछले विधानसभा चुनाव में हमारे नेता आदरणीय प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं को राजनीति में 60: की भागीरथी वह लड़की हूं लड़ सकती का नारा दिया था हम कांग्रेस पार्टी के लोग नारी का सम्मान एवं नारी की रक्षा के लिए कटिबंध हैं। इस मौके पर मौजूद दूजिला महासचिव संगठन प्रभारी कौशाम्बी दीपक पाण्डेय बाबू, जिला महासचिव मोहम्मद आरिज, जिला सचिव श्याम सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आलोक त्रिपाठी, मोहम्मद अब्बान , तबरेज , अजमल , अनिल सेन , रीना देवी , मधु कुमारी , कोमल देवी , पुष्पा देवी , देवी सिंह, मंजू सरोज, विमला देवी, किरण सिंह, लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता और महिलाएं उपस्थित रहीं।

चरवा पुलिस युवक की पिटाई के मामले में नहीं दर्ज कर रही रिपोर्ट

● पीड़ित ने एडीजी से लगाई न्याय की गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के पहाड़पुर गांव में पखवाड़े भर पहले रिवाल्वर और तमंचे की नोक पर युवक की पिटाई के मामले में पुलिस रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही है। शुक्रवार को घायल ने परिजनों के साथ मामले की शिकायत अपर पुलिस महानिदेशक से करते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

चरवा के पहाड़पुर गांव निवासी शशिभूषण तिवारी पुत्र इंद्रनारायण तिवारी ने बताया कि 25 फरवरी को उनका बेटा शुभम तिवारी उर्फ लक्ष्मी एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए गया था। वापस लौटते समय गांव के बाहर पुरानी रंजिश को लेकर दो दबंगों ने उसे रोक लिया। गाली गलौच कर उसकी कनपटी पर रिवाल्वर और तमंचा सटाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे शुभम को काफी चोटें आई। किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर शुभम ने अपनी जान बचाई। आरोप है कि दूसरे दिन वही युवक अपने आधा दर्जन परिजनों के साथ लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी और असलहा लेकर उसके घर पहुंच गए। गाली गलौच कर घर से निकलने को कहने लगे। शुभम के परिजनों ने दरवाजा बंद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित परिवार ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। थक हार कर घायल ने परिजनों के साथ शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानू भाष्कर से मामले की शिकायत करते हुए दबंगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

शिव मंदिर मंदिर में हुए अतिक्रमण को हटवाने के लिए बजरंगियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के सिराथू नगर पंचायत वार्ड न. 10 बनपुकरा में के शिव मंदिर में हो रहे अतिक्रमण को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी कोभ् एक ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन पटेल के द्वारा शिव मंदिर में जबरन कब्जा करके अतिक्रमण किया जा है जिससे ग्राम वासियों में काफी आक्रोश है।गांव वालों का कहना है कि मंदिर की जमीन को कब्जा करने के लिए वो आये दिन किसी न किसी अधिकारी के साथ मिलकर मंदिर की जमीन को कब्जा करने के लिए आता है और ग्रामीणों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है।

आजिज ग्रामीणों ने मामले की जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा को

दी और मदद की गुहार लगाई। जिस पर शनिवार को जिलाध्यक्ष यशराज मिश्रा की अगुवाई में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांग कि शिव मंदिर पर हुए अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द अतिक्रमण नही हटाया गया तो राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान अनुराग भट्ट ,अंकुश मिश्रा, अनिवेश सिंह , अनुज शुक्ला, प्रमोद पांडेय ,मान सिंह मौर्य , राजवीर मौर्य , राघव पंडा , हरदीप पटेल , अमन पटेल , सुजीत कुमार, शिवांश दुबे ,शिवांश जयसवाल, वंश केसरवानी , दीपांशु शुक्ला, पंकज पटेल ,सुनील यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

भाजपा मंझनपुर मंडल प्रभारी की गाड़ी हादसे का शिकार, परिवार के कई लोग मामूली चोटे आई

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, (कौशाम्बी)। महेवा घाट थाना क्षेत्र के सरसवां राम वन गमन मार्ग में ठेकेदारों की लापरवाही से बड़ा हादसा भारतीय जनता पार्टी के मंझनपुर के मंडल प्रभारी तिलक नारायण द्विवेदी अपने निजी कार से अपने परिवार तिलक नारायण द्विवेदी उम्र 54 वर्ष मनीष द्विवेदी उम्र- 32 वर्ष कलावती देवी 85 वर्ष रचना द्विवेदी 31 वर्ष हरिवंश नारायण द्विवेदी के साथ चम्पहा बाजार से निमंत्रण कर रात्रि में वापस अपने निज निवास सरसवां आ रहे थे जैसे ही कार जवाहरलाल इंटर कालेज सरसवां पहुंची तो नहर किनारे की पुलिया टूटी हुई थी ऊपर से नम मिट्टी पड़ी थी जैसे ही गाड़ी उस पर चढ़ी तो मिट्टी धंस गई और गाड़ी नहर में पलट गई।आस पास के लोगों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया और सभी को मामूली चोटे आई है। आसपास के लोगों ने बताया कि ऐसे हाथ से कई बार यहां पर हो चुके हैं फिर भी ना तो अधिकारी और ना ही ठेकेदारों की आंखें नहीं खुल रही है बड़े हादसे का राम वन गमन मार्ग निर्माण से हाईवे से साते गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों हो रही हैं गांव के लोगों ने बताया अगर हमें गाड़ी में तेल डाला ना हो तो देव या फिर अजरौली जाना पड़ता है सरसावा में पेट्रोल टंकी तो है लेकिन ठेकेदारों की दबंगई से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है रोड में कट न होने से बहुत परेशानी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है आखिर कब जागेंगे अधिकारी और कब होगी ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 29520 वादों का निस्तारण कर वसूला गया 2.62.10.445 रूपए जुर्माना

● राष्ट्रीय लोक अदालत का जनपद न्यायाधीश ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकारण चुनौतियों एवं अवसर विषय पर जनपद न्यायालय परिसर में नई बिल्डिंग हाल में गोष्ठी, सेमीनार का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त गोष्ठी, सेमीनार में जनपद न्यायालय में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य, जिलो के कई विभागों में कार्यरत महिला अधिकारी, कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के पैनल अधिवक्ता एवं पराविधिक स्वयं सेवकों (पी0एल0वी0), बाल कल्याण समिति, कौशाम्बी के महिला सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, कौशाम्बी के महिला सदस्य एवें माडल बार एसोशिएशन, कौशाम्बी के विद्वान महिला अधिवक्तागण द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठीध्सेमीनार में उपस्थित

विभागों के महिला अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी एवं महिलाओं से संबंधित अपने-अपने विचार गोष्ठि, सेमिनार में उपस्थित महिला एवं जनमानस के समक्ष रखे गये एवं चर्चा भी की गयी। गोष्ठी, सेमीनार में धर्मा देवी इण्टर कालेज केन कनवार, अनुआ, कौशाम्बी से राष्ट्रीय स्तर पर निशाने बाजी, भारोत्तोलन एवं राज्य स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं बोर्ड परीक्षा, 2024 में राज्य स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाली बच्चियों को जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उक्त गोष्ठी सेमीनार के उपरान्त न्यायिक अधिष्ठान के सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य प्रारम्भ किया गया। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के कम में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण कर 500 रुपए का अर्थदण्ड वसूला गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 18 परिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 32 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 1,19,80,000 रूपए दिलाया गये तथा इसी कम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम् द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500 रु0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी द्वारा 03 वाद का निस्तारण कर 1,500 रूपए का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश ध् विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा 03 वाद का निस्तारण कर 1,500 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा कुल 04 वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश ध् त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा विद्युत अधिनियम के 103 वादों निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश ध् त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500ध्- रु0 का अर्थदण्ड वसूला गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1177 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 7,46,780ध्- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ध् सिविल जज सी0डि0 द्वारा कुल 258 वादों का निस्तारण कर 3,600ध्- रू0 का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 9.92.588 रू0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया।

अपर सिविल जज सी0डि0 द्वारा कुल 221 वादों का निस्तारण कर 1,555ध्- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 द्वारा कुल 222 वादों का निस्तारण के अतिरिक्त 89.317ध्- रू0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 254 वादों का निस्तारण कर 11,500 रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार अपर सिविल जज जू0डि0 द्वितीय द्वारा 112 वादों का निस्तारण कर 5,000ध्- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0ध् त्वरित न्यायालय प्रथम् द्वारा कुल 70 वाद निस्तारित कर 4,500ध्- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। ग्राम न्यायालय, चायल द्वारा कुल 93 वाद निस्तारित कर 8,020ध्- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर सिविल जज जू0डि0 प्रथम द्वारा कुल 61 वाद का निस्तारण कर 12,080 रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 25677 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 624 वादों का निस्तारण कर 13,42,473 रू0 जमा कराया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 03 वाद निस्तारित कर 10,083ध्- रू0 जमा कराया गया। न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें), कौशाम्बी द्वारा सुलह समझौते के आधार कुल 02 मामले का निस्तारण कर 5,62,847ध्- रु0 का अवॉर्ड पारित किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 579 वादों का निस्तारण कर 1,04,35,602 रू0 जमा कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 29520 का निस्तारण कर 2.62.10.445 रू0 वसूला तदोपरान्त राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी शीरीन जैदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

थाना समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कोखराज व संदीपनघाट थाने में सुनी शिकायत

कौशाम्बी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना कोखराज में जनसुनवाई की गई। इस दौरान प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, शेष प्रकरणों में सम्बन्धित को त्वरित गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना संदीपनघाट में जनसुनवाई की गई। इस दौरान प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, शेष प्रकरणों में सम्बन्धित को त्वरित गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना पश्चिम शरीरा में जनसुनवाई की गई। इस दौरान प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, शेष प्रकरणों में सम्बन्धित को त्वरित गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

जिला कारागार में पुराने निष्प्रयोज्य अनावसीय/आवासीय भवनों की नीलामी 26 मार्च को

प्रतापगढ़। जिला कारागार अधीक्षक ऋषक द्विवेदी ने बताया है कि जिला कारागार परिसर में स्थित 100 वर्ष से अधिक पुराने निष्प्रयोज्य अनावासीय/आवासीय भवनों की नीलामी दिनांक 26 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे अधीक्षक जिला कारागार के कार्यालय में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को वैध पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा इनकम टैक्स रिटर्न प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित नकद जमानत धनराशि दिनांक 24 मार्च तक कार्यालय में जमा करनी होगी। नीलामी में भाग लेने से पूर्व भवनों का भली भांति अवलोकन कर लें, इस सम्बन्ध में बाद में कोई दावा मान्य नही होगा। बोली की धनराशि में भवनों को तोड़ना एवं सम्पूर्ण मलबा उठाकर कार्य स्थल का समतलीकरण करना शामिल होगा। उच्चतम बोली दाता की जमानत धनराशि रोककर शेष की जमानत धनराशि मौके पर ही वापस कर दी जायेगी। उच्चतम बोली दाता को बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत मौके पर ही जमा करना होगा तथा शेष धनराशि का एक सप्ताह के अन्तर्गत जमा करनी होगी।

स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरूक

लालगंज प्रतापगढ़। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में शनिवार को राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर के शिविरार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। वहीं शिविरार्थियों ने योग के जरिए निरोग रहने के प्रति भी लोगों में जानकारी साझा किया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के जरिए सांगीपुर बाजार में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को तथा सीट बेल्ट बांधने को लेकर कार चालकों को सुरक्षा के प्रति सचेत किया। प्राचार्य डॉ. चन्द्र प्रकाश मिश्र शिविर की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार शुक्ल, डॉ. राजेश कुमार यादव, डॉ. मेवालाल यादव, डॉ. राहुल द्विवेदी, डॉ. महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

दो वांछित धराये, गये जेल

लालगंज प्रतापगढ़। दो अलग अलग मुकदमें के वांछितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव ने सुबह मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित को धर दबोचा। दरोगा ने पुलिस बल के साथ रायपुर तियाई के पास वांछित रायबरेली जनपद के सलोन थानान्तर्गत रतासो निवासी देवप्रकाश उर्फ मो. अनवर पुत्र मो. हसन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं उदयपुर थाने के दरोगा नंदलाल यादव ने मुखबिर की सूचना पर एससीएसटी के मुकदमें में वांछित कमलेश वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने का वांछित गिरफ्तार

लीलापुर प्रतापगढ़। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोपी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थाना लालगंज प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार यादव ने मय हमराह उ0नि0 अशोक कुमार यादव, का0 श्रीचन्द्र द्वारा आज देखभाल क्षेत्र/ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग, विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा-137 (2)/87/65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त देवप्रकाश उर्फ मो0 अनवर पुत्र मोहम्मद हसन निवासी रतासों थाना सलोन,जनपद रायबरेली को थानाक्षेत्र लालगंज के रायपुर तियाई के पास से गिरफ्तार किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग उपरोक्त में धारा 65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई ।

दुघर्टना में बाइक सवार घायल, रेफर

लालगंज प्रतापगढ़। ईरिक्शा के असंतुलित होने से दुघर्टना में बाइक सवार को गंभीर चोटें आ गयी। चिकित्सकों ने घायल को प्रारंभिक उपचार कर लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। धारूपुर शुक्लन का पुरवा निवासी गोविंद नारायण पाण्डेय बबन 55 शनिवार को दोपहर बाइक से बाजार से घर आ रहे थे। अचानक ईरिक्शा असंतुलित होकर बाइक से टकरा गया। घायल को आननफानन में परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया। बबन पाण्डेय तहसील के अधिवक्ता तपन पाण्डेय के पिता हैं। यह जानकारी मिलने पर ट्रामा सेण्टर में बड़ी संख्या में साथी के पिता का कुशलक्षेम लेने वकीलों का भी भारी जमघट दिखा।

क्रिकेट टूर्नामेंट में राइजिंग स्टार टीम रही विजेता

लालगंज प्रतापगढ़। भागवत समग्र विकास समिति अझारा एवं तारा देवी एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट भेभौंरा के तत्वावधान में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में तीन दिवसीय होली कप क्रिकेट टूर्नामेण्ट का शनिवार को शुभारंभ हुआ। चालीस ओवर के मैच में पहला मुकाबला तारा देवी क्रिकेट एकेडमी एवं राइजिंग स्टार टीम लखनऊ के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एक सौ आठ रन बनाकर राइजिंग स्टार टीम ने तारा देवी क्रिकेट एकेडमी को मात्र तीन रनों से पराजित किया। सुयश दुबे को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। एकेडमी के संस्थापक एवं सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, सुनीता मिश्रा, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा ने विजेता टीम को शुभकामनाएं सौंपी। कोच नारायण मुकेश, हर्ष पाल एवं राज सोनकर ने बताया कि तीन दिवसीय होली कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आगामी दस मार्च को खेला जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. पूनम त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी, प्राचार्य राहुल सिंह, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा ने खेल का लुत्फ उठाया।

देश को सशक्त बनाये जाने के लिए राष्ट्रीयता का पीढ़ी को बोध कराये शिक्षा- प्रमोद तिवारी

- प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रमों में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मेधावियों की किया हौसला आफजाई

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भावी पीढ़ी को राष्ट्रीयता का बोध कराने वाली शिक्षा प्रदान कर देश को सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रगति के वातावरण के लिए मजबूत साक्षर पीढ़ी का होना समय की सबसे बडी आवश्यकता है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोगों को अपने अधिकार की सुरक्षा तथा उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष के लिए शिक्षादान से बड़ा कोई भी सामाजिक मिशन नहीं हो सकता। उन्होनें कहा कि रामपुरखास में वह विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ मिलकर यहां सुख शांति तथा विकास के लिए इसे शिक्षा का मजबूत हब बनाने के संकल्प पर अडिग हैं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने यह बातें शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि रामगंज बाजार के समीप कमला शिक्षा निकेतन में प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। उन्होनें यहां मेधावियों को बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से कम्प्यूटर सेट तथा सोलर लाइट व हैण्डपम्प की सौगात सौंपी। वहीं उन्होनें विद्यालय से मुख्य मार्ग के लिए छात्र छात्राओं के आवागमन हेतु बेहतर सड़क भी शीघ्र मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने यहां विद्यालय की मेधावी अर्पिता व प्रिंस तथा वैष्णवी को मेधा सम्मान सौंपा। वहीं उन्होनें विद्यालय के नवनिर्मित शैक्षणिक भवन का भी समारोहपूर्वक लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व संचालन अधिवक्ता अनिल मिश्र ने किया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार मिश्र ने शैक्षिक प्रगति आख्या तथा प्रबंधक उषा मिश्रा ने आभार जताया। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर के राजमतीपुर स्थित सावित्री सिंह पब्लिक स्कूल में भी प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ने हाईस्कूल के मेधावी छात्र दीपक वर्मा तथा छात्रा ज्योति पटेल को सरयू समाज कल्याण संस्थान की सचिव एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लैपटाप व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने विद्यालय में शैक्षिक कक्ष के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से विधायक निधि से दो लाख रूपये की सौगात का भी ऐलान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन शिक्षक शिवाकांत मिश्र ने किया। विद्यालय के संरक्षक चंद्रबली सिंह ने स्वागत भाषण तथा प्रबंधक जितेन्द्र सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रणवीर सिंह, अभिषेक शुक्ला, देवीसहाय मिश्र, केबी सिंह, सोनू तिवारी, मुन्ना पाण्डेय, अशोकधर द्विवेदी, रोहित सिंह, राजू मिश्र, फूलचंद्र पाण्डेय, डा. रामराज तिवारी, दृगपाल यादव, डा. शीतला प्रसाद तिवारी, पप्पू तिवारी, प्रेम नारायण मिश्र, प्रभात मिश्रा, दिवाकर मिश्र, ओमप्रकाश आदि रहे।

गोवर्धन पूजा उत्सव में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ रोड पर गोवर्धन पूजा उत्सव को लेकर सामूहिक सुन्दरकाण्ड में श्रद्धालुओं की आस्था उत्साह में दिखी। वही धार्मिक आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य गोवर्धन पूजन में महिला श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत व भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। श्रद्धालुओं को भगवान द्वारिकाधीश का प्रसाद भी वितरित हुआ। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी भगवान का दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी रामलखन जायसवाल ने किया। सह संयोजक राजू जायसवाल ने आचार्यो का तिलक अभिषेक किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, आदर्श मिश्र, अंजनी कौशल, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, राजकुमार मिश्र, राकेश तिवारी गुडडू, छोटे लाल सरोज, गिरीश मिश्र, पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, रामू मिश्र आदि रहे।

वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नारी शक्ति के सम्मान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को नमन करते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने नारी गरिमा, शक्ति और सम्मान की भव्यता को दर्शाया।कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय वीरांगनाओं का रूप धारण कर उनके अदम्य साहस और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अनुष्का, आर्या, दीक्षा, साक्षी, आराध्या, अनाया, अविका, रियांशिका और आन्या ने मां दुर्गा, आर्मी ऑफिसर, डॉक्टर, नेत्री, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, मिस वर्ल्ड, अधिवक्ता आदि के रूप में प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सजीव प्रस्तुतियों ने महिलाओं के आत्मविश्वास, संघर्ष और सफलता के उज्ज्वल पहलुओं को उजागर किया।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्या सुनीता और शिक्षिकाएं प्रिया, तनु, अंशिका, चंदा, नीलम, स्वाति, शिखा, जेबा, अनम, राखी, मोना और शिवानी आदि उपस्थित रहीं, जिन्होंने स्वयं को नारी के रूप में गौरवान्वित अनुभव करते हुए दर्शाया कि नारी केवल ममता की मूर्ति ही नहीं, बल्कि शक्ति, साहस और संघर्ष की अद्वितीय मिसाल भी है।

विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह और श्री राकेश सिंह ने समस्त नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा,÷नारी शक्ति सृजन का आधार है। नारी केवल प्रेम, ममता और करुणा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि अदम्य साहस, शक्ति और दृढ़ संकल्प की जीवंत मिसाल भी है। समाज के विकास में नारी की भूमिका अतुलनीय है, इसलिए हमें हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान और समान अवसर प्रदान करना चाहिए।कार्यक्रम का समापन 'नारी तू नारायणी' के गगनभेदी उद्घोष के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को नारी गौरव के उत्साह और आत्मविश्वास से भर दिया।

कार अनियंत्रित होने से शिक्षक की दर्दनाक मौत, कोहराम

उडैयाडीह प्रतापगढ़। शनिवार को सुबह 8-30 बजे मायके गई पत्नी को लिवा आने जा रहे शिक्षक की कार जौनपुर जनपद के सुजानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवर बाजार के समीप भूईधरा गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी शिक्षक सत्य नारायण सिंह 60 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना गांव पहुंचने पर गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। बनारस जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र अहरक गांव स्थित मायके गई पत्नी रागनी को लिवा आने के लिए जा रहे थे। सत्यनारायण सिंह विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय शेखपुर अठगांवा गांव में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे और कुछ महीनो बाद सत्यनारायण सिंह को सेवानिवृत्ति होना था। मृतक सत्य नारायण सिंह के दो बेटी एक बेटा है। बेटा सुधांशु सिंह उर्फ हैप्पी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। परिवार व गांव के लोग जौनपुर जनपद के लिए रवाना हो गए हैं।शव को सुजानगंज पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

त्याग, तपस्या और सेवा के प्रति मूर्ति थे रामनाथ सिंह- शीतला प्रसाद

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। त्याग, तपस्या , सेवा व समर्पण के प्रति मूर्ति रामनाथ सिंह थे। उन्होंने अपने त्याग और सेवा भाव से बाबा बेलखरनाथ धाम की सेवा किया ।उक्त बातें उनकी श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद तिवारी ने कही। शनिवार को दोपहर में बाबा बेलखरनाथ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामनाथ सिंह के शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के तमाम संभ्रांत व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दिया। उनके किए गए कार्यों की चर्चाऔर याद किया गया। साथ ही साथ उनके ना रहने पर बाबा बेलखरनाथ सेवा समिति के उत्तराधिकार पर भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद तिवारी ट्रस्ट के महासचिव अनिल त्रिपाठी कोषाध्यक्ष राम कुमार ओझा, अजीत प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह, हरिओम मिश्रा, राजमणि तिवारी, कृष्ण कुमार दुबे ,अनिल कुमार सिंह सहित धाम के महंत विश्वनाथ गिरी और क्षेत्र के तमाम संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह ने किया।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास होने लगा सार्थक

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास के परिणाम नजर आने लगे हैं। आज हर क्षेत्र में प्रतिभावान महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया है। यही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता है। अपने परिश्रम के बल पर आज लोको पायलट बनकर एक लाख किलोमीटर ट्रेन चलाने का रिकॉर्ड बनाने वाली पहली महिला हैं, जनपद की कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के सराय देवराय वार्ड की रहने वाली रीनू देवी ।ऐसी महिलाएं आज समाज और देश का नाम रोशन कर रही है। वर्ष 2017 में रेलवे जॉइनिंग के बाद लगातार मेहनत और लगन से आगे बढ़ते हुए आज लोको पायलट शंटर के रूप में जिम्मेदारी निभा रही है। छात्र नेता इंजीनियर संदीप कुमार के साथ वैवाहिक जिम्मेदारी निर्वहन करते करते हुए निरंतर वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है और समाज की नारी शक्ति के लिए प्रेरणा बनी हुई है।

भदोही, रामपुर छात्रावास, करमपुर और झांसी छात्रावास का विजय अभियान जारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी कुल 7 मैच खेले गए । तीसरे दिन का पहला मैच भदोही और अयोध्या के बीच खेला गया।शअविनाश प्रिंस और अर्पित यादव के क्रमशः एक एक गोल की मदद से भदोही ने दनादन तीन गोल कर दिए।

जबकि अयोध्या के खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे,और भदोही ने इस मैच को शून्य के मुकाबले 3 गोल से अपने नाम कर लिया। आज के दिन का दूसरा मैच रामपुर छात्रावास और मेजबान प्रतापगढ़ के बीच खेला गया । रामपुर छात्रावास के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रियांशु के दनादन मारे गए दो गोल की मदद से मेजबान प्रतापगढ़ के शून्य के मुकाबले 2 गोल से मैच जीत जीत लिया। तीसरा मैच करमपुर और आजमगढ़ के बीच खेला गया। करमपुर के लिए रवि राजभर ने दो और सौरभ यादव ने एक गोल किया, जबकि आजमगढ़ के खिलाड़ी अपना खाता भी नहीं खोल सके।

चौथा मैच झांसी छात्रावास और प्रयागराज के बीच खेला गया,खेल छात्रावास झांसी के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंकित विवेक और राघवेंद्र के दो दो और प्रहलाद और अखिलेश के एक एक गोल की मदद से दनादन 8 गोल कर दिए। जबकि प्रयागराज की टीम गोल मारने में नाकाम रही। आज के मुख्य अतिथि अनुराग सिंह उर्फ रज्जू भैया रहे। उन्होंने जिला खेल अधिकारी द्वारा जिले में किए जा रहे खेल प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर शिकायत निदान अधिकारी के रूप में आए जिला खेल कार्यालय बलरामपुर के क्रीड़ाधिकारी दिनेश कुमार,हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली,अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला,पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी धर्मेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू,सूरज मिश्रा,अनवर हॉकी सोसायटी के खुर्शीद खान ,जसीम खान ,जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना,जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह,एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह,फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश ,कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा और देवराज ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नेहरू युवा केंद्र ने किया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित

प्रतापगढ़। शहर के साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसअवसर पर द्व4 ड्ढद्बड्डह्वड्डह्ल/ नेहरू युवा केंद्र द्वारा बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम किया गया। दिव्य प्रेम ज्योति मिशन की प्रदेश प्रमुख डॉ श्रद्धा सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीलिमा श्रीवास्तव महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अनीता पांडे डॉ प्रभा शर्मा डॉ ज्योति सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं महाविद्यालय के सैकड़ों छात्राओं सहित आदर्श मिश्रा भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तथा सहयोगी के रूप में नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर अभिषेक पांडे आयुष सिंह राज यादव अमन बरनवाल बलराम कश्यप सहित शहर के सम्मानित प्रतिभा की धनी महिलाएं उपस्थित रही। साथ ही समर्थ नारी शसक्त भारत पर अपने विचार रख कर महिलाओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक की भूमिका में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

गाजे-बाजे संग निकली खाटू श्याम बाबा की यात्रा धूमधाम के साथ मनाया गया फागुन उत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आज 8 मार्च दिन शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खाटू नरेश श्याम बाबा का वार्षिक फागुन उत्सव मनाया गया। गोपाल मंदिर से खाटू श्याम बाबा के नाम का निशान लेकर शहर में गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाली गयी । इसमें सभी लोगों ने गुलाल से होली खेली। यात्रा गोपाल मंदिर से होते हुए किशोरी सदन में समाप्त हुई ।

यात्रा में जनपद के सभी श्याम प्रेमी शामिल हुए एवं श्याम सखी मंडल की महिलाओं का विशेष योगदान रहा । यात्रा में महिला मंडल की तरफ से रेखा गोयल,सुधा अग्रवाल,अर्चना खंडेलवाल, स्मृति खंडेलवाल,मिली खंडेलवाल ,अलकाअग्रवाल ,इंदिरा अग्रवाल, पूजा मित्तल,मधु तुलस्यान ,नीलम

तुलस्यान ,ज्योति खंडेलवाल,जया खंडेलवाल, मनीषा अग्रवाल, निधि मातनहेलिया, निधि अग्रवाल, साधना खंडेलवाल,सुनीता खंडेलवाल,आदि व संरक्षक महिला मंडल में श्रीमती पार्वती देवी गोयल, सुधा तुलसियान, भगवती अग्रवाल एवं श्याम मंडल के कार्यकर्ताओं में

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गोयल राजेश खंडेलवाल अभय खंडेलवाल मनोज खंडेलवाल सत्यम गोयल संस्कार गोयल जितेंद्र अग्रवाल विक्रांत खंडेलवाल, आलोक खंडेलवाल संजय खंडेलवाल मेडिकल कमलेश अग्रवाल विपिन अग्रवाल अमित अग्रवाल मेडिकल संतोष उमर वैश्य, दिनेश सिंह दिन्नू, विजय खंडेलवाल अनिल केसरवानी आदि सहित बच्चों ने यात्रा में शामिल होकर खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

संक्षिप्त खबरें

हाइवे पर टहल रहे हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने पकड़कर वन कर्मियों को सौंपा

सिराथू, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र के अन्दावां गांव के पास नेशनल हाइवे के किनारे शनिवार की सुबह एक हिरण का बच्चा टहलता मिला, हिरण को हाइवे के किनारे घूमते देखकर वहां पर चाय की दुकान चलाने वाले धनंजय उपाध्याय पुत्र रामकृष्ण उपाध्याय व पंचर की दुकान चलाने वाले सैय्यद अली पुत्र मो. शमशुल ने उस हिरण को पकड़ते हुए 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दिया। जिस पर मौके पर पहुंचकर डायल 112 के सिपाहियों ने वन विभाग के कर्मियों को सूचना दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग से आए कर्मचारी सोहनलाल वाचक, रवि व नदीम ने हिरण को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग ऑफिस डोरमा के लिए रवाना हो गए । इस संबंध में वन विभाग रेंजर निखिलेश कुमार चौरसिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हिरण के मिलने सूचना मिलने पर कर्मचारियों को भेजकर हिरण को मंगाया गया है। उसके बाद इसके संरक्षण के लिए आगे की कार्रवाई कराई जाएगी।

न्याय के लिए दोनों डिप्टी सीएम सहित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा बुजुर्ग

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू तहसील के एक गांव का रहने वाला एक बुजुर्ग न्याय के लिए सूबे के दोनों डिप्टी सीएम सहित पुलिस अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर काट रहा है , बुजुर्ग का आरोप है कि उसके पड़ोसी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है।कोखराज थाना के शहजादपुर निवासी ब्रह्मदत्त पुत्र स्व रुद्र प्रसाद ने शनिवार को सीओ सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को वह अपने खेत से आलू की खोदाई करवा रहा था , इस दौरान पड़ोस का एक व्यक्ति आया और गाली गलौच देते हुए जान से मारने की नियत से दौड़ा लिया किसी तरह जान बचाकर स्थानीय पुलिस चौकी गया लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई , पीड़ित ब्रह्मदत् का आरोप है कि पहले भी वह सूबे के दोनों डिप्टी सीएम सहित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित की शिकायत पर सीओ सिराथू ने प्रकरण की जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए है।

आईटीआई में अप्रेंटिस रोजगार मेला कल

सिराथू, (कौशाम्बी)। प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सोमवार को आईटीआई सिराथू में अप्रेंटिस रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई सिराथू के प्रधानाचार्य के के राम ने बताया कि अप्रेंटिस रोजगार मेले में जनपद के अधिकाधिक सरकारी निजी अधिष्ठान अप्रेंटिसशिप उपलब्ध कराने हेतु उपस्थित रहेंगे । अतः जनपद के राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर अप्रेंटिसशिप मेले के अवसर का लाभ उठाए।

सैनी थाना में सीओ व तहसीलदार ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



सिराथू, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा एवं तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस से संबंधित शिकायत पत्र प्राप्त हुए, जिसमें संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर राजस्व से संबंधित लेखपाल राजस्व निरीक्षक मौजूद रहें।सैनी कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा एवं तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है, जिसमें पुलिस विभाग से संबंधित कुल दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसमें अधिकारियों के द्वारा दोनों शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार करवरिया सहित राजस्व निरीक्षक मेवालाल मौर्य , प्रदीप सिंह पटेल व लेखपाल जीतलाल , वहाज खान एवं थाना स्टॉफ मौजूद रहें।

बाइक सवार ट्रक की चाभी लेकर फरार, हाईवे पर लगा जाम



अजुहा, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे में एक बाइक सवार व ट्रक चालक के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई जिसके बाद बाइक सवार नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक की चाभी लेकर फरार हो गया जिससे हाईवे पर दोनों ओर जाम लग गया जिसको लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में एक ट्रक चालक से बाइक सवार की किसी बात को लेकर बहस हो गई , जिसके बाद ट्रक जैसे ही अजुहा कस्बे के भोला चौराहे के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंची तभी बाइक सवार बाइक खड़ी कर ट्रक चालक को गाली गलौच करते हुए ट्रक की चाभी निकालकर फरार हो गया। इस बीच हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया , सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस जाम को हटवाकर मामले की जांच पड़ताल के बाद बाइक सवार की तलाश में जुट गई है।

मदर टेरेसा की भूमिका धारण कर सेवा करने का दिया संदेश

कौशाम्बी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में शनिवार को स्कूल की छात्राओं ने पहले कबाड़ में बेकार पड़ी वस्तुओं से पायदान ,झूमर आदि बनाना सीखा। उसके उपरांत कक्षा तीन की छात्रा ममता ने नारी सशक्तिकरण के रूप में मानी जाने वाली मदर टेरेसा की वेशभूषा धारण कर प्रस्तुतीकरण करते हुए समाज में लोगों के प्रति सेवाभाव करने का संदेश दिया। जिससे लोगों के अंदर एक समानता की झलक दिखाई दे। कहा कि मदर टेरेसा बिना किसी झिझक व स्वार्थ के मरीजों को सेवा अच्छे ढंग व बर्ताव के साथ करती थी। हम सबको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा, शिक्षिका शैलजा, मीरा दुबे, आंगनवाड़ी अर्चना सरोज, निराशा देवी, मीना देवी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं आत्मसुरक्षा के लिए सरकार कृत संकल्प- जिला पंचायत अध्यक्षा

● अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद के जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर ने डायट मैदान परिसर में मॉ सरसस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कल्पना सोनकर ने डायट परिसर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं उनके आत्म सम्मान व सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान एवं उनके विकास के लिए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाते हुए सराहनीय कार्य किया है। कहा कि महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान एवं स्थान दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार बैंक सखी के माध्यम से महिला समूहों को तेजी से बढ़ा रही है, जिसके माध्यम से महिलायें आत्म निर्भर एवं स्वावलम्बी बन रही हैं। अध्यक्षा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना प्रत्येक थानों में की है, जिसमें महिलायें अपनी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करा सकती है। साथ ही साथ केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रत्येक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी करती है। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मा0 अध्यक्षा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत लैपटाप हेतु अविका त्रिपाठी,खुशी त्रिपाठी, नैन्सी, लक्ष्मी मिश्रा को लैपटाप एवं शादी अनुदान हेतु खुशी पाण्डेय को एक लाख का चेक देकर सम्मानित किया। इसी तरह से इण्टरमीडिएट में 14 ,हाईस्कूल में 10 मेधावी छात्राओं को डमी चेक देकर किया सम्मानित। इसी तरह अच्छा कार्य करने वाले अध्यापक एवं अध्यापिकायें, ऑगनबाडी कार्यकत्रिया व छात्र-छात्राओं को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, हर क्षेत्र में महिलायें अग्रसर है। कहा कि महिलायें हर चुनौती का सामना करते हुए अपने पथ पर अग्रसर होती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक श्री लाल बहादुर, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव,जिला विकास अधिकारी श्री सुखराज बन्धु, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मंनत्सा बानो, डायट प्राचार्या निधि शुक्ला सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में महिलायें एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।

जिला पंचायत अध्यक्षा एवं राज्य महिला आयोग की सदस्या ने दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल का किया वितरण

कौशाम्बी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद के जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर एवं राज्य महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा ने डायट मैदान परिसर में दिव्यांग महिलाओं को ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं को दिया जाये। कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनायें निःशुल्क है,

इसमें किसी को भी पैसा देने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य,पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला व्यापार संगठन का हुआ गठन

भरवारी, (कौशाम्बी)। ज्योति गुप्ता ने आज अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस से महिला व्यापार संगठन के गठन का आगाज किया। सीमा, विनीता,प्रीती,जागृति, और मोबीना शत्रो को भरवारी कि कमान हम पांच कि तर्ज पर शुरू हुआ राष्ट्रीय जनउद्योग महिला व्यापार संगठन का गठन, गठन उपरांत महिलाओ में भारी उत्साहदेखने को मिला। नगर अध्यक्ष नीरज बनारसी के साथ महामंत्री मुकेश, विनोद कुमार राजू, इस्तेखार अहमद, शाहबजादे, प्रदीप कुमार की उपस्थित मे ज्योति गुप्ता ने संगठन के गठन किया गया। जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी कि अध्यक्षता मे आयोजन सम्पन्न हुआ। महिलाये व्यापार मे सहयोग का अभिन्न हिस्सा, महिलाओ के आगे आने से व्यापार कि वृद्धी सम्भव।

टेढ़ीमोड़ में समाज के लिए काम करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ में तपस्या मानव कल्याण ऊर्जावान ट्रस्ट अहिरारा की अध्यक्ष पुष्पा पटेल ने समाज व परिवार के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने वाली क्षेत्र की तीस महिलाओं को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है इस अवसर में समाज के उत्थान के लिए समर्पित महिलाओं को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इससे प्रेरणा लेकर और लोगों को समाज के लिए काम करना चाहिए। यह एक पुनीत कार्य है। ट्रस्ट के प्रबंधक जनपद के ज्योतिष ज्योतिषाचार्य राम सियासन शास्त्री ने कहा कि समाज में नारी मातृशक्ति के रूप में है। परिवार के साथ साथ समाज के लिए काम करने वाली मातृशक्तियों का सम्मान करना सौभाग्य की बात है।

जिसमें सिपाही डाली व मनीषा पाल और क्षेत्र की अलका पटेल, नथिया देवी, अनारा देवी, श्वेता केसरवानी, सुमन देवी, एलिसा पटेल सहित तीस महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, दयाराम फौजी, भगवान दास पटेल व बीरेंद्र कुमार सहित कई वरिष्ठजन व चौकी इंचार्ज शहजादपुर सिपाहियों सहित उपस्थित रहें।

महिलाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही बैंक सखी महक

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू । विकास खंड सिराथू के जगन्नाथपुर गांव में तिरंगा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बैंक सखी बनी महक ने लोगों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी देकर गांव में रोजगार की सुगंध बिखेर रही है। ऐसे में बेरोजगार महिलाओं को प्रेरित कर समूह से जोडने के साथ बैंको में बचत खाता खुलवाना, ऋण दिलाकर रोजगार से जोड रही है।

जिले की ग्रामीण निरक्षर व वृद्ध महिलाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने में बैंक सखी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। बैंक सखी द्वारा महिलाओं को डिजिटली मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है जिस वजह से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। सिराथू ब्लॉक के जगन्नाथपुर की महक ने बताया कि उन्हें पहले गांव की निरक्षर महिलाओं को फोन चलाना भी नहीं आता था

लेकिन बैंक सखी से प्राप्त जानकारी के आधार पर वह अपना बिजली बिल और मोबाइल रिचार्ज सब फोन पर ही कर लेती हैं। बैंक सखी महक ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सुविधाएं सुलभता से उपलब्ध करवाना, केंद्र के माध्यम से महिलाओं को रोजगार मुहैया करवाना और जीविका सामुदायिक संगठन, ग्राम संगठन व संकुल को पैसों की लेनदेन के लिए पंचायत स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। ग्राहक सेवा केंद्रों के खुलने से उन सुदूर गांव में रहने वाली महिलाओं को काफी मदद मिल रही है जिन्हें राशि की निकासी के लिए दूर बैंकों में जाना पड़ता था। अब पंचायत स्तर पर ही इन ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग की सुविधा मुहैया हो रही है।

एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने ओवरलोड वाहन को किया सीज

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन एवं परिवहन व ओवरलोड गाड़ियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थानाध्यक्ष कड़ाधाम धरिन्द्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना कड़ाधाम क्षेत्र में प्रतापगढ़ से लेहदरी मार्ग पर चेकिंग के दौरान सूरज धर्म काटा जियो पेट्रोल पम्प के पास लेहदरी पर बालू लदे 01 अदद ट्रक को चेक किया गया तथा वाहन चालक द्वारा वाहन पर लदी बालू एवं वाहन व परिवहन से सम्बन्धित कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये

बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे का दिया प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कराटे एसोसिएशन ऑफ कौशांबी के तत्वाधान में महिला दिवस के अवसर पर प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय भड़ेसर मे कराटे शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बालिकाओं को ब्लैक बेल्ट कराटे कोच जाह्नवी शर्मा ने मनचलों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए बालिकाओं को निशुल्क सेल्फ डिफेन्स के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बालिकाओं को किक, पंच,थ्रोइंग आदि सिखाया गया। प्रशिक्षण को प्राप्त कर बालिकाएं किसी भी विषम परिस्थितियों में खुद मुकाबला कर सकती हैं प्रशिक्षक जाह्नवी शर्मा ने महिला दिवस पर हर बालिकाओं को यह संदेश दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ मार्शल आर्ट,कराटे की ट्रेनिंग रेगुलर जरूरी है जिससे हम स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बना सकते हैं और अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकते हैं। इसलिए हर विद्यालय में बालिकाओं के लिए शासन को मार्शल आर्ट,कराटे की ट्रेनिंग अनिवार्य कर देना चाहिए जिससे हर बालिकाओं को मार्शल आर्ट कराटे की विद्या प्राप्त हो सके। जानकारी कराटे एसोसिएशन कौशांबी के सचिव एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन कौशांबी के संयुक्त सचिव अतुल सोनकर ने दिया है।

मंदिर की भूमि पर कब्जा कर दबंगों ने रोका रैन बसेरा निर्माण

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, (कौशाम्बी)। सिराथू कस्बे के वार्ड नं दस बनपुकरा में प्रचीन शिव मंदिर की भूमि पर जबरन कब्जा कर दबंगों ने रैन बसेरे का निर्माण रोक दिया। मामले को लेकर दर्जनों लोगों ने शनिवार को एसडीएम सिराथू योगेश कुमार गौड़ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सिराथू कस्बे के वार्ड नं दस बनपुकरा निवासी राघवेंद्र उपाध्याय, कुमार अंकित, अजीत पटेल, दिनेश कुमार, बुधराम आदि लोगों ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पास उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा लगभग पांच माह पूर्व विधायक निधि से लगभग दस लाख की लागत का रैन बसेरा निर्माण का प्रस्ताव पस हुआ था जिसका निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है ।

कस्बेवासियों का आरोप है कि कुछ दबंगों द्वारा भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य रोक दिया गया है। इसके अलावा रात में मंदिर में घुसकर त्रिशूल निशान उखाड़ कर फेंक दिया गया है। एक माह पहले दबंगों द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने व सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की थी। लेकिन इसके बावजूद भी दबंग निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे है। विरोध करने पर दबंग गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। कस्बेवासियों ने एसडीएम से कार्यवाही की मांग की है।

पीएम श्री कानेमई कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

अजुहा, (कौशाम्बी)। विकास खंड कड़ा के कानेमई में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया इस दौरान बच्चों ने प्रयागराज में ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त किया।विकास खंड कड़ा के पीएम श्री कानेमई कंपोजिट विद्यालय में रविवार को बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बरमदीन राना ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण में बच्चों को प्रयागराज में आनन्द भवन , तारा मंडल , संग्रहालय , पुस्तक भवन , शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क आदि का भ्रमण कर उनके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की । इस दौरान विद्यालय की सहायक अध्यापक सरिता देवी , संगीता देवी आदि लोग मौजूद रहें।

चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर हजारों का सामान किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने शुक्रवार की रात हजारों रुपये का सामान पार कर दिया।शनिवार की सुबह स्कूल पहुंचने पर प्रधानाध्यापिका ने टूटे ताले और बिखरा सामान देखा तो उनके होश उड़ गए।उन्होंने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव में जीटी रोड के किनारे कम्पोजिट विद्यालय स्थित है। प्रधानाध्यापिका फरहत अनीस के अनुसार शुक्रवार की रात चोरों ने विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर

वहां रखा एक गैस सिलेंडर, छह बोरी राशन और दो सिलाई मशीन पार कर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला कुशवाहा ने बताया कि केंद्र का ताला तोड़कर चोर 150 छोटी कुर्सियां, वजन मशीन, कटोरी, प्लेट, ग्लास और महिलाओं के लिये रखा राशन उठा ले गये। शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचकर वहां गेट और कमरों का ताला टूटा हुआ देख उनके होश उड़ गए। कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इसके पहले भी दो बार उनके विद्यालय में चोरी हो चुकी है। थाने में शिकायत के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी।उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

डॉ0 रिजवी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। डॉ0 ए.एच. रिजवी डिग्री कॉलेज के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (पढ़ें नारी -बढ़े नारी) के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गुलनाज नकवी गृह विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजेश सक्सेना के दिशानिर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से समीरा बानो ने महिला दिवस के बारे में छात्राओं को संबोधित करते हुए मोटिवेशनल स्पीच दी। छात्राओं को ओर से इस कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करते हुए यह संदेश दिया गया कि नारी कमजोर नहीं है।आज की नारिया

किसी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। मंच का संचालन छात्र काजल कुशवाहा ने किया ।इस कार्यक्रम में डॉ ए.एच.रिजवी डिग्री कॉलेज की समस्त महिला स्टॉफ जिसमें डॉ शैला भारती,डॉ ततहीर बानो रिजवी,रश्मि सिंह,जीनत जहरा,ममता देवी ,और तौकीर फातिमा आदि महिला शिक्षिका मौजूद रही। इस कार्यक्रम में छात्राओं जौकिया रिजवी, यमन रिजवी, नसीम बानो, कोमल, तस्कीन, सदफ समर इत्यादि ने भाषण, चुटकुला, कहानी और नारी शसक्तीकरण पर महिलाओं के आत्म सम्मान की प्रशंसा में प्रस्तुति देते हुए उनको अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

सम्पादकीय

नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं?प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है।स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं, नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद, और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं।इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है।संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं।उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। (ष्ढ्र ह्यह्लड्डद्यद्बठ्ठ) बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए।कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई।सबक क्या है? स्पष्टत- यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है।इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है, वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है।लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है। यह अवश्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि अगर धार्मिक विभाजन की राजनीति देश के लिए जोखिम भरी है, तो भाषा या जाति के आधार पर चुनावी गोलबंदी कम खतरनाक नहीं है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष...

नारी नहीं जहान हूँ

ओम प्रभा
शोध छात्रा ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज
प्रयागराज

'क्यों कहती है दुनिया कि नारी कमजोर है, जब दुनिया के हाथ में नारी की डोर है।' हर साल के तरह आज यानि 8 मार्च %एक्सेलेरेट एक्शन थीम% के साथ अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान और प्रशंसा को दर्शाता है। इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर दुनिया भर में महिला सशक्तिकरण के उपाय तथा चुनौतियों की चर्चा होती है। ज्यादातर देश आज महिला-पुरुष समानता और नारी सशक्तिकरण को विकास और साथ ही साथ परिवारों, समुदायों और राष्ट्रों के कल्याण के लिए अनिवार्य मानते है। कोई भी राष्ट्र, समाज और परिवार समृद्ध और खुशहाल नहीं हो सकता, यदि उसकी आबादी का 50 प्रतिशत यानि महिलाएँ एवं लड़कियाँ सम्मान, आजादी और खुशी से वंचित है। केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के ज्यादातर देशों की महिलाएँ भेदभाव का शिकार होती आयी है, सभी स्तरों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखी जाती रही है। इसका कारण पितृसत्ता का प्रचलन है, यह एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें पुरुषों को महिलाओं से श्रेष्ठ समझा जाता है, जहाँ संसाधनों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया पर और विचारधारा पर पुरुषों का नियंत्रण होता है। पितृसत्ता में महिलाओं पर हिंसा, पित्रृसत्तात्मक व्यवस्था का अंग होती है। इस व्यवस्था में महिलाओं को हिंसा या हिंसा की धमकी के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है और महिलाएँ सामाजिक और मानव विकास के समस्त सूचकों में पुरुषों से पिछड़ जाती है। भारत में इस पिछड़ेपन को हर जगह देख सकते हैं।भारत का लैंगिक अनुपात विश्व के अन्य देशों के तुलना में कम है। महिलाओं के लिए जीवन प्रत्याशा पुरुषों से कम है, महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षणिक स्तर पुरुषों की तुलना में बहुमत कम है। महिलाएँ अल्प कौशल और कम पारिश्रमिक वाली नौकरियों तक सीमित रहती हैं, उन्हें पुरुषों के तुलना में पारिश्रमिक और वेतन कम मिलते हैं। राजनीतिक व सामाजिक निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी कम है। संसद में महिलाओं की भागीदारी कभी 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रही। उनके जीवन को प्रभावित करने वाले सामाजिक, आर्थिक कानूनी, राजनीतिक नियमों के निरुपण में उनकी राय नहीं ली जाती और उन्हें अधीन रखा जाता है। अन्तोगत्वा इसी व्यवस्था के चलते भारत के अधिकांश हिस्सों में लड़कियाँ असुविधाओं, बोझ और भयभीत होकर जीवन बिताती है। भय उनके जीवन के आरम्भ से अन्त तक मौजूद होता है। भ्रूण हत्या का डर पैदा होने पर विष दिये जाने का डर, भरपूर प्यार, देखभाल, पोषण, चिकित्सा सुविधाएँ शिक्षा न मिलने का डर। हमारी बेटियाँ छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्ष जैसे यौन उत्पीड़न के भय के साथ जीती है।यद्यपि विगत वर्षों में महिला आन्दोलनों और संस्कारों सरकारी कार्यावाही तथा सामाजिक संगठनों के प्रयासों से उपजे दबाव के परिणामस्वरुप महिलाओं के जीवन में वास्तव में कुछ सकारात्मक बदलाव हुआ है । महिलाओं का सशक्तिकरण बहुआयामी और सम्पूर्ण होना चाहिए इस प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल किया जा सकता है। महिलाओं के योगदान को समाज को समझाने की जरुरत है कि वह बच्चों की जन्म देने और घर गृहस्थी सम्भालने के साथ-साथ किसान, श्रमिक, कारीगर, व्यवसायी आदि भी है, वे सदैव उत्पादन में लगी रहती है और जीडीपी में उनका योगदान हमेशा ज्यादा रहा हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार अगर महिलाओं के घेरलू कार्य की जीडीपी में जोड़ दिया जायेगा तो भारत की जीडीपी में 27 प्रतिशत की वृद्धि हो जायेगी। पहले से ही जिन क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान रहा जैसे कृषि, हस्तशिल्प आदि में उनकी क्षमता जानकारी और कौशल की वृद्धि करना। महिलाओं को आत्मसम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने वाला सामाजिक वातावरण तैयार करना। महिलाओं को अपने जीवन के बारे में निर्णय लेने में सक्षम बनना। महिलाओं को उत्पादन के साधनों तक पहुँच और नियंत्रण सम्पत्ति और अन्य संसाधनों तथा आमदनी पर नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता करना। उन्हें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जो न केवल नये कौशलों और ज्ञान को तलाशने और प्राप्त करने में सहायता करे, बल्कि महिलाओं को न्याय, समानता, ईमानदारी, सच्चाई और शोषित वर्गों के बीच एकजुटता जैसे सशक्त बनाने वाले मूल्यों को प्राप्त करने में भी मदद करे।

मेरा मानना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ मानवीय मूल्यों का सशक्तिकरण भी होना चाहिए। केवल तभी हमारे चारों ओर समानता न्याय और शान्ति होगी। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल तभी त्वरित गति से सम्भव हो सकेगा, जब पुरुष इस बात को समझेंगे कि यह उनके लिए भी अच्छा होगा और यह परिवारों और राष्ट्रों के लिए भी अच्छा होगा।भारत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु वैधानिक, आर्थिक, सामाजिक उपाय लगातार कर रही है जिसमें तीन तलाक से सम्बन्धित मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019,यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2019, उज्ज्वला योजना, लिंग आधारित बजट और गत वर्ष संसद से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 मील का पत्थर साबित हो रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ लैंगिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम रहा। यह लैंगिक भेदभाव से निपटने और बालिकाओं के महत्व को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण जन आन्दोलन उत्पन्न किया है। पिछले कुछ वर्षों में, जन्म के समय लिंगानुपात में 19 अंकों की वृद्धि के साथ 918 (2014-15) से 937 (2020-21) तक एक सराहनीय सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों का नामांकन 2014-15 में 75.51 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में 79.46 प्रतिशत हो गया, महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में बदलते परिवेश में महिलाएँ जिस तरह से आगे बढ़ रही है, प्रगति की ओर अग्रसर हो रही है समाज के लिए गर्व एवं सराहना की बात है। आज राजनीति, विज्ञान, तकनीक, सुरक्षा, अन्तरिक्ष एवं वित्त कोई भी क्षेत्र को देखें तो जहाँ-जहाँ महिलाओं ने हाथ अजमाया उन्हें कामयाबी ही मिली अब ऐसी कोई जगह नहीं है जहाँ महिलाएँ अपना परचम नहीं लहरा रही है। पहले भी ऐसा नहीं था कि महिलाओं की समाज में भागीदारी नहीं थी, उनकी भागीदारी पहले भी थी परन्तु समाज उनके योगदान को सही मान्यता नहीं देता था। लोकतंत्र तथा सामाजिक जागरूकता के कारण यह सम्भव हो पाया कि महिलाएँ समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर पायी। आज अधिकांश लोकतांत्रिक देशों की महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा मिला हुआ है। लैंगिक समानता निःसंदेह लोकतंत्र की आधारशिला है। जिन सम्पोषणीय विकास लक्ष्य को हासिल करने के लिए दुनिया आगे बढ़ रही उनमें महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता पर विशेष फोकस है। महिलाओं का भारत के प्रत्येक क्षेत्र राजनीति, कारोबार, कला और नौकरियों में योगदान बढ़ रहा है साथ में इस पक्ष को बेहतर बनाने की कोशिशें जाती है और इस राह में अभी लम्बा सफर तय करना होगा। विश्व आर्थिक फोरम की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2023 में कहा गया कि महिलाओं और पुरुषों में लैंगिक समानता लाने में 131 साल का समय लगेगा। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं की मौजूदा समय में राजनीतिक, आर्थिक, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक स्थिति में जो असमानता व्याप्त है उसे समाप्त करने के लिए विश्व स्तर पर सदी का इंतजार करना पड़ सकता है।भारत के सन्दर्भ में देखें तो एक समय में महिलाओं के अनेक मुद्दे होतें है, इन सभी मुद्दों पर चर्चा करना और फिर उसके बाद उसे भूल जाने के चलन में समस्याओं के समाधान में रोड़ा बनता रहा है। इसके जगह एक बार में एक मुद्दा पर फोकस करें जो सबसे सामयिक एवं प्रासंगिक हो और वर्षभर संकल्पित होकर उसका समाधान करें और अगले वर्ष यह आंकलन करें कि इस मुद्दे का समाधान हमने कर लिया या कुछ करना शेष है और फिर आगे बढ़े तो ज्यादा बेहतर होगा।

पिछले वर्ष जो कोलकाता रेप-मर्डर केस घटनाक्रम चला है उसके लिए मेरा सुझाव है हम इस वर्ष को महिला सुरक्षा को समर्पित करें। जब मैं भारत की महिलाओं पर दृष्टिपात करती हूँ तो एक बड़ा असन्तुलित चित्र सामने आता है एक तरह हम कहते है कि महिलाएँ हमारे यहाँ राष्ट्रपति पद पर आसीन हुई, महिला 16 वर्षों तक प्रधानमंत्री रही थी, अध्यक्षीय पीठ पर भी महिला शोभमान रही है। हमारी कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स ने वर्जनाओं को भेदकर अन्तरिक्ष में उड़ान भरी है। संतोष यादव एवं शारीरिक अपंगता को चुनौती देते हुए अरूणिमा सिंह जैसे महिलाओं ने बार-बार हिमालय को नापा है। ये भारत का वह पक्ष है जो हमें गौरवान्वित करता है, ये वो चित्र हो जो भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में बढ़ाता है लेकिन दूसरा पक्ष भी है। महिला न जन्म के पहले सुरक्षित है और जन्म के बाद सुरक्षित है, माता के गर्भ में मार दी जाती है और जन्म के बाद तो न दो वर्ष की बच्ची सुरक्षित है न 60 वर्ष की वृद्धा सुरक्षित है।मेरा मानना है कि यह स्थिति केवल दो चीजों से बदल सकती है समाज की सोच से और व्यवस्था की खौफ से। यह अत्यन्त दुखद है कि समाज की सोच हमेशा से विकृत रही है।हालांकि अच्छे बुरे लोग कम या ज्यादा समाज में हमेशा रहे , लेकिन अगर व्यवस्था अपना खौफ बनाये रखे तो बुराई ढ़की रहती है बुरे लोग डरते है।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमारे लिए तब सार्थक होगा जब हम सब महिलाओं के उन्नति एवं सुरक्षा का संकल्प करें।

यह संकल्प अपने स्तर पर भी करना होगा,हमारी राज्य सरकारें भी करें, हमारी केन्द्र सरकार भी करे, हमारी विभिन्न संस्थायें भी करे हमारे समाज का हर व्यक्ति यदि आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस यह संकल्प करें कि हम अपने समाज के महिलाओं को और सुरक्षित रखेंगे उनके मन में कभी भी असुरक्षा का भाव पैदा नहीं होने देगें तो मुझे लगता है कि ये अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस वास्तव में सार्थक हो जायेगा और पहले के तरह एक रश्म अदायगी भर नहीं रहेगा और इस तरह से भेदभाव रहित शान्त, सौहार्द, समरसता से परिपूर्ण सुन्दर समाज का निर्माण कर सकेगें।अनंत- नारी की व्यथा को लिखा पढ़ा हम सबने है, अब नारी के पीड़ाओं को जीने की बारी है।

सरोकार

भारत में नारी का सम्मान और उनकी अग्रणी भूमिका

भारत मे नारी सदैव से अग्रणी रही है, हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी सदैव ही सम्माननीय रही है। भारत में नारी का स्थान प्राचीन काल से ही अत्यंत सम्माननीय रहा है। हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। वेदों और पुराणों में नारी को माँ, देवी, सहधर्मिणी और समाज की आधारशिला के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी स्वरूप माना गया है–सरस्वती ज्ञान की, लक्ष्मी समृद्धि की और दुर्गा शक्ति की प्रतीक हैं। रामायण और महाभारत में सीता, द्रौपदी जैसी नारियाँ न केवल अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहीं, बल्कि उन्होंने समाज को नई दिशा भी दी। हालाँकि, मध्यकाल में कुछ सामाजिक कुरीतियों ने नारी की स्थिति को प्रभावित किया, लेकिन आधुनिक भारत में नारी फिर से अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक हो रही है। आज वे शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और व्यवसाय के हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। नारी सशक्तिकरण के साथ समाज का विकास जुड़ा है। जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र भी सशक्त होगा। भारत की नारी सदैव से सम्माननीय रही है और आगे भी समाज को दिशा देती रहेगी।

÷यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता÷

यह प्राचीन संस्कृत सूक्ति केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराओं में महिलाओं के प्रति गहरी श्रद्धा का प्रतीक है। इस सूक्ति के अनुसार, जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।हमारे दैनिक जीवन में महिलाओं की एक विशेष भूमिका रही है। महिलाएं समाज में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं। वे परिवारों की रीढ़ हैं और समुदायों के विकास और वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं, बहन, बेटियों को जीतने अधिक अवसर एवं, सुविधाएँ मिलेगी, वह समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। किसी संस्कृति को अगर समझना है तो सबसे आसान तरीका है कि उस संस्कृति में नारी के हालात को समझने की कोशिश की जाए। किसी भी देश के विकास संबंधी सूचकांक को निर्धारित करने हेतु उद्योग, व्यापार, खाद्यान्न उपलब्धता, शिक्षा इत्यादि के स्तर के साथ ही इस देश की महिलाओं की स्थिति का भी अध्ययन किया जाता है। नारी की सुदृढ़ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध तथा मज़बूत समाज की द्योतक है।भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, ÷हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं÷। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। हालाँकि सावित्रीबाई फुले युद्धभूमि की वीरांगना नहीं थीं, लेकिन उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाकर समाज को जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं और दलितों की शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत में जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा ज़रूर होती है। रानी लक्ष्मीबाई न सिर्फ़ एक महान नाम है बल्कि वह एक आदर्श हैं उन सभी महिलाओं के लिए जो खुद को बहादुर मानती हैं और उनके लिए भी एक आदर्श हैं जो महिलाएं ये सोचती है कि 'वह महिलाएं हैं तो कुछ नहीं कर सकती.' देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम (1857) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी और वह अपनी वीरता के किस्सों को लेकर किंवदंती बन चुकी हैं। समाज सेवी मदर टेरेसा ने सेवा और करुणा की मिसाल पेश की। उन्होंने समाज के गरीब, असहाय और बीमार लोगों की सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। गोंडवाना की शासक रानी दुर्गावती ने मुगल सेना के विरुद्ध वीरतापूर्वक युद्ध लड़ा। उन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया और युद्धभूमि में आत्मबलिदान कर दिया। भारत की वीरांगनाएँ केवल अतीत की गाथाएँ नहीं हैं, बल्कि वे आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वे हमें सिखाती हैं कि नारी शक्ति, साहस, त्याग और आत्मसम्मान का प्रतीक है। चाहे वह युद्ध का मैदान हो या समाज सेवा, भारतीय नारियाँ सदैव अग्रणी रही हैं और आगे भी रहेंगी।दुनिया के हर देश में बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल करने में मुख्य योगदान महिलाओं का सर्वाधिक होता हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि जब समाज की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था बदलती है, तो महिलाएँ परिवार को नई वास्तविकताओं और चुनौतियों के अनुकूल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं।÷जब महिलाएं सशक्त होती हैं और अपने अधिकारों और भूमि, नेतृत्व, अवसरों और विकल्पों तक पहुंच का दावा कर सकती हैं, तो अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती हैं, खाद्य सुरक्षा बढ़ती है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संभावनाएं बेहतर होती हैं।भारत के संबंध में कई बार वर्ल्ड बैंक ग्रुप आदि ने कहा है कि अगर यहाँ पर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में वृद्धि की जाए तो भारत की विकास दर में तीव्र वृद्धि हो सकती है। गौरतलब है कि 1994 से 2012 के मध्य कई लाख भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। इन आँकड़ों में और बढ़ोतरी होती अगर कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में और इज़ाफा होता। 2012 में सिर्फ 27त्न वयस्क भारतीय महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत थीं। चिंता की बात यह है कि भारत के तीव्र शहरीकरण ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में कोई वृद्धि नहीं की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 2022 के वैश्विक औसत 47.8त्न के मुकाबले भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 37त्न है। हालाँकि यह वर्ष 2017-18 में 23.3त्न से बढ़ा है, लेकिन इसका 37.5त्न हिस्सा ÷घरेलू उद्यमों में अवैतनिक सहायक÷ के रूप में नियोजित है। इन महिलाओं को उनके द्वारा किए जाने वाले काम के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाता है।भारत ने व्यापक नीतियों, लक्षित योजनाओं और कानूनी ढांचों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति की है। आर्थिक भागीदारी से लेकर सुरक्षा, डिजिटल समावेशन से लेकर शिक्षा तक, सरकार की पहलों ने महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समावेशी, लैंगिक-समान समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना बहुत जरूरी है जहां महिलाएं राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मुख्य भूमिका निभाती हैं।

राशिफल

मेष	आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको लाभ मिलेगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन बेहतर रहेगा।
वृष	आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, आपको मन मुताबिक परिणाम मिलेगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। आज आपके विरोधी आपके सामने नतमस्तक होंगे, दोस्ती का हाथ बढ़ाएंगे। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।
मिथुन	आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके परिवार में नई-नई खुशियां आएंगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न करेगी, आपके घर लोग बधाई देने आयेंगे। घर पर पार्टी का आयोजन करेंगे। नए काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे, आप लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।
कर्क	आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। साथ ही किसी जरूरी विषय पर बातचीत भी होगी, अपनी बात कहने का मौका मिलेगा, आपके विचारों को महत्व मिलेगा। आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा जो आगे चलकर काम आएगा।
सिंह	आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा है।आज आपको कई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे।
कन्या	आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज आप रचनात्मक कार्य कर सकते हैं।
तुला	आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप कुछ जरूरतमंद की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, जिससे आपको सफलता मिलेगी। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, सब आपके फेवर में है। आप किसी योजना की शुरुआत कर सकते हैं।
वश्चिक	आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम। आपको उनका प्रिय बना देगा। आज आप अपनी गलतियों से कुछ सीखेंगे। अगर आप बिजनेस स्टार्ट कर रहे हैं, तो शुभ मुहूर्त में ही शुरू करें।
धनु	आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताज़ा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें। बच्चों के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड कर सकते हैं। प्राइवेट शिक्षक आज बच्चों को पढ़ाई के नए तरीके सिखायेंगे, छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन सुलझाने के लिए दिन अच्छा हैं।
मकर	आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। पुराने लेन-देन के मामलों में आज सोच विचार करेंगे। अपने खास रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां खुशी का माहौल बना रहेगा। आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, साथ में लंच करेंगे।
कुम्भ	आज आपके दिन की शुरुआत अच्छे मूड के साथ होने वाली है। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे, आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए।
मीन	आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने करियर को लेकर अपने गुरु से परामर्श लेंगे।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

नारी सशक्तिकरण

क्यों सुनती हो दुनिया की
दुनिया का काम है कहना
ऊंच-नीच कुछ हो जाए तो
नारी के नाम का ताना है।।
अबला बन मत काम करो
अपनी शक्ति को पहचानो
नारी अपनी पर जब आ जाए
तो मुट्ठी में उसके ज़माना है।।
कुच करो पुराने विचारों से
कुरीतियों को अब हटाना है
नई पीढ़ी को अब हे नारी
तुम्हें ही संस्कारवान बनाना है
बनकर सशक्त फिर तुमको अव
इस युग मैं नया इतिहास रचना है।।
नवीन विचार के सूरज से
फिर एक नया सवेरा लाना है,
बनकर सूरज का प्रकाश
हर अंधकार को मिटाना है।।
उठो अपनी शक्ति को पहचानो
अब कुछ ऐसा करके दिखाना है
वर्तमान समय कि पुकार यही
नारी सशक्तीकरण का जमाना है।।

प्रतिभा दुबे
स्वतंत्र लेखिका
ग्वालियर (मध्य प्रदेश)

नारी दिवस मनाओ ऐसे

नारी शक्ति का करते हैं हम आवाहन।
करते हैं हम आवाहन उस नारी शक्ति का,
जिसने किया है मां के रूप में सबका पालन पोषण।
जिसने किया है पत्नी के रूप में सबके साथ प्रेम, सहन, स्नेह और अभिनंदन।
जिसने दिया है बहन के रूप में अपनापन और जीवन दर्शन।
जिसने छोटी बहन बनकर हमको इतना प्यार दिया है।
जिसने बुआ फूफी बनकर मामी चाची बन साज श्रृंगार किया है।
जिसने दादी बनकर तजुर्बों से हमें सहारा देकर सजाया संवारा है।
जिसने देवी बनकर धैर्यशीलता और प्रेम पूर्ण दिव्यता का संचार किया है।
करते हैं उस नारी के चरणों में वंदन नित वंदन।
नारी शक्ति का करते हैं हम आवाहन।।
रूप धरे है विभिन्न, रूप के रंग रूप भी धर्म विभिन्न है,
लेकिन नारी तो नारी है,
चाहे अम्मा अम्मी हो या खाला कौर कुमारी है।
धैर्यशीलता और त्याग की मूरत है वो,
देदीप्यमान काया, अंतर्मन तक खूबसूरत है वो।
नारी ही है जो सभी सदुणों से रची बसी हैं।
नारी ही है जो बालक बच्ची ईश्वर की हंसी है।
नारी के गुणों का करें बखान क्या बेकस रमन।
नारी शक्ति का करते हैं हम आवाहन।।
नारी शक्ति का करते हैं वंदन पूजन अभिनंदन।।
नारी शक्ति का करते हैं हम आवाहन।

बेकस रमन (स.अ.)
महमूदाबाद, सीतापुर उत्तर प्रदेश

जय नारी हो

आओ परिचय तुम्हें कर दूँ क्या नारी की शान।
जन्म दिए है राम लखन और कृष्ण की पहचान।।
गाकर गीत मनोहर अनुपम सदा करें अनुष्ठान।
जय नारी हो जय नारी हो करती हूँ गुणगान।।
अनसूया माता के दर पर त्रिदेव ने बोला।
निर्वस्त्र होकर भोज कराओ ऐसा मुखड़ा खोल।।
तीनों को बनाकर बालक करा दिया दुग्ध पान।
जय नारी हो जय नारी हो करती हूँ गुणगान।।
झाँसी की रानी को यहाँ पर कौ नहीं पहचान।
अंग्रेजों की छाती पर चढ़ ले- ली जिसने जान।।
शत शत नमन करें हम उनको नारी की वे आन।।
जय नारी हो जय नारी हो करती हूँ गुणगान।।
हम नारी ने सूर्य को सूरज चाँद को चंदा बोला।

रेखा शर्मा स्नेहा
लीचीपुरम
मुज़फ़्फ़रपुर, बिहार

समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा, खाली रही कुर्सियां

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ़। फरियादियों की समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए लगाए जाने वाला समाधान दिवस अब औपचारिकताओं तक सिमटता दिख रहा है। शनिवार को पट्टी थाने में आयोजित समाधान दिवस में यह धुंधली तस्वीर उजागर हुई। इक्का दुक्का फरियादी तो पहुंचे लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। इससे खाली कुर्सियां दिवस का उपहास उड़ातीं दिखीं।

शासन द्वारा फरमान जारी किया गया है कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी थानों में माह के दूसरे और चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया जाए। इसके बावजूद यह समाधान दिवस सिर्फ औपचारिकताओं के लिए लगाए जा रहे हैं। अधिकारी और कर्मचारी इसमे रुचि नहीं ले रहे है, जिससे फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में दिक्कतें आ रही हैं। शनिवार को पट्टी थाने में आयोजित समाधान दिवस में एक नया नजारा देखने को मिला, जहां अधिकारियों का दरबार सजाया गया। अधिकारियों के साथ कुछ राजस्व कर्मी तो मौजूद रहे लेकिन फरियादी नहीं आए। ऐसे में समाधान दिवस की सिर्फ औपचारिकता निभाई गई।शनिवार को सर्किल के थानों में आयोजित समाधान दिवस के दौरान फरियादियों का टोटा रहा।

थानों में फरियादियों व राजस्व अधिकारियों के बैठने के लिए सुबह दस बजे कुर्सियां तो सजा दी गई, लेकिन फरियादियों के न आने से कुर्सियां खाली ही रह गई। पट्टी में पांच व आसपुर देवसरा में 12 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगाई। इसमें से मात्र 2 का ही मौके पर निस्तारण हो सका।पट्टी कोतवाली में एसडीएम तनवीर अहमद व सीओ मनोज कुमार सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

दो बजे तक कुल पांच फरियादियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसमें एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। क्षेत्र के सरायमधई के ग्राम प्रधान परशुराम ओझा ने बताया कि पिछली 8 फरवरी को उन्होंने समाधान दिवस में ग्राम सभा की सुरक्षित कराई गई जमीन से लोहे का एंगल व कटीला तार चोरी कर ले जाने की शिकायत की थी, लेकिन नफा नाजायज के चक्कर में पट्टी पुलिस ने मामले में ना तो कोई कार्रवाई की, ना ही रिपोर्ट ही सार्वजनिक कर रही है। वहीं आसपुर देवसरा थाने में थानाध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बाद में एसडीएम तनवीर अहमद व सीओ मनोज कुमार रघुवंशी भी पहुंचे। इस दौरान 12 फरियादियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि 12 में से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 10 मामलों में राजस्व कर्मियों व पुलिस की टीम गठित की गई है।

दूसरे दिन तहसील में पसरा रहा सन्नाटा

पट्टी प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद हुए गोली कांड के चलते तहसील में दूसरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को पट्टी तहसील में जनसुनवाई के दौरान दो अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गाली गलौज होने के साथ ही गोली भी चल गई। सूचना पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस बल व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन किया। वहीं देर शाम पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर नामजद आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। सुरक्षा के एहतियातन शुक्रवार को देर शाम पीएसी बल की भी तैनाती तहसील में की गई। शनिवार को सुबह माह का दूसरा शनिवार होने के चलते जहां अधिवक्ता ही तहसील परिसर में घूमते नजर आए, वही चंद अधिवक्ताओं को छोड़ तहसील में सन्नाटा पसरा रहा और पीएसी बल मौके पर तैनात रही। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि सुरक्षा के एहतियातन एक कंपनी पीएसी तैनात हैं तथा स्थिति सामान्य है।

अतिक्रमण रोकवाने गये लेखपाल की पिटाई, केस दर्ज

लालगंज प्रतापगढ़। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रोकने गये क्षेत्रीय लेखपाल के साथ गालीगलौज व मारपीट तथा सरकारी अभिलेख क्षतिग्रस्त करने के आरोप को लेकर पुलिस ने दो नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहसील में तैनात शिवम सिंह राजस्व ग्राम भेभौंरा के क्षेत्रीय लेखपाल हैं। पीड़ित लेखपाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि पांच मार्च की सुबह करीब पौने बारह बजे वह भेभौंरा गांव में भूमि निरीक्षण हेतु गया था। पीड़ित लेखपाल का आरोप है कि यहां नवीन परती के खाते की जमीन पर गांव के मजरा सुदीन का पुरवा निवासी शिवकुमार व शिवप्रताप यादव पुत्रगण गया प्रसाद द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। लेखपाल ने सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने से मना किया तो आरोपीगण आक्रामक हो उठे। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीड़ित लेखपाल के साथ धक्कामुक्की की और उसे जमीन पर गिरा दिया। आरोपियों ने सरकारी अभिलेख को फाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतकर्ताओं की शिकायत को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये-डीएम

● जिलाधिकारी एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस पर कोतवाली देहात में सुनी फरियादियों की समस्यायें

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली देहात में दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करायें। थाना समाधान दिवस में कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतें राजस्व विभाग व 03 शिकायत पुलिस विभाग की मिली। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर राजस्व सम्बन्धित प्रकरणों का बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जो फरियादी भी अपनी समस्या लेकर आये उनकी शिकायतों को गम्भीरता से सुनें। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों का शत् प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करें, किसी भी शिकायत को अनदेखा न करें और उसका समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाये।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। बी एस एस एकेडमी, फुलवारी, में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए शिक्षिकाओं को विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह और मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि शिक्षित व सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भागेदारी सबसे अहम है। समाज में महिलाओं के योगदान को कभी भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। आज महिलाएं देश- विदेश में अपना परचम लहरा रही हैं। बी एस एस एकेडमी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कटिबद्ध है।

नीलम शर्मा, ऊषा जायसवाल एवं कल्पना मौर्या को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य, किरन सिंह, प्रिया सिंह, आयुषी खंडेलवाल, वर्षा साधवानी, प्रवेश मिश्रा, रजनी शुक्ला, सुलेखा त्रिपाठी, पूजा मिश्रा, मोहिनी शुक्ला, दिव्या साहू, प्राची तिवारी, अक्षिता सिंह, सुमन विश्वकर्मा आदि शिक्षिकाएं एवं विशाल केसरवानी, विनय रंजन ओझा, हिमांशु श्रीवास्तव, दिग्विजय सिंह, नीरज सिंह, निखिल सिंह, अमित मौर्य, संजीव शुक्ला, मंगलम यादव, संजय सिंह, नीरज विश्वकर्मा, योगेन्द्र श्रीवास्तव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रधान पति की गाड़ी रोककर युवती ने दी धमकी, मांगे 15 हजार रुपए

पट्टी प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव की ग्राम प्रधान संजना देवी ने शनिवार को दिन में 1 बजे के आसपास पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। शनिवार को सुबह पीड़िता का पति सुरेंद्र प्रताप गांव में अपना खेत देख वापस आ रहे थे। इतने में गांव की एक युवती उन्हें रोक लिया और उनके गाड़ी की चाभी निकाल कर 15 हजार रुपए की मांग करने लगी। पैसे देने से मना करने पर धमकी दिया कि रततुम्हे फर्जी रेप केस में फसा दूंगी। इतने में गांव के अन्य लोगो के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

खाद्य सचल दल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 10 नमूने संग्रहित विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय उपलब्ध कराने हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयाँ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व प्रशासन की गठित संयुक्त टीम द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर कुल 10 नमूने संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये, खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मानक के अनुरूप नहीं पाये गये नमूनों के विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर दण्डात्मक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

खाद्य सचल दल द्वारा रानीगंज स्थित देव भोग स्वीट्स (प्रो0-ललित कुमार गुप्ता) से खाद्य पदार्थ मिल्क केक एवं कलाकन्द का एक-एक नमूना, राजेश स्वीट्स (प्रो0-राजेश कुमार गुप्ता) से खाद्य पदार्थ छेना मिठाई एवं खोया का एक-एक नमूना, सुवंसा बाजार रानीगंज स्थित शीतला प्रसाद पुत्र गंगा प्रसाद के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ मैदा का एक नमूना, सजन लाल सत्य नारायण के खाद्य प्रतिष्ठान से चिप्स का एक नमूना एवं तिवारी किराना स्टोर (प्रो0- अभिषेक तिवारी) से मैदा एवं बेसन का एक-एक नमूना, लालगंज अजगरा स्थित शिव एजेन्सी से खाद्य पदार्थ सूजी एवं बेसन का एक-एक नमूना संग्रहित किये गये। खाद्य सचल दल में अजय कुमार तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रोशन सिंह, संतोष कुमार दुबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मित्र मंडल द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। एकता,आपसी भाई चारे के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में प्रतापगढ़ मित्र मंडल द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया दिल्ली के स्पीकर हाल में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें समाज में एकता और भाई चारे पर चर्चा परिचर्चा किया गया। इस मौके पर सुरेश दुबे व्योम,रणजीत सिंह अवलख,उपेंद्र पाण्डेय आदि कवियों द्वारा अवधी काव्यपाठ भी किया गया। मौजूद श्रोताओं ने काव्यपाठ का रसास्वादन करते हुए जमकर ठहाके लगाए तथा खूब सारी तालियां भी बटोरी गई। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देते हुए गले से लगाया गया तथा होली त्यौहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प भी लिया गया।इस मौके पर राकेश सिंह,ओम प्रकाश मिश्र,दिनेश सिंह,प्रो. स्वदेश सिंह,रिशि राज सिंह,कुंवर अरविंद सिंह,आई ए एस योगेश मिश्र,सुजीत शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

विकसित भारत का नेतृत्व करेंगी देश की महिलायें -सुशील त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर एक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुशील त्रिपाठी क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र सदर विधायक राजेंद्र मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यार्पण करके वंदे मातरम गीत से हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण को महिला सशक्तिकरण के रूप में देखती है। आने वाले समय में लोकसभा विधानसभा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिलापंचायत में भी महिलाएं देश की आधी आबादी का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहे। अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े। उन्होंने सरकार की ऐसी सभी योजनाओं की चर्चा की जो महिलाओं से जुड़ी है। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति आज कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। थल जल वायु सेना में भी अपना परचम लहरा रही है। यह मोदी जी की सोच है कि 2047 में जब राष्ट्र विकसित बने उसमें महिलाओं की भी पूरी हिस्सेदारी हो। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार महिला घर को अपने सीमित संसाधनों से चलाती हैं, निश्चित तौर पर जब उन्हें इस देश की बागडोर मिलेगी लो वह देश को आगे ले जाने का काम भी करेंगी।इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाएं एवं बेटियों को सम्मानित करने का काम किया गया। इसमें रचना सक्सेना संवेदना ट्रस्ट पूनम लता राज जिला क्रीड़ा अधिकारी समृद्धि शुक्ला ताइक्वांडो कुमारी बबीता वर्मा कुश्ती कुमारी भविष्य मुनि सिंह स्टेट कुश्ती विभा पाल, आयुषी सिंह स्टेट कुश्ती कुमारी स्वाति पांडे कुमारी लक्ष्मी पाल संजू वर्मा कुश्ती में रश्मि मिनी शुक्ला एडवोकेट कविता सरोज कचुआ पालन में कमला जायसवाल कुसुम लता सिंह सभासद नीलम पाल समूह सुनीता मिश्रा टिफिन नीरजा, मीरा यादव बैंक सखी को सम्मानित किया गया इस अवसर पर सीमा सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष गड़वारा प्रेमलता सिंह नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मणपुर, मीरा गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष रानीगंज पूनम इंसान जिला पंचायत सदस्य सुनीता पाण्डेय, रुचि केसरवानी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिभा सिंह क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा राघवेंद्र शुक्ला राजेश मिश्र राजन, बृजेश पाण्डेय गुड्डू पांडे रजत सक्सेना साधु दूबे पंकज सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही। संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।

सांसद ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करके ली समस्याओं की जानकारी

प्रतापगढ़- लोकसभा सांसद डॉ. एस. पी. सिंह पटेल का एक दिवसीय दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान सांसद जी ने विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करके जनसंपर्क किया एवं स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उनके साथ राम सिंह जी विधायक पट्टी, आशुतोष पांडे जिला उपाध्यक्ष बीएल वर्मा सांसद प्रतिनिधि एवं जितेन सिंह एडवोकेट निजी सचिव सांसद प्रेम पटेल जी, राम सिंह राणा जी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।सांसद जी पहले अपने निजी आवास / कार्यालय में लोगों से मिले। इस दौरान उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें उचित समाधान का आश्वासन दिया। तत्पश्चात् दिलीपपुर बाज़ार में बाबा बेलखरनाथ धाम में आयोजित जन जागरण पीडीए पंचायत में सहभागिता करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को जागरूक किया। इसके बाद रामपुर आधारगंज में स्थानीय जनता से मुलाक़ात करके कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की तथा सरस्वती इंगलिश मीडियम स्कूल के वार्षिकोत्सव उत्सव में पहुँचकर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। दौरे के दौरान सांसद जी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं बीसी सखियों को एल-1 डिवाइस का भी वितरण किया गया।इस अवसर पर परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता एवं समानता का अवसर देने की बात कही एवं बेटा-बेटी को एक समान अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। एलडीएम गोपाल शेखर झा ने दीदियों को सीसीएल से प्राप्त ऋण के माध्यम से विभिन्न रोजगार करने के लिये प्रेरित किया एवं कहा जब महिला के हाथ में पैसा आयेगा तो वह सशक्त होगी, इसलिये बिना संकोच के रोजगार शुरू करे। जिला मिशन प्रबन्धक सुमन पाण्डेय द्वारा महिलाओं को सक्षम बनाने एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिये प्रेरित किया। डीआरपी महेश नारायण मिश्र द्वारा आजीविका मिशन की उपसमितियों द्वारा महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी ने पर्यावरण को सुरक्षित करने एवं महिला सुरक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचावलन संस्थान के प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी प्रेम कुमार वर्मा ने किया।

कांग्रेस अनुसूचित जाति ने समस्याओं को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज के नेतृत्व में आज कांग्रेस जनों ने सांसद के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर सांसद डॉ एस पी सिंह पटेल को 5 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।इसके उपरान्त एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज व संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर के अध्यक्ष मोहम्मद वसीम ने किया इस अवसर पर अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज ने कहा कि करनपुर करमचंदा के पूरे पितई में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र व वार्ड वासियों के शुद्ध पेयजल के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है। नगर की सीवर की समस्या व उसमें हुए घोटाले,नगर के विभिन्न वार्डो में जलभराव की समस्या,देवकली से सरोज चौराहे तक नाली की समस्या,तालाब का जहरीला व गंदा पानी घरों में घुसने जैसी तमाम समस्याओं को गिनाते हुए शीघ्र अति शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, राधेश्याम दुबे,कमल सरोज,रियाज सुलतान, राजेंद्र मौर्य, इस्माइल, दीपक कुमार,मुख्तार, सतीश कुमार,प्रिन्स सरोज,निशांत सरोज, राजकुमार धर्मेंद्र शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे

भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है- नीता तिवारी

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला के कार्यकर्ताओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रताप बहादुर स्नातकोतर महाविद्यालय में *सार्थकता का स्रोत है नारी* विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर नीता तिवारी, चीफ प्रॉक्टर राजीव सिंह, विभाग प्रमुख ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, प्रो नीरज तिवारी , डॉ वर्षा, प्रदेश सह मंत्री सुधांशु रंजन मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद, मां सरस्वती, व मां अहिल्या बाई होलकर जी के समक्ष दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि नीता तिवारी ने कहा कि नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति÷÷ नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है÷, भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। इस मौके पर विभाग प्रमुख डॉ ब्रह्मानन्द प्रताप सिंह ने कहा कि भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, प्रथम रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार में महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया गया और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश सह मंत्री सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूँ। विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन हमारे देश की छात्राएं रानी लक्ष्मी बाई को अपना मार्गदर्शक बनाकर महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित हो रही है। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री अनिल त्रिपाठी, जिला संयोजक शुभम मिश्रा, नगर मंत्री प्रभाकर पांडेय, नगर उपाध्यक्ष नेहा कौर , प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवांग श्रीवास्तव, तनुश्री गुप्ता, प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी सह संयोजक आयुष दूबे, नगर सह मंत्री वैभव राजपूत, प्रांजल श्रीवास्तव, रोहित उपाध्याय, शिखा ओझा, आदि लोग मौजूद रहे।

विश्व महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

● नारी तू नारायणी एवं सहनशीलता की प्रतिमूर्ति - डॉ रणजीत सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान दिवस ''नारी तू नारायणी'' के नाम से संग्रामगढ़ के कस्बालतीफपुर गॉव में मनाया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। सर्वप्रथम इस दिवस को मनाने के शुरूवात वर्ष 1908 में हुई थी जब न्यूयार्क शहर में 15000 महिलायें काम के घण्टे कम करने, बेहतर वेतन और वोट देने के अधिकार के लिए विरोध प्रदर्शन किया था। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने वाले दिन का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों और भेदभाव का सामना कर रही हैं। जब कि नारी तो नारायणी है जिसमें अदम्य साहस, शक्ति और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति होती है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ नवीन सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का मतलब महिलाओं को उनके अधिकार अवसर और समानता देना है ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें और समाज में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। महिलाओं का सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, आर्थिक अवसरों और सामाजिक स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है।कृषि वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं हैं लेकिन फिर भी वह आज के समय में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रही हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हे उच्च पदों पर कम अवसर दिये जाते हैं। महिलाओं को पुरूषों की तुलना में कम वेतन और कम अवसर मिलते हैं। कई महिलायें घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का शिकार होती हैं। साथ ही साथ कीर्ति पटेल, श्वेता मिश्रा और प्रेरणा श्रीवास्वत ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक महेन्द्र प्रताप सिंहन ने सपना यादव, श्रद्धा सिंह, पल्लवी शुक्ला को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रूचि तिवारी, रूपम पटेल, स्वाती धूरिया, अंजना तिवारी, सज्जन यादव, राम बहादुर, आशुतोष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

चोरी के आरोप में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के पुंवासी गांव निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उसके चाचा भारत सिंह ने सड़क किनारे मकान बनाकर रहते हैं। उसके चाचा दिल्ली में एक शादी समारोह में परिवार संग गए तो घर की जिम्मेदारी उसको दे गए। पांच मार्च की रात करीब नौ बजे वह घर खाना खाने जाने लगा तो गांव के ही संती सरोज, जग्गू सरोज, चूनी सरोज घर के बाहर खड़े थे। वह खाना खाकर लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था। भीतर पहुंचा तो आलमारी तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपये नकद, सोने चांदी के लाखों के जेवरात, एलसीडी टीवी गायब था। इसके पहले भी आरोपी बस की बैटरी चोरी में पकड़े जा चुके हैं। शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर चोरी करने का आरोप लगाया। पुलिस ने पीड़ित विक्रम सिंह की तहरीर पर सन्तू सरोज, जग्गी सरोज, चूनी सरोज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बालिकाओं ने मनाया महिला दिवस, बनाई बाल वाटिका

● रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला और किरण बेदी को बताया गया आदर्श

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। महिला दिवस, बालिकाओं एवं महिलाओं को समाज में सम्मान दिलाने और इनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के मकसद से मनाया जाता है। यह दिवस है हर उस महिला के प्रति आभार व्यक्त करने का जो जीवन में अहम लगती है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय कांपा मधुपुर, ब्लॉक बाबा बेलखरनाथ धाम में महिला दिवस के मौके पर छात्राओं ने प्राथमिक कैम्पस में बाल वाटिका का निर्माण करके पौधे लगाये। दुनिया भर में आज महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हर साल महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में उन्हें सामान्य का अधिकार दिलाने के मकसद से प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। प्राथमिक हेडमास्टर डा0विनोद त्रिपाठी ने बताया कि छात्राओं के लिए महिला आदर्श के तौर पर चांद बीबी, माता जीजा बाई, पन्ना धाय, रानी लक्ष्मी बाई, बेगम हजरत महल, कस्तूरबा गांधी, सरोजनी नायडू, इंदिरा गाँधी, कल्पना चावला और किरण बेदी आदि स्त्री शक्तियों के त्याग, बलिदान , मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है। बता दे कि एक महिला को अपने जीवन में कई सारे उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके हर मुश्किलों को पार कर वह अपनी सभी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाती हैं। इस मौके पर मेधावी छात्राओं- वर्षा वर्मा, मानसी गौतम, प्रतिज्ञा, प्रिन्स सरोज और यशी यादव को गुलाब के पौधे दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकासखंड के सभागार कक्ष में शनिवार को सुबह दस बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदुलार खंड विकास अधिकारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक मिशन मैनेजर रवि तिवारी ने किया। खंड विकास अधिकारी राम दुलार ने समूह की महिलाओं को शपथ दिलाया। बातों ही बातों में चंद लाइन महिलाओं के सम्मान में कहा कि कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है। जग कोई जीवन देने वाली, मौत भी तुमसे हारी है, का नारा देकर महिलाओं का जय घोष किया गया। वही कमला देवी, पिंकी सिंह ,महाशक्ति, सीमा सिंह, सुशीला शुक्ला, सविता, निशा, वंदना ,शकुंतला, प्रभा, प्रेमा देवी सहित कई महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर मोहम्मद अयाज अहमद प्रधान पुत्र मकई,सुनील पटेल, अरविंद यादव, संदीप यादव, गुदून कुमार, राजीव कुमार सहित कई लोग मौजूद

युवक-युवती से मारपीट में पांच नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। रायबरेली के ऊंचाहार थाना क्षेत्र के कोटरा बहादुरपुर गांव निवासी एक युवक स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र है। युवक ने हथिगवां पुलिस को तहरीर दी। चार मार्च को करीब एक बजे वह अपने कुंडा इलाके के एक महिला मित्र से मिलने आया। वह उसे लेकर बाइक से हौदेश्वरनाथ बंधा होते हुए अहिरन का पुरवा के पास पहुंचा। वहीं पर सड़क किनारे महिला मित्र से बातें कर रहा था तभी पांच युवक पहुंचे और महिला मित्र से छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर उसपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। पीड़ित छात्र की तहरीर पर पुलिस ने जानू, अज्जू, कैफ, अल्तमस निवासी शाहपुर और एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पति ने पत्नी की पीटकर की हत्या, आरोपी अस्पताल से फरार

रखहा प्रतापगढ़। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के जगदीशगढ़ गांव निवासी राजकुमार शुक्रवार को शाम अपनी पत्नी प्रीति 28 को दीवानगंज बाजार से सामान खरीद कर घर वापस लौटने पर पति दोबारा बाजार चला गया। रात 10ः00 बजे लौटा तो किसी बात को लेकर पत्नी से कहा सुनी हो गई। शराब के नशे में आरोपी पति घर के अंदर रखे लकड़ी के डंडे और भगोना से पीटकर पत्नी को धमरा कर दिया। हल्ला गुहार पर आसपास के लोग दौड़े तो किसी तरह से बचाकर बाहर निकाला। घायल प्रीति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्रीति को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर एंबुलेंस के साथ गया पति राजकुमार मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दिलीपपुर पुलिस ने अन्य जानकारी लेकर मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में विवाहित प्रीति का शव कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश करने लगी। जानकारी होने पर बताया गया कि साथ आया पति फरार हो गया है।

नौ साल पहले हुई थी प्रीति की शादी

रखहा प्रतापगढ़। जगदीश गढ़ गांव निवासी राजकुमार की शादी नौ वर्ष पूर्व रानीगंज तहसील क्षेत्र के दमदम गांव के लालता प्रसाद की बेटी प्रीति के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद राजकुमार शराब का आदी हो गया। झगड़ झंझट रोज़ होता रहा लेकिन प्रीति को क्या पता था कि दीवानगंज बाजार से खरीदारी करने के बाद रात में वही पति मौत बनकर टूट पड़ेगा। मृतका प्रीति के दो बेटे हैं, बड़ा बेटा राज 7 वर्ष छोटा बेटा शनि 5 वर्ष का है। मायके जानकारी होने पर वहां से लोग जगदीश गढ़ गांव पहुंचे और फिर दिलीप पुर पुलिस को जानकारी दी। घर के अंदर मारपीट के बाद चारपाई टूट गई और बिस्तर तितर-बितर हो गया था। मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। आसपास के लोग दोनों बेटों को संभालते नजर आए। शनिवार को दिन में 12ः30 बजे के आसपास परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

दो बच्चों के साथ गायब महिला एक माह बाद घर लौटी

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के सांभरपुर मजरे नरियावां की रहने वाली सीता देवी की 25 वर्षीय बेटी आरती सरोज पत्नी मुकेश सरोज ससुराल कसहर से अपने दो बेटों के साथ अपने मायके आते समय गायब हो गई थी। काफ़ी खोजबीन के बाद भी जब वह नहीं मिली तों 21 फरवरी को युवती की माँ द्वारा थाने मे गुमशुदगी दर्ज करा कर खोजबीन की जा रही थी। खोजबीन के दौरान गायब युवती 3 मार्च को कुंडा कस्बे मे मिल जाने पर युवती की माँ सीता देवी ने पुलिस को सूचना देकर कार्यवाही निरस्त करने की मांग की है।

कायाकल्प की टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महेशगंज का अवलोकन

कुंडा प्रतापगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशगंज में शुक्रवार को राज स्तर से नामित कायाकल्प के मुख्य असेसर डॉ.तारिक इकबाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमेठी, और उनकी टीम द्वारा कायाकल्प योजना का फाइनल असेसमेंट किया गया। टीम ने दवा वितरण, टीकाकरण, वैक्सीन पैथालॉजी आदि का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा कर्मी ड्रेस कोड में दिखाई पड़े।टीम ने सीएचसी में मरीजों से बातचीत की, जांच और सुविधाओं के साथ ही साफ-सफाई और संसाधनों की गहनता से जांच की। टीम ने पैथोलॉजी, चिकित्साधिकारी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, आदि वार्डों को देखा और साफ-सफाई की व्यवस्था को गहनता से जांच की। सभी बिंदुओं पर टीम संतुष्ट रही। इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर सौरभ सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजीत पटेल, डॉक्टर शाहिद खान, डॉ आदित्य रंजन त्रिपाठी, बीपीएम दुर्गेश पांडेय, धर्मवीर सिंह, हेल्थ एजुकेशन अधिकारी समेत समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

बेटियों को भी आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें - ज्योति सविता

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी (प्रतापगढ़) बेटियों को भी आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें और उन्हें शिक्षित बना कर सशक्त बनायें. उक्त विचार आज तरुण चेतना संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली पट्टी की उप निरीक्षक ज्योति सविता ने व्यक्त किया. सुश्री सविता ने आगे कहा कि बेटियों को बेटे की तुलना में अक्सर पीछे रखा जाता है जिससे समाज में लैंगिक असंतुलन पैदा होता है. उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि बेटियों को पहले खूब पढ़ायें, फिर उनके विवाह के बारें के सोचें. उन्होंने महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाईन की जानकारी दी. इस अवसर पर उपस्थित पृथ्वीगंज चौकी प्रभारी लक्ष्मी कान्त सेंगर ने संस्कृत श्लोक का सन्दर्भ देते हुए कहा कि जहाँ नारियों का सम्मान होता है वहां दैवीय शक्तियां भी समाज के विकास में मदद करती हैं. यह भारतीय समाज में महिलाओं को दिए गए सम्मान को दर्शाता है. इसी क्रम में रामपुर खागल की महिला लीडर रीता गौतम ने कहा कि हम महिलाओं को अपना अधिकार पाने के लिए स्वयं से आगे आना होगा. श्रीमती रीता ने महिलाओं से कहाँ कि घरेलू हिंसा रोकने के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना होगा. इस अवसर पर नवाबाद की लीडर रेखा वर्मा ने कहा कि यदि हम महिलाएं सशक्त व शिक्षित होंगी तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां भी सशक्त बनेगीं. कार्यक्रम में दुबौली की लीडर चन्द्र कला बिन्द ने कहा कि हम महिलाये जब एकजुट रहेंगी तभी आगे बढेंगी.कार्यक्रम में तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता से ही उनके अधिकारो का हनन रोका जा सकता है। श्री अंसारी ने कहा कि सभ्य समाज के लिए महिला हिंसा एक अभिशाप है। इसे रोकने के लिए महिलाओं के साथ पुरुषों को भी आगे आना होगा। श्री अंसारी ने पुरुषों को महिलाओं के प्रति अपनी नकारात्मक सोच बदलने का आह्वाहन किया. कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने ÷हम अपना अधिकार माँगते ङ्क नहीं किसी से भीख माँगते÷ तथा ÷मैं अबला नादान नहीं हूँ ङ्क कोई दबी पहचान नहीं हूँ, रखती मन में खुद्दारी हूँ ङ्क मैं जन्म दायिनी नारी हूँ÷ आदि नारों से अपनी शक्ति का एहसास दिलाया. इस अवसर पर ब्रह्मदेव उपाध्याय, नाजरीन बानो, मंजू देवी, बृज लाल, कलावती, आरती, छाया, गार्गी, लालसा व बाल अधिकार परियोजना के समन्वयक अच्छे लाल बिन्द व सेतु परियोजना के रिसर्च आफिसर श्याम शंकर शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किये. इस महिला दिवस कार्यक्रम का सञ्चालन बाल अधिकार परियोजना की सुपरवाईजर शकुंतला देवी तथा संयोजन तरुण चेतना की एच आर0 मैनेजर हुश्नारा बानो ने किया. कार्यक्रम के अंत में तरुण चेतना के सह निदेशक हकीम अंसारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया.

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

रानीगंज प्रतापगढ़। क्षेत्र में असहाय व कमजोर लोगों को इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से नारायण सेवा संस्थान के माध्यम से रानीगंज सी एच सी के बगल स्थित नारायण स्वरूप हॉस्पिटल मानपुर मे 9 मार्च को सुबह 11बजै निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जहां हॉस्पिटल के व्यवस्थापक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में ई सी जी शुगर और अल्ट्रा साउंड के जांच की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। ऑपरेशन के लिए आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भी सुविधा उपलब्ध है। जहां जनरल फिजियन डॉ मृतांग मिश्रा डॉ पुष्कर मिश्रा जनरल सर्जन डॉ रोहित वर्मा ई यन टी सर्जन के साथ साथ डॉ ऋचा शुक्ला स्त्री रोग विशेषज्ञ की टीम लोगों को बेहतर ईलाज के लिए उपलब्ध रहेगी।

श्रीकृष्ण की बाल लीला के मनोहारी वर्णन ने किया मंत्रमुग्ध

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। संडवा चंद्रिका ब्लॉक के रायतारा में श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास ओरछा मध्यप्रदेश की माधुरी पाठक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का मनोहारी वर्णन किया। हर तरफ जय कन्हैया लाल की हांथी घोड़ा पालकी की गूंज सुनाई देने लगी।

कथा व्यास ने कहा कि सुख के साथी तो सब होते हैं। सुख सबको चाहिए, लेकिन दुख का सहभागी कोई नहीं होता है। पुण्य सबको चाहिए, लेकिन पाप किसी को नहीं चाहिए। लेकिन हमारे गोविद, भक्तों के अनेक जन्मों के अर्जित पाप को हर लेते हैं। कैसा भी प्राणी हो भगवान के सम्मुख आ जाए तो वह उसका उद्धार कर देते हैं। भगवान भी ब्रज में रहकर माखन चोरी की लीला किए। आगे वृंदावन की सुंदर कथाओं का वर्णन किया। बकासुर, अघासुर आदि दैत्यों का उद्धार, कालिया मर्दन के बाद गोवर्धन धारण कर भगवान ब्रज वासियों की रक्षा की। पूतना का वध करके उसका उद्धार किया। इस दौरान मुख्य यजमान सूबेदार सिंह, माला सिंह,नागेश्वर प्रसाद मिश्र, बीपी सिंह,सुभाष पांडेय, राजकुमार त्रिपाठी,ज्ञान स्वरूप मिश्र,डॉ अनूप सिंह,अरुण सिंह लोक अभियोजक,एडवोकेट अनुज सिंह,लेफ्टिनेंट ऋचा सिंह, जया सिंह,प्रीति सिंह, लक्ष्मण सिंह, हवलदार सिंह आदि रहे।

श्रीकृष्ण की बाल लीला एवं गिरिराज कथा का प्रसङ्ग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

प्रतापगढ़। सदर ब्लॉक के गड़ई चकदेइया पूरे माधव सिंह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन धाम से आये कथा व्यास राजीव नयन शरण जी महराज द्वारा शनिवार को श्रीकृष्ण की बाल लीला और गिरिराज कथा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। कलाकारों ने भगवान के महारास की सुंदर झांकियों का प्रस्तुतीकरण किया। प्रसङ्ग में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज का पूजन किया। सात वर्ष के कान्हा हैं और सात कोस के गिरिराज हैं। फिर भी भगवान ने सात कोस के गिरिराज को सात दिन तक धारण किया और सभी गोकुल वासियों की रक्षा की। इंद्र ने घनघोर वर्षा कराई, किंतु गोकुल पर इसका कोई असर नहीं हुआ।इस दौरान मुख्य यजमान नरेंद्र बहादुर सिंह,डॉ. शिव प्रताप सिंह,अजय कुमार सिंह,चंद्र कुमार सिंह मंगल,अभय प्रताप सिंह,अक्षत सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह,आशुतोष सिंह,राजकुमार सिंह आदि रहे।

तमंचे के साथ रील बनाना एवं पोस्ट डालना बना युवाओं की शौक

पट्टी प्रतापगढ़। सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है, तमंचे के साथ युवक का जो कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बडारी गांव के रहने वाले एक युवक का सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो वायरल हो रहा है। जो की सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर जम-कर वायरल हुआ है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चले कि युवा रील बनाने के चक्कर में जेल भी जा रहे हैं, लेकिन रील बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन युवा सोशल मीडिया पर तमंचा व पिस्टल के साथ फोटो वायरल कर रहे हैं। फिलहाल यह मामला पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बडारी गांव का बताया जा रहा कोतवाल आलोक कुमार से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कराई जा रही है

राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर आयोजित

सांगीपुर, प्रतापगढ़। राजकीय पी0 जी0 कॉलेज सांगीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिवस को दोनों यूनिट के शिविरार्थियों ने सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्र प्रकाश जी एवं दोनों कार्यक्रमाधिकारी के साथ योग किया। इसके बाद महाविद्यालय परिसर की आंशिक साफ सफाई करके अपने कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 विष्णु प्रताप सिंह और डॉ0 देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में लखहरा और लखनपुर सूर में जाकर स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रोजगार के विविध पहलुओं पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर समाजशास्त्री डॉ0 राजेश कुमार यादव ने ग्रामीण जीवन के सामाजिक संरचना पर विस्तृत प्रकाश डाला।

बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ0 राकेश कुमार शुक्ला, डॉ0 मेवालाल यादव, डॉ 0 राहुल द्विवेदी, महेंद्र कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

बच्चों ने मॉडल बनाकर मनाया महिला दिवस

रखहा प्रतापगढ़। विकासखंड बाबा बेलखरनाथ के मॉडल प्राथमिक विद्यालय पिपरी खालसा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विद्यालय के बच्चों ने अनेक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया।

मॉडल प्राथमिक विद्यालय पिपरी खालसा में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विद्यालय के प्रधानाध्यापिका डॉ प्रीति मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को समान अधिकार के साथ उन्हें समाज में सम्मान मिले। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने महिलाओं को बालिका शिक्षा हेतु प्रेरित किया तथा बच्चों द्वारा बनाये गये कार्टून पर उन्हें पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय की महिल अभिभावकों सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर पूजा चौरसिया, शमसुल निशां, मीरा देवी, सुभाष चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे ।

कुरीतियों को खत्म करने को लिया गया संकल्प

कुंडा प्रतापगढ़ । मां बच्ची स्मारक महाविद्यालय में शुक्रवार को पढ़े महाविद्यालय बढ़े कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता कर रहे डॉ. आरपी सिंह ने छात्र-छात्राओं को दहेज मुक्त भारत के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम शंकर सिंह ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए संकल्प दिलाया। इस मौके पर समन्वय डॉ. एसबी पाण्डेय, विनोद शुक्ला, राघवेन्द्र सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, प्रीती मिश्रा, अल्केश यादव, रणवंत सिंह, मिथुन श्रीवास्तव, अंजनी मिश्रा, राकेश केसरवानी आदि मौजूद रहे। एमएएस डिग्री कॉलेज शेखपुर आशिक में प्रबंधक इनाम अहमद के निर्देशन में पढ़े महाविद्यालय बढ़े के तहत सामाजिक कुरीतियों दहेज प्रथा, नशा मुक्ति प्रतिज्ञा का संकल्प दिलाया। इस मौके पर इन्नू भाई, सुरेश चन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे। नंदन महाविद्यालय चतुरगढ़ बिसहिया में पढ़े महाविद्यालय बढ़े कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति, दहेज मुक्त भारत का निर्माण करने को संकल्प दिलाया। इस मौके पर डॉ. राकेश यादव, डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, डॉ. राजेन्द्र यादव, डॉ. वीरेन्द्र त्रिपाठी, शरद शुक्ला, जितेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, राकेश यादव, सुनील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

आधी रात दुकान में लगी आग, लाखों का सामान खाक

कुंडा प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अर्से गांव निवासी उमेश कुमार की सरोज बाजार में ऑटो गैरेज, शू हाउस, साइकिल स्टोर की दुकान है। शुक्रवार को शाम वह दुकान बंद करके घर चला गया। आधी रात को संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए पुलिस और फायर ब्रिगेड को फोन किया। दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से काफी देर बाद आग पर काबू पाया

सूचना

सूचित किया जाता है कि तारावती कोरी पुत्री श्री अलगूराम निवासी ग्राम- पूरे उदवत, पो0-सांगीपुर, तहसील-लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ का बी0ए0 तृतीय वर्ष का अंकपत्र सत्र 2021-22 अनुक्रमांक 2040810011130 वास्तव में खो गया है। जिस किसी को भी मिले मोबाइल नं. 8052230139 पर सूचित करने की कृपा करें।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

स्वस्थ नारी सशक्त नारी, सशक्त नारी सुरक्षित समाज का नारा हुआ बुलंद

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -जिले में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम हॉल सोनपुर में 'स्वस्थ नारी सशक्त नारी, सशक्त नारी सुरक्षित समाज, लाडली रक्षा अभियान आत्मरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कलवारा बुजुर्ग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए करांटे करतब सराहना करते हुए कहा कि कहा कि विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। सभी छात्राएं व महिलाएं मोबाइल का प्रयोग कर शिक्षा, रोजगार व अपने रुचि के क्षेत्र में तैयारी करें। पुरुषों से कहा कि अपने घर की महिलाओं को प्रोत्साहित करें और महिलाओं का सम्मान करें तभी समाज आगे बढ़ सकता है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आज स्वालंबन के पथ पर कार्य कर रही हैं। जिला प्रशासन की तरफ से महिलाओं की जो योजनाएं हैं, उनका सभी लोग अधिक से लाभ लें। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। शिक्षिकाओं से कहा कि गांव में जो बच्चियां नहीं पढ़ रही है, उन गांव-मोहल्ले पर जाकर उनको प्रेरित करके शिक्षा ग्रहण कराएं। भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय ने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि का आधार है। नारियों की त्याग व तपस्या से ही आज देश सशक्त हुआ है। भाजपा सरकार देश व प्रदेश में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ शिक्षा भी महत्वपूर्ण है। पढ़ाई में छात्राएं जिले का नाम रौशन करती हैं, आगे भी पढ़ाई में जिले का नाम रौशन करें। अभिभावकों से कहा कि अपनी बच्चियों को पढ़ाएं। बताया कि शासन द्वारा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत की जा रही है। कहा कि भारत के इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी सहित अन्य महापुरुषों के जीवन में महिलाओं का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके साथ ही झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रजिया सुल्तान आदि से सबको प्रेरणा लेकर अनुसरण करते हुए सभी आगे बढ़े। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज जो भी बाते बताई गई है, उनको अमल में लाए। कहा कि बहुत से घरों में बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा आदि में कमी है, इस बात के लिए पिता ही नहीं माता भी उसकी जिम्मेदार है। उन घरों के माता-पिता को जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। कहा कि मातृशक्ति के बिना समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। समाज को आगे ले जाने के लिए महिलाओं का सम्मान करें।कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षिकाओं सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों व छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने महिला सशक्तीकरण से सम्बन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही महिलाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मीना मंच के माध्यम से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला एवं खुशबू जायसवाल ने किया।इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, जिला प्रोबेशन अधिकारी अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी, महिलाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।

महिलाओं को अधिकार दिलाने में पुरूष करें सहयोग- प्रो शिशिर पांडेय

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट -जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित विश्वविद्यालय के आंग्ल एवं यूरोपियन भाषा विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी के प्रथम दिन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के प्रो विकास शर्मा ने कहा कि प्राचीन काल से ही गार्गी जैसी विदुषी महिलाओं से तत्कालीन ऋषियों के साथ बौद्धिक विमर्श होता था, जो इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं प्राचीन काल से ही भारत में सशक्त रही हैं। वर्तमान में किन्हीं कारणों से यदि वह अपने अधिकारों से वंचित हैं तो समाज को उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथों में प्रारंभ से ही महिलाओं को सशक्त माना गया है।

दिल्ली के प्रो दुर्गेश त्रिपाठी ने शिक्षा के संदर्भ में महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की श्रुति पांडे ने महाभारत के संदर्भ में नारी सशक्तिकरण के उदाहरण को प्रस्तुत किया। सरस मिश्रा ने भारतीय आदिवासी साहित्य में महिलाओं के स्थान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। भरत मिश्रा ने कहा कि लोक परंपराओं में महिलाओं को जेंडर के अनुसार विभिन्न भूमिकाओं से युक्त किया गया है। पश्चिम बंगाल के डॉ तरुण कांत ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण वर्तमान परिपेक्ष में सामाजिक समरसता के लिए अत्यंत आवश्यक है।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि विकसित भारत के संदर्भ में महिला सशक्तिकरण की धारणा अत्यंत विचारणीय है। बिना महिलाओं को सशक्त किये हम विकसित भारत की कल्पना नहीं कर सकते। विकसित भारत में महिलाओं की भूमिका एक मार्गदर्शक की तरह होगी, जो संपूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान करेगी।इस मौके पर डॉ शशिकांत त्रिपाठी, अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ प्रमिला मिश्रा, डॉ आनंद कुमार, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ गुलाबधर, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ दिलीप कुमार, रवि प्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

थाना मऊ एवं बरगढ़ में किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरो- अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना मऊ एवं बरगढ़ में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धितों को निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही एएसपी ने बगरढ़ थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

थाना मऊ में अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार राय को निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप निर्धारित समय सीमा के अंदर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।इसके बाद थाना बरगढ़ में आयोजित किए गए थाना समाधान दिवस में एएसपी ने थानाध्यक्ष बरगढ़ पंकज तिवारी को फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

एएसपी ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर भेजकर निर्धारित समय के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना बरगढ़ का निरीक्षण भी किया। जिसमें एएसपी ने थाना परिसर में व्यवस्थाओं का जाजया लेते हुए आवश्यक सुधार के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति बालिकाओं को किया गया जागरूक

चित्रकूट ब्यूरो-कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मऊ व शिवरामपुर में मोबियस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सशक्त करते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मोबियस फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीन गर्ग व चेयरमैन प्रदीप बर्मन ने वर्चुअल के माध्यम से कहा कि शिक्षित बालिका भविष्य में सशक्त महिला के रूप में समाज को सुदृढ़ बनाती है। इसीलिए समाज के हर वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा की ओर ध्यान देना अतिआवश्यक है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को प्रण दिलाया कि प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ लगाये। फाउंडेशन की मैनेजर पूनम सिंह परिहार ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा ज्ञान शक्ति कन्या परियोजना के अंतर्गत जनपद के चारों कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डिजिटल इंरटेक्टिव क्लासेस के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को सुधार करने के कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं को खेल के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट व बैडमिंटन की किट प्रदान की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की ओर जागरूक करने के लिए पर्यावरण के महत्व को दर्शाती टी-शर्ट वितरित की गयी।इस मौके पर फाउंडेशन की जिला समन्वयक नीलू बोस, विवेक, रवि, विद्यालय की वार्डन अर्चना सिंह, कविता मिश्रा सहित छात्राएं मौजूद रहीं।

लोक अदालत में कुल 41490 मामले निपटे

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार मिश्र, सचिव डीएलएसए/अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या एवं सभी न्यायिक अधिकारीगण संयुक्त रूप से दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किए।

जनपद न्यायाधीश ने कुल 4 आर्बिट्रेशन निष्पादन मामले निस्तारित किए और 1.85 लाख का आर्बिट्रेशन अवार्ड पारित किया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ल ने कुल 29 मामले निस्तारित किए। पीठासीन अधिकारी मोटर अधिकरण सत्य प्रकाश ने 42 मोटर दुघर्टना प्रतिकर मामलों का निस्तारण किया और 2 करोड़ 77 लाख, 64 हजार रूपये प्रतिकर के रूप में मृतको एवं घायलों के परिजनों को दिलाया।

अपर जनपद न्यायाधीश तृतीय संतोष कुमार गौतम ने 33, अपर जिला जज/
सचिव डीएलएसए विनय आर्या ने 438 बैंक ऋण के मामले सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराए। विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. एक्ट चन्द्रगुप्त यादव ने 2, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रज्ञा सिंह ने 1582 मुकदमों का निस्तारण कराया।। अपर सिविल जज (सी0डि0) श्रीमती ललिता यादव ने 244, सिविल जज (सी0डि0) / एफ.टी.सी0 श्रीमती अंजीम सैफी ने 147, सिविल जज (जू0डि0) चुनार सुश्री संद्यमित्रा ने 8, ग्राम न्यायालय मड़िहान सुश्री प्रीति ने 72 मुकदमों का निस्तारण किया।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / नोडल अधिकारी रा.लो.अ. शिव प्रताप शुक्ल के अच्छे प्रयास से नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारियों व तहसीलदार/नायब तहसीलदारों के न्यायालयो, चकबन्दी न्यायालयों द्वारा निस्तारित राजस्व वाद कुल 29074 मामलों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में एडीजे-प्रथम बलजोर सिंह, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुरेन्द्र कुमार राय, वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल एवं समस्त न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किए।

महिला ने की न्याय की गुहार

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - परिवार के ही सदस्यों द्वारा झूठे मुकदमें लगाकर आए दिन उत्पीड़न किए जाने से परेशान महिला ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

रैपुरा थाना क्षेत्र के रेरूआ गांव की निवासी निर्मला देवी पत्नी कौशल किशोर पाण्डेय ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि बीती दो मार्च को उसकी जेठानी नीतू ने उसे और उसकी दो बेटियों को लगभग पांच घंटे तक एक कमरे में कैद रखा। इसकी सूचना उनकी बेटी क्षमा ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और हेल्पलाइन नंबर को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला तुड़वाकर उन लोगों को बाहर निकालकर जान बचाई। इसके बावजूद रैपुरा थाने में फर्जी तरीके से उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोप लगाया कि उन्हें झूठे मुकदमों में उलझाकर उत्पीड़न किया जा रहा है। इसमें गांव के कुछ दबंगों के साथ रैपुरा थाने के कुछ पुलिस कर्मी भी शामिल हैं। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। साथ ही उनके विरुद्ध दर्ज किए गए फर्जी मुकदमें को समाप्त किए जाने की मांग की है।

दुनिया का भला शांति में है युद्ध में नहीं- कैलाश सत्यार्थी

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा है कि समस्याओं का समाधान शांति से खोजा जाना चाहिए न कि युद्ध से। उक्त विचार उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता रमा शंकर चौरसिया के अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने आगे कहा कि उनके लिए ये भावुक क्षण हैं जब अपने संघर्ष के साथी जो उनके साथ दशकों तक जुड़े रहे उनका अभिनंदन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने %बचपन बचाओ% आंदोलन प्रारंभ किया था तो कालीन उत्पादक क्षेत्र होने के कारण मुख्य केंद्र तो मीरजापुर हुआ करता था किंतु भदोही सहित सटे हुए अन्य जनपदों में जो जो समस्याये झेलनी पड़ी थीं वो उनकी स्मृतियों में आज भी विद्यमान हैं।

उन्होंने इस बात के लिए संतोष व्यक्त किया कि उनके साथियों के संघर्ष का परिणाम रहा कि भारत सहित कितने देशों बाल मजदूरी विरोधी कानून बने और बचपन की किसी सीमा तक रक्षा हो सकी। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि करुणा का वैश्वीकरण हो रहा है, पर्यावरण के प्रति सरकारें उदासीन हैं तथा पीड़ितों के समस्याओं के समाधान की गति बड़ी ही धीमी है। उक्त अवसर पर विधायक शुचिस्मिता मौर्य और अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर किया गया 1,21,357 मुकदमों का निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट - राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को कुल 1,21,357 मुकदमों का निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 10,23,46,651 रुपये अर्थदण्ड प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया। जिला कचहरी में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने एक सिविल प्रकीर्ण वाद का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के जज श्रीकृष्ण यादव ने 28 वादों का निस्तारण करते हुए 2,91,55,000 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने 15 वादों का निस्तारण करते हुए 30,250 रुपये सुलह-समझौते के आधार पर वादियों को दिलाया। साथ ही कई वर्षों से एक-दूसरे से अलग हुए नौ जोड़ों को आपस में सुलह-समझौते के आधार पर एक साथ भेजा। विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने तीन वाद निस्तारित किए।

अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने तीन वादों का निस्तारण करते हुए 1,30,500 रुपये वसूला। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती ने फौजदारी के 713 वादों का निस्तारण करते हुए 58,700 रुपये अर्थदण्ड वसूला। सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने चार सिविल वाद और तीन उत्तराधिकार वाद का निस्तारण करते हुए 32,96,032 रुपये के प्रमाण पत्र जारी किए एवं 14 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 400 रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया। सिविल जज सोनम गुप्ता ने 42 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 1,860 रुपये अर्थदण्ड वसूला और एक उत्तराधिकार वाद में 22,70,697 रुपये का प्रमाण पत्र जारी किया। इसके अलावा 138 एनआई एक्ट के एक मामले का निस्तारण करते हुए 1,00,000 रुपये सुलह-समझौते से दिलाए। सिविल जज सैफाली यादव ने तीन फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 4,100 रुपये वसूला। साथ ही 138 एनआई एक्ट के दो वाद निस्तारित करते हुए 8,10,000 रुपये सुलह-समझौते से दिलाए और दो सिविल वादों का निस्तारण करते हुए 4,66,693 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलाया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंजलिका प्रियदर्शनी ने 42 वादों का निस्तारण करते हुए 4,500 रुपये अर्थदण्ड और मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चंद्रा ने 137 वादों का निस्तारण करते हुए 1,370 रुपये अर्थदण्ड एवं मऊ के सिविल जज एस आनंद ने 104 फौजदारी वादों का निस्तारण करते हुए 1540 रुपये अर्थदण्ड वसूला। प्राधिकरण की सचिव नीलू मैनवाल ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1176 वादों का निस्तारण करते हुए 3,63,31,642 रुपये राजस्व व अन्य विभागों ने 120181 मामलों का निस्तारण करते हुए 66,01,50,009 रुपये प्रतिकर के रूप में वसूला। साथ ही पांच से सात मार्च तक आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 33 वाद निस्तारित किए गए। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,21,357 मुकदमों का निस्तारण किया गया। साथ ही 10,23,46,651 रुपये अर्थदण्ड प्रतिकर व बैंक ऋण वसूली के रूप में वसूल किया गया।

समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं समस्याएं, किया थाने का निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरो- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को थाना बहिलपुरवा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धितों को निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।थाना समाधान दिवस के मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम संयुक्त रुप से मौके पर जाकर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण करें।इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना बहिलपुरवा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं मेस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर बहिलपुरवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

राजापुर, चित्रकूट-पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी गनीवा यदुवीर सिंह व उनकी टीम आरक्षी प्रमोद व रामकेश ने आरोपी अशोक कुमार निवासी दयाल का पुरवा मजरा रम्पुरिया अव्वल थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत तराँव विकास खण्ड कर्वी, चित्रकूट

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024-25 दिनांक 08.03.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तराँव द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 15.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 09.03.2025 से 15.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्रक्कलन की धनराशि (लाख में)	2% धरोहर धनराशि (रू0में)	निविदा मूल्य (रू0 में)
1	बुलुआ के घर से बसंतलाल के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य।	715828	14317	500
1	विद्यालय के बगल से पहाड़ की तरफ इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	837267	16745	500

निविदा शर्तें:-
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तराँव
वि0ख0-कर्वी, चित्रकूट

सचिव
ग्राम पंचायत तराँव
वि0ख0-कर्वी, चित्रकूट

कार्यालय ग्राम पंचायत रेहुटा वि0 ख0 चित्रकूटधाम कर्वी

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024-25 दिनांक 08.03.2025

निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत से ग्राम पंचायत रेहुटा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरो से दिनांक 15.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 09.03.2025 से 15.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा मूल्य
1	रामलाल के घर से चुनवाद के घर तक इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य।	617411	12348	500
2	ग्राम पंचायत रेंहुटा में दासु पुरवा में राम औतार के घर से बृजलाल के घर तक इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य।	989920	19798	500

निविदा शर्तें:-
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रेहुटा
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी

सचिव
ग्राम पंचायत रेहुटा
वि0ख0 चित्रकूटधाम कर्वी

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण के साथ दवाएं भी दी गईं

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक डा. जगदीश सिंह ने अनुरोध किया है कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ रहें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उक्त आह्वान उन्होंने भारत रत्न सरदार पटेल हास्पिटल पर आयोजित एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में किया।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि सबल राष्ट्र का निर्माण स्वस्थ नागरिकों से ही हो सकता है इसीलिए मोदी सरकार ने 70 वर्ष तक के सभी लोगों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की है कि उनके अनुभवों का लाभ राष्ट्र निर्माण में लिया जा सके। लोगों से अनुरोध किया कि सभी पात्र व्यक्ति अपना स्वास्थ्य कार्ड बनवा लें जिसके लिए सरदार पटेल हास्पिटल हर तरह का सहयोग यहां तक कि गांव गांव जाकर इसके कर्मचारी फार्म भरवा रहे हैं। उन्होंने आयोजकों को इस बात के लिए साधुवाद दिया कि शिविर में लगभग हर रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध रहे और निःशुल्क दवायें भी उपलब्ध करायीं। उक्त अवसर पर डा.अंकुश प्रकाश, डा.पूजा सिंह, डा.डी के पांडेय, डा. पीयूष श्रीवास्तव, डा. प्रिया और डा. अबीर सहित बड़ी संख्या में चिकित्सा सेवा से जुड़े लोग शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

भाजपा ने किसानों,मजदूरों,छात्रों एवं बेरोजगार युवाओं को बनाया बेसहारा एवं असहाय:शशिकांत शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर सदर विधान सभा के अमावां ब्लाक के तुराब नगर कोड़रा में पीडीए पंचायत संपन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती रहे। वही बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधान बाबूलाल पासी रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य द्वारा किया गया। बैठक में विधायक श्याम सुंदर भारती ने पीडीए के लोगो को सचेत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आपके अधिकारों को देने वाली नहीं है आपके मान सम्मान को वर्तमान सरकार खत्म कर देगी। भाजपा सरकार लोगों को झूठ परोसने में माहिर है इस लिए आप सभी इनके बहकावे में न आए। वही वरिष्ठ सपा नेता शशिकांत शर्मा ने कहा कि यह सरकार सिर्फ धार्मिक प्रायोजनों का प्रचार प्रसार कर मूलभूत समस्याओं पर परदा डालती है, वही सरकारी विद्यालयों को बंद करने की साजिश रच रही है। बीजेपी सरकार ने प्रदेश के विकास को अवरुद्ध कर किसानों,मजदूरों,छात्रों एवं बेरोजगार युवाओं को बेसहारा एवं असहाय बना दिया।

इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष योगेश्वर पटेल, पूर्व शासकीय अधिवक्ता ओपी यादव, ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष यादव, पूर्व सभासद लालमणि चौधरी। रोहित चौधरी, परमेश्वर चौधरी, बलराज राना, जसवंत चौधरी, छोटे लाल यादव, रमेश विश्वकर्मा, अवधेश यादव, राम प्रसाद विश्वकर्मा, तौफीक, मंजू कोरी, प्यारा पासी, संगीता चमार, कंचन यादव, ऊषा यादव आदि पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।

चौहान गुट ने कोन्सा व्यापार मंडल का किया गठन, सौरभ सिंह सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष

रायबरेली। इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली के कोन्सा व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमें सौरभ सिंह को कोन्सा व्यापार मंडल का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही आशीष सोनी को उपाध्यक्ष, श्यामलाल को संगठन मंत्री, अंकित कुमार को कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार को मीडिया प्रभारी के साथ ही नजर मोहम्मद, यशपाल, रामप्रसाद, सुमेरचंद्र, अवनीश, राधे, प्रशांत, राजेंद्र, अश्वनी सोनी, अनिल, कुलदीप, राजा सिंह, श्यामू, अभिषेक, मनोज को ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट की सदस्यता दिलाई गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश व जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने फूलमाला व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम मौजूद रहे।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज,रायबरेली। कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत में महिला शक्तियों को नमन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के मौके पर इस साल वुमन डे की थीम रखी गई है जिसका मतलब होता है ''कार्रवाई में तेजी''। (त्वरित कारवाई) यानी कि महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरुकता पैदा करने को लेकर अब कार्य की गति तेज करने की जरूरत है। इस दिन की शुरुआत सन 1908 से मानी जाती है लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में आधिकारिक तौर पर इसे 8 मार्च को मनाये जाने की मान्यता दी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समानता का अधिकार दिलाना है। और लिंग अनुपात को सामान करना है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के बच्चों द्वारा लघु नाटिका का मंचन किया गया जिसने सबका मन मोह लिया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने स्लोगन,पोस्टर, कोटेशन आदि के माध्यम से महिला शक्तियों को दर्शाने का प्रयास किया। विद्यालय में महिला सम्मान में गोष्ठी आयोजित की गई। जिसका संचालन हिंदी शिक्षक एसके यादव ने किया, अंग्रेजी की शिक्षिका शेफाली त्रिवेदी,परीक्षा विभाग की हेड आराधना, सिंह ने अपने- अपने विचार प्रस्तुत किए।साथ ही विद्यालय की सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका रानू सिंह ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय महिलाओं की जीवन के त्याग और संघर्ष की जानकारी वीडियो के माध्यम से दी। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

रायबरेली बौद्ध अनुयाइयों एंव भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन का पांचवे दिन बौद्ध उपासक महासंघ के सैकड़ों पदाधिकारियों ने किया समर्थन और दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर महाबोधि महाविहार बोधगया मंदिर को अबौद्धों से मुक्त कराए जाने एंव बीटीएमसी एक्ट 1949को रदद कर पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपे जाने को लेकर 4 मार्च 2025 से भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के पांचवे दिन बौद्ध धम्म के अनुयायी एंव रायबरेली के पदाधिकारियों ने में भिक्खू संघ भिक्खू कमल शील,भिक्खू जितेन्द्र वर्धन, भिक्खू धम्म पाल को समर्थन कर रोष व्यक्त करते हुए उक्त मांगों को लेकर देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय, को सम्बोधित मांग पत्र द्वारा जिला अधिकारी रायबरेली , नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन। क्रमिक अनशन की अध्यक्षता महासंघ के

उपाध्यक्ष एम एल गौतम एंव संचालन महासचिव के आर रावत ने किया। ज्ञापन सौंपते हुए देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय से मांग किया कि ईवपूव तीसरी शताब्दी में महान चक्रवती सम्राट अशोक ने महाबोधि महाविहार का निर्माण किया था जो सदियों से बौद्धों द्वारा संचालित होता चला आ रहा था किन्तु सन् 1949 में सरकार के हस्तक्षेप से बीटीएमसी एक्ट (बोधगया मंदिर अधिनियम) 1949 का गठन कर बौद्धों (बौद्ध भिक्खूओ) को वंचित कर अबौद्धों (हिन्दू ब्राह्मणों) को शामिल कर संचालित किया जा रहा हैं जो पूर्ण रूप से असंवैधानिक है,और संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन हैं। जिसको रदद कर धार्मिक स्वतंत्रता के आधार पर बुद्ध की ज्ञान स्थली एवं बौद्धों की विरासत महाबोधि महाविहार बोधगया का प्रबंधन बौद्धों को दिया जाए जिसे बुद्धिष्ट अपने बुद्ध धम्म की पद्धति के अनुरूप संचालित कर सके। क्रमिक अनशन आन्दोलन को राधे लाल, रामनाथ, रज्जन लाल, वी पी रावत, विशेश्वर प्रसाद बौद्ध, एम पी सम्राट, बसंत लाल बौद्ध, सतगुरु प्रसाद, भारत लाल, लल्लू, सियाराम गौतम, ज्योतिप्रकाश, जय सिंह, अंजनी रावत, कर्मराज अम्बेडकर, रामफेर सिद्धार्थ, सत्यसेन, एस के सरगम, हरिकिशन मौर्य, रामदेव बौद्ध राजेन्द्र मौर्य, शैलेश कुमार मंगल प्रसाद, राजेश कन्नौजिया आदि सैकड़ों लोगों ने समर्थन किया।

एस.जे.एस पब्लिक स्कूल बछरावां में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं "शून्य से शून्य तक" पुस्तक का विमोचन

लोकमित्र ब्यूरो

बछरावां रायबरेली। विकास क्षेत्र के रायबरेली रोड पर स्थित अंग्रेजी माध्यम के अग्रणी संस्थान एस.जे.एस पब्लिक स्कूल, बछरावां में दिन शनिवार को शिक्षा सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अभय सिंह एवं विद्यालय के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह तथा प्रबंध समिति के सभी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा सभी आगंतुक मेहमानों का एवं एस.जे.एस.की सभी शाखाओं की प्रधानाचार्याओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। परीक्षाफल

वितरण के क्रम में प्राइमरी वर्ग में कक्षा-1 में आद्या कश्यप,अर्नव द्विवेदी एवं यश सिंह, कक्षा-8 में शशांक वर्मा, दिव्यांशु वर्मा तथा अनामिका तिवारी व आकृति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-11 विज्ञान वर्ग में शांभवी एवं अजिता जैन तथा वाणिज्य वर्ग में दिशा सिंह ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह के जीवन पर प्रख्यात रचनाकार डॉ. नरेश कात्यायन द्वारा लिखे उपन्यास 'शून्य से शून्य तकर' का मुख्य अतिथि द्वारा विमोचन किया गया। इस उपन्यास में चेयरमैन जी के जीवन के सफर का अक्षरसरू वर्णन किया गया है।

तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर सुबह एक नया अवसर है, बस खुद पर विश्वास रखो तथा आगामी शिक्षा सत्र (2025-26) की रूपरेखा से अभिभावकों को अवगत कराया। अंत में विद्यालय की सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है एवं सभी मेहमानों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर कमलेंद्र सिंह, गीतेश श्रीवास्तव, अमित बच्चन, पूजा बाजपेई, स्वर्णिमा मिश्रा एवं समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

आरेडिका में मनाया गया विश्व महिला दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में विश्व महिला दिवस-2025 के उपलक्ष्य में 8 मार्च 2025 को महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या पद्मश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस कार्यक्रम में आरेडिका में कार्यरत महिला रेल कर्मचारियों द्वारा सरस्वती वन्दना, महिलाओं के सशक्तिकरण पर वाक, काव्यपाठ, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विश्व महिला दिवस के आयोजन पर सभी रेलवे महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कर्मचारी कल्याण संगठन तथा अन्य विभागों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्या पद्मश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह एवं सुहृता खान ने सभी विजेता महिला कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में निधि शर्मा द्वारा मंच संचालन का कार्य किया गया।इस अवसर पर आरेडिका की महिलाएँ सुधा सिंह विशेष खेल-कूद अधिकारी, सुहृता खान सहायक लेखा अधिकारी , चन्दा सिंह निरीक्षकध्आरपीएफ, निधि शर्मा, शिखा रावत, पूनम यादव, सहित अन्य महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय मेगा अदालत आयोजित

सलोन रायबरेली। शनिवार को ग्राम न्यायालय सलोन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोक राष्ट्रीय मेगा अदालत का आयोजन न्यायधिकारी अंकित सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया।मेगा लोक अदालत में एसडीएम चंद्रप्रकाश, सी0ओ0 प्रदीप कुमार व न्यायधिकारी ने सरस्वती माँ के चित्र पर माल्यार्पण व दीप-प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया।ग्राम न्यायालय द्वारा तीन माह के बाद तीसरे शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के सलोन, डीह, नसीराबाद के 292, 355 बीएनएस व 34 पी एक्ट की धाराओं के 44 मामलों का निस्तारण कर चार सौ चालीस रुपये अर्थदण्ड भी वसूल किया गया।न्यायधिकारी अंकित सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत में न केवल मुकदमों का निस्तारण किया जाता है, बल्कि पक्षकारों के मध्य परस्पर वैमनस्यता भी समाप्त हो जाती है।ग्राम न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई।इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव, अरविन्द्र कुमार, कन्हइया लाल, एजाज अहमद मौजूद रहे।

मनुष्य को माया मोह से हटकर भागवत भगवान में मन लगाना चाहिएः श्री राजन जी महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। मध्य प्रदेश छतरपुर से पधारे प्रखंड विद्वान भागवताचार्य श्री राजन जी महाराज ने एफबी इंटरनेशनल स्कूल में चल रही कथा के छठे दिन कहा कि कलयुग में अगर मनुष्य अपना उद्धार चाहता है तो उसे माया मोह त्याग कर भागवत भगवान की शरण में जाना होगा अन्यथा उसका मोक्ष संभव नहीं है। इस कलि काल में भागवत और श्री राम कथा ही मनुष्य के सारे कष्ट दूर कर सकती है। भागवत कथा वाचक श्री राजन जी महाराज ने गोवर्धन पूजा के बाद कंस वध की कथा सुनाई और फिर भगवान कृष्ण ने उद्धव को गोपियों के पास भेजा ताकि वे उनकी भावनाओं को समझ सकें। जब उद्धव गोपियों के पास पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वे सभी भगवान कृष्ण की याद में दुखी थीं।उद्धव ने

गोपियों को समझाने की कोशिश की कि भगवान कृष्ण ने कंस का वध करने के लिए यह काम किया है, लेकिन गोपियों ने उद्धव की बातों पर ध्यान नहीं दिया।इस बीच, भगवान कृष्ण ने रुक्मणी से विवाह करने का फैसला किया। उन्होंने रुक्मणी को अपनी पत्नी बनाने के लिए एक योजना बनाई और अंततः उनसे विवाह कर लिया। भागवताचार्य ने भगवान कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का भव्य मंचन किया जिसको देखकर श्रोता गण वाह वाह कर उठे। भागवत कथा व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान और कथा के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह और श्रीमती उपासना सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता कौशलेंद्र सिंह, रविनंदन सिंह चौहान, देवी कुमार गुप्ता, कल्लू बाजपेई ,शोभ नाथ अवस्थी, चक्रपाणि त्रिवेदी, सारंग पाणि त्रिवेदी, अमरपाल सिंह आदि सैकड़ो श्रोतागण मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मेलन एव सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि एथलीट पदमश्री एवअर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुधा सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने किया। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पदम् श्री व अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुधा सिंह, डॉ0 सुमेधा रस्तोगी,डॉ0 अमिता खुबेले, सीमा श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव पूर्णिमा श्रीवास्तव पूनम सिंह सहित सैकड़ो सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि

महिलाओं ने देश का नाम रोशन किया है और बुलंदियों को छुआ है, उसपर भारत गर्व करता है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकारें नारी शक्ति के लिए काम कर रहे हैं। यह सिर्फएक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।सम्मेलन में खेल जगत,शिक्षा, व्यापार, वकालत,सीए, सीएस, चिकित्सा, आर्टिटेक्चर आदि विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया!

मंच पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी,जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा अवस्थी,पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अनीता श्रीवास्तव,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव,डॉ0 सुमेधा रस्तोगी,डॉ0 अमिता खुबेले,सीमा श्रीवास्तव ,चंपा श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूनम सिंह प्रधान डिडौली,काजल सिंह,प्रियंका अवस्थी,अमिता सिंह,रेनू सिंह,शिल्पी चावला,किरन भारती,संगीता पासवान, तमन्ना अफरीन,दीप माला तिवारी, सहित सैकड़ो सामाजिक कार्यक्षेत्र की महिलायें व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में प्री-प्राइमरी के बच्चों को वितरित किया गया परीक्षा फल

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में प्री-प्राइमरी के बच्चों का वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश स्तरीय कुष्ठ रोग अधिकारी डॉक्टर जया श्रीवास्तव तथा उनके साथ आये उनके पति डॉक्टर अजय श्रीवास्तव, विद्यालय अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित आए अन्य अभिभावकों ने प्रथमतः माँ सरस्वती का पूजन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तदपश्चात प्रधानाचार्य द्वारा प्रोग्राम में आए अतिथियों का सम्मान बुकें भेंटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा स्वागत गीत से हुआ। आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस होने के कारण विद्यालय प्रांगण महिला अभिभावकों से खचाखच

भरा रहा। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रेरक प्रस्तुतियों को मंच पर गीत-नाट्य आदि के माध्यम से देखकर उनके गार्जियन सहित सभी अभिभावक बहुत खुश दिखाई दिए। नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रत्येक प्रस्तुति पर विद्यालय परिसर तालियों से गूंजता रहा।आज कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर जया श्रीवास्तव को विद्यालय परिवार द्वारा शॉल एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों को प्रेम दें और उनकी भावनाओं को समझें। बात-बात पर डांटना, स्वयं मोबाइल देखना एवं बच्चों को देना अच्छा नहीं है। महिला घर की नींव होती हैं तथा मां के सपने बच्चों में दिखते हैं। बच्चों के जीवन में उनके टीचर्स का भी विशेष योगदान होता है। इसलिए किसी बच्चे में कमी होने के बाद भी उसके प्रति निगेटिव शब्द न बोलें बल्कि उसे प्रोत्साहित करें। एक डॉक्टर होने के नाते बच्चों के खान-पान के संबंध में भी उन्होंने जानकारी दी। कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने स्कूल द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित करने, सम्मान और स्नेह देने के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।होली का पर्व नजदीक होने के कारण सभी ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आज के कार्यक्रम के संचालन में अंजू त्रिपाठी, पूजा वर्मा, अनामिका एवं दीपिका ने चार चांद लगा दिए। विद्यालय अध्यक्ष इंद्रेश विक्रम सिंह ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए आए हुए सभी सम्मानित अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए अपना कीमती समय निकालकर विद्यालय पधारी मुख्य अतिथि डॉक्टर जया श्रीवास्तव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत,दो घायल

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन,रायबरेली। सलोन प्रतापगढ़ राज्यमार्ग स्थित रग्घूपुर के समीप पेपर देने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी।सड़क दुर्घटना में एक युवक की सीएचसी सलोन पहुँचते ही मौत हो गई।वही दूसरे युवक की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।एक युवक को मामूली खरोच आई है।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।सूंची चौकी क्षेत्र के पांडे का पुरवा निवासी,आशुतोष उर्फ आदित्य पांडे (25)पुत्र वेद प्रकाश पाण्डेय ,ऋषिकांत पुत्र सुंदर और अनुज पांडे पुत्र देवी शरण पांडेय एक बाइक से बैठकर सांगीपुर लालगंज आझारा इंटर का पेपर देने जा रहे थे।रग्घुपुर के समीप सलोन की तरफ तेज रफ्तार से जा रही एक अज्ञात कार ने बाइक सवार तीनो युवको को जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।जबकि एक को मामूली खरोच आई है।स्थानीय लोगो की मदद से एनएचआई की एम्युलेश ने दोनों घायलो को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया।यहां आशुतोष उर्फ आदित्य कुमार ने इलाज के उपरांत दम तोड़ दिया।जबकि ऋषिकांत को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।कोतवाली प्रभारी जितेंद सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

दयानंद पीजी कालेज में एनसीसी कैडटों ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बछरावां रायबरेली। दयानंद पीजी कॉलेज के एनसीसी एस डब्ल्यू कैडटों ने रैली का आयोजन किया। इस रैली को बछरावां कोतवाली के प्रभारी श्री पंकज जी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली के उपरांत सभा का आयोजन हुआ जिसमें कैडेट सामनी ने महिला सशक्तिकरण पर ओजपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कैडटों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का विकास ही देश और समाज को विकसित बना सकता है। राजनीति विज्ञान की विभाग अध्यक्ष डॉ कल्पना श्रीवास्तव ने महिलाओं के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला। गर्ल्स एएनओ डॉ पल्लवी ने एनसीसी कैडेट के साहसपूर्ण कार्यो को साझा किया। इस वर्ष उत्कृष्ट योगदान देने वाली गर्ल्स कैडटों को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी बटालियन से सूबेदार धीरज सिंह एनसीसी एएनओ कैप्टन डॉक्टर विष्णु चंद्र , शिक्षा शास्त्र के विभाग अध्यक्ष विष्णु सिंह,डॉ नीलिमा चौधरी, डॉ संदीप मिश्रा, डॉ जितेंद्र मिश्रा, प्रवीण शुक्ला रामचंद्र, कुलदीप सिंह, आदि उपस्थित रहे।

अपना दल एस के युवा जिला अध्यक्ष बने विवेक सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। क्षेत्र की गरीब व असहाय जनता की मदद हमेशा करता रहा हूं और समय-समय पर करता रहूंगा पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पर शत प्रतिशत खरा उतारने का प्रयास करूंगा। यह उदगार पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अपना दल एस पार्टी के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष विवेक सिंह व्यक्त कर रहे थे। बताते चले की रायबरेली में अपना दल एस अपनी जिला कमेटी का पुनर्गठन किया है जिला अध्यक्ष कुवर सत्येंद्र पटेल की अध्यक्षता में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का विस्तार किया गया है। इस अवसर पर आयोजित बैठक में सभी पार्टी

कार्यकर्ता मौजूद रहे नई कमेटी में पुरानी कार्यकर्ताओं की जगह नए चेहरे को जिम्मेदारी दी गई है। विशेष रूप से हरचंदपुर क्षेत्र से कई कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पद दिए गए जिसमें नव नियुक्त अपना दल एस युवा मंच के जिला अध्यक्ष विवेक सिंह को बनाया गया है तथा आगे की रणनीति पर चर्चा की गई है। विवेक सिंह ने कहा कि 2027 तक पार्टी के कार्यकर्ता हर वोर तक पहुंचेंगे साथ ही उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया तथा अपने रोजगार व्यक्त किया। बैठक में सभी नए पदाधिकारी ने पार्टी के प्रति निष्ठा जताते हुए ईमानदारी से काम करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पटेल, आलोक पटेल, अभय सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र की अग्रणी महिलाओ को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, सिंधी टोला, शंकरगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर रीता सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, महिला जागरूकता , महिलाओं की भागीदारी , आत्मनिर्भरता आदि विषयों पर प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें खूब सराहा गया।

मुख्य अतिथि डाक्टर रीता सिंह ने कहा कि छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ना चाहिए। अब समाज भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। बस हमें मेहनत कर अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है । महिला उपनिरीक्षक अनुराधा ने अपने संबोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने लक्ष्य को पाने और समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया।

समाजसेवी सुधा गुप्ता ने कहा, ÷महिलाएं एक साथ कई जिम्मेदारियां निभाती हैं, फिर भी वे कभी हार नहीं मानतीं। अब समय आ गया है कि हम हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विद्यालय परिवार की तरफ से क्षेत्र की आई हुई सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देते हुए एक-एक पौधा वितरित किया गया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

कार्यक्रम का संचालन शीतल सिंह एवं अध्यक्षता सुधा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुनीता सिंह, कांस्टेबल निधि, ए एन एम सरिता सिंह ,रितु सिंह, संध्या सिंह, सुमन सिंह, सपना केसरवानी , पायल केसरवानी, दीपिका, केसरवानी, रिया सिंह, नीतू सिंह, सोनम सिंह, मुस्कान केसरवानी आदि लोगों ने अपने विचार रखे।

सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जगोत्तम चैरिटेबल ट्रस्ट तथा डीआईजीपी ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में डीआईजी धीरज कुमार एवं असिस्टेंट कमांडेंट प्रज्ञेश अटल के निर्देशन में 450 अधिकारियों एवं जवानों का परीक्षण किया गया। परीक्षण करने वाले चिकित्सकों में वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य वैद्य एसके राय, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. विजय सिंह, डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं डॉ. निशांत राय शामिल रहे।

महिला दिवस पर कार्रवाई में तेजी कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। आज ÷अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस÷ के अवसर पर आर.के. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स नैनी, प्रयागराज के तत्वाधान में आर.के. स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से एक ÷कार्यवाही में तेजी÷ कार्यक्रम का आयोजन श्री राजीव किशन ओमेक्स चौकी इंचार्ज, श्री अनुज राय चौंकी इंजार्ज सड़वा, श्रीमती गौरी अवस्थी सिपाही श्री अफजल सिद्दिकी एस0आई0, श्री जखम सिंह सिपाही सहित संस्थान के निदेशक इंजी आशीष त्रिपाठी नर्सिंग प्राचार्या श्रीमती के.एच विक्टोरिया देवी समेत समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से हुई एवं मुख्य अतिथियों सहित संस्था निदेशक के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज का दिन बहुत ही खास और

प्रेरणादायक है, क्योंकि हम सभी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल महिलाओं को बधाई देने का नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और सम्मान देने का अवसर है। इस दिन का उद्देश्य केवल महिलाओं की सफलता का जश्न मनाना ही नहीं, बल्कि उनके अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। संस्था के निदेशक इंजी आशीष त्रिपाठी ने समस्त छात्राओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी एवं छात्रों को आत्मनिर्भर बनने एवं आत्मरक्षा के सूत्र बताये जिससे उनका शारिरिक एवं बौद्धिक विकास हो सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री अनुज शुक्ला रजिस्ट्रार, अर्पिता यादव, सुशील कुमार शुक्ला ,रानू श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, शुभम कुमार, शिवानी सिंह, सुषमा साकेत, निशा मसीह, अन्नपूर्णा यादव, प्रतिभा तिवारी, प्रिया सिंह, खुशबू सिंह सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष समेत शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शौचालय में नहीं लगाया गया ढक्कन

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। शासन द्वारा विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य कराएं जाने के लिए लाखों रूपये की लागत से बनाई गई। लेकिन आज तक ढ़क्कन नहीं लगने से इसमें नौनिहाल अक्सर गिरकर चोटिल हो जाया करते हैं। बता दें कि संविलयन विद्यालय कोलसरा परिसर में विगत वर्ष कूड़ादान के लिए गड्ढा खोदा गया था। लेकिन आज तक इसमें कूड़ा करकट पड़ने से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। वही दो लाख रुपये की लागत से दिव्यांग बच्चों के लिए ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह ने शौचालय निर्माण कार्य कराने के नाम पर धन निकाल लिया गया। लेकिन आज अपूर्ण और ढक्कन न लगने से छोटे - छोटे बच्चे इनमें गिरने से गंभीर चोट लगने से उनके अभिभावकों को सूचना मिलने पर उन्हें इलाज के लिए ले जाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में टाइल्स लगाने में काफी हेराफेरी की गई। जबकि दो पैसा निकालने के बावजूद आज पूर्ण रूप से कार्य नहीं कराया गया। जीता जागता उदाहरण के लिए बनाई गई दिव्यांग शौचालय गड्ढा में मानक के अनुरूप नंबर दो का घटिया ईट, बालू से निर्माण तो कराया लेकिन ढक्कन लगाना भूल गए जिम्मेदार जिससे विकलांग बच्चों को शौचालय में उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में कार्यरत शिक्षकों ने बताया कि मुझसे कोई मतलब नहीं है। जो कार्य कराया गया है। उसे देखा जा सकता है। जबकि ग्राम प्रधान को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं किया।

मोक्षदायिनी है श्रीमद् भागवत कथा-आचार्य धर्म नारायण महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। क्षेत्र के नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे स्व0 महेश केसरवानी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मनुष्य तभी तक अभाव ग्रस्त रहता है जब तक उस पर ईश्वर की कृपा दृष्टि नहीं होती। सुदामा जी कृष्ण से मिलने द्वारिका गए और कृष्ण ने बिना मांगे ही उन्हें सब कुछ प्रदान कर दिया। कृष्ण-सुदामा मित्रता की नाट्य प्रस्तुति देखकर भक्त भाव विभोर हो गए।

महाराज श्री ने बताया कि भागवत एक ऐसा दिव्य साधन है जिसे अपना कर कोई भी मनुष्य सहजता से मोक्ष प्राप्त कर सकता है। भागवत जी की कृपा से ही राजा परीक्षित का मोक्ष हुआ।

मुख्य यजमान मंगरु लाल केसरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने अत्यंत हर्षित मन से व्यास जी का पूजन किया एवं शुकदेव जी महाराज की विदाई की। उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्त जनों ने व्यास जी का पूजन किया। रविवार को पूर्णआहुति आहुति और भंडारे के साथ कथा का समापन होगा.

कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक हीरालाल, जानकी देवी, श बसंत लाल, राम लखन, संगीता, नंद किशोर, खुशबु गौरव, स्मिता उज्जवल, करिश्मा विजय वैश्य स्वाति सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल अतुल केशरवानी आदि उपस्थित रहे।

लेड़ियारी में डाक भवन न होने से लोगों को परेशानी

लेड़ियारी (प्रयागराज)। यमुनानगर की लापर क्षेत्र में डाक भवन न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों को समय से चिट्ठी नहीं मिल पाने में दिक्कत उठानी पड़ रही है।

बताया जाता है कि 1965 से यह डाक विभाग के एक कर्मचारी अपने निजी भवन में काम करते थे। उनके नहीं रहने पर फूटपाथ पर दो घंटे तक काम किया जाता था। लेकिन वह सभी कर्मचारीगण रिटायर होने पर कुछ दिनों तक बंद चल रहा था। लेकिन एक महिला की नियुक्ति होने पर एक कमरे किराए को लेकर चल रहा है। लेकिन चिट्ठियों व डाक घर में आने वाले जरूरी कागजातों को कोई पहुंचाने के लिए कोई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हैं। जिससे गांव के लोगों के सामने जटिल समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जिनका घर दूर - दराज होने से आये हुए जरूरी पत्र समय पर नहीं मिल पाने से उन स्थानों तक नहीं पहुंच पाते हैं। गांव के कुछ लोगों ने बताया कि शासन द्वारा निकलने वाली वैकैशी भेजे गए डाक घर में समय से न मिलने पर उनकी लाइफ खराब हो जाता है। लेड़ियारी बाजार सहित नीबी , पवांरी , धोबहट, खीरी , बहरैचा , खिवली, रतेवरा , देवी बांध , आदि गांवों में डाक भवन नहीं होने से दर्जनों गांव में सही समय पर आने - जाने वाले पत्र नहीं मिल पाने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए लेड़ियारी बाजार में डाक भवन बनवाने जाने की मांग उठाई है।

रात्रिकालीन बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई बाधित

लेड़ियारी (प्रयागराज)। क्षेत्र के लेड़ियारी बाजार सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में रात्रिकालीन बिजली की कटौती से बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । एक मार्च से हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गई है । ऐसे में परीक्षा की तैयारी में रात के समय में काटी जा रही है । बिजली बाधक बन रही है ।बिजली विभाग अघोषित कटौती कर विद्यार्थियों से खिलवाड़ कर रहा है ।लेड़ियारी फीटर से जुड़े पांच दर्जन गांवों में एक पखवाड़े से सुबह सात बजे विद्युत आपूर्ति बंद कर दिए जाने के बाद सुबह दस बजे सप्लाई दिया जाता है। लेकिन दो घंटे में चली जाती है।रात्रिकालीन नौ बजे विद्युत आपूर्ति ठप होने पर रात दस बजे चालू होने के बाद बिजली कब आएगी कब जाएगी इसका कोई रोस्टर नहीं है। इसके दरमियान अगर कोई फाल्ट होना या फियुज उड़ने पर दस घंटे तक ठीक करने में समय लग जाता है। लेड़ियारी बाजार गांव निवासी हाई स्कूल के छात्रा पलक , खुशी, अनुष्का ने बताया कि रात के समय बिजली की कटौती होने से पढ़ाई का व्यवधान हो रहा है । इंटरमीडिएट के छात्र सुरज केशरी, कमलेश कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन बिजली कटौती को बंद किया जाना चाहिए । सुबह सात बजे बिजली न रहने से घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं । ठंड मौसम में शुरू हो जाने के बावजूद रात के समय में बिजली की कटौती में लोगों की समझ से परे हैं 10 घंटे बिजली की आपूर्ति ही की जा रही है। जिससे छात्रों को मुसीबत झेलनी पड़ रही है। बिजली न रहने से मच्छरों का प्रयोग बढ़ जाता है। जिससे दिक्कत उठानी पड़ रही है।लोगों ने जिलाधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति किए जाने की मांग की है।

पिडिए चौपाल मे दस मार्च के आन्दोलन पर दिया जोर

पीडिए ऐकता कर लक्ष्य हासिल करना उद्देश्य–विनय सोनकर

कोराव (प्रयागराज)। आज कोरांव विधानसभा में भखार गांव में सेक्टर प्रभारी त्रिवेणी यादव द्वारा पीडिए जन चौपाल लगाइ गई जिसमें बूथ से लेकर जिले के पदाधिकारी ने सरकार की जन विरोधी नितियों पर अपनी भडास निकाली मूख्य अतिथि के रुप मे जिला उपाध्यक्ष ललन सिंह पटेल ने कहा कि आज हमारे नेता अखिलेश यादव पिडिए के माध्यम से गांव गांव चर्चा के लिए जाने का सौभाग्य दिया है उसको साकार करना हम लोगों की जिम्मेदारी है वहीं जिला उपाध्यक्ष प्रभारी कोराव विधानसभा राजेश पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को भेद भाव मिटा कर पिडिए समाज को एक जूट करना होगा यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि जिस तरह से मौजूदा सासन प्रसासन कोराव का जनता का उत्पीड़न कर सोसड करने का काम कर रहा है उनसे आर पार कि बात करने के लिए दस मार्च को घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम में तहसील मूख्यालय पहूचने कि अपिल किया वहीं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता लगातार कोराव विधानसभा में पिडिए चौपाल के नायक विनय सोनकर ने कहा कि 2027 के लक्ष्य को हासिल करने के पिडिए समाज को एक जूट करना ही एक मात्र लक्ष्य है चौपाल में प्रमुख रुप से प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुज यादव नगर अध्यक्ष मेहताब खान सेक्टर प्रभारी त्रिवेणी यादव सिताराम यादव रामचंद्र रामबहादुर प्रेम संकर रविशंकर पवन कूमार सिंह ससिकान्त सूरेश यादव फूलचंद गडेश प्रसाद दया संकर धन्जय कूमार अरमा।।न खान के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिका नाज़िया सुल्ताना को सम्मानित किया गया

लोकमित्र ब्यूरो

घूरपुर(प्रयागराज)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज की शिक्षिका नाज़िया सुल्ताना को जिला परियोजना कार्यालय सर्व शिक्षा अभियान प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मीना मंच के माध्यम से विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान की गतिविधियों के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।नाज़िया सुल्ताना विद्यालय की मीना मंच की सुगमकर्ता है।वह बालिकाओं को शासन की बालिकाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराती रहती हैं।साथ ही विद्यालय की बालिकाओं

को गुड टच बैड टच के अलावा उन्हें सेल्फ डिफेंस में भी दक्ष बनाती हैं।लगातार बालिकाओं से बेहतर समन्वय के साथ समस्त गतिविधियों को संचालित करती हैं।इस अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी दीपक कुमार पाण्डेय जिला समन्वयक संतोष तिवारी भी उपस्थित रहे।मिशन शक्ति के जनपदीय नोडल शत्रुंजय शर्मा ने विद्यालय में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा किया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी सहित भारतेन्द्र त्रिपाठी,रजनीकांत पांडेय,जितेन्द्र कुमार शर्मा, शिशिर जायसवाल,अरविंद कुमार सिंह,अमरदीप चौधरी,राकेश कुमार,पूनम तिवारी,पंकज कुमार गुप्ता ने उनके सम्मानित होने पर हर्ष व्यक्त किया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूजी गई ज्ञान देवी मां सरस्वती

लेड़ियारी (प्रयागराज)। शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। विद्यालय की छात्राएं लक्ष्मी तिवारी , ज्ञानवी मिश्रा , कल्पना भुर्तिया , दिया कुमारी , रागिनी कुमारी आदि ने वीणावादनी का पूजन और गीत प्रस्तुत किया गया । जूनियर हाई स्कूल लेड़ियारी के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने पूजन किया । छात्राओं एवं उपस्थित लोगों ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण और पूजा अर्चना की गई। प्रधानाचार्य अविनाश राय ने कहा कि मां सरस्वती का पूजन करने से मानसिक विकास होता है। तथा इनकी आराधना करने वाले कभी निराश नहीं होते हैं। शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र - छात्राओं को प्रति दिन स्नान के पश्चात उनका स्मरण करना चाहिए। ताकि अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कुंभ मेले के कारण विद्यालय में अवकाश होने पर तथा स्कूल में 41 सीटर के नए वाहन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी , लक्ष्मी कांत त्रिपाठी , द्विग्विजय मिश्रा , बाल मुकुंद लाल केशरी , सुनील कुमार, नीरज द्विवेदी, सुरेन्द्र कुमार, विश्राम प्रसाद मिश्रा , इंद्रदेव तिवारी , विजय शंकर मिश्रा , सरोज देवी , राम लोचन सिंह , हेमंत प्रसाद मिश्रा , लव द्विवेदी , राकेश सिंह राजेश्वर प्रसाद शुक्ल , रेशमा देवी आदि लोग रहे।

धामापुर मलहुआ में सफाई का अभाव, बीमारी फैलने की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो

इस्माइलपुर (प्रयागराज)। विकास खंड सोरांव के धामापुर मलहुआ गाँव में इन दिनों गंदगी का अम्बार लगा है। गर्मी और होली जैसे पर्व पर भी सफाई कर्मी नदारद हैं। ग्रामीणों की मानें तो गाँव की नाली और चकरोड की साफ सफाई अविलंब न कराई गई तो बीमारी फैल सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सफाई नहीं कराई गई तो वे लोग इसकी शिकायत एसडीएम और बीडीओ से करने को मजबूर होंगे।

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को अहम मानते हुए सेठ आनंदराम जयपुरिया में हर्षोल्लास से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ पन्ना लाल, अपर निदेशक सुशील तिवारी,प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल, डॉ वीनू श्रीवास्तव, डॉ रेखा बाजपेई ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

यह आयोजन सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के अपर निदेशक सुशील तिवारी तथा प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल की दूरदृष्टि के अनुसार आयोजित किया गया। जिसका मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज की प्रगति और विकास की सक्षमता बढ़ाना है। विद्यालय के

निदेशक डॉक्टर पन्ना लाल ने कहा कि हम महिलाओं को समान अवसर और अधिकार देने में विश्वास करते हैं। हमारी पहल यह लक्ष्य पाने की दिशा में एक छोटा कदम है और हमें विश्वास है कि अन्य संस्थान भी बराबरी के सिद्धांत का पालन करेंगे और महिला सशक्तीकरण की दिशा में इस तरह के कदम उठाएंगे। हर तरह की जिम्मेदारी उठाने वाली महिलाओं पर हमें गर्व है और यह दृढ़ विश्वास है कि वे उत्कृष्ट कार्य करेंगी। यह आधुनिक समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने और समारोह मनाने का भव्य आयोजन था। डॉक्टर वीनू श्रीवास्तव प्राचार्या किशोरी लाल बीटीसी कॉलेज ने महिला दिवस पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल ने कहा कि किसी राष्ट्र की सही प्रगति महिला सशक्तिकरण से होती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस स्कूल ने काम काजी महिलाओं और गृहिणियों को भी सम्मानित किया। ताकि बच्चों के माता पिता और स्कूल के शिक्षक आपस में खुलकर बात करें। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के अपर निदेशक सुशील तिवारी ने कहा कि महिलाओं ने राजनीति से लेकर शिक्षा, व्यवसाय से लेकर समाज सेवा, कला और संस्कृति से लेकर खेल, एयरोस्पेस से लेकर पत्रकारिता और मीडिया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से लेकर साहित्य लगभग सभी क्षेत्रों में अपनी योग्यता के प्रमाण दिए हैं इन्हीं शब्दों के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर वरुण शुक्ल, प्रीति दुबे, स्नेहलता, रक्षा, आर्यन , योगेश , अभिषेक, कौशिक, अविनाश एवं समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम का संचालन किया।

लेड़ियारी में नहीं है खेल मैदान

लेड़ियारी (प्रयागराज)। प्रदेश सरकार द्वारा गांवों में खेल मैदान के लिए पर्याप्त भूमि व धन उपलब्ध कराने के बाद भी आज तक नहीं बनवाया गया जिसमें युवा वर्ग से लेकर महिलाओं तक दिक्कत उठानी पड़ रही है।जबकि इन दिनों तरह - तरह के बीमारियों का लोग ढंस झेल रहे हैं। वही सुगर के साठ फीसदी पीड़ित हैं। सुबह सड़क पर सैकड़ो की संख्या में युवाओं व महिलाओं की टोली निकलते हैं। लेकिन तेज गति से चलने वाले वाहनों से भय बना रहता है। जबकि दर्जनों लोग तेजी से चलने वाला मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन तथा सैकड़ों की संख्या में चलने वाली ट्रके से घुमने वाले लोग अक्सर टक्कर लगने से घायल हो जाते हैं। सूचना पर उनके परिजन पहुंचकर आनन-फानन में इलाज के लिए ले जाया करते हैं।

बताया जाता है कि लेड़ियारी बाजार में चौवालीस बीघा सात विश्वा जमीन गांव सभा में उपलब्ध है। लेकिन उक्त जमीन को कब्जाधारियों ने उसमें या तो भवन बना रखा है। या फिर उसमें बाउंड्रीवाल बनाकर खेती कर रहे हैं। जिससे शासन की मंशा धरी की धरी रह गई। गांव के युवा वर्ग शिवजियावन व राम चरन इंटर कालेज में जाकर क्रिकेट, वालीबाल, कबड्डी, दौड़ आदि दो घंटे तक खेलकूद कर वापस चलें जाते हैं। वही परीक्षा के दौरान गेट बंद रहने से वह निराश होकर वापस लौट जाते हैं।

गीत, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नैनी(प्रयागराज)। कमला पब्लिक स्कूल, नैनी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नाटक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक श्री सुशील तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्राओं ने ÷नारी सम्मान, देश का अभिमान÷ विषय पर एक मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके संघर्षों को उकेरा गया। वहीं, छात्रों के एक समूह ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित गीतों की

प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय प्रबंधक श्री सुशील तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, ÷महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। हमारा विद्यालय लैंगिक समानता और बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷ उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नई चेतना जगाते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी महिला दिवस के इतिहास और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में, प्रधानाचार्या वैष्णवी पांडे ने सभी आगंतुकों और प्रतिभागियों का आभार जताया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायी रहा, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश भी स्पष्ट कर गया।

महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। शनिवार को महर्षि विद्या मन्दिर दूरवाणी नगर ए.डी.ए कालोनी नैनी में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । यह दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, स्नेह आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है । इस अवसर पर महिलाओं के सम्मान में शिक्षकों द्वारा अनेकानेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये । कार्यक्रमों एवं सम्भाषण के माध्यम से बताया गया कि आज का दिवस विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित किया गया है । विद्यालय की शिक्षिकाओं के द्वारा

अनेकानेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गये । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने सभी शिक्षिकाओं को महिला दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है । उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय महिलाओं को इंगित करते हुए यह भी कहा कि कोई भी महिला अपने सशक्तिकरण का दुरुपयोग कभी न करें ।

बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर के फेज-2 का निर्माण कार्य होली के बाद होगा शुरू

● बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर के फेज -2 में बनेगा मंदिर का गर्भगृह, शिखर और मण्डप

● संगम क्षेत्र में स्थित है बड़े हनुमान जी का प्रसिद्ध मंदिर

प्रयागराज, (हि.स.)। प्रयागराज में सनातन आस्था के महापर्व के आयोजन के चलते पूरे शहर के सौंदर्यीकरण, मंदिरों के जीर्णोद्धार और गंगा नदी पर घाटों का निर्माण किया गया। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसके फेज-1 का निर्माण महाकुम्भ के पहले पूरा हो चुका है लेकिन महाकुम्भ के स्नान पर्वों को देखते हुए फेज-2 का कार्य महाकुम्भ के बाद करने का निर्णय लिया गया था जो कि शीघ्र ही होली के बाद शुरू हो जाएगा, जिसके तहत मंदिर के गर्भगृह और विशाल मण्डप का निर्माण होगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ये कार्य अगले दो से तीन महीने में पूरा कराएगा। यह जानकारी शनिवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा ने दी।प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन के पहले विभिन्न मंदिरों के भव्य कॉरिडोर के निर्माण का कार्य किया गया था। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में प्रयागराज विकास प्राधिकरण बड़े हनुमान मंदिर के भव्य कॉरिडोर का भी निर्माण करा रहा था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर के कॉरिडोर की विशालता और महाकुम्भ के स्नान पर्वों के चलते कॉरिडोर का निर्माण 2 फेज में करने का निर्णय लिया गया था।

जिसके तहत महाकुम्भ के पहले फेज-1 में बड़े हनुमान मंदिर के दोनों ओर विशाल द्वारों और ऊंची प्राचीरों से घिरे विशाल प्रांगण का निर्माण किया गया था।उन्होंने बताया कि मंदिर के फेज-2 का निर्माण कार्य होली के बाद शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। जिसके तहत मंदिर के गर्भगृह और विशाल मण्डप का निर्माण होगा। जो कि अगले दो से तीन महीने में पूरा किया जाना है। मंदिर के शिखर और मण्डप को रेड सैण्ड स्टोन में नक्काशी कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसके लिए विशेष रूप से राजस्थान से कारीगर प्रयागराज बुलाए जाएंगे।प्रयागराज के संगम क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर, प्रयागराज के प्रसिद्ध मंदिरों में एक है। महाकुम्भ के दौरान मंदिर में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। मंदिर के पुजारी सूरज पाण्डेय ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रत्येक दिन मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम चलता रहता था। वर्तमान में सामान्य दिन में भी 5 से 10 हजार श्रद्धालु हनुमान जी का दर्शन कर रहे हैं, मंगलवार और शनिवार को दर्शन-पूजन करने वालों की संख्या और ज्यादा हो जाती है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य अतिथियों ने भी हनुमान जी का दर्शन और पूजन किया था।

मारुति सुजुकी ने वाहन ऋण के लिए हीरो फिनकॉर्प से किया समझौता

नई दिल्ली, (हि.स.)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने शनिवार को हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी में मारुति सुजुकी इंडिया के व्यापक नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के नए और पुराने कार लोन के लिए अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाया जाएगा।कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस एमओयू को दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में औपचारिक रूप दिया गया, जिनमें मारुति सुजुकी इंडिया की ओर से मार्केटिंग और बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी, एलाइड बिजनेस के उपाध्यक्ष कमल महत्ता, मारुति सुजुकी फाइनेंस एंड ड्राइविंग स्कूल के महाप्रबंधक विशाल शर्मा, हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ अभिमन्यु मुंजाल तथा दोनों संगठनों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।एमएसआईएल ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य मारुति सुजुकी के विशाल डीलरशिप नेटवर्क और हीरो फिनकॉर्प के अनुकूलित वित्तीय समाधानों का लाभ उठाना है, ताकि कार स्वामित्व को और अधिक सुलभ बनाया जा सके।

पंजाब से फरार पास्टर नेपाल के धार्मिक सभा में दिखा, लुकआउट नोटिस जारी

काठमांडू, (हि.स.)। पंजाब में यौन दुराचार के मामले में अदालत से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहा ईसाई पास्टर बजिंदर सिंह नेपाल में ईसाई मिशनरी के आयोजित धार्मिक सभा में खुलेआम सहभागी करते दिखा है। नेपाल पुलिस की अपराध अनुसंधान विभाग ने इसकी पुष्टि की है।उत्तराखंड सीमा से सटे नेपाल के कैलाली जिले के टीकापुर में 5 और 6 मार्च को आयोजित ईसाई मिशनरियों के कार्यक्रम में भाषण देने वाला 42 वर्षीय पास्टर बजींदर सिंह के भारत से फरार आरोपित होने की जानकारी मिली है। बजींदर सिंह पर पंजाब के मोहाली जिले से गैर जमानती वारंट जारी होने की जानकारी दी गई है।पंजाब पुलिस की तरफ से नेपाल पुलिस को भेजे गए पत्र के मुताबिक पास्टर बजिंदर सिंह पर पंजाब की एक महिला ने 28 फरवरी को अश्लील बात एप मैसेज भेजने और अपने साथ यौन दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पंजाब पुलिस ने अपने पत्र में लिखा है कि इस घटना की जांच के लिए मोहाली पुलिस ने तीन सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। बजींदर सिंह को इसी विशेष टीम के समक्ष जिस दिन पेश होना था, उसी दिन वह वाहन से फरार हो गया।पंजाब पुलिस के भेजे गए पत्र के बाद नेपाल पुलिस की अपराध अनुसंधान विभाग के पता लगाए जाने पर बजिंदर के सुदूर पश्चिम प्रदेश के जिला कैलाली के टीकापुर में धार्मिक कार्यक्रम में भाषण करता हुआ दिखा है। काठमांडू पुलिस प्रमुख टेक बहादुर तमांग ने बताया कि आरोपित पास्टर को कैलाली जिले में हुए ईसाइयों के धार्मिक कार्यक्रम में सहभागी होने का वीडियो फेसबुक पर मिलने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है।हरियाणा राज्य के निवासी बजिंदर सिंह के पास दो हजार से अधिक चर्च होना बताया गया है। आरोपित पास्टर पर इससे पहले भी यौन दुराचार का मामला चल चुका है। नेपाल पुलिस को भेजे गए आरोपित के हिस्ट्रीशीटर होने और 2018 में भी यौन दुर्व्यवहार के मामले में गिरफ्तारी होने की जानकारी दी गई है। गैर कानूनी संपत्ति रखने के आरोप में 2023 ने भारतीय आयकर विभाग ने बजिंदर सिंह के दर्जनों चर्च पर एक साथ छापेमारी की थी।पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक बजिंदर सिंह 15 वर्ष पहले हत्या के मामले में जेल की सजा काट चुका है। इसी दौरान उसने जेल में ही ईसाई धर्म को स्वीकार किया और जेल से सजा काटने के बाद वह पास्टर बन गया था।

नेपाल-तिब्बत सीमा पर 5.9 तीव्रता का भूकंप, काठमांडू तक हिली धरती

काठमांडू,(हि.स.)। नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आज दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 मापी गयी है। भूकंप का असर चीन सीमा से लगे कई जिलों में दिखा। राजधानी काठमांडू में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति होने की कोई खबर नहीं है।नेपाल के भूकंप मापन केंद्र के मुताबिक, शनिवार दोपहर स्थानीय समय के अनुसार 2ः35 बजे भूकंप आया। भूगर्भविद भरत कोइराला ने कहा कि भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिगात्से में है।

होली पर रंग बरसाएंगे धर्म और आस्था से जुड़ा बाबा भोले का त्रिशूल एवं फरसा

प्रयागराज,(हि.स.)। महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के बाद होली महोत्सव की तैयारी में प्रयागराज के सभी बाजार रंग बिरंगी पिचकारियों से सज गए हैं। इस बार धर्म और आस्था से जुड़े बाबा भोलेनाथ का डमरू युक्त त्रिशूल और फरसा रंग बरसाएंगे। विश्व में सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के बाद अब व्यापारी कारोबार में अच्छी कमाई करने के लिए होली महोत्सव की तैयारी में जुट गए हैं।कुम्भ नगरी प्रयागराज की सबसे मुख्य बाजार चौक समेत पूरे प्रयागराज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की दुकानें होली के रंग में तैयार हो चुकी है।बाजार में बीस रुपए से लेकर ढाई हजार तक की पिचकारी इस होली में आ चुकीं हैं। प्रयागराज के सोहबतियाबाग में पिचकारी की दुकान लगाने वाले मंगल ने बताया कि इस बार कुम्भ मेला एवं धर्म और आस्था, स्किल से जुड़ी, अत्याधुनिक हथियारों से जुड़ी नई तकनीक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध हो चुकी है। त्रिशूल वाली पिचकारी की कीमत 300 रुपए, फरसा वाली पिचकारी 200 रुपए , हथौड़ा पिचकारी 200, टैंक पिचकारी 1550 रुपए और इससे भी अधिक दाम की पिचकारी बाजार में आ चुकीं हैं। त्रिशूल, हथौड़ा, फरसा, मैंगो, श्री फायर, टैंक, समेत विभिन्न प्रकार की छोटी एवं बड़ी पिचकारी बाजार में उपलब्ध हो चुकी है।हर्बल रंग होली खेलने के लिए हर्बल रंग एवं गुलाल दोनों की बिक्री की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की टोपियां भी और रंग बिरंगी चुनरी भी बजार में आई हैं।

निवेशकों की सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

● गौतमबुद्धनगर पहुंचे सीएम योगी, सिफी डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

गौतमबुद्धनगर, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा में सिफी कंपनी के डेटा सेंटर और एमओक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र आज के युवा और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। आज का युवा अलग पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को प्रदेश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव को जमीन पर उतारने में सफलता मिली है।उन्होंने कहा कि एक ओर जहां हमने उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने में हमने सफलता प्राप्त की है, वहीं प्रदेश सरकार ने लोगों में कानून व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाया है, जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से सिंगल विंडों के जरिए निवेशकों को राहत दी गई है।

एमओयू मॉनीटरिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल से योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी निवेश उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है, उसका उन्हें लाभ जरूर मिलेगा।मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी, केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा समेत तमाम अधिकारी भी मौजूद रहे। योगी अभी नोएडा में ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

डबल इंजन की सरकार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुआ ऐतिहासिक कार्य - केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ,(हि.स.)। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति सृजन की आधारशिला है, समाज की आत्मा है और बदलाव की सबसे बड़ी वाहक है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी मातृशक्ति देश व समाज की सेवा में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही है और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। हमारी माताएं-बहनें निरंतर आगे बढ़े और उन्नति के नए कीर्तिमान गढ़े, इसके लिए डबल इंजन की सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुआ है।

संगम में 19 मार्च को मत्स्य विभाग डालेगा 92 हजार अंगुलिकाएं

प्रयागराज,(हि.स.)। प्रदेश की योगी सरकार मत्स्य पालकों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। नदियों की निर्मलता बनी रहे इसके लिए 19 मार्च को मत्स्य विभाग संगम नोज पर 92 हजार मत्स्य बीज (अंगुलिकाएं)को डालेगा। यह जानकारी शनिवार को कार्यकारी उपनिदेशक मत्स्य प्रयागराज प्रदीप कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत रिवर रैंचिंग का कार्यक्रम के तहत एक लाख मत्स्य बीज फिंगर लिंग मत्स्य बीज जो कि 2.70 रूपए प्रति की दर से 30 हजार मिला, लेकिन महानिदेशक मत्स्य के आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश मत्स्य बीज विकास निगम लिमिटेड हेचरियों से खरीद के आदेश प्राप्त हुए। जिसमें मत्स्य बीज की कीमत 1.40 प्रति की दर से खरीदी गई थी। इसके पश्चात 21 नवम्बर को एक लाख मत्स्य बीज संगम के अरैल घाट में डाला गया। इस मौके पर करछना के विधायक डॉ.पीयूष रंजन निषाद और उप निदेशक मत्स्य प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज पहुंचे थे।नदियों के जल की निर्मलता बनी रहे इसके लिए मत्स्य बीज को डाला जाता है। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में 19 मार्च को 92 हजार मत्स्य बीज डालने की तैयारी कर ली गई है। अभी यह निर्धारित नहीं हो पाया है कि मुख्य अतिथि कौन रहेगा। हालांकि यह कार्य समय से समाप्त करना है।

दोबारा गृहयुद्ध की चपेट में आता सीरिया, सुरक्षाबल व असद समर्थकों में खूनी संघर्ष

दमिश्क, (हि.स.)। सीरिया एकबार फिर गृहयुद्ध की चपेट में है। देश के नये शासन और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद समर्थकों के बीच गुरुवार को शुरू हुआ खूनी संघर्ष लगातार जारी है। इस टकराव में अबतक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। दिसंबर में विद्रोहियों ने असद को सत्ता से हटा दिया था, जिसके बाद से पहली बार सीरिया में हिंसा का यह दौर शुरू हुआ है।14 साल तक गृहयुद्ध की आग में जले सीरिया में पिछले साल तब शांति का दावा किया जा रहा था जब इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व वाले विद्रोही समूह ने देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद ने देश छोड़कर रूस में शरण ली। हालांकि चंद महीने बाद ही गुरुवार को दोबारा हिंसा शुरू हो गई।समाचार एजेंसी सना के मुताबिक सरकारी सुरक्षा बलों ने तटीय शहर जबलेह के पास एक वांछित व्यक्ति को हिरासत में लेने की कोशिश की और असद समर्थकों ने इसका विरोध करते हुए सुरक्षाबलों पर हमला कर दिया।

जिसके बाद से सुरक्षा बल के जवान, पूर्व राष्ट्रपति असद समर्थकों पर हमले कर रहे हैं। खासतौर पर उन इलाकों में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई चल रही है जहां असद समर्थक और उनके परिवार का गढ़ है। सीरिया के तटीय प्रांत लातकिया में सुरक्षा बलों और बंदूकधारियों के बीच ऐसा ही खूनी टकराव हुआ जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई।

श्री काशी विश्वनाथ के गौना से पहले मथुरा में लड्डू गोपाल को भेजा गया उपहार

● मथुरा जन्म स्थान से भी बाबा को उपहार भेजा गया

● दोनों धार्मिक स्थानों पर उपहार बाबा विश्वनाथ और लड्डू गोपाल को अवलोकित कराया जाएगा

वाराणसी, (हि.स.)। काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के गौने (रंगभरी एकादशी) के पहले शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा स्थित लड्डू गोपाल को होली का उपहार भेजा है। उपहार की समस्त सामग्री पहले बाबा विश्वेश्वर(काशी विश्वनाथ)को अर्पित कर इसे वाहन से मथुरा भेजा गया। इसी प्रकार मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान से आज ही श्री विश्वेश्वर महादेव को अर्पित उपहार भी काशी के लिए भेजा गया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के इस नवीन सनातन नवाचार को लेकर दोनों स्थानों पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा के सचिव कपिल शर्मा और गोपेश्वर चतुर्वेदी से बातच की थी, जिसे उन्होंने भी सहर्ष स्वागत एवं समर्थन किया था। मथुरा भेजने से पहले विधि विधान पूर्वक उपहार की समस्त सामग्री श्रीविश्वेश्वर को अर्पित करने के उपरांत पूरे साज-सज्जा और धूमधाम से इसे लड्डू गोपाल के पास भेजा गया। सीईओ के अनुसार मथुरा और काशी दोनों ही मोक्ष दायिनी नगरी हैं। इन दोनों तीर्थस्थलों के बीच समन्वय और श्रद्धा का आदान-प्रदान एक अभिनव पहल है, जिसे इस वर्ष के रंगभरी एकादशी और होली पर्व में सम्मिलित किया जाएगा।श्री काशी विश्वनाथ धाम में मथुरा से प्राप्त भेंट सामग्री को रविवार को सुबह 6.30 बजे समारोह पूर्वक ग्रहण कर भगवान विश्वनाथ से अवलोकित कराया जाएगा। वहीं, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान में 9 मार्च को ही काशी से प्राप्त उपहार सामग्री को सुबह 9 बजे समारोह पूर्वक स्वीकार कर भगवान लड्डू गोपाल को अवलोकित कराया जाएगा। उपहार में प्राप्त खाद्य प्रसाद सामग्री का वितरण दोनों धाम में श्रद्धालुओं के बीच होगा। श्रीकृष्ण जन्म स्थान मथुरा से प्राप्त रंग अबीर गुलाल का प्रयोग रंगभरी एकादशी तथा होली के पर्व पर भगवान विश्वनाथ को अर्पित करने में किया जाएगा। इसी प्रकार श्री काशी विश्वनाथ धाम से श्री कृष्ण जन्म स्थान मथुरा को प्रेषित सामग्री का प्रयोग रंगभरी एकादशी एवं होली पर्व पर भगवान लड्डू गोपाल की होली में किया जाएगा। इस रस्म के दौरान मंदिर के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र, डिप्टी कलेक्टर शम्भू शरण, विशेष कार्याधिकारी उमेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मिनी एल. शेखर एवं समस्त कार्मिकों की सहभागिता रही।उल्लेखनीय है कि पौराणिक मान्यता के अनुसार रंगभरी एकादशी की कथा भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी को सुनाई थी। तभी से यह पर्व मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम में भी रंगभरी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, जो न केवल स्थानीय महत्व रखता है, बल्कि इसका वैश्विक महत्व भी है। इस उपहार आदान-प्रदान के साथ, दोनों धामों के भक्तों को विशेष रूप से भगवान लड्डू गोपाल के रूप में बाल स्वरूप के भगवान और बाबा विश्वनाथ से आशीर्वाद प्राप्त होगा।

पाकिस्तान ने अफगानी शरणार्थियों को 31 मार्च तक देश छोड़ने को कहा, अप्रैल से शुरू होगा जबरन निर्वासन

इस्लामाबाद, (हि.स.)। अवैध शरणार्थियों के खिलाफ पाकिस्तान भी अमेरिका की तरह सख्त कदम उठाने जा रहा है। पाकिस्तान ने अवैध शरणार्थियों और अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों को 31 मार्च तक देश छोड़कर जाने को कहा है। निर्धारित समय के भीतर अगर उन्होंने स्वेच्छा से पाकिस्तान नहीं छोड़ा तो उन्हें 1 अप्रैल से जबरन निर्वासित किया जाएगा। यह निर्णय सरकार के अवैध विदेशी वापसी कार्यक्रम (आईएफआरपी) का हिस्सा है, जो शहबाज शरीफ सरकार ने 1 नवंबर 2023 से लागू किया था।समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने घोषणा की है कि सभी अफगान नागरिकता कार्ड धारकों और अवैध विदेशी नागरिकों को 31 मार्च 2025 तक देश छोड़ना होगा। जो लोग इस समय सीमा के भीतर स्वेच्छा से वापस नहीं लौटेंगे, उनके 1 अप्रैल 2025 से जबरन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि निष्कासन की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान

अपनी सीमा में हो रहे आतंकवादी हमलों और अपराधों के लिए लगातार अफगान नागरिकों को दोषी ठहरा रहा है। इन आरोपों के आधार पर साल 2023 में पाकिस्तान सरकार ने अवैध अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का अभियान शुरू किया था।संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2023 के बाद से अब तक 8 लाख से अधिक अफगानी पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौट चुके हैं। पाकिस्तान ने लगभग 2.8 करोड़ अफगान शरणार्थियों को शरण दी है। अफगानिस्तान में पिछले 40 साल से जारी संघर्षों के दौरान ये शरणार्थी अलग-अलग समय पर पाकिस्तान पहुंचे हैं।खास बात यह है कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लाखों अफगान नागरिकों ने पड़ोसी देशों का रुख किया जिनमें सबसे ज्यादा संख्या में पाकिस्तान और ईरान पहुंचे। पाकिस्तान में पहले से ही लगभग 30 लाख अफगान शरणार्थी थे, जो 80 के दशक में आए थे। तालिबान की वापसी के बाद 6 लाख से अधिक नए शरणार्थी पाकिस्तान पहुंचे।

मणिपुर में फ्री मूवमेंट का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प

कांगपोकपी,(हि.स.)। मणिपुर में एक बार फिर से तनाव बढ़ गया। यहां कांगपोकपी जिले में हाईवे ब्लॉक कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए सुरक्षाबलों को बल का प्रयोग करना पड़ा। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए।प्रदर्शनकारियों ने 'फ्री मूवमेंट' के खिलाफ विरोध जताते हुए हाईवे जाम कर दिया था, जिससे यातायात बाधित हुआ। इससे पहले कांगपोकपी जिले के गमगिफाई इलाके में मणिपुर स्टेट ट्रांसपोर्ट (एमएसटी) की एक बस पर भीड़ ने पथराव किया।

यह हमला तब हुआ जब दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद पहली बार आज इम्फाल से पहाड़ी जिलों के लिए बस सेवा शुरू की गई थी।प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात हैं। एमएसटी बसों की सुरक्षा के लिए असम राइफल्स के जवानों को भी तैनात किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम योगी ने दी बधाई

कहा-हर बेटी, बहन और माँ को सबल एवं स्वावलंबी बनाने हेतु संकल्पित हों

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। दुनियाभर में हर साल 8 मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समस्त मातृशक्ति व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई दी। सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की समस्त मातृशक्ति व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रदेश की नारी शक्ति के सम्मान, अधिकार, समानता एवं सशक्तिकरण हेतु डबल इंजन सरकार पूर्णतरू समर्पित है। आइए, हर बेटी, हर बहन और हर माँ को सबल एवं स्वावलंबी बनाने हेतु संकल्पित हों। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को दुनियाभर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को पहचानना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत 20वीं शताब्दी से हुई, जहां साल 1908 में, न्यूयॉर्क में 15,000 महिलाओं ने अपने काम में सुधार, कम काम के घंटे और मतदान अधिकारों की मांग को लेकर एक बड़ा प्रदर्शन किया। इसके बाद, साल 1911 में पहली बार डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में महिला दिवस मनाया गया। इसके बाद साल 1975 में, यूएन ने आधिकारिक रूप से इसे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की घोषणा की, जिसके बाद से हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

मंत्री ने महिला कार्मिकों को नवदेवी सम्मान से सम्मानित किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महाकुम्भ 2025 के व्यवस्थापन एवं सफ़ाई कार्यों में अतुलनीय योगदान देने वाली नगर विकास विभाग की 25 महिला कार्मिकों एवं महिला सफाई कर्मियों को साल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर की सफ़ाई स्वच्छता, सुंदरीकरण और व्यवस्थापन में अहम योगदान देने वाले नगर विकास विभाग, जलकल विभाग, नगर निगम प्रयागराज, मेला प्राधिकरण, शासन प्रशासन, निदेशालय तथा अन्य निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं सफ़ाई कार्मिकों सहित कुल 200 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कुंभ में योगदान देने वाले सभी कार्मिकों को धन्यवाद दिया और ताली बजवाकर सभी को सम्मान दिलाया।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को नगरीय निकाय निदेशालय में महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत आयोजित अविस्मरणीय आयोजन के अद्भुत अनुभव साझा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 में देश-विदेश से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया, इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से जरूरी व्यवस्थाओं, सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती थी।

फिर भी नगर विकास विभाग नोडल विभाग होने की अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी, मेहनत व लगन के साथ मैनपॉवर, मटेरियल और मशीन का बेहतर प्रयोग करके महाकुंभ को सकुशल सम्पन्न कराने में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को स्वच्छ, सुंदर व प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त मनाकर हम सभी त्योहारों को आगे से इसी प्रकार से मनाने के लिए महारत हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि आज से सभी त्योहारों को इसी प्रकार से मनाने का संकल्प लें। सभी निकाय अपने आसपास की निकायों की सफाई, स्वच्छता को बनाए रखने में मदद करें। निकायों को सेक्टरवार, वार्डवार बांटकर सफ़ाई व्यवस्था को व्यवस्थित करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी महाकुम्भ में इसी प्रकार की व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस बार कुंभ मेला क्षेत्र में की गई व्यवस्थाओ का डाक्यूमेंटेशन भी कराए। जहां कहीं पर भी कमियां रह गई हो उसमें सुधार के लिए और क्या किया जाना चाहिए इस पर कार्य किया जाए। नगर विकास मंत्री ने कहा कि पूरे देश दुनिया के लोगों ने महाकुंभ की सफाई, स्वच्छता, व्यवस्थापन व सुरक्षा की प्रशंसा की है। इस बार के महाकुंभ के सुशासन, समरसता की तुलना रामराज्य से की जानी चाहिए। महाकुंभ का मेला 60 दिनों तक चला कहीं पर भी विवाद की कोई घटना घटित नहीं हुई। माहौल इतना सुंदर था कि जिस घाट में अडानी अंबानी परिवार ने स्नान किया, उसी घाट पर हमारे समाज के सबसे नीचे पायदान के लोगों ने भी स्नान किया। कहीं पर भी कोई भेदभाव नहीं था। सभी लोगों में आपसी सौहार्द, समरसता का पूर्ण माहौल था। देश प्रदेश के सामान्य लोगों ने लोगों को दातून बेचकर, महिलाओं के पैरों में महावर लगाकर, माथे पर चंदन लगाकर, फूल माला बेचकर व अन्य छोटी-छोटी जरूरी चीजें बेचकर और नाव वाले नाव चलाकर लाखों करोड़ों रुपए कमाए हैं। इससे देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था की जीडीपी में 03 से 3:50 लाख करोड रुपए की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में नया तीर्थ क्षेत्र शिवालय पार्क बनाया गया है, श्रृंगवेरपुर में भी नया तीर्थ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 'जिंदा है तो जिंदगी की जीत पर यकीन कर, अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमी पर' प्रयागराज महाकुंभ में सचमुच में सभी के प्रयासों से स्वर्ग उतार लाया गया था। प्रयागराज में की गई बिजली व्यवस्था लाइटिंग की प्रशंसा अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री ने अपने स्पेस स्टेशन से की थी, जिसमें उसने ट्वीट कर कहा था कि अगर इस समय पृथ्वी पर सबसे ज्यादा प्रकाशवान क्षेत्र कोई क्षेत्र दिख रहा है, तो वह प्रयागराज कुम्भ तीर्थ क्षेत्र है। कहा कि हम चाहे तो अपने घर नगर आसपास सभी क्षेत्र को स्वर्ग बना सकते हैं। स्वर्ग, नरक और सुशासन सब यही है। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा कि 'रामराज बैठे त्रिलोका, हर्षित भयउ गयउ सब शोका, राम प्रताप न विषमता कोई, 'दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज नहीं काहू व्यापा' सब नर करहि परस्पर प्रीति, चलहि स्वधर्म% ये यह सभी चौपाइयां कुंभ तीर्थ क्षेत्र में प्रमाणित साबित हुई है। महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी ने कहा कि महाकुंभ 2025 के संदर्भ में, स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने और एक सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जनभागीदारी और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मंत्री रजनी तिवारी ने महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा दिया गया है और हर युग में महिलाओं ने असाधारण कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नारी तू नारायणी कहकर महिलाओं की शक्ति को सम्मानित किया है। उन्होंने यह बात माल, लखनऊ में सर्वोदय आश्रम, टाटा पावर और उषा इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में कही।

मंत्री तिवारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए सर्वोदय आश्रम द्वारा प्रशिक्षण उपरांत सिलाई मशीन वितरण की सराहना की। कार्यक्रम में प्रशिक्षित 160 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं, जिससे 82 गांवों की महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।

राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या ने महिलाओं से अपनी शक्ति पहचानने का आह्वान किया और कहा कि राज्य महिला आयोग उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

कार्यक्रम का आयोजन सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर टाटा पावर के सुबोध दीक्षित, उषा इंटरनेशनल की उपाध्यक्ष रूपा टैटे, सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त डॉ. अशोक शुक्ला, एडवोकेट अभय शंकर गौड़, जिला पंचायत सदस्य संतोष देवी, कवियत्री ममता सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। संचालन विजय पांडे ने किया और विजय भाई ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

आप सांसद बोले-गंगा का पानी आचमन योग्य नहीं

संजय सिंह ने बजट पर उठाए सवाल, कहा, व्हाइट पेपर जारी करे जुमला सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने डबल इंजन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने बजट खर्च से लेकर गंगा सफाई तक सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और बीजेपी को जुमला पार्टी बताया। संजय सिंह ने कहा 11 साल में कितने बंगलादेशी घुसपैठियों को निकाला गया? बीजेपी सरकार घुसपैठियों को रोकने में नाकाम रही। वीआईपी लोगों को गंगा में स्नान के दौरान बेवजह भीड़ बढ़ाने से बचना चाहिए था। संजय सिंह ने दावा किया कि सरकार बड़े बजट का दावा करती है, लेकिन उसे खर्च ही नहीं कर पाती। संजय सिंह ने कहा सरकार बजट पर व्हाइट पेपर जारी करे। बीजेपी नफ़रत फैलाने और लोगों को बांटने का काम कर रही है, जबकि यूपी में 8 लाख बच्चे सरकारी स्कूल छोड़ चुके हैं। आप नेता ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मंत्रालय सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा- गंगा का पानी आचमन और नहाने योग्य नहीं है। उन्होंने पूछा- गंगा सफाई के 40,000 करोड़ रुपए का क्या हुआ? संजय सिंह ने बीजेपी को जुमला पार्टी बताते हुए कहा दिल्ली की हर महिला को 2500 देने का वादा किया गया था, लेकिन इतनी शर्तें लगा दी गई।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग के बीच हुआ एमओयू

उप मुख्यमंत्री ने 'रेशम सखियों' के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने के दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेशम उत्पादन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग के बीच एमओयू साइन किया गया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में आयोजित इस कार्यक्रम में समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में 5000 महिला समूहों की 50,000 सदस्यों को रेशम उत्पादन एवं उद्योग से जोड़ा जाएगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रेशम स्टाल का निरीक्षण किया और 'रेशम सखियों' के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने के निर्देश दिए।

प्रदेश में रेशम का वार्षिक उत्पादन 400 मीट्रिक टन है, जबकि खपत 3,500 मीट्रिक टन तक पहुंच चुकी है। सबसे अधिक रेशम की मांग प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में है, जहां इसे मुख्यमंत्री की ओडीओपी योजना के तहत भी शामिल किया गया है। राज्य को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस वर्ष ÷मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना÷ प्रारंभ की गई है। पिछले 10 वर्षों में रेशम के निर्यात में 28 गुना वृद्धि हुई है, और यह योजना प्रदेश में रेशम उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी।

निदेशक, रेशम विभाग ने जानकारी दी कि अब तक 1050 महिला समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ा जा चुका है। प्रत्येक ब्लॉक में 'रेशम सखियों' और ब्लॉक मिशन मैनेजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रेशम उत्पादन, धागा निर्माण, कपड़ा बुनाई और तैयार उत्पादों की बिक्री में दक्षता प्रदान करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

पसमांदा समाज ने वक्फबिल का विरोध किया, देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की संपत्तियों पर सरकारी कब्जे की साजिश है। अगर सरकार ने यह विधेयक जबरन लागू करने की कोशिश किया तो पसमांदा मुसलमान इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होंगे। अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फसंपत्तियां गरीब मुसलमानों की भलाई के लिए हैं। यह हमारे बुजुर्गों की दी गई अमानत है। इस पर किसी भी सरकार का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन अब सरकार इन संपत्तियों को अपने नियंत्रण में लेने की योजना बना रही है। हम इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। पहले दिन से इसका विरोध जारी था और आगे भी जारी रहेगा। अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की कीमत लाखों करोड़ों रुपये में है। सरकार इन संपत्तियों पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कानून बना, तो धीरे-धीरे गरीब मुसलमानों कि संपत्तियां सरकार के हाथों में चली जाएंगी। हमारे रोजगार खत्म किए गए, और अब हमारी संपत्तियों पर भी कब्जा करने की साजिश हो रही है। पसमांदा मुसलमानों को इसका सबसे बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी संगठन, बुद्धिजीवी विधेयक के खिलाफएकजुट हों। अगर सरकार ने अपनी जिद नहीं छोड़ी, तो देशभर में बड़ा आंदोलन होगा। पसमांदा समाज अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगा। यह सिर्फएक विधेयक नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व पर हमला है। अगर इसे रोका नहीं गया, तो इसका खामियाजा आने वाली नस्लों को भुगतना पड़ेगा।

पीडीए की सरकार बनने पर शुरू होगी स्त्री समृद्धि योजनाः अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वर्ष 2027 में प्रदेश में अपनी पीडीए की सरकार बनाएंगे। सरकार बनने पर हम स्त्री सम्मान समृद्धि योजना लाएंगे और हर बालिका, युवती, नारी को सबल बनाएंगे। योजना के तहत महिलाओं के खाते में सीधे पैसे भेजे जाएंगे। महिलाओं, युवतियों को मोबाइल दिया जाएगा। प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप दिया जाएगा। पीडीए पाठशाला चलाकर हुनर को रोजगार दिया जाएगा।

उन्होंने शनिवार को जारी एक बयान में कहा है कि समाजवादी पार्टी की सरकारों में महिला सशक्तिकरण और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई विशेष काम किए गए। बेटियों की शिक्षा मुफ्त की गई। छात्राओं को साइकिल, लैपटॉप, कन्या विद्याधन दिया गया। समाजवादी सरकार में महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए समाजवादी पेंशन योजना चलाई गई। प्रदेश में पहली बार 55 लाख महिलाओं के खाते में सीधे पैसा ट्रांसफर किया गया था। महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 सेवा शुरू की गई। विधवा, वृद्धा और निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन में वृद्धि की गई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने महिलाओं के हर स्तर पर आगे बढ़ाने का काम किया। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद सारी योजनाओं को रोक दी। महिला सुरक्षा के लिए बनाई गई 1090 सेवा को बर्बाद कर दिया। समाजवादी पेंशन योजना बंद कर दी। भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर है। भाजपा के नेता और पदाधिकारी खुद महिलाओं के साथ अपराध की घटनाओं में शामिल हैं, और अपराधियों पर सरकार का संरक्षण है। बीएचयू में छात्रा के साथ जिस तरह की घटना भाजपा पदाधिकारियों ने की वह बेहद निंदनीय है।

लड़कियों ने अभिनय, नृत्य से दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नाटक कोमल हैं कमजोर नहीं का मंचन किया गया। साथ ही विभिन्न नृत्य की प्रेरक प्रस्तुतियां अवध एकेडमी इंटर कॉलेज परिसर में हुई। वंही नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन और चित्रकला की प्रतियोगिताएं भी हुई। शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शगुन और सौम्या ने ÷क्या कहती है तू नारी÷ और ÷युगों युगों से पहेली÷ गाने पर मनभावन डांस किया। कृष्णा, खुशी, वैष्णवी ने ÷आई गिरि नंदिनी÷ और नैनसी ने ÷बेखौफ÷ गाने पर प्रभावी डांस कर प्रशंसा हासिल की। महिला दिवस के अवसर पर ही ऋषभ और खुशी ने प्रेरक कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शौर्य पहले, निधि दूसरे और सौम्या यादव तीसरे स्थान पर रहीं।

पहले भी बदले गए आक्रांताओं के नाम पर बने स्थानों के नामः दिनेश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। दिल्ली में भाजपा सांसदों द्वारा नेम प्लेट पर सड़क का नाम तुगलक लेन की जगह विवेकानंद मार्ग किए जाने पर राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग रही है कि आक्रांताओं के नाम पर बने स्थानों के नाम को लेकर बदलाव पहले भी किया जा चुका है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, नेम प्लेट कंट्रोवर्सी कुछ नहीं है। अब अगर कोई गूगल पर सर्च करेगा तो उन्हें मेरे घर के एड्रेस का नाम विवेकानंद रोड दिखाई देगा। मैंने एक दिन पहले ही घर में प्रवेश किया और मुझसे पूछा गया कि नेम प्लेट में क्या लिखा जाए तो मैंने इतना ही कहा कि, जो भी आस पास नाम लिखा हो, वही नाम नेम प्लेट पर लिखा जाए। मेरे घर के आवास के पास मौजूद दूसरे आवासों पर विवेकानंद मार्ग लिखा है और उसके नीचे तुगलक लेन लिखा है।

भाजपा के राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, कई लोगों ने पहले ही मांग की है कि आक्रांताओं के नाम पर बने स्थानों के नाम बदले जाएं और ऐसे कई बदलाव पहले भी किए जा चुके हैं। उदाहरण के लिए अब्दुल कलाम रोड का नाम बदला गया, जो एक सकारात्मक कदम था। हालांकि, इसे हिंदू-मुस्लिम मुद्दे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। अंबेडकर, अब्दुल कलाम, विक्रम साराभाई, उस्मान, अब्दुल हमीद और अशफाकउल्ला खान जैसी कई महान हस्तियां हैं।

आरपीआई कार्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय में आरपीआई महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर महिला पदाधिकारियों ने महिला कल्याण, सशक्तिकरण को लेकर संकल्प भी लिए।

महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष शानू मल्ल कौशल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हम उन सभी महिलाओं का सम्मान करते हैं जिन्होंने समाज, राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान दिया है। यह दिन नारी सशक्तिकरण, समानता और महिलाओं के अधिकारों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को और मजबूत करने का अवसर है।

महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष शानू मल्ल कौशल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पदाधिकारियों ने महिला उत्थान को लेकर महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना, लैंगिक भेदभाव और हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाना, कार्यस्थल पर समान अवसर सुनिश्चित करना एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम ÷इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वालिटी÷ के अनुरूप, हमें महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को दोहराना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष चांदनी कपूर ने कहा कि महिलाएँ केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की रीढ़ हैं। हमें मिलकर एक ऐसा समाज बनाना है जहाँ महिलाएँ आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त महसूस करें।

यूपी में खुलेगा नौकरी का पिटारा, खाली पड़े सरकारी पदों पर जल्द हो होंगी भर्तियां

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सरकारी विभागों में रिक्त होने वाले पदों पर अब जल्द भर्तियां होंगी। इतना ही नहीं विभागों द्वारा अब अलग-अलग भर्ती के लिए प्रस्ताव नहीं भेजे जाएंगे। श्रेणीवार यानी समूह 'ग', 'क' व 'ख' के पदों पर भर्ती का प्रस्ताव अलग-अलग भेजना होगा। हर साल रिक्त होने वाले पदों का ब्यौरा सालभर पहले तैयार किया जाएगा और जैसे ही 25 पदों से अधिक रिक्तियां होंगी उसे आयोगों को भेज जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के यहां बैठक में विभागाध्यक्षों को इस संबंध में निर्देश दे दिया गया है। यह भी कहा गया है कि रिक्तियों का प्रस्ताव सिर्फ ई-अधियाचन पोर्टल के माध्यम से ही भेजा जाए। खामियों के चलते प्रस्ताव वापस आने पर विभागाध्यक्ष जिम्मेदार होंगे। राज्य सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पदों को अभियान चलाकर भरना चाहती है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि पदोन्नतियां सितंबर तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं और रिक्त पदों का ब्यौरा भी ई-अधियाचन के माध्यम से भेजा जाए।

अमूमन विभागों द्वारा भेजे जाने वाले ई-अधियाचन में भारी खामियां होती हैं। इसके चलते आयोगों द्वारा आए दिन विभागों को प्रस्ताव वापस किया जा रहें हैं। विभागों द्वारा ऑनलाइन भेजे जाने वाले प्रस्तावों में रिक्तियों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है या फिर योग्यता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की जाती है। आयोगों को इसके चलते भर्ती संबंधी विज्ञान निकालने में दिक्कतें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने इसको लेकर एक बैठक बुलाई थी।

विभागों को निर्देश दिया कि आयोगों को भर्ती संबंधी प्रस्ताव तैयार कराए गए पोर्टल ई-अधियाचन के माध्यम से ही भेजा जाएगा। इस पोर्टल को इसीलिए तैयार कराया गया है, जिससे सरकारी विभागों में रिक्त होने वाले पदों को जल्द भरा जाए।

मैराथन में साड़ी पहनकर दौड़ी महिलाएं

विजेता को मिला 51 हजार नकद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व सांसद कौशल किशोर द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें साड़ी पहनकर शादी शुदा महिलाओं ने हिस्सा लिया। मैराथन के माध्यम से महिलाओं को बढावा दिया गया। मलिहाबाद विधायक जय देवी , मोहनलाल गंज विधायक अमरेश रावत ने हरी झंडी दिखाई। मैराथन में विजेताओं को नकद पुरस्कार सम्मानित किया गया।

कौशल किशोर ने कहा कि साड़ी पहन कर केडी सिंह बाबू स्टेडियम से 5 किलोमीटर की महिलाओं ने दौड़ लगाई। हजारों की संख्या में एक साथ दौड़ती हुई महिलाओं ने नारी शक्ति का एहसास कराया । महिला सशक्तिकरण और भारतीय परिधान का अद्भभुत संगम को देखने को मिला। पिछले वर्ष भी इस तरह की मैराथन का आयोजन किया गया था। इस मैराथन के माध्यम से घरेलू महिलाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। कौशल किशोर ने कहा कि नारी सिर्फपरिवार के लिए ही नही बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। आज की इस साड़ी युक्त मैराथन में 18 वर्ष की ऊपर की महिलाओं ने हिस्सा लिया । जिस में गुड़िया ने पहला स्थान प्राप्त किया उन्हें 51 हजार रुपये और नीलम ने द्वितीय स्थान हासिल किया उन्हें 41 हजार रुपये और सोनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया उनको 31 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 10 महिलाओं को 5100 रुपये से लेकर 2100 रुपये तक नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

वैतनिक पुजारी ने धोखे से बनवाया आधार कार्ड डीएम ने दिए जांच के आदेश

लखनऊ। श्री नागेश्वर महादेव मंदिर समिति ईको गार्डन, कैलाशपुरी आलमबाग ने वैतनिक पुजारी द्वारा समिति को धोखे में रख कर आधार कार्ड बनवा लिया है जिसको लेकर समिति ने डीएम लखनऊ को इसकी शिकायत की है। समिति के महामंत्री संजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बाराबंकी के रहने वाले पुजारी ने समिति को बताए बिना आधार कार्ड बनवा लिया है जिसकी जांच डीएम कार्यालय से आलमबाग थाना आ चुकी है। श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में पहले भी कुछ सदस्यों द्वारा गबन किया गया था जिसको लेकर संरक्षक ने भी जानकारी दी है।

युवक का शव रखकर रास्ता जाम,दोस्तों पर हत्या का आरोप

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर में शादी में ले गए युवक की हत्या कर दी गई। परिजनों ने गली के बाहर शव रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों का कहना है कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मौके से एसएचओ इंदिरानगर अपनी टीम के साथ पहुंचकर परिवार को समझा रहे हैं। इंदिरा नगर का चंदन गांव निवासी शाहनवाज (20) पुत्र मोहम्मद नवाबु ड्राइवरी का काम करता था। शाहनवाज के चाचा रहीम का कहना है शुक्रवार रात करीब 8 बजे मोहल्ले के रहने वाले प्रदीप व प्रभात चचेरे भाई पंकज की शादी में गोसाईगंज लेकर गए थे। रात करीब 2 बजे गोसाईगंज थाने तो सूचना आई कि शाहनवाज का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। मौके पर पहुंचकर देखा तो उसके हाथ व पैर में गंभीर चोटें लगी थीं।

बीटेक छात्रा से लाइब्रेरियन कर रहा छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ में इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफस्पेशल एजुकेशन में पढ़ने वाली बीटेक छात्रा के साथ लाइब्रेरियन पिछले कई दिनों से छेड़छाड़ कर रहा था। जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित होने लगी। छात्रा का आरोप है कि प्रिंसिपल ने भी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं की। जिसके बाद पुलिस को इंस्टीट्यूट में लाइब्रेरियन की हरकतों की शिकायत दर्ज कराई। गुडंबा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुर्सी रोड निवासी युवती इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफस्पेशल एजुकेशन में बीटेक की छात्रा है। उसका आरोप है कि इंस्टीट्यूट का लाइब्रेरियन इमरान अकेले में देख कर अश्लील और आपत्तिजनक बाते करता है। यही नहीं लाइब्रेरी में किताबें लेने जाने पर जानबूझकर गलत तरीके से बात करते हुए अश्लीलता करता है। जिससे मानसिक तौर पर परेशान रहने लगी। पीड़िता के मुताबिक इमरान की हरकतों पर पहले लोकलाज के चलते चुप रही, लेकिन उसकी हरकतें दिन पर दिन बढ़ने लगी। जिससे पढ़ाई प्रभावित होने लगी। जिसके चलते 23 फरवरी को प्रिंसिपल शशि मिश्रा से भी शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी नहीं सुनी। साथ ही मुझे ही इसमें उल्टा दोषी ठहरा रही थी। गुडंबा इंस्पेक्टर के मुताबिक बीटेक छात्रा की शिकायत पर आरोपी लाइब्रेरियन इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छात्रा के अन्य आरोपों को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

2 वाहन चोरों को सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में,थाना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को वादी सुचित्र कुमार निवासी थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ द्वारा अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया, इस सूचना को तेज तर्रार थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर चोरों को तलाशने में लगा दिया, काफी समय बीतने के बाद मुखबिर की सूचना पर, आरोपियों को हिरासत पुलिस में लिया गया, नाम पता पूछने पर अपना नाम 1 अभिषेक सिंह उर्फ रंजन सिंह निवासी हसनपुर खेवली थाना सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ, 2 रवि शर्मा निवासी हसनपुर खेवली थाना सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ को आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल बरामद हुई, तेज तर्रार थाना प्रभारी अंजनी कुमार लगातार अपराधियों के अंकुश लगाते हुए नजर आ रहे, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना सुशांत गोल्फसिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा,के नेतृत्व में आरोपीयों को गिरफ्तार कर,नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

नाका पुलिस ने दो शातिर चोरों किया गिरफ्तार

लखनऊ। मध्य क्षेत्र के थाना नाका हिण्डोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया, थाना प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी की सूझबूझ से आरोपियों को पुलिस हिरासत में लिया गया,1 आरोपी चुन्नू भारती निवासी मातादीन का हाता न्यू गणेशगंज लखनऊ 2 उदय कुमार निवासी मातादीन का हाता थाना नाका हिण्डोला लखनऊ को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से एक एलसीडी टीवी, एक माइक्रोवेव, एक ओटीजी, दो पीतल धातु का परात बरामद किया गया, इसी क्रम में, डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की काई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है,जिसमें आज थाना नाका प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी, के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपीयों को गिरफ्तार कर,मा0 न्यायालय भेजा गया है।

नगर निगम पहुंच लोगमेयर से की शिकायत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गणेशपुर स्थित शहीद भगत सिंह प्रथम वार्ड में श्मशान घाट को लेकर दो पक्ष आमने- सामने आ गए हैं। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय पर पहुंचे लोगो ने विरोध किया। आरोप है कि गलत ढंग से निर्माण कार्य रोक दिया गया। लोगों का कहना है कि यहां पर 100 वर्ष से उनके परिवार के लोग अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। बावजूद इसके कुछ लोगों के विरोध के चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। लोगों ने शिकायत देते हुए कहा कि लगभग 100 वर्षो से भूमि पर हिन्दू रीति रिवाज से अगल बगल के गांवों के लोगों का दाह संस्कार किया जा रहा है। पहले लोगों द्वारा इस भूमि में पक्की समाधियां बनी हुई हैं, जो वर्षो पूरानी है और लोगों भावनाएं यहां से जुड़ी है। आरोप है भूमाफियाओं द्वारा जमीन पर लगातार कब्जा हो रहा है। कुछ लोग जो विरोध कर रहे उनके भी मकान इसी बंजर में भूमाफियाओं के मिली भगत से बने हुए हैं। कई बार कार्यवाई भी नगर निगम के अधिकारियों से हुई।

अंसल इंफ्रा के खिलाफ आवंटियों ने दर्ज कराए सात मुकदमे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में अंसल इंफ्रा निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी के सात मुकदमे दर्ज हुए। आरोपितों ने प्लॉट और विला आवंटन के नाम पर रुपये लिए। सालों का वक्त गुजरने के बाद भी टाउनशिप पूरी नहीं हो सकी। आवंटियों के पूछताछ करने पर निदेशक और उनके सहयोगियों ने धमकी दी। वहीं, हजरतगंज कोतवाली में रिटायर आईएएस के बेटे ने अंसल इंफ्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सालों गुजर गए प्लॉट नहीं मिला
तेलीबाग निवासी रिटायर कैप्टन कन्हैया लाल के मुताबिक अंसल प्रापर्टीज एण्ड इंफ्रा ने हाइटेक टाउनशिप विकसित करने का प्रचार किया था। लुभावने ऑफर पर विश्वास कर कन्हैय लाल ने वर्ष 2012 में अंसल सिटी में विला बुक कराया। जिसके लिए करीब 12 लाख 71 हजार रुपये दिए थे। पर, उन्हें विला पर कब्जा नहीं मिला। इसी तरह गोमतीनगर विस्तार रिशिता मैनहेंटन निवासी राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने करीब 2007 में अंसल इंफ्रा से साढ़े तीन लाख रुपये में प्लाट बुक कराया था। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में ओमेक्स सिटी निवासी कैलाश चंद्र ने तीन प्लॉट बुक कराए थे। उन्हें भी जमीन की रजिस्ट्री कम्पनी निदेशकों ने करने से मना कर दिया। अलीगंज सेक्टर-एच निवासी पुष्पलता बाजपेई ने बताया कि वर्ष 2011 में एक प्लॉट बुक कराया। जिसके लिए 13 लाख 21 हजार रुपये दिए थे। वहीं, आशियाना सेक्टर-के निवासी वीना चन्दानी ने 2011 में दो प्लॉट करीब 16 लाख 63 हजार रुपये देकर बुक कराया था।

दो करोड़ देने के बाद भी नहीं मिला प्लॉट

एम्मार गोमती ग्रींस निवासी अनुपम अग्रवाल ने सितंबर 2022 में करीब दो करोड़ 32 लाख देकर 1528 वर्ग फीट का प्लॉट लिया था। कम्पनी निदेशक प्रणव अंसल और उसके साथियों ने कुछ दिन बाद रजिस्ट्री करने की बात कही। फिर अचानक से आवंटन रद्द कर दिया। छानबीन करने पर अनुपम को पता चला कि उनके नाम पर आवंटित प्लॉट आरोपितों ने तीन करोड़ 33 लाख रुपये में दूसरे व्यक्ति को बेच दिया है। उधर, हजरतगंज कोतवाली में पूर्व आईएएस के बेटे व्योम वार्ष्णेय ने अंसल प्रापर्टी एंड इंफ्रा निदेशक प्रणव अंसल, सुशील अंसल, राजेश्वर राव, विकास सिंह, विनय तिवारी, प्रशांत और मनोज कपूर के खिलाफ तीन करोड़ 21 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया।

अवैध डेरी के खिलाफतेज होगा अभियान, 19 भैंस और 1 गाय जब्त

लखनऊ। नगर आयुक्त के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में कैटल कैचिंग टीम प्रभारी शिवेक, नदीम, रामकुमार, मनोज, अभिनव के साथ थाना इंदिरानगर से प्राप्त पुलिस बल, प्रवर्तन दल के सहयोग से जोन 7 अंतर्गत मानस सिटी कॉलोनी तथा आस-पास के क्षेत्र से अवैध डेरीओं पर कार्यवाही करते हुए 19 भैंस तथा 1 गाय को टीम द्वारा पकड़कर पीजीआई स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध करवाया गया। इन्हें जुर्माना जमा करने के बाद ही छोड़ा जाएगा। उक्त क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध पशुपालन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। अवैध डेरी संचालकों द्वारा गोबर का सही तरीके से प्रबंधन नहीं किया जा रहा था, और गोबर को नाली में बहाया जा रहा था।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय, लखनऊ में माननीया जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में तथा मीनाक्षी सोनकर अपर जिला जज,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायालय लखनऊ सहित मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों आदि में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर आज जनपद न्यायालय लखनऊ में शैलेन्द्र श्रीवास्तव, न्याय मित्रध्अध्यक्ष, विनायक ग्रामोद्योग संस्थान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में एक मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जनसुविधा कैम्प का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन फीता काटकर जनपद न्यायाधीश बबीता रानी द्वारा किया गया।स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में अपोलो अस्पताल,मैक्स अस्पताल, मेदांता अस्पताल, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज,बलरामपुर अस्पताल,बाबू बनारसी दास डेन्टल कालेज आदि के डॉक्टर उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में संजय सिंह,सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, कु0 मंजुला सरकार अपर जिला जज, लखनऊ बार एशोसियेशन के अध्यक्ष तथा महामंत्री बृजभान सिंह भानु, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, आदि उपस्थित हुये। न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, वादकारीगण द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। इस अवसर पर महिला न्यायिक अधिकारियों सहित वरिष्ठ पत्रकार अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद,पत्रकार जमील मालिक,शबाब नूर,फहीम खान,मो अरशद आदि को सम्मानित किया गया।

पार्टनरशिप का झांसा देकर हड़पे 11 लाख

लखनऊ। दुबग्गा कोतवाली में व्यापारी ने दोस्त के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित ने कपड़े के थोक व्यापार में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 11 लाख रुपये लिए थे। दुबग्गा बरावन कला निवासी सूरज सिंह की दोस्ती चौक निवासी मो. फरहान से है। जो कपड़ों का व्यापार करता है। वर्ष 2024 में फरहान ने सूरज को व्यापार में पार्टनर बनाने की बात कही। आरोपित ने बताया कि थोक का काम है। इसलिए मुनाफा भी अच्छा होता है। अगर तुम भी रुपये लगाते हो तो हर महीने अच्छी आमदनी होगी। झांसे में फंस कर पीड़ित ने करीब 11 लाख रुपये लगाए। कुछ दिनों तक फरहान ने मुनाफे में हिस्सा दिया। फिर रुपये देने बंद कर दिए। पूछताछ करने पर आरोपित ने गालीगलौज की। फरवरी 2025 में आरोपित फरहान दुकान बंद कर भाग गया। सूरज के मुताबिक काफी प्रयास करने के बाद भी फरहान के बारे में पता नहीं चला। नतीजतन पीड़ित ने दुबग्गा कोतवाली पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराया।

ई-रिक्शा ड्राइवर पुलिस की लाठी से बेहोश, चौकी के बाहर चालकों का बवाल

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ।राजधानी लखनऊ के निशातगंज में पुलिस की पिटाई से ई-रिक्शा ड्राइवर बेहोश हो गया। इसके बाद चौकी के बाहर सभी ड्राइवर जुट गए और हंगामा करने लगे। ई-रिक्शा चालक यूनियन ने कहा कि दोबारा ऐसा हुआ तो पूरा शहर जाम कर देंगे। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और सभी को समझाने का प्रयास किया। ई-रिक्शा चालकों ने पुलिस पर लाठी मारकर भगाने का आरोप लगाया। ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि पुलिस की लाठी से नूर मोहम्मद नाम का ड्राइवर बेहोश हो गया। शनिवार सुबह करीब 11 बजे गोपाल पुरवा चौकी क्षेत्र में पुलिस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही थी। उसी दौरान ई-रिक्शा चालकों पर लाठियां चलाई गईं। मामले में पुलिस का कहना है कि गोपाल पुरवा चौकी क्षेत्र में अतिक्रमण (ई-रिक्शा) हटाने के दौरान एक व्यक्ति को हल्की चोटें आईं। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। वो व्यक्ति सुरक्षित है और अपने परिवार के साथ है। उसकी मौत की खबर चलाई जा रही है, जो भ्रामक है।
लाठी मारने वाले सिपाही के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। उसका ट्रांसफर कर दिया गया है। ई-रिक्शा चालक यूनियन अध्यक्ष इरफान खान ने कहा कि पुलिस ने मारा यह गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए। एक ई-रिक्शा चालक को मारना मतलब उसके पूरे परिवार को मारना है। लंबे समय तक एक परिवार की रोजी-रोटी बंद हो सकती है। यदि दोबारा ऐसा हुआ तो पूरे यूनियन पूरे शहर में चक्काजाम करेगा। इरफान ने कहा पुलिस से बातचीत हो गई है। मारपीट करने वाले सिपाही पर कार्रवाई की गई है। घायल ड्राइवर को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। यूनियन की तरफ से भी ई-रिक्शा ड्राइवर के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता भेजी जा रही है।

भारत और नेपाल का है आत्मीय संबंधः हृदय नारायण दीक्षित

- रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेला
- महिला दिवस पर हुआ स्त्री विमर्श की किताबों का विमोचन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। महिला दिवस पर रवीन्द्रालय चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेला में स्त्री विमर्श की गूंज रही तो साहित्यिक आयोजनों का दौर दिनभर चला। पहली मार्च से जारी इस मेले का कल रविवार को समापन हो जायेगा। मेले में आज उमड़े पुस्तक प्रेमियों के बीच नवयुग कन्या महाविद्यालय व अन्य कालेज के छात्र छात्राओं के हुजूम भी दिखायी पड़े।

किताबों और साहित्य सागर में यहां हर विषय की किताबें हैं। इन्हीं पुस्तकों में गुजरे दौर के लखनऊ के साथ आज का शहर भी है। अगर किसी को अवध की लखनउआ कहानियां, नवाबी के जलवे, अवध की बेगमें, नक्काल और भांड़, लखनऊ की शायरी फिल्म जगत में लखनऊ की योगदान, यहां के कथक घराने, संगीतकार, इमामबाड़े, यहां के गली मोहल्ले, काकोरी क्रान्ति जैसे राजधानी से जुड़े विषयों की प्रामाणिक जानकारी जानकारी चाहिए तो उसे मेले के स्टाल संख्या 53 पर पहुंचना होगा। यहां लखनऊ पुस्तकमाला की योगेश प्रवीन जैसे विशेषज्ञ लेखकों की सारगर्भित छोटी- छोटी पुस्तिकाएं हैं। इनमें 45वीं पुस्तिका 'षड़यंत्रों से घिरे लखनऊ के नवाब' हाल में शामिल हुई है।

मेले के साहित्यिक मंच पर आज कार्यक्रमों का समापन विमोचन भारत नेपाल मैत्री के क्रम में आयोजित कार्यक्रम से हुआ। मनीश शुक्ला के काव्य संग्रह निलम्बित मौन के स्वर का नेपाली भाषा में काठमाण्डू की मीना द्वारा किये अनुवाद 'प्रतिबंधित मौन' व एक अन्य किताब मै स्वयं सेवक का विमोचन पूर्व विधानसभाध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने किया। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल का युगों- युग से आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आत्मीय संबंध रहा है। यह पुस्तक दोनों देशों के सांस्कृतिक सम्बन्धों की नई गाथा लिखती है।

इस अवसर पर भारत नेपाल साहित्य महोत्सव के अध्यक्ष डा.विजय पंडित, अनुवादिका मीना, रेणु मिश्रा ,श्रीधर अग्निहोत्री, लेखक मनीष शुक्ल व हरीश उपाध्याय उपस्थित थे। सुबह नवसृजन संस्था की ओर से प्रो.उषा सिन्हा की अध्यक्षता में पुष्पा गुप्ता दोसर की काव्यकृति पुष्पांजलि का विमोचन हुआ। समारोह में महेशचन्द्र द्विवेदी, डा.सुल्तान शाकिर हाशमी, आचार्य ओम् नीरव, डा.योगेश, डा.शिवमंगल सिंह मंगल, मंजू सक्सेना, देवेश द्विवेदी देवेश शामिल हुए।

व्यापारी के मकान समेत चार जगह चोरों की धावा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी में चोरों ने व्यापारी के घर का ताला तोड़ कर लाखों के गहने पार कर दिए। वहीं, नाका और कैसरबाग के एक फ्लैट में भी चोरी की वारदात हुई। इसके अलावा बीबीडी स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार में खरीदारी के लिए आई महिला ने पांच हजार का सामान चोरी कर लिया।
सुशांत गोल्फ सिटी अर्जुनगंज निवासी व्यापारी अरुण मिश्र हजरतगंज में दुकान चलाते हैं। उनकी पत्नी भी एक निजी कम्पनी में काम करती है। पांच मार्च को दम्पति काम पर गए थे। शाम को घर लौटने पर ताले टूटे मिले। पीड़ित के मुताबिक चोर 90 हजार रुपये और जेवर चोरी कर ले गए हैं। वहीं, कैसरबाग नजरबाग निवासी छात्रा इकरा के मुताबिक शुक्रवार दोपहर वह कॉलेज से घर लौटने पर ताले टूटे मिले। कमरे में रखी अलमारी भी खुली थी। जिसमें रखे करीब साढ़े पांच लाख रुपये गायब है। वहीं, नाका कोतवाली में चंद्र मोहन साहनी ने मकान मालिक के घर से इलेक्ट्रानिक उपकरण और बर्तन चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है।
बीबीडी स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार मैनेजर अशोक कुमार के मुताबिक तीन फरवरी को एक महिला खरीदारी के लिए आई थी। जिसने कर्मचारियों की नजर बचा कर स्टोर से करीब पांच हजार का सामान चोरी कर लिया। स्टॉक मिलान कराने पर चोरी का संदेह हुआ।
सीसी फुटेज खंगालने पर महिला की करतूत पता चली। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह ने बताया कि मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

हादसों में तीन लोगों की जान गई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। माल के करौरा में शनिवार को कार और बाइक में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार सब्बीर (35) की मौत हो गई और साथी घायल हो गया। वहीं, पारा के फतेहगंज में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन श्रीप्रकाश मिश्रा (48) की जान चली गई। पारा के तिकोनिया में ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार बीएससी के छात्र शिवम (21) की चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। माल के जगदीशपुर निवासी किसान अनिल शनिवार को बाइक से हरदोई के अतरौली मदारपुर के मजदूर सब्बीर (35) के साथ घर लौट रहे थे। बाइक अनिल चला रहे थे। वह दोपहर 12-30 बजे माल के करौरा तालाब के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पर पीछे बैठा सब्बीर उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरा। सिर में चोट लगने से मौके पर ही सब्बीर की मौत हो गई। वहीं, अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने अनिल को ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर माल आनंद द्विवेदी के मुताबिक सब्बीर के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन की मौतः पारा के फतेहगंज में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन श्रीप्रकाश मिश्रा (48) की मौत हो गई। एलडीए कॉलोनी निवासी श्रीप्रकाश शुकवार सुबह बाइक से सैलून पर सामान देने जा रहे थे। वह पारा के फतेहगंज के पास पहुंचे ही थी तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से वह उछलकर दूर जा गिरे। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां इलाज के दौरान श्रीप्रकाश की मौत हो गई। परिवार में पत्नी मंजू देवी, बेटा शिवांशु व बेटी शालू हैं। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक ट्रक कब्जे में लिया गया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौटते समय हुआ हादसाः पारा के तिकोनिया में ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार बीएससी के छात्र शिवम (21) की चार दिन बाद इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। पारा के भोला खेड़ा निवासी ऑटो ड्राइवर सर्वेश यादव का बेटा शिवम केकेवी से बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को वह अपने साथी के साथ बाइक से दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। वह पारा के तिकोनिया के पास पहुंचा ही था तभी ट्रक की टक्कर से शिवम और उसका साथी घायल हो गए।

उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर बनकर किसान को तहसील बुलाया

सरोजनीनगर लखनऊ। एक सप्ताह पहले एक किसान को उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर बनकर तहसील आने की धमकी दी गई और जमीन छोड़ने के लिए भी धमकाया गया।बिजनौर थाने पर महेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र राधा कृष्ण सीपी-63 सेक्टर-बी, एलडीए सरोजनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम माती परगना एवं तहसील सरोजनीनगर में कृषि भूमि है जिसपर मैं अपने परिवार की कृषि भूमि पर कृषि का व्यवसाय करता हूं। महेंद्र बताते हैं कि 1 मार्च को विपक्षी ने अपने मोबाइल से मेरे मोबाइल नंबर पर दोपहर 12-37 बजे फोन आया एवं कहा गया कि मैं एसडीएम सरोजनीनगर बोल रहा हू, आप तत्काल तहसील आये नहीं तो मैं टैक्टर भेजकर आपके गेहूं की समस्त फसल जुतवा दूंगा। महेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि फोन करने वाले की बातों से मुझे शंका हुई कि कोई अधिकारी इस तरह से बात नहीं करता जैसी भाषा का फोन करने वाला इस्तेमाल कर रहा था, जब मैंने यह कहा गया कि मैं अभी जयपुर में हूँ मैं अभी नहीं आ सकता एवं आप इस प्रकार की कोई कार्यवाही करेगें तो मैं डीएम लखनऊ से आपकी शिकायत करूंगा, इस पर वो व्यक्ति मुझे गोली मारने की धमकी देने लगा एवं बोला कि मैं तुम्हारे खेतों पर कब्जा कर लूंगा यह जमीन मेरी है, सरवन नगर के लोग मारे गये हैं, तुम्हारे भी पीतल ठोकी जायेगी संभल के रहना, इस पर मेरे द्वारा फोन काट दिया गया।
पीड़ित का कहना है कि मैं अपने कृषि फर्म के चौकीदार बिसम्बर को फोन किया गया कि कोई फार्म में तो आया नहीं तो उसने बताया कि एक फोन आया था एवं उससे कहा गया कि वो आपकी नौकरी छोड़ दे एवं वहीं से चला जाए यह जमीन उसकी है और वह कल अपने पेड़ काटने आयेगा, इसलिए तुम वहां से चले जाओ इसपर चौकीदार द्वारा कहा गया कि हमारे मालिक बाहर गये हैं तुम तभी आना जब वह वापस आ जाये, मैं उनके आने से पहले फार्म छोड़कर नहीं जाऊंगा।

बीबीएयू में छात्रा से अश्लील हरकत करने की कोशिश

विरोध में उतरी छात्राओं ने किया जमकर हंगामा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह मामला बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) कैंपस का है। यहां पर एक छात्रा से हॉस्टल के एक कर्मचारी ने छेड़खानी की है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने उसे गलत तरीके से छुआ और जबरन किस करने की भी कोशिश की है। जब इस बात का छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकी भी दी और गालीगलौज किया। इस घटना जानकारी पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की। लखनऊ के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) कैंपस में यह घटना 6 मार्च को हुई। जानकारी के अनुसार, संघमित्रा हॉस्टल में 2 मार्च को रेड हुई थी। इस दौरान पीड़ित छात्रा के रूम में इलेक्ट्रिक केतली मिली। उसने बताया कि ये केतली उसने पानी गर्म करने के लिए रखी थी, क्योंकि उसे बुखार था। रेड के दौरान केतली को जब्त कर लिया गया। अगले दिन उसने केतली वापस लेने के लिए हॉस्टल की मैट्रन रेनू सिंह से फोन पर संपर्क किया था। लेकिन, उन्होंने कहा कि केतली तब वापस मिलेगी, जब जुर्माना भरोगी और आगे से ऐसा नहीं करोगी। सब कुछ लिखित में देना होगा। 5 मार्च को वह डीन स्टूडेंट वेलफेयर के ऑफिस में जुर्माना भरने पहुंची थी।पीड़िता के अनुसार, जब वह डीन स्टूडेंट वेलफेयर के ऑफिस में जुर्माना भरने पहुंची थी, तो तब उसे कर्मचारी विनय मिला। विनय ने कहा कि फाइन वार्डन मीनाक्षी के पास जमा होगा। इसके बाद अगले दिन 6 मार्च को उसने फोन कर उसे ऑफिस बुलाया। उसने भरोसा दिया कि वह केतली दिलवा देगा। छात्रा का आरोप है कि वह वहां पहुंची तो विनय ने उसका हाथ पकड़ा, गलत तरीके से छुआ और किस करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे अंजाम भुगतने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि इस घटना की जानकारी पीड़िता ने उसी दिन प्रॉक्टर को दी और लिखित में शिकायत भी दी। लेकिन, जानकारी के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बात से नाराज छात्राओं ने शुक्रवार रात को परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की जानकारी होने पर प्रॉक्टर एमपी सिंह और दूसरे अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों ने छात्राओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मानी। इसके बाद लगभग रात 1:00 बजे मौके पर पुलिस पहुंची। छात्राओं का कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी, उनका विरोध प्रदर्शन ऐसे ही

वन विभाग की मिली भगत से काटे गए आम के बैर से लदे पेड़

रेंजर ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

सरोजनीनगर । वन विभाग में बैठे कुछ भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी आज भी लकड़कटों को चंद पैसों के लालच में प्रतिबंधित फलदार पेड़ों को काटने के लिए अभयदान दिया जा रहा है। जिसके चलते बीती रात बंथरा थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं ने बौर से लदे हरे भरे नौ पेड़ों को कटकर उनकी बलि चढ़ा दी। जिनका किसी प्रकार का कोई परमिशन नहीं लिया गया था। इस मामले में वन विभाग के एक भ्रष्ट अधिकारी का नाम भी सामने आया है। जिसकी मिली भगत से इन पेड़ों को काटकर रातों-रात लकड़ी मौके से गायब कर दी गई।
बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा गांव में वन विभाग की कथित मिलीभगत से आम के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। रात के अंधेरे में आठ आम एक महुआ के पेड़ों को काट दिया गया।सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने वन विभाग के एक अधिकारी का नाम लिया है और ठेकेदार ने पेड़ों की कटाई करवाने से पहले उसकी अधिकारी से बातचीत हुई थी, उसके बाद ही पेड़ों की कटान काम शुरू किया था। अमावां बीट प्रभारी प्रकाश चंद सिंह ने बताया कि वृक्ष मालिक श्यामलाल पुत्र सोमनाथ ग्राम सभा लोनहा थाना बंथरा के आठ आम के एक महुआ का पेड़ बिना किस से बातचीत किए चोरी से काटकर ठेकेदार वाहिद पुत्र अली हुसैन खुशालगंज थाना पारा लखनऊ ने बीती रात चोरी से कटवाकर बेच दिया, जिसका मुकदमा लिखवाने के लिए बंथरा थाने में तहरीर दी है। प्रभारी ने का कहना है कि इस संबंध में किसान से बात करने मालूम हुआ कि उसे कोई जानकारी पेड़ों को काटे की नहीं थी, और चोरी से ठेकेदार ने पेड़ों को कटकर रातों-रात लकड़ी उठाकर बेच लिया।वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में वन माफिया के सक्रिय होने और विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। विशेष रूप से चिंता का विषय यह है कि काटे गए सभी पेड़ फलदार थे। बताते हैं कि इस लकड़ी माफिया द्वारा पूर्व में भी कई बार इस तरीके की हरकत की जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में इसके द्वारा समय-समय पर इस तरीके की घटनाएं घटित की जाती हैं,इसके ऊपर कोई कठोर कार्यवाही न होने से कानूनी शिकंजे का कोई खौफ नहीं है।

> प्रकरण संज्ञान में आया है, बीट प्रभारी को मौके पर जांच के लिए भेज दिया है, अगर ठेकेदार किसी विभागीय अधिकारी कर्मचारी के ऊपर आरोप लगाता और आरोप सही साबित होता है तो ठेकेदार के साथ साथ उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।
>
> **सुरेंद्रनाथ सिंह रेंजर सरोजनीनगर लखनऊ**

शनीजात में फंसी रही एम्बुलेंस, तड़पती रही महिला मरीज

शनिजात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़,पुलिस व्यवस्था रही नदारद

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। होली के त्यौहार से पूर्व शनिवार को नगर के बड़े मियां एवं छोटे मियां दरगाहों पर शनिजात करने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी। परिणामस्वरूप दरगाह वाले मार्ग जाम हो गये। इस दौरान शनिजात में कोई पुलिस व्यवस्था नही होने से स्थिति इतनी बदतर हो गयी कि सकरौली क्षेत्र से महिला मरीज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयी सरकारी एम्बुलेंस भी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत नगर के मोहल्ला छत्ता स्थित छोटे मिया दरगाह के निकट घण्टेभर तक जाम में फंसी रही। एम्बुलेंस में पड़ी गर्भवती महिला मरीज दर्द से तड़पती रही। मगर किसी ने भी इंसानियत दिखाते हुए एम्बुलेंस को निकलने तक के लिए रास्ता तक नही दिया। दरगाह स्थल पर कोतवाली पुलिस के नही दिखने पर एम्बुलेंस पायलट द्वारा 112 पुलिस डायल पर भी कॉल की गई मगर कॉल ही रिसीव नही की गई। अन्तोगत्वा एम्बुलेंस के पायलट ने काफी जद्दोजहद के बाद किसी तरह एम्बुलेन्स को धीरे धीरे लगभग एक घण्टे तक भीड़भाड़ से निकाल कर मरीज को सीएचसी पहुंचाया। एम्बुलेंस के सीएचसी पहुंचने के बाद महिला मरीज और उसके तीमारदारों के साथ साथ पायलट के जान में जान आयी। एम्बुलेंस के पायलट ने बताया कि वह सकरौली क्षेत्र से एक गर्भवती महिला को अपनी एम्बुलेंस से डिलेवरी के लिए सीएचसी जलेसर लाया था। मगर सीएचसी से लगभग दो सौ मीटर पहले रास्ते मे ही स्थित छोटे मियां दरगाह पर मोरी की जात हो रही थी। जात में श्रद्धालुओं का बड़ा शैलाब होने से लगभग एक घण्टे तक एम्बुलेंस भीड़भाड़ में फंसी रही। जात स्थल पर कोई पुलिस व्यवस्था नही होने से 112 पुलिस डायल पर भी कॉल की गई।मगर किसी ने भी कॉल रिसीव नही की।

महिला सशक्तिकरण चुनौतियाँ एवं अवसर विषय पर एक गोष्ठी का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय दिनेश चन्द की अध्यक्षता में शनिवार को बहुउद्देशीय हॉल, न्यायालय परिसर, एटा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण चुनौतियाँ एवं अवसर विषय पर एक गोष्ठी (सेमिनार) का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ0 बबीता चौहान उपस्थित हुईं। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11:45 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश एटा एवं मुख्य अतिथि डॉ0 बबीता चौहान के द्वारा सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्याम नारायण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र नारायण मिश्र तथा प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ0 रजनी पटेल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुश्री प्रीती श्रीवास्तव-ढूढ्ढढ्ढ, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-1, श्रीमती मनीषा, कमालुद्दीन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा, श्रीमती सारिका गोयल एवं सुधा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एटा तथा श्रीमती सुरेखा, श्रीमती चारू सिंह, श्रीमती आंचल राना, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री प्रियंवदा चौधरी, श्रीमती मेहा, श्रीमती तनाया गुप्ता, सुश्री आंचल मलिक, अपर सिविल जज आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण व सुरक्षाकर्मी तथा विभिन्न सरकारी विभागों की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण एवं छात्राएँ आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यरत् कुल 23 महिला अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 बबीता चौहान के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि वो प्रत्येक महिला को सशक्त बनाकर रहेंगी।मुख्य वक्ता डॉ0सुनीता सक्सैना के द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर अपने वक्तव्य में विशेष बल दिया गया। इसी क्रम में श्रीमती मनीषा अपर जिला जज एवं सुश्री प्रीती श्रीवास्तव अपर जिला जज के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण विषय पर प्रतिभागियों को उद्बोधित किया गया।कार्यक्रम के समापन भाषण में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा महिला अधिकारों पर कानूनी जानकारी दी जाकर घरेलू महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार पर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया गया और विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई।

दो शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्त शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए गिरफ्तार

09 बने अधबने अवैध शस्त्र, 06 नाल, कारतूस तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री नीतिश गर्ग के कुशल नेतृत्व में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना निधौली कला पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए दो शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को भारी मात्रा में अवैध असलहा कारतूस तथा शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया गया है। गत दिवस को थाना निधौली कलां पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो शातिर अंतर्जनपदीय अवैध असलहा तस्करों को 09 अवैध तमंचा (बने-अधबने), 06 नाल 02 जिंदा कारतूस तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ खारजा नहर पुल से थोड़ी दूर सुनसान झाड़ियों में से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में जानकारी में आया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जो पूर्व में अन्य जनपदों से भी अवैध शस्त्र के मामलों में जेल जा चुके हैं। अभियुक्तगण पुराने तथा खराब तमंचे सही करने का कार्य भी करते हैं। अभियुक्तगण हाथरस के सहपऊ, सिकन्द्राराऊ तथा निधौली कला एटा आदि में तमंचे बनाकर बेचने का कार्य करते हैं।

एवियर ने 'नारी शक्ति अवॉर्ड 2025' के माध्यम से महिलाओं की उपलब्धियों को किया सम्मानित

देव मणि शुक्ल

नोएडा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टर 62 स्थित एवियर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति अवॉर्ड 2025' में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह आयोजन कॉलेज की पूर्व उपाध्यक्ष दिवंगत बिंदु सिंह की स्मृति को समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मशिला कैंसर फाउंडेशन एवं अस्पताल की संस्थापक डॉ. सुवर्षा खन्ना, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान भारत केसरी एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता दिव्या काकरान, कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह, डायरेक्टर जनरल प्रो. एस के शुक्ला, एम डी कनिका सिंह और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमरेश कुमार ने शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता, समाजसेवा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस वर्ष नारी शक्ति अवॉर्ड 2025 से सम्मानित होने वाली प्रमुख हस्तियों में डॉ. कर्णिका तिवारी, कनिका सिंह, कल्पना कालपी, खुशबू वर्मा, शारदा चतुर्वेदी, निधि मिश्रा, शालू गोयल, गीता शर्मा, सुषमा शर्मा, अलंकृता मानवी, पूनम सिंह, अपर्णा दीक्षित, स्मृति, कविता शर्मा, निवेदिता शर्मा, ऋतु सिंह, विनेश त्यागी, साधना चौहान, आशा चौहान, रेखा चौहान, अलीशा, प्रोफेसर रचना, मनीषा सिंह, प्राची कौशिक, दीपिका शर्मा, दीप्ति सक्सेना, रविता कुमारी, मनप्रीत कौर और अंजली हासवानी शामिल रहीं।

भारतीय खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पहलवान दिव्या काकरान ने कहा, खेल के क्षेत्र में महिलाओं को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन कड़ी मेहनत और समर्पण से वे नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से उनके संघर्ष और उपलब्धियों को पहचान देना न केवल उनका मनोबल बढ़ाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता है। कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह ने कहा, महिला सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। हमारा संस्थान उन महिलाओं को पहचान और सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

युवक को तेज रफ्तार गिट्टी से भरे डंपर ने कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

ग्रामीणों ने लगाया घंटों जाम, भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद, मान मनौव्वल के बाद उठने दिया शव

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जसरथ पुर थाना क्षेत्र भोज्जापुर गांव के समीप खेत पर पैदल जा रहे 35 वर्षीय युवक उमेश कुमार पुत्र किशन सिंह निवासी भोज्जापुर को गिट्टी से भरे डंपर ने कुचल दिया युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।ग्रामीणों ने भाग रहे रहे डंपर चालक और क्लीनर को बंधक बना लिया।और सड़क पर जाम लगा दिया देखते देखते हजारों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए।सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया।

शव को उठाने का पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन गुस्साए परिजनों ने और ग्रामीणों सड़क पर शव रखकर जाम लगा और मौके पर जिलाधिकारी को बुलाने की मांग करने लगे। गुस्सा बढ़ता देख सूचना वरिष्ठ अधिकारियों दी गई ।मौके तहसीलदार अलीगंज नीरज वार्ष्णेय, और क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन पाने और हर संभव मदद का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भरोसा दिलाया। युवक की मौत के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मां और पत्नी युवक के सड़क पर बिखरे चीथड़ों से चिपक कर रोते बिलखते रहे।पुलिस ने करीब दो घंटे बाद जाम खुलवाया और रास्ता सुचारु रुप से चालू किया।पुलिस ने मृतक के चीथड़ों को एक पोटरी में इकट्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मृतक युवक के दो छोटे बच्चे हैं।

महिला हाइजीन एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। युवा शक्ति वाई एस एस फाउंडेशन एवं यूनिचार्म ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर युवा स्ट्रीट टू स्कूल, सेक्टर 127, नोएडा और आसपास के स्लम क्षेत्रों में महिलाओं के लिए महिला हाइजीन एवं सैनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला अध्यक्ष मनीषा सिंह ने महिलाओं के समाज में योगदान पर प्रकाश डाला और उनके अधिकारों एवं उन्नति के विषय में जागरूकता बढ़ाई।

इस अवसर पर डॉ. आस्था पाठक ने महिलाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के बारे में शिक्षित किया। कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक महिलाओं को हाइजीन किट और सैनेटरी पैड वितरित किए गए। साथ ही, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे अपने अधिकारों और लाभों के प्रति जागरूक हो सकें। युवा शक्ति वाई एस एस फाउंडेशन का यह प्रयास महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए कलश थापा एवं गुरवीन कौर को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता अभियान जारी रखेगी। आज के कार्यक्रम मे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ संस्था के कार्यकर्ता एवं बच्चे शामिल हुए।

सीटू व जनवादी महिला समिति ने समस्त मातृशक्ति को दी बधाई

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस ज़िंदाबाद

हमें सम्मानजनक ज़िंदगी का अधिकार दो

भूख, ग़रीबी , मंहगाई बेरोज़गारी और हिंसा से मुक्ति

देव मणि शुक्ल

नोएडा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीटू व जनवादी महिला समिति द्वारा बरौला सेक्टर- 49, नोएडा पर आयोजित कार्यक्रम में सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने समस्त मातृशक्ति एवं देश/प्रदेश व जनपद वासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई शुभकामनाएं दी। साथ ही इन्होंने बताया कि अब से 115 साल पहले हमारी पुरखिनों ने सड़कों पर निकलकर अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद की थी। तब से अब तक पूरी दुनिया में महिलाओं ने तमाम लड़ाइयां लड़ीं भी और जीतीं भी.. इन्हीं लड़ाइयों के कारण औरतों को कुछ हद तक एक इंसान और एक नागरिक के रूप में पहचाना भी गया। किंतु यह लड़ाई आज भी जारी है हमारे देश में वोट की राजनीति करने वालों ने चुनावों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को समझते हुए उनको तमाम प्रलोभन भी दिए हैं किन्तु सही मायने में महिलाएं एक सम्मानजनक जीवन का हक़ पाने की लड़ाई आज भी लड़ रहीं हैंक भूख , ग़रीबी , मंहगाई और बेरोज़गारी ने महिलाओं की कमर तोड़ दी है वहीं हिंसा की वीभत्स घटनाओं ने उन्हें घर बाहर हर जगह असुरक्षित कर दिया है ।क उपभोक्तावादी संस्कृति ने औरत को भी एक चीज़ के रूप में बदल दिया है। आये दिन अपनी बहन बेटियों पर बर्बर हिंसा की घटनाओं को लेकर हम खौफ में रहते हैं। आज की सबसे भयानक तस्वीर है कि अपराधियों को भी उनकी जाति मज़हब और उनके राजनैतिक पक्ष के मुताबिक देखा जाता है। बलात्कार के अपराधी सज़ायाफ्ता बाबाओं का पैरोल पर जेल से बाहर आकर चुनाव प्रचार करना या प्रवचन करना जैसे एक आम बात होती जा रही है। एक ओर नई टेक्नोलॉजी से विकास के मापदंड तय हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर पाखंड और अंधविश्वास के दल-दल में महिलाओं को धकेलने की साजिश हो रही है। आजकल पाखंडी बाबाओं का धंधा खूब फल-फूल रहा है जिनकी सबसे आसान शिकार महिलाएं हैं जिन्हें भ्रमित कर उनकी बुनियादी मुद्दों की असली लड़ाई को ये बाबा कमज़ोर कर रहे हैं।

धार्मिक आस्था हर व्यक्ति का अपना व्यक्तिगत अधिकार है किन्तु यदि यदि इस अधिकार का इस्तेमाल राजनैतिक लाभ लेने के लिए किया जाता है तो निश्चित रूप से फिर यह धर्म नहीं रह जाता है। उदाहरण के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व कुंभ का राजनैतिक लाभ लेने के लिए उसे इतना गौरवान्वित किया गया कि करोड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी और बदइंतजामी के चलते भगदड़ में जाने कितनी जानें गईं और नदी का पानी भी दूषित हो गया। यही षड्यंत्र हुक्मरानों द्वारा खेला जा रहा है जिसमें आम जनता धर्म की घुट्टी पीकर अपने असली मुद्दों को भूल जाये। जहां तक महिलाओं का सवाल है, उनके खिलाफ मनुवादी मानसिकता के लोगों द्वारा मनुवादी हमले और तेज़ हुए हैं।

स्कूल के प्रांगण में महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्ष सोनिया माहेश्वरी, मुख्य वक्ता अलका सक्सेना द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं सभी महिला शिक्षकों द्वारा मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष वीरेंद्र वार्ष्णेय, प्रबंधक अतुल राठी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर राजेश सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने सभी महिला शिक्षकों एवं कार्मिकों को विद्यालय में उनके योगदान की सराहना करते हुए महिला दिवस की बधाई दी। उप प्रधानाचार्य सोनिया माहेश्वरी को पटका पहनाकर महिला शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया और उनके द्वारा सभी महिला शिक्षकों एवं कार्मिकों को पटका पहनाकर महिला दिवस की बधाई दी गई। महिला दिवस की शुरुआत कब और कैसे हुई इससे अवगत कराते हुए मुख्य वक्ता अलका सक्सेना ने कहा की आया समय उठो तुम नारी युग निर्माण तुम्हें करना है। नई पीढ़ी को पढ़ा- पढ़ा कर खुद को भस्म तुम्हें करना है।

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब स्त्री द्वारा कन्या को जन्म दिए जाने पर परिवार के द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता था, अपमानित किया जाता था। यहां तक की कभी-कभी तो ससुराल से बहिष्कृत भी कर दिया जाता था। परिवार में उनका कोई सम्मान नहीं होता था। यहां तक कि समाज में उनका परिचय भी बाल्यावस्था में किसी की बेटी, विवाह के उपरांत किसी की पत्नी एवं वृद्धावस्था में किसी की मां के रूप में कराया जाता था। उन्हें उनके नाम से परिचय कराने का गौरव प्राप्त नहीं था। समाज में आगे बढ़ने के उन्हें अवसर प्राप्त नहीं थे।

उन पर तमाम प्रकार के सामाजिक और पारिवारिक प्रतिबंध थे किंतु धीरे-धीरे समय बदला और आज के जागरूक समाज में महिलाओं को पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक, व्यवसायिक सभी क्षेत्र में सम्मान प्राप्त है। पहले बेटी को संपत्ति में बेटे से बराबर अधिकार प्राप्त नहीं था । वह आर्थिक रूप से किसी न किसी पर निर्भर थी। मगर अब वह आर्थिक गुलामी से मुक्त हो चुकी है। वह शिक्षित होकर स्वयं अपने पैरों पर खड़ी होकर आत्मनिर्भर बन जाती है। इसके साथ-साथ हिंदू उत्तराधिकार एक्ट 2005 से संविधान द्वारा भी उनको पैतृक संपत्ति में बराबर का हिस्सा मिलने का अधिकार प्राप्त हो गया है। आज की नारी सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान कर रही है। अब वह पारिवारिक, सामाजिक एवं कार्य स्थल पर होने वाली किसी भी प्रकार की प्रताड़ना का मुकाबला आसानी से कर सकती है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके संरक्षण के लिए सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के कानून लागू किए गए हैं। आज वह जीवन के हर मोड़ पर कानूनी सुरक्षा के घेरे में है।

वह आज स्वावलंबी और स्वतंत्र है। आज परिवारों में एकमात्र संतान बेटी को भी सम्मान और गौरव के साथ सभी अधिकारों के साथ अपना जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। इस अवसर पर सुनीता जैन, कुसुम पांडे ,ममता उपाध्याय, प्राची गुप्ता, निधि पांडे ,सीता शर्मा, सुमन, पूनम राजपूत, शिखा सक्सेना, नीना उपाध्याय, शालिनी यादव, गार्गी उपाध्याय सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 48,400 वादों का हुआ निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश महोदय दिनेश चन्द की अध्यक्षता में शनिवार को दीवानी न्यायालय एटा, ग्राम न्यायालय अलीगंज व कलेक्ट्रेट तथा समस्त तहसील न्यायालयों के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायाधीश एटा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दिनेश चन्द, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा, अहमद उल्लाह खाँ, पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0, दिनेश कुमार अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, सुश्री प्रीती श्रीवास्तव-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-1, वेद प्रिय आर्य, उपजिलाधिकारी/नोडल अधिकारी (प्रशासन) तथा श्रीमती मनीषा, अली रज़ा, शशी भूषण कुमार शाण्डिल, विकास गुप्ता, निशान्त शाविया, नरेन्द्र पाल राना, कमालुद्दीन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा, शीलवंत एवं सुधा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एटा तथा अनिल कुमार-मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एटा, मंगल देव सिंह, युगल चन्द्र चौधरी, श्रीमती सुरेखा, श्रीमती चारू सिंह, श्रीमती आंचल राना, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री प्रियंवदा चौधरी, रजत शाहू, श्री अमित मणि त्रिपाठी, आशुतोष खरवार, सिविल जज एटा, अभिषेक कुमार- अपर सिविल जज (जू0डि0)/किशोर न्याय बोर्ड एटा, श्रीमती मेहा, श्रीमती तनाया गुप्ता, मोहित कुमार, सुश्री आंचल मलिक, अपर सिविल जज, योगेश उपाध्याय, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एटा आदि न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण व सुरक्षाकर्मी आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 62380 वाद सूचीबद्ध थे, जिसमें से लगभग कुल 48,400 वादों का निस्तारण किया गया जो इस जनपद की अब तक की राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये गये वादों की अधिकतम संख्या है और इस जनपद के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। प्रभारी प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा कुल-21 परिवारिक मामलों का सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारण किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वृद्धा आश्रम में महिलाओं का किया सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। लक्ष्य संस्था के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन वृद्धाआश्रम एटा पर किया गया। आश्रम में रहने वाली सभी वृद्ध महिलाओं को साड़ियां भेंट की गई एवं फूल माला पहनाकर,गुलाल का तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। प्रमुख सलाहकार सत्य प्रवीर गुप्त ने कहा कि संस्था विगत बीस वर्षों से सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। संस्था ने शिक्षा, चिकित्सा, एवं एटा के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महिला जिला प्रभारी डॉ सरिता यादव ने तिलक माला पहनाकर साड़ियां भेंट कर सभी महिलाओं का सम्मान किया महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि संस्था भविष्य में भी बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्य करती रहेगी। होली के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। महिलाओं ने आपस मैं एक दूसरे के गुलाल भी लगाया। इस अवसर पर मीना जैन, वीना सिंह, रेखा गुप्ता, ममता गुप्ता, डॉ विजय मिश्रा, सुरेश चन्द्र यादव, जितेंद्र कुमार शाक्य, वीरेंद्र पाल सिंह, सलिल यादव, आनन्द गुप्ता, अमित राठौर आदि संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रहम आयोजित

ऐ नए मौसम के पंक्षी अब सिमटना छोड़ दे

हौसले बाजू में रख और रुख हवा का मोड़ दे

जब ये पंक्तियाँ हवा में गूंजी तो महिला सशक्तिकरण हेतु चल रहे प्रयासों की बानगी पता चली

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा जागरुकता कार्यक्रम मिशन शक्ति एवं मिशन शक्ति के अन्तर्गत नोडल टीचर सम्मान कार्यक्रम मनाने के निर्देश के क्रम में जिला परियोजना कार्यालय एटा के द्वारा डायट परिसर में इस कार्यक्रम को किया गया। इस कार्यक्रम को प्रारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पत्नी एवं समाजसेविका प्रेमलता वर्मा डेविड के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। मुख्य अतिथि ने मौजूद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों एवं नोडल अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ज़माना नारी सशक्तिकरण का है और समाज में नारी शिक्षा व नारी अधिकार के लिए सकारात्मक सोच का विस्तार हुआ है। शिक्षाविद कृष्णकांत मिश्रा ने कहा कि आज की बालिकाओं में बदलाव का जीन विरासत में मिला है और वह उस दौर को लाने वाली है जब उसे किसी अधिकार को मांगने की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य पुरस्कृत शिक्षिका प्रीति गौड़ ने कहा आज वही देश सशक्त है जहां बेटियां और महिला सम्मानित होती हैं। संजय शर्मा जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एटा ने कहा कि नारी एक-एक कदम बढ़ाकर ही आगे बढ़ेगी, कामयाबी का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कार्यक्रम के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए अपर जिला न्यायाधीश कमालुद्दीन ने कहा कि यह दिन महिला दिवस के रूप में नहीं अपितु एक त्योहार के रूप में मनाया जाना चाहिए। आज की महिला इतनी सशक्त है कि उसे किसी आरक्षण की आवश्यकता नहीं, न्यायपालिका इसकी श्रेष्ठ उदाहरण है जहां बीते वर्षों में 50प्र से अधिक पदों पर महिलाएं न्यायाधीश के रूप में नियुक्त हुई हैं।

संक्षिप्त खबरें

हसनगंज ब्लॉक, सेक्टर 23 में पीडीए पंचायत हुई संपन्न

हसनगंज, उन्नाव आज 164 मोहान विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी डॉ आंचल वर्मा व विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में पी0डी0ए0 पंचायत का कारवां ब्लॉक हसनगंज के सेक्टर 23 रामपुर अख़ौली में संपन्न हुआ जिसका आयोजन भोजराज गौतम जी व अशोक कुमार जी द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय सुखराम गौतम जी ने की, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आंचल वर्मा जी ने कहा जिस तरह रोटी एक तरफ सेकने से जल जाती है इसलिए उसको पलटना जरूरी है ठीक उसी प्रकार सरकार को भी पलटना जरूरी है नहीं तो आने वाली आपकी पीढ़ियों का भविष्य भी जलकर राख हो जाएगा वर्तमान की सरकार ने हर वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने की बात कही थी विदेश से काला धन लाकर हर व्यक्ति के खाते में 15, 15 लाख देने का वादा किया था हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में बैठेगा किसानो की आय दोगुनी करने का वादा किया था। क्या आज तो कोई वादा पूरा हुआ है उपस्थित लोगों ने हाथ उठा कर कहा नहीं पूरा हुआ है इस पर डा 0वर्मा ने कहा कि आने वाले2027 के चुनाव में इस सरकार को आप ही लोग सत्ता के बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से नि.राष्ट्रीय सचिव छात्रसभा राहुल यादव , जिला सचिव शिवसिंह चौहान , कार्यक्रम का संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम यादव ने किया, कोषाध्य संदीप यादव, सरजू गौतम , राम अवतार गौतम कृष्ण मोहन बच्चू लाल अमीन सुरेन्द्र गौतम वीरेन्द्र गौतम महेन्द्र गौतम बृजेश गौतम पुष्पा राज नन्हक्की गौतम फूलमती , श्रेयांश यादव दिनेश कुमार दीक्षित मोहन लाल गौतम रामस्वरूप रावत श्याम कुमारी शिवराम गौतम के साथ-साथ एक सैकड़ा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ई रिक्शा ने बाइक सवार को मारी टक्कर तीन घायल

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार रात आजाद मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने बाइक सवार युवको को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस में घायलों को इलाज के लिए भेजा है। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे दो बाइक सवार युवक मरहला चौराहे से हाइवे की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह आजाद मार्ग स्थित महेश खेड़ा गांव के पास पहुंचे। तभी अचलगंज की ओर से उलटी दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए भेजा है। जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हाइवे पर अवैध कट से मुड़ रही बस से डंपर की टक्कर, यात्री बाल-बाल बचे शुक्रवार दोपहर रायबरेली डिपो की एक रोडवेज बस यात्रियों को लेकर कानपुर से रायबरेली की ओर जा रही थी। आजाद मार्ग चौराहे से पहले बने अवैध कट से बस चालक ने बस को मोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान कानपुर की ओर से आ रहे गिट्टी लदे डंपर ने बस से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन बस में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस घटना के बाद सड़क पर भीषण जाम लग गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान

बीघापुर,उन्नाव। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सांई ऊदल फौजी के प्रबंध निदेशक ऊदल फौजी, शिक्षक नेता भगवती सिंह, समाजसेवी नवनीत शुक्ला ने 100 शैय्या अस्पताल की महिला स्टाफ नर्स थाने में महिला हेल्प डेस्क में तैनात महिला कर्मचारी व बाल विकास पुष्टाहार योजना में कार्यरत सीडीपीओ को बुके व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साईं ऊदल फौजी अकादमी के प्रबंध निदेशक उदल फौजी शिक्षा नेता भगवती सिंह समाजसेवी नवनीत शुक्ला ने सौ शैय्या अस्पताल पहुंचकर स्टाफ नर्स अनीता देवी को बुके व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया । अस्पताल में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक विमल आर्या ने कहा कि समाजसेवी जनप्रतिनिधियों द्वारा स्टाफ नर्स का सम्मान किए जाने से निश्चित ही कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया सम्मान अन्य कर्मचारियों को बेहतर करने की प्रेरणा देगा ।अस्पताल में फार्मासिस्ट आलोक सिंह ,सूरज सिंह मौजूद रहे । कोतवाली में महिला हेल्पडेस्क पर कार्यरत अंशू त्यागी व आकांक्षा ओसवाल को ग्राम प्रधान ऊदल फौजी व शिक्षक नेता भगवती सिंह ने सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला हेल्प डेस्क में कार्यरत महिला आरक्षियों को सम्मान मिलने पर वरिष्ठ उप निरीक्षक सूरज यादव ने कहा कि उदल फौजी अकादमी व शिक्षक नेता व समाज सेवी द्वारा किए गए उत्साह वर्धन से निश्चित ही कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है

बालिका वर्ग कबड्डी का हुआ समापन, हुआ पुरस्कार वितरण

अमेठी। उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि वर्ष 2025-26 में आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय 15 वर्ष से कम आयु के बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आज समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि के राजेश कुमार सिंह अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं महासचिव उ0प्र0 कबड्डी संघ की गौरवदायनी उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। आज दूसरे दिन के मैच में मीरजापुर बनाम लखनऊ जिसमें मीरजापुर ने 23-18 से लखनऊ को हराया, वाराणसी बनाम कानपुर जिसमें वाराणसी ने 33-09 से कानपुर को हराया तथा मेरठ बनाम मीरजापुर जिसमें मीरजापुर ने 22-02 से मेरठ को हराया। आज प्रथम सेमीफाइनल में वाराणसी बनाम लखनऊ जिसमें वाराणसी ने लखनऊ को 27-7 से, द्वितीय सेमीफाइनल मीरजापुर बनाम कानपुर जिसमें मीरजापुर ने कानपुर को 18-3 से तथा फाइनल मैच वाराणसी बनाम मीरजापुर रहा जिसमें वाराणसी ने 48-16 से मीरजापुर को पराजित कर वाराणसी विजेता रही। उन्होंने कहा कि आवासीय क्रीडा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय कबड्डी खिलाडियों का चयन/ट्रायल्स (फिजिकल टैस्ट एवं स्किल टेस्ट तथा डॉक्टरों द्वारा मेडिकल जांच) भी कराया गया। इस अवसर पर चयन समिति सदस्य के हरफूल सिंह उपक्रीडाधिकारी कासगंज एवं आब्जर्वर उ0प्र0 कबड्डी संघ रामपाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया।

लाइसेंसी बंदूक के साथ पिता को भेजा जेल

अमेठी। जनपद की विधानसभा अमेठी में शुक्रवार को आपसी कहां सुनेंगे नशे के दौरान पिता द्वारा पुत्र को लीची बंदूक से गोली मार दी गई थी जिसकी सूचना पर पुलिस द्वारा घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शनिवार को घायल के पिता सर्वेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 दल बहादुर सिंह निवासी ग्राम भीमी थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

परम्परागत तरीके से मनाएं त्योहारः डीएम, एसपी

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों होली, ईद व अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद के अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जनपद अमेठी में सभी त्योहारों को आप लोगों ने मिलजुल कर मनाया है कहीं पर भी किसी को कोई परेशानी नहीं हुई है आप सभी ने जिले में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल को कायम रखा है।

जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुशील जायसवाल ने कराया कार्यक्रम

» विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग का उद्घाटन सरकार की योजनाओं किया बखान

लोकमित्र ब्यूरो

सिद्धौर, बाराबंकी। ब्लॉक क्षेत्र के दुनौली गांव में पंचम राज्य वित्त आयोग से हुए विकास कार्यों को लेकर शनिवार को ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत मौके पर पहुंचे। यहां पर सियाराम के खेत से इंद्राज के घर तक करीब 200 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने लोगों को बताया कि भाजपा सरकार गरीबों की सरकार है।

ग्रामीण स्तर पर शोषित वंचित लोगों के लिए तरह-तरह की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा व पेयजल आदि को लेकर सरकार विकास कार्यों के लेकर तत्पर है। ऐसे में इस गांव में भी विकास कार्यों की गंगा बह रही है। ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के 96 पंचायत में पंचम राज्य वित्त आयोग से गांव-गांव विकास कार्य कराया गया है। जिसमे इंटरलॉकिंग वाटर कूलर एटीएम, स्ट्रीट लाइट, नाल आदि का निर्माण हो रहा। क्षेत्रीय बीडीसी व प्रधान की मांग पर विकास कार्य हो रहे हैं।

उनके द्वारा दिए जा रहे हैं प्रार्थना पत्रों को प्रस्ताव में शामिल किया जा रहा है। इसके द्वारा विभिन्न स्थलों पर लगाई गयी स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुशील जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष कोठी तीरथ राम वर्मा आदि थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमेठी। जनपद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं, बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनपद में विधिध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निशा अनंत ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं व बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी तथा संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग संघर्ष करके यहां तक पहुंचे हैं आप भी संघर्ष करें और आगे बढ़े, उन्होंने समाज की महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि अपनी बेटियों को पढ़ाएं जरूर, क्योंकि एक पढ़ी-लिखी महिला ही अपने बच्चों का बेहतर भविष्य बना सकती है। डीएम ने कहा कि हम सभी महिलाएं एक दूसरे को इज्जत दें, समस्याएं व चुनौतियां सभी के जीवन में आती हैं हम उन चुनौतियों को किस प्रकार स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते हैं यह हमारी खुद की सोच पर निर्भर करता है हम अपने अंदर के डर को निकाल कर आगे बढ़े, अनावश्यक बातों को इग्नोर करते हुए।

सभी को साथ लेकर संगठन का करेंगे कामः सचिन यादव

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जनपदीय उपाध्यक्ष बनाए गए इंजीनियर सचिन यादव ने कहा है कि सभी को साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। उनको यह दायित्व देने के लिए सभी साथियों का आभार है।

विभाग के सभी इंजीनियरों के साथ आयोजित बैठक के बाद हुए सर्व सम्मत से चुनाव में उन्हे दूसरी बार जनपदीय उपाध्यक्ष का दायित्व मिला है । उन्होंने बताया कि समय समय पर सभी साथियो के साथ वे अपने अध्यक्ष व सचिव के निर्देशन में बैठक करेंगे व साथियो की समस्याओ को उच्च अफसरों सहित प्रांतीय व मंडलीय संघो में पंहुचाएंगे।सभी को साथ लेकर कार्य करेंगे तथा संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। प्रांतीय उप महा सचिव पी के गौतम की मौजूदगी में चुनाव अधिकारी मंडल अध्यक्ष अयोध्या के पी सिंह ने सभी इंजीनियरों की मौजूदगी में यह चुनाव सम्पन्न कराया था।

जिसमे के के वर्मा को जनपदीय अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष सचिन यादव, सचिव आशुतोष पाल, संयुक्त सचिव नीशू वर्मा,व बित्त सचिव शशि यादव चुनी गई। सभी पदो पर सर्व सम्मत से निर्वाचन हुआ था। चुनाव के समय सहायक अभियंता राजेंद्र मिश्रा, एस के सिंह, जे ई सुरेश सिंह, राघवेन्द्र प्रभाकर आदि मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, मिलावट खोरी में हड़कंप

अमेठी। जिले में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के आदेश पर जनपद के सहायक आयुक्त (खाद्य) राजेश द्विवेदी द्वारा होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के छापामार दल का गठन किया गया है, जिसके क्रम में शनिवार को तीसरे दिन खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी जारी रही। वहाबगंज जायस स्थित किराना प्रतिष्ठान से बेसन का एक नमूना और जायस बाजार में ही एक मिठाई प्रतिष्ठान से खोया का एक नमूना लिया गया। आज जायस में बाजार का दिन होने के कारण अचानक टीम के छापे से हड़कंप की स्थिति बन गई और कई कारोबारी दुकान बंद कर शटर गिराने लगे किन्तु टीम के अधिकारियों द्वारा केवल रंगीन कचरी बेचने वालों पर कार्यवाही करने की मंशा स्पष्ट होते ही कारोबारी स्वयं सारी रंगीन कचरी नष्ट करने को तैयार हो गए। ऐसे कारोबारियों ने शपथ ली कि भविष्य में अब कभी रंगीन कचरी नहीं रखेंगे।

चन्द्र कुसु में महिला कर्मचारियों का हुआ सम्मान

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में राजमार्ग मार्ग स्थित चन्द्र कुसुम हास्पिटल में भी एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अस्पताल के डायरेक्टर राधा रमण अवस्थी और सपना अवस्थी ने संस्थान में कार्यरत महिला मेडिकल स्टाफ को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रूचि, खुशी, मोनी, श्रुति, सलोनी, मीरा सहित अन्य महिला कर्मचारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें मिष्ठान खिलाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके कार्य की सराहना की गई। महिला दिवस के अवसर पर चन्द्र कुसुम हास्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में अस्पताल के डायरेक्टर राधा रमण अवस्थी ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। वे हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चन्द्र कुसुम हास्पिटल में कार्यरत महिला मेडिकल स्टाफ ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

उन्होंने अस्पताल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सपना अवस्थी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने कहा कि चन्द्र कुसुम हास्पिटल में कार्यरत महिला मेडिकल स्टाफ ने हमेशा अपनी मेहनत और लगन से काम किया है। उन्होंने अस्पताल के मरीजों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गुणवत्ता युक्त नाला निर्माण कराए जाने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। क्षेत्र के बरुआ बहावपुर व बेरिया में जिला पंचायत से घटिया नाला का निर्माण किया जा रहा है ।निर्माण के समय कोई इंजीनियर नहीं रहता।मजदूर मनमाना निर्माण कर रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है यह जल निकासी के काम नहीं आएंगे। रामनगर क्षेत्र के गुणवत्ता युक्त नाला निर्माण कराए जाने की मांग

रामनगर, बाराबंकी। क्षेत्र के बरुआ बहावपुर व बेरिया में जिला पंचायत से घटिया नाला का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के समय कोई इंजीनियर नहीं रहता।मजदूर मनमाना निर्माण कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है यह जल निकासी के काम नहीं आएंगे।

रामनगर क्षेत्र के बेरिया व बरुआ बहाव पुर में इन दिनों कंक्रीट का नाला बन रहा है जिसमे नीचे बेड बहुत कमजोर बनाई जा रही है।गिट्टी मौरंग सीमेंट का कम मिश्रण डाला जा रहा है जिससे पानी भरने ब बहने पर नीचे की तलहटी मजबूत नहीं रहेगी ।इसी तरह निर्धारित मानक अनुसार सरिया के जाल का उपयोग नहीं हो रहा है व बन रही साइड कंक्रीट दीवारों में भी गिट्टी व मौरंग सीमेंट कम डाली जा रही है जिससे नाला की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

पानी की निकासी होगी या उसमें भरा ही रहेगा इस गंभीर बिषय पर इंजीनियर भी आकर मौका नहीं देख रहे। ग्रामीणों ने दोनो नाला गुणवत्ता युक्त बनाने की मांग की है। व बरुआ बहाव पुर में इन दिनों कंक्रीट का नाला बन रहा है जिसमे नीचे बेड बहुत कमजोर बनाई जा रही है।गिट्टी मौरंग सीमेंट का कम मिश्रण डाला जा रहा है जिससे पानी भरने ब बहने पर नीचे की तलहटी मजबूत नहीं रहेगी। ग्रामीणों ने दोनो नाला गुणवत्ता युक्त बनाने की मांग की है।

पीएमजीएसवाई की सड़को पर नहीं हो रहा अनुरक्षण कार्य

» ठेकेदार बने लापरवाह व विभाग भी चुप

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़को पर समय बीतने के बाद भी अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है जब कि निर्माण के समय ही ठेकेदार को 5 सालो तक अनुरक्षण कार्य के लिए धनराशि दे दी जाती है ।सड़को के गड्ढों को भराने सहित झाड़ियों को कटवाने,मिट्टी भरवाने आदि के कार्य करने होते हैं। पी एम जी एस वाई की कई सड़को पर अनुरक्षण कार्य की जरूरत है मगर विभागीय उदासीनता से इसे नजर अंदाज किया जा रहा है ।बिंदौरा से त्रिलोक पुर की सड़क कई जगह उखड़ी है व गड्ढे हो गए है ।गणेशपुर मोड़ से बड़न पुर पिन्नापुर होकर लोनार तक की सड़क की जीरा गिट्टी कई स्थानों पर उखड़ी है ।बिंदौरा से सआदत गंज रोड पर भी कई जगह सड़क कटी है।राम पुर कटरा से मौलाबाद रोड तक गई सड़क की कई जगह पटरी सही नही है व मोड़ पर जीरा गिट्टी बाहर निकल आई है ।इन सभी सड़को पर ठेकेदार की शर्तनामा नें पांच साल तक रखरखाव किया जाना लिखा होता है लेकिन कंही भी कोई कार्य न कर ठेकेदार साल दर साल निर्धारित धनराशि हड़पने का प्लान करता रहता है। यह वित्तीय वर्ष भी बीत रहा है। सड़को पर अनुरक्षण कार्य नहीं शुरु हुआ है। यदि अब भी ध्यान नहीं दिया गया तो यह वर्ष भी बीत जाएगा और सडके ज्यादा खराब होने लगेगी। ठेकेदार लापरवाह बने हुए है तो विभाग भी चुप है।

समाधान दिवस में शिकायतों का किया गया निस्तारण

लोक मित्र संवाद

शुक्लागंज, उन्नाव। इंस्पेक्टर अनुराग सिंह की अगुवाई में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कई फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में पालिका कर्मियों और राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों को सुना गया और उनका निस्तारण किया गया।

दोपहर के समय एडीएम सुशील कुमार गौंड और एएसपी अखिलेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनी और तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कुल 12 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से सात मामले राजस्व से संबंधित थे, जबकि पांच मामले पुलिस से जुड़े हुए थे। एडीएम सुशील कुमार गौंड ने राजस्व से संबंधित तीन मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया। शेष मामलों को संबंधित राजस्व कर्मियों को त्वरित निस्तारण के लिए सौंपा गया। वहीं, एएसपी अखिलेश सिंह ने पुलिस से जुड़े दो मामलों का तुरंत निस्तारण कराया।

इसके अलावा, आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर के संभ्रांत लोगों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई।

समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर पाकर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण होता है और प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आती है। एडीएम और एएसपी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करना है।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शिकायतों का अनुवर्तन किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे। इस कार्यक्रम से निवासियों को प्रशासनिक सहायता मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

सड़क सुरक्षा समिति की डीएम-एसपी ने की बैठक

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं वहां पर साइनेज बोर्ड तथा रबंल स्ट्रिप बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जाए। जनपद में जितने भी जेसीबी व हाइड्रा मशीने हैं उनको चिन्हित कर उनके चालकों का हैवी ड्राइविंग लाइसेंस बना है कि नहीं इसकी जांच करने के निर्देश दिए।

समय से गन्ना क्रय केंद्रो पर नहीं हो रही गन्ना किसानो की तौल

» शनिवार को दो दिनों से खड़े रहने की बात बताई गई।

लोकमित्र ब्यूरो

रामनगर, बाराबंकी। हैदरगढ़ मिल के रामनगर क्षेत्र में बनाए गए गन्ना क्रय केंद्रो पर गन्ना किसानो की समय से तौल होकर उठान नहीं हो पा रही है जिससे दो दो तीन तीन दिन ट्राली गन्ना क्रय केंद्रो पर खड़ी रखनी पड़ रही है।इस बीच किसानो का गन्ना सूख भी जाता है जिससे उनको हानि भी होती है।इस समस्या के प्रति केन मैनेजर लापरवाह बने हैं। गन्ना किसानो को अपना गन्ना बेंचने के लिए मिल के द्वारा बनाए गए तौल केंद्रो पर ले जाना पड़ता है जंहा मिल द्वारा गन्ना उठान के लिए ट्रको की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है।जंहा दो ट्रक प्रतिदिन गन्ना लोड होता है वंहा एक ट्रक भेजी जाती है जिससे किसानो को अपनी ट्राली खड़ी करनी पड़ती है। शनिवार को रामनगर के कटियारा तौल केंद्र पर दस ट्राली गन्ना खड़ा था।

ट्रक का इंतजार हो रहा था।वंहा किसान अंकित तिवारी,शेरू,आशीष की ट्राली दो दिन से खड़ी थी।बताया की एक ट्रक गन्ना शुक्रवार सुबह गया था तब से चार बज रहे अब तक ट्रक नहीं आया है।गन्ना सूख रहा है ।रात तक ट्रक आने को कहा जा रहा है। कुल दस ट्राली गन्ना ट्राली पर लदा खड़ा था ।यंहा सौ रुपए ट्राली किसान से गन्ना उतरवाई ली जाती है व साढे तीन रुपए कुंतल ठेकेदार मजदूर को भी लोडिंग का देता है ।दस से पंद्रह किलो गन्ना एक ट्राली पर केंद्र सचिव द्वारा लिए जाने की बात बताई गई।यानी सब तरह से किसानो का ही शोषण हो रहा है। मिल प्रबंधन के जिम्मेदार लोग क्षेत्र में रहते हैं मगर वे भी इस समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं। किसान धूप में खड़े होने को मजबूर हैं।

हर परिस्थितियों से लड़ना जानती हैं नारी शक्तिः श्वेता चतुर्वेदी

लोकमित्र ब्यूरो

सतरिख, बाराबंकी। टी.आर.सी. लॉ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थीम ''एक्सीलेरेट एक्शन'' फॉर ऑल वुमन एण्ड गर्ल्स राइट्स, इक्वालिटी, इंपावरमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज सेविका श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी, प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशिका सुश्री रोली मिश्रा, डा. दीपमाला श्रीवास्तव एवं महिला विकास प्रकोष्ठ समन्वयक डा. अनुरक्ति चतुर्वेदी द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। नारी शक्ति के अधिकार, समानता, सशक्तिकरण के साथ ही राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका एवं योगदान पर भी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि समाज सेविका श्वेता चतुर्वेदी ने कहा कि नारी शक्ति कठिन से कठिनतम परिस्थितियों से भलीभांति लड़ना जानती हैं चाहे वह स्वतंत्रता आंदोलन रहा हो या कोविडकाल। उन्हाने कहा महिलाए अब किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से पीछे नही हैं सिर्फ हमें अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता ने कहा कि मातृ शक्ति ही सर्वशक्ति है। महिलाओं के अधिकार, समानता, सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। महिलओं ने विश्वभर में जमकर अपना लोहा मनवाया है। इस अवसर पर प्रशासनिक निदेशिका रोली मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व पौध भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुश्री विधि मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रवक्ता डा. वीर विक्रम सिंह, डा. नवीन कुमार सिह, डा. अमजद् अंसारी, प्रवक्ता अंकित मिश्रा, नेहा अवस्थी, शिवम् शर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

खाना दिवस में आई तीन शिकायतों को भेजा गया निस्तारण के लिए

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली बाराबंकी। थाना परिसर में शनिवार की समाधान दिवस की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव के समक्ष तीन शिकायते आई। जिसके निस्तारण के लिए टीम गठित कर घटना स्थल भेजी गई।

मसौली थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में शहावपुर निवासी हफीज मोहम्मद अतीक पुत्र मोहम्मद हनीफ ने शिकायत पत्र में कहा है कि श्रीराम और राधुनाथ द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।

तहसील रामनगर के चुरौलिया निवासी राम राज पुत्र बेचू लाल, मुरली ने गांव के ही ननकऊ उर्फ अनुप कुमार, राकेश द्वारा अवैध रूप से जमीन पर कब्जा एवं जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए शिकायत किया है। शहावपुर निवासी अब्दुल अजीज पुत्र स्व अब्दुल करीम ने गांव के ही अशरफ द्वारा न्यायालय में भूमि विवाद विचाराधीन होने के बाद भी नजायज तौर पर भूमि पर शौचालय निर्माण करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। जिस पर क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव ने तीनों मामलों को गम्भीर लेते है पुलिस एवं राजस्व टीम गठित कर निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

इस मौके पर थाना प्रभारी यशकांत सिंह, राजस्व निरीक्षक स्वामी दयाल सोनी सहित क्षेत्रीय लेखपाल एवं पुलिस विभाग के लोग मौजूद थे।

एनयूजे, आई लघु एवं मझोले अखबार मालिकों की लड़ाई में शामिल: रास बिहारी

एनयूजे, आई के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ, महिला पत्रकारों का सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

हरिद्वार। एनयूजे, आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी ने कहा लघु एवं मझोले अखबार मालिकों के साथ खड़ा है। सरकार की ग़लत नीतियों के चलते अधिकांश अखबार बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। एनयूजे,आई लघु एवं मझोले अखबार को बचाने के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार है।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) सम्बद्ध इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स का राष्ट्रीय अधिवेशन प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में शुरू हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन संगठन की मांग पत्रकार सुरक्षा कानून, वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट की बहाली, मीडिया काउंसिल का गठन, मीडिया कमीशन का गठन, नेशनल रजिस्ट्रार फॉर जर्नलिस्ट्स, लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को आर्थिक सहायता, डिजिटल मीडिया के लिए नियम, सभी राज्यों में एक्रीडेशन कमेटियों का गठन, मीडिया संस्थानों में कर्मचारियों की छंटनी का विरोध, उचित वेतन, काम का समय तय हो, पत्रकारों को पेंशन, पूरे देश में पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा, सभी राज्यों में बस यात्रा की सुविधा, रेलवे यात्रा में 50 फीसदी रियायत की बहाली को लेकर गहन विचार मंथन किया गया। वहीं, राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगठन से जुडी महिला पत्रकारों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि देश के अग्रणी पत्रकार संगठन एनयूजे की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को प्रेम नगर आश्रम के गोवर्धन हॉल में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया, उत्तराखंड इकाई हरिद्वार तत्वावधान में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में 22 राज्यों के 200 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने शिरकत की। राष्ट्रीय कार्यक्रम समिति का शुभारंभ एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, महासचिव प्रदीप तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

बैठक की शुरूवात में एनयूजे आई उत्तराखंड इकाई हरिद्वार के वरिष्ठ सदस्य प्रो पीएस चौहान, प्रेस क्लब हरिद्वार के अध्यक्ष अमित शर्मा के पिता नरोत्तम शर्मा एवं युवा पत्रकार अरूण शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डेय ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही हरिद्वार में कार्यक्रम आयोजित करने के अनुमति प्रदान के लिये राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। मुख्य संयोजक एवं हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने कहा कि हरिद्वार में राष्ट्रीय कार्यसमिति का आयोजन गर्व की बात है।

उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एनयूजे आई से जुड़े महिला पत्रकारों सुलेखा शर्मा, कनुप्रिया, समपा डे, रीना राणा, राखी खसोला, सुषमा सक्सेना, भरणी गोस्वामी, मीनाक्षी वर्मा, इंद्राणी सरकार, बबीता चौहान, दीपशिखा एवं हरिद्वार से प्रतिभा वर्मा, कुमकुम शर्मा, नीलम सैनी, मंजू नेगी सहित अन्य को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन संयोजक धर्मेंद्र चौधरी ने किया। मचांसीन अतिथियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी, महासचिव प्रदीप तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पाण्डेय, प्रदेश महासचिव डॉ नवीन जोशी, मुख्य संयोजक एवं हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवा, रणेश राणा, विमलेश शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, दधिबल यादव, पूर्व रा. उपाध्यक्ष ब्रह्मदत्त शर्मा, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रसन्ना मोहंती, संयोजक रामचंद्र कन्नोजिया, जिला महासचिव डॉ शिवा अग्रवाल, बालकृष्ण शास्त्री, प्रदीप गर्ग, नरेश शर्मा, सुनील पाल एवं लव शर्मा, संतोष कुमार, विकास झा, गणेश वैध, एम.एस. नवाज, काशीराम सैनी, नीतिन राणा, शिव कुमार शर्मा, मुकेश वर्मा, संदीप रावत, राव रियासत पुंडीर, पुलकित शुक्ला, दिनेश भारद्वाज, सचिन सैनी, मयूर सैनी, आशीष मिश्रा, रंजनीकांत शुक्ला, नरेश गुप्ता, अमित गुप्ता, विवेक शर्मा, सुमित यशकल्याण, संजय आर्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

प्रशासन की आंखों में झोंकी जा रही है धूल

लोकमित्र ब्यूरो



एटा। जिले के स्वास्थ विभाग में नित नए तरह हथकंडे अपना कर शासन प्रशासन की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। मृतक आश्रित कोटे से मलेरिया निरीक्षक बना एटा का कथित डीएमओ इन दिनों सुर्खियों में है। प्रमाणिक सबूतों के साथ खुलासा करते हुए सुविज्ञ जानकारों के द्वारा बताया गया है कि उक्त मलेरिया निरीक्षक जिले में एक जिला मलेरिया अधिकारी होने बाद भी खुद डीएमओ बन बैठा है साफ जाहिर है मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मर्जी से यह नियम विरुद्ध कार्य नहीं हो सकता। आधा दर्जन हेल्थ प्रोग्रामों को अपने हाथों में लेकर उक्त निरीक्षक लेबिल 4 एवं लेवल 3 के अधिकारियों को निर्देश देता है। एटा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उक्त निरीक्षक को आईडीएसपी, मलेरिया अधिकारी, वाहन प्रभारी, लेखा लिपिक, लेखा लिपिक पीओएल,108 एंबुलेंस का सह प्रभारी/अनुश्रवण, झोलाछाप जैसे अनेक चार्ज दे रखे है जो नियमानुसार तृतीय संवर्ग के कर्मचारी को नहीं दिए जा सकते। इस मामले में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश 28 जुलाई 2008 में स्पष्ट उल्लेख है कि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से कम कोई प्रभारी नहीं बनाया जा सकता परन्तु यहां शासनादेश के विपरीत एक तृतीय संवर्ग के कर्मचारी से काम लिया जा रहा है।

इधर पिछले साल शासन से नियुक्त जिला मलेरिया अधिकारी मुकेश जौहरी का कोई पता नहीं है जबकि राजकीय कोष से वेतन दिया जा रहा है। उनकी एवज में डमी डीएमओ बना कर अभियान चलाए जा रहे है। मजे की बात तो यह है उक्त कर्मचारी को चिकित्सा अधिकारियों के ऊपर नजर रखने के लिए कई ब्लाकों का प्रभारी भी बनाया जा चुका है जिस पर एक चिकित्सक अफसर ने मुखर विरोध भी किया अन्य चिकित्सकों ने इसे अव्यवहारिक बताया था। विभागीय पत्रावलियों में तृतीय संवर्ग के उक्त कर्मचारी के मलेरिया अधिकारी के रूप हस्ताक्षरित पत्र,नोट शीट,बिल बाउचर मिले है।

जिनमें कहीं यह कर्मचारी लेखलिपिक के रूप में बाकायदा हस्ताक्षर करता है तो कहीं उच्चाधिकारियों को प्रेषित पत्रावलियों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बराबर जिला मलेरिया अधिकारी के रूप में हस्ताक्षर कर रहा है कोविड काल में अनेक पत्रावली में डीएमओ एटा के रूप हस्ताक्षर दर्ज हैं। इधर अनेक पत्र ऐसे पाए गए हैं जिनमें अफसरों की ड्यूटी अपने हस्ताक्षरों से लगाई गई है। हैरतगेज तथ्य तो यह है कि आखिर किस कारण एक कर्मचारी से अफसरी करवाई जा रही है ? जबकि नियमानुसार मलेरिया निरीक्षक से वित्तीय प्रशासनिक कार्य नहीं लिए जा सकते प्रोन्नति के बाद भी यह कार्य नहीं कराए जा सकते।

भाकियू के जिला मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता नियुक्त हुये महताब आलम

लोकमित्र ब्यूरो

बरवर-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील मोहम्मदी के अन्तर्गत नगर पंचायत बरवर निवासी महताब आलम सोनू को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह मोनू द्वारा जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी के दायित्व पर युवा व तेजतर्रार महताब आलम सोनू को नियुक्त किया गया है आपको बताते चले की महताब आलम सोनू पेशे से एक पत्रकार व समाजसेवी सहित क्षेत्र के प्रगतिशील किसान हैं इन्होंने हमेशा लोगों को हक दिलाने व उनकी मदद के लिए अपना हाथ बढ़ाया और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा मिली जुम्मेदारी पर उन्होंने बताया की संगठन ने जो हमें दायित्व दिया है उस पर मैं पूरी निष्ठा लगन और इमानदारी से काम करते हुए संगठन को काफी गति देंगे किसानों के मुद्दे पर हमेशा आवाज को बुलंद करेंगे जो संगठन जिम्मेदारी दी है उसको मजबूती से निभायेंगे।

थाना फ़रधान में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई।

पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फ़रधान में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए।

इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

खमरिया मिठाई दुकानों तथा परचून के दुकानों में लिए गये सैम्पल

लोकमित्र ब्यूरो

खमरिया-खीरी। फूड इंस्पेक्टर रमेश सिंह के द्वारा कस्बा खमरिया ईसानगर में होली तथा रमजान के त्यौहार में नकली मिठाई तथा परचून की दुकानों पर शनिवार दोपहर लगभग एक दर्जन दुकानों पर छापा मारा गया जिसमें राजेंद्र कुमार मिष्ठान भंडार बसढिया , की दुकान से पेढा का सैंपल लिया गया तथा सुहेल दूध वाले का दूध चेक किया गया तथा खमरिया स्थित हरिनारायण परचून की दुकान पर बेसन का सैंपल लिया गया। साथ खमरिया स्थित ऐरा बाल विद्या मंदिर गली में इलियास तथा रहमत के द्वारा मिठाई बनाई जा रही थी इनके छेने का सैंपल लिया गया क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर टीम के कारण कुछ मिष्ठान भंडार अपना सामान समेटने में लग गए तथा इसी के साथ परचून की दुकानों में भी रंगदार कचरी पापड़ हटा दिया।

डीएम ने सड़क मार्ग के निर्माण की देखी प्रगति

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा के साथ जिला मुख्यालय पर जनहित को सुगम यातायात प्रदान किए जाने के उद्देश्य से निर्माणाधीन एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन मार्ग तक सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम शैलेंद्र कुमार को इस मार्ग पर विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए शीघ्र शिफ्टिंग के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता से शिफ्टिंग में विलंब का कारण जाना। इसपर ईई ने अवगत कराया कि पोल शिफ्टिंग की धनराशि प्राप्त हो गई है। वर्तमान में स्टोर में पोल की शॉर्टेज है। इस पर डीएम ने पोल की उपलब्धता के संबंध में उच्च अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने और उनके स्तर से भी पत्र भिजवाने की बात कही।डीएम-एसपी संकटा देवी सड़क का किया पैदल भ्रमण,यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शहर की व्यस्ततम एवं लाइफ लाइन कहे जाने वाले संकटा देवी-सदर चौराहा (श्रीराम चौराहा) मार्ग पर यातायात की सुगमता के लिए पैदल भ्रमण किया। सड़क मार्ग पर अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब खड़े वाहनों पर नाराजगी जताई। निर्देश दिए कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। वही दुकान के आगे सड़क मार्ग पर वाहन पार्क करने वालों का चालन किया जाए। डीएम-एसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (यातायात) रमेश कुमार तिवारी, शहर कोतवाल हेमंत राय, यातायात निरीक्षक संग यातायात प्रबंधन के संबंध में चर्चा करते हुए सुगम यातायात व्यवस्था बनाए जाने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए। शहर के व्यस्ततम सड़क मार्गों पर व्यवस्थित एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के परिचालन के संबंध में सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के विकास खंड पलिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरैना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दीवस का कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे बताया गया की महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। आज जब हम महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की बात करते हैं। और साथ में उन्होंने बताया की विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 181, 112, 1098, 1090, 102, 108 और 1076 के बारे में बताया। साथ ही घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह और पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। महावारी के दौरान स्वच्छता और विभाग की योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। और नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का यह उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव शिवचंद मौर्य, पंचायत सहायक माया व अन्य लोग मौजूद रहे। 8 मार्च को ही क्यों मनाया जाता है महिला दिवस। रूस में 1917 की क्रांति के दौरान महिलाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। उन्होंने युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई और बेहतर अधिकारों की मांग की।

अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। फतेहपुर व बड्डुपुर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग हुए हादसों में एक अंधेर की मौत हो गई वही चार लोग गंभीर रूप से घायल लोग हैं। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

सीतापुर जनपद के तंबौर थाना स्थित दलपतपुर गांव निवासी दयाराम लखनऊ में ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। शुक्रवार को वह अपनी बीमार मां से मिलने गांव आए हुए थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली लखनऊ निवासी उनकी पत्नी किरन की तबीयत अचानक खराब हो गई है और उसे एक निजी अस्पताल में लखनऊ में भर्ती कराया गया है। यह सूचना मिलने पर वह है शुक्रवार की देर शाम को बाइक से लखनऊ की ओर रवाना हो गए। वह बाइक लेकर बड्डुपुर कोतवाली क्षेत्र के गौराभारी गांव के समीप पहुंचे थे कि अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में दयाराम लहुलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दयाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई। लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी विकास शर्मा (32), अभिषेक कश्यप (39) और रवि गुप्ता (35) कार से मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कल्लू सिंह पूर्व गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शुक्रवार की देर रात को विवाह समारोह से वापस लौटते समय विकास शर्मा कर चलते हुए अपने दोस्तों के साथ वापस लखनऊ लौट रहे थे। फतेहपुर कस्बे में ब्लॉक चौराहे के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर का शीशा तोड़कर किसी प्रकार तीनों घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल अभिषेक कश्यप और रवि गुप्ता को जिला अस्पताल रेफर किया। इसी प्रकार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में ही तीसरी घटना हुई। सीतापुर के रेउसा थाना क्षेत्र के चंद्र सैनी गांव का निवासी राजेंद्र प्रसाद (38) बाराबंकी में शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करता है। शनिवार की रात को नशे की हालत में राजेंद्र प्रसाद बाइक लेकर जा रहा था। फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर झांसा पुरवा गांव के समीप सामने से आ रहे हैं ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार राजेंद्र प्रसाद सड़क किनारे खड्डु में जाकर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजेंद्र प्रसाद को गंभीर हालत में फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर लिया।

अभी भी शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं महराई गांव के बच्चे

गांव से दो किमी दूर स्कूल के होने से पढ़ने नहीं जाते हैं महराई गांव के बच्चे

अधिकारी और जनप्रतिनिधि पर लोग मौन साधे रहने का लगा रहे आरोप

दीपक सिंह

चंदौली। जिले के धानापुर विकास खंड अंतर्गत महराई गांव में आजादी के बाद से अब तक कोई प्राइमरी स्कूल नहीं है। जिसके चलते इस गांव के बच्चे अभी भी शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। अफशोस इस बात का है कि गांव में एक प्राथमिक स्कूल के निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री तक ने शिक्षा विभाग को चिट्ठी लिखा। बावजूद इसके अफसर मौन साधे रहे। अब स्कूल की मांग को लेकर गांव के लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। महराई गांव की कुल आबादी तकरीबन 2000 है। गांव में कुछ ब्राह्मण और बनियां परिवारों को छोड़कर ज्यादातर परिवार केवल बिंद जाति के हैं। ऐसे में गांव में कोई स्कूल नहीं है। दूसरे पड़ोस के जिस गांव में स्कूल है भी तो वह उनकी आसान पहुंच से कोसों दूर हैं। यही वजह है कि यहां के ज्यादातर बच्चे या तो पढ़ाई लिखाई में रुचि नहीं लेते और अशिक्षित हैं। या फिर वे सर्व शिक्षा अभियान के मायने तक नहीं जानते हैं। गांव निवासी धर्मदेव बिंद, लक्ष्मण बिंद, सुनील दूबे, गोरख बिंद, लालता बिंद, अश्वनी तिवारी, नीरज, मनोज बिंद, मुन्ना बिंद, लाल बिहारी बिंद, राम अवध बिंद आदि अन्य का कहना है कि गांव में परिषदीय प्राइमरी स्कूल की मांग को लेकर उन्होंने कई बार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। सभी ने समय समय पर उन्हें भरोसा भी दिलाया।

पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन

शांतिपूर्वक ढंग से मनाए होली का त्यौहार

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। सम्पूर्णानगर मे होली का त्यौहार और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन। शनिवार को थाना परिसर में सीओ यादवेंद्र व तहसीलदार आरती यादव की अगवाई में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ बैठक के दौरान अधिकारियों ने बैठक में मौजूद क्षेत्र के लोगों से अपील की त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से मनाई और कोई नई परंपरा ना डालें पूर्व में जिन स्थानों पर होलिका दहन होता है उन्हें स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाए होली के त्यौहार के दिन ही शुक्रवार का दिन है और इस दिन रमजान की नमाज भी पढ़ी जाएगी क्षेत्र के सभी लोग आपसी भाईचारा व सौहार्द के साथ त्योहार को मनाए जबरदस्ती किसी के भी रंग न लगाएं और त्योहारों के दौरान तेज स्पीड में बाइक को ना चलाएं और नशे की हालत में हरदंग ना करें अगर कोई भी कानून अपने हाथ में लेता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा अधिकारियों ने कहा कि खीरी पीलीभीत सीमा पर त्योहार के दौरान विशेष नजर बनाकर रखें पुलिस अगर कोई बिना वजह के आता जाता है।

तो उसको रोका जाए और समझाया जाए होली खेलने के बाद सभी लोग अपने-अपने घरों को चले जाएं बेवजह इधर-उधर इकट्ठे होकर और हुड़दंग न करें इस दौरान नवजात प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह परसपुर चौकी इंचार्ज विशाल सिंह खजुरिया चौकी इंचार्ज अनिल सिंह पंकज नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश मद्धेशिया महामंत्री इश्तियाक अहमद खान ,इंद्रजीत सूरी ,शिवकुमार गुप्ता उर्फ मंटू ,राजन यादव ,शमशाद खान ,रईस अहमद ,राजेश भास्कर, प्रिंस भाटिया, जीवेश सिंह जीतू, जितेंद्र यादव ,प्रभुनाथ, कमलजीत सिंह बिंदर ,सहित क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात

अयोध्या । जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से विशेष मुलाकात की। यह मुलाकात दिल्ली में रक्षा मंत्री के आवास पर हुई, जिसमें क्षेत्रीय विकास और विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

आलोक सिंह रोहित ने रक्षा मंत्री को अयोध्या जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने पंचायत स्तर पर आधारभूत संरचना, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण विकास, और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को रक्षा मंत्री के समक्ष रखा।राजनाथ सिंह ने अयोध्या के विकास को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि केंद्र सरकार जनहित के कार्यों में हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने आलोक सिंह को आश्वासन दिया कि वे संबंधित मंत्रालयों और विभागों से वार्ता कर अयोध्या के विकास कार्यों को गति देने में मदद करेंगे। इस मुलाकात को अयोध्या की राजनीति में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा बल्कि भविष्य की रणनीतियों पर भी प्रभाव पड़ेगा। आलोक सिंह रोहित की इस पहल को स्थानीय नेताओं और जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस मुलाकात के बाद आलोक सिंह ने कहा कि वे अयोध्या के हर गांव और कस्बे तक विकास योजनाओं को पहुँचाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि उनकी सराहना और सहयोग से अयोध्या को एक आदर्श जिला बनाने का सपना जल्द पूरा होगा।

एनटीपीसी टांडा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अयोध्या ।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर एनटीपीसी टांडा द्वारा कॉलोनी के सरस्वती भवन में महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल एवं महिला कर्मचारियों के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सशक्त एवं सफल महिलाओं के जीवन पर भी चर्चा की गयी साथ ही काव्य पाठ एवं विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ गीतिका द्वारा वीमेन एंपॉवरमेंट पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सकारात्मक भूमिका को बढ़ाना एवं अपने लक्ष्यों को तय करने हेतु प्रोत्साहित किया

कार्यक्रम में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्याएं उपस्थित रहीं। इसके साथ ही महिला कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीमती परिदा ने कहा कि हम सभी महिलाओं की उन सफलताओं को सम्मानित करते हैं जो उन्होंने सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में हासिल की हैं। आज एनटीपीसी टांडा महिलाओं के विकास में निरंतर प्रयासरत हैं, ताकि वे समान अधिकारों का लाभ उठा सकें और आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर उन्होंने बालिका सशक्तिकरण मिशन में एनटीपीसी टांडा एवं गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं के प्रयासों की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संयोजन उप प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती ऐमन नासिर ने किया।

विश्वस्तरीय होगी अयोध्या में बनने वाली ग्रीन फील्ड टाउनशिप- डॉ. बलकार सिंह

अयोध्या। अयोध्या में आवास विकास परिषद द्वारा बनाई जाने वाली ग्रीन फील्ड टाउनशिप प्रदेश की हाईटेक टाउनशिप्स में से एक होगी। इस टाउनशिप में अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के साथ-साथ अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक डक्ट की व्यवस्था भी होगी। शनिवार को आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने अयोध्या में बनने वाली ग्रीन फील्ड टाउनशिप के अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं इलेक्ट्रिक डक्ट के कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर आवास आयुक्त ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की पहली ईंट खुद रखी। पूरी टाउनशिप में 218 करोड़ रुपये की लागत से अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं इलेक्ट्रिक डक्ट सिस्टम तैयार किया जाएगा। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि यह परियोजना शासन की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इसका निर्माण कार्य तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अयोध्या में बनने वाली ग्रीन फील्ड टाउनशिप में विश्वस्तरीय एमिनिटीज का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही इस परियोजना में हरियाली पर भी विशेष जोर होगा।

आवास विकास की दूसरी परियोजनाओं का किया निरीक्षण

अयोध्या ग्रीन फील्ड टाउनशिप के अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं इलेक्ट्रिक डक्ट के कार्यों का शिलान्यास करने के बाद आवास आयुक्त ने जिले में चल रही विभाग की अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासन द्वारा हर प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग की जा रही है। कार्यों की जो टाइमलाइन शासन द्वारा निर्धारित की गई है। अगर उस टाइमलाइन में पारदर्शिता के साथ कार्य नहीं पूरे होते हैं, तो दोषी अधिकारियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा।

पूरी टाउनशिप में ऊपर नहीं दिखेंगे एक भी बिजली के तार

अयोध्या में बनने वाली ग्रीन फील्ड टाउनशिप में अंडर ड्रेनेज के साथ-साथ बिजली और टेलीकॉम कंपनियों के कोई भी तार खुले में नहीं होंगे। इसीलिए टाउनशिप में अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक डक्ट का निर्माण किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आत्मरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

अयोध्या। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ब्रह्मक) अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आत्मरक्षा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, मुख्य वक्ता डॉ. आलोक सिंह, खेलो भारत प्रांत सह-संयोजक नित्या पाठक और इकाई मंत्री नीलम गोस्वामी ने दीप प्रज्वलन कर की।प्राचार्य प्रो. तिवारी ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जिससे भारत प्रगति की ओर बढ़ रहा है। डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि ब्रह्मक ने 1949 से महिलाओं और छात्राओं के बीच नेतृत्व का काम किया है। नित्या पाठक ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए और कहा कि नारी सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि सृष्टि का आधार है। कार्यक्रम में एक सैकड़ा से ज्यादा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से प्रो. शिव कुमार तिवारी, श्रेया द्विवेदी, आशिका सिंह, रुचि पांडेय, आदर्श चतुर्वेदी, उत्कर्ष रहे।

सऊदी अरब में नौकरी दिलाने तथा वीजा बनवाने के नाम पर 13 लाख 18 हजार रुपए की हुई धोखाधड़ी

»न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

बीकापुर -अयोध्या । थाना क्षेत्र बीकापुर के अंतर्गत 13 लाख 18 हजार की धोखाधड़ी करने का एक मामला प्रकाश में आया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेश पर कोतवाली बीकापुर को एफ आई आर दर्ज करते हुए मामले की विवेचना किए जाने का फरमान जारी हुआ है। इस पूरे मामले की पैरवी विद्वान फौजदारी अधिवक्ता एखलाक अहमद, मनोज यादव आशीष मौर्य तथा अनूप कनौजिया ने की थी।मालूम हो कि सऊदी अरब में नौकरी दिलाने और वीजा बनवाने के नाम पर विपक्षी गण ने अपने एकाउंट में 33 बार रुपया मंगवाया था। वीजा और सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर विपक्षी ने पीड़ित से 13 लाख 18 हजार रुपए हड़प लिए । पीड़ित के साथ कोर्ट रचित व धोखाधड़ी का खेल खेला गया । इस पूरे गिरोह का सरगना दिल्ली में रहता है। यह पूरा मामला अयोध्या जनपद के थाना कोतवाली बीकापुर के ग्राम नंदरौली ग्राम का है। नंदरौली निवासी पीड़ित इरफान ने विपक्षीगण सोहराब सिद्दीकी, दरब सिद्दीकी, मोईन अहमद तथा अब्दुल बारी पर यह आरोप लगाया है की विपक्षीगढ़ एक रिश्तेदारी में आया था जिसने सऊदी अरब में दो हजार रूपये रियाल प्रति माह पर नौकरी दिलाने की बात बताई जिसके झांसे में आकर पीड़ित ने वीजा और मेडिकल परीक्षण करने के नाम पर 33 बार अकाउंट के माध्यम से विपक्षी के खाते में रुपया ट्रांसफर कर दिया। 9 महीने बीत जाने पर ना तो पीड़ित का वीजा बना और ना ही मेडिकल परीक्षण हुआ उसके बाद कुछ लोग दिल्ली जाकर सोहराब और दरब से मिलकर पूछा तो उन लोगों ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्या हो गई थी जिसे वीजा नहीं बन पाया तब पीड़ित लोगों ने अपना पैसा और पासपोर्ट मांगा तो झाल्कर विपक्षी ने उनका पासपोर्ट अलमारी से निकलकर जमीन पर फेंक दिया और धमकी देकर भगा दिया इसकी शिकायत पीड़ित ने दिल्ली पुलिस को की लेकिन दिल्ली पुलिस ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि यह मामला बीकापुर कोतवाली का है। जिसके चलते पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली बीकापुर से लेकर कप्तान तक की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आखिरकार पीड़ित को न्यायालय के शरण में जाना पड़ा। न्यायालय ने एक सौ छप्पन तीन के तहत मामले को गंभीरता से लिया तथा सबूत और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने कोतवाली बीकापुर को मामले की विवेचना करते हुए एफआईआर दर्ज किए जाने का फरमान जारी किया।

समाज के हर निर्णय में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से है महिलाओं की भूमिका - बृजबहादुर

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्किट हाउस सभागार में महिला सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने विभिन्न क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में शिक्षा क्षेत्र में अंजू पाण्डेय, चिकित्सा क्षेत्र में मंजूषा पाण्डेय, समाज सेवा में यमुनोत्री केसरवानी, महिला स्वावलंबन के क्षेत्र में प्रतिमा शुक्ला तथा प्रसून लता, रक्तदान के हेतु प्रेरित करने के लिए रत्ना जायसवाल सहित दस महिलाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहना कर उनका स्वागत किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना कर अपना मुकाम तय कर रही है। महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। तथा अपने किए कार्यों से समाज को एक नई दिशा दे रही है। आज समाज के हर निर्णय में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से महिलाओं की भूमिका है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महिलाओं को समानता के अधिकार के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढाओं का नारा देने के साथ बेटियों के लिए कई योजनाओं के माध्यम से उन्हें समाज में आगे लाने का कार्य किया है।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि आज की नारी जागृत एवं सक्रिय हो चुकी है। वह अपनी शक्तियों तथा अधिकारों के बारे में जानने समझने लगी है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार के द्वारा महिला कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिला सशक्तिकरण में सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया गया है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा स्वावलंबन के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है।मौके पर कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र कोरी, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, जिलाध्यक्ष सरोज मिश्र, लक्ष्मी सिंह, ममता श्रीवास्तव, स्मृता तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

आस्था का सम्मान, सनातन का मान बढ़ा रही योगी सरकार

अयोध्या के तारुन में कम्हरिया बाबा मन्दिर का विकास करा रही सरकार

»100.39 करोड़ से यात्री हॉल के फाउण्डेशन का कार्य प्रगति पर

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। योगी सरकार अयोध्या की आस्था का सम्मान और सनातन का मान बढ़ाने का लगातार कार्य कर रही है। जिले में तेजी से पर्यटन विकास करा रही है। मठ-मन्दिरों के सौंदर्यीकरण का भी कार्य चल रहा है। इसी क्रम में तारुन विकास खण्ड के कम्हरिया बाबा मंदिर का भी विकास कराया जा रहा है। अभी यात्री हॉल के फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर चल रहा है।भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। श्रद्धालु राम मंदिर आस-पास के पौराणिक स्थलों व मठ-मन्दिरों का भी रुख कर रहे हैं। इसे देखते हुए योगी सरकार ने अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों के मठ-मन्दिरों का जीर्णोद्धार करा रही है। तारुन का कम्हरिया बाबा मंदिर भी इसी में शामिल है।

100.39 करोड़ की आएगी लागत

अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद कम्हरिया बाबा मंदिर का जीर्णोद्धार करा रही है।100.39 करोड़ की लागत से इसके सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। माना जा रहा है कि यह मंदिर पर्यटन की दृष्टि से भी तैयार किया जा रहा है।

ये सुविधायें रहेंगी मौजूद

तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि कम्हरिया बाबा मन्दिर में यात्री शेड, शौचालय, बेंच, इंटरलॉकिंग, चबूतरा, साइनेज और सोलर लाइट जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत 13 नमूने संग्रहित

खाद्य सुरक्षा टीम ने जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।टीम का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चन्द्र सिंह ने किया, और उन्होंने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से होली पर्व के मद्देनजर आमजनमानस को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा है। कुल 13 नमूने विभिन्न स्थानों से संग्रहित किए गए।

निरीक्षण तहसील रुदौली रामनरेश मिष्ठान भंडार बेलसर से 1 नमूना छेना की मिठाई

बालाजी मिष्ठान भंडार भेलसर चौराहा से 1 नमूना बूंदी का लड्डू मां जीवदायनी स्वीट भेलसर चौराहा से 1 नमूना खोआ,जेपी फूड कोर्ट मखवापुर से 1 नमूना अरहर दाल, 1 नमूना हल्दी पाउडर

तहसील सदर श्वेत धारा डेयरी आशापुर से 1 नमूना भैंस का दूध,स्वीट फैक्ट्री इलाहाबाद रोड सुल्तानपुर बाईपास नाका से 1 नमूना खोआ, 1 नमूना पेड़ा

गुड्डे बेकर्स सुल्तानपुर बाईपास से 1 नमूना मिल्क केक ,गुड्डे कैफे सुल्तानपुर बाईपास से 1 नमूना पनीर तहसील बीकापुर जयसवाल किराना स्टोर चांदपुर से 1 नमूना मैदा,घनश्याम मिठाई की दुकान तारुन बाजार से 1 नमूना पनीर,पाल मिष्ठान भंडार तारुन बाजार से 1 नमूना खोआ

मिठाई की दुकान जाना बाजार से 1 नमूना पनीर

सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि होली के अवसर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान जारी रहेगा और जनपद में प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ मिले और त्योहारी सीजन में कोई भी अवैध या अमानक सामग्री बिकने न पाए।

सशक्त महिलाओं का बढ़ता कदम, बन रहा बदलाव की मिसाल-स्वाति गौड़

लोकमित्र ब्यूरो

कुमारगंज -अयोध्या। आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के विषय पर परिचर्चा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महराजगंज थाने की महिला उपनिरीक्षक स्वाति गौड़ एवं वैशाली अग्रवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई और इसके बाद महिला सशक्तिकरण को लेकर कई प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय की डॉ. गीता आर्य ने आए हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

प्राचार्य डॉ. नीलमणि सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बदलते परिवेश में महिलाओं ने पूरे विश्व में उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की है।अगर महिलाएं सशक्त होगी तो समाज और ज्यादा सशक्त होगा और राष्ट्र भी उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान हमेशा हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए।परिचर्चा में महिला उप निरीक्षक स्वाति गौड़ ने अलग-अलग स्तरों पर स्त्रियों के साथ होने वाले शोषण और विभिन्न क्षेत्रों में असमान प्रतिनिधित्व पर तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्त्री सशक्तीकरण राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संसाधनों तक महिलाओं की पहुंच संभव करता है। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में असमान वेतन दर और इस असमानता को कम करने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्य क्षेत्र में असमानता और शारीरिक शोषण जैसे संजीदा मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने जोर दिया कि लैंगिक भेद को कम करने में केवल स्त्रियों की नहीं अपितु पूरे समाज की समान भूमिका होती है। उन्होंने छेड़खानी की घटना होने पर क्या करें और यदि उनके साथ किसी तरह का अपराध होता है तो निडर होकर पुलिस तक कैसे पहुंचे इस बात पर भी विस्तृत चर्चा की। महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज एवं विभागाध्यक्ष (विज्ञान) डॉ. नेहा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के विकास में सरकार अहम भूमिका निभा रही है और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं इसकी परिचायक हैं। शिक्षा, व्यापार और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाएं आज अहम भूमिका निभा रही हैं। आज समाज और देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है। महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है, क्योंकि आत्मनिर्भरता से आत्मविश्वास आता है और आत्मविश्वास से जीवन संवरता है। वैशाली अग्रवाल ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार साझा करते महिला सुरक्षा के प्रति सभी को प्रेरित किया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया और इसके लिए उपयुक्त कदम उठाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वाचन प्रतियोगिता में देवांसी ने प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता में कनिका ने प्रथम, आकांक्षा ने द्वितीय, मानसी ने तृतीय स्थान, मेंहदी में खुशी गौड़ ,रंगोली में रोशनी, स्लोगन में रानी मोदनवाल तथा निबंध प्रतियोगिता में रितिका सफल प्रतिभागी रहीं और उन सभी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. गोपाल नंदन श्रीवास्तव (समन्वयक राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय) ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि महिला दिवस का आयोजन सशक्तीकरण को प्रतिबिंबित करता है साथ ही महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक शिवानी पांडे, नित्या सिंह, दीपमाला, निरुपमा श्रीवास्तव, प्रीती सिंह और विभिन्न संकाय की छात्राएँ मौजूद रहीं।

समाधान दिवस का हुआ आयोजन

बीकापुर - अयोध्या।कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल की अध्यक्षता मे शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कल 9 शिकायतें आई। जिसमें दो शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित तथा 7 शिकायत राजस्व और भूमि ववाद से संबंधित थी। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। नगर पंचायत बीकापुर के तेंदुआ माफी वार्ड संख्या 7 निवासी कृपा शंकर मिश्रा द्वारा समाधान दिवस में शिकायत पत्र देकर भूमि की पैमाइश किए जाने की मांग की गई। बताया कि तेंदुआ माफी में गाटा संख्या 478 की पैमाइश करने का आदेश मुख्य राजस्व अधिकारी के कोर्ट से करीब 6 माह पूर्व हुआ है। कई बार तहसील का चक्कर लगाने के बावजूद पैमाइश नहीं हो पा रही है।

समाज सेविका भारती सिंह ने उठाया गंभीर मुद्दा

बिजली कनेक्शन न मिलने से परेशान हैं- पीड़ित

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। शहर के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाज सेविका भारती सिंह ने पीड़ित अभिषेक कुमार सिंह के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पीड़ित अभिषेक कुमार सिंह, जो कि रानीबाजार निवासी और माझाकला के नए मकान में रहते हैं, बिजली कनेक्शन न मिलने से परेशान हैं।भारती सिंह ने बताया कि पीड़ित और गांव के अन्य लोग वर्षों पहले बिजली विभाग से सभी औपचारिकताएं पूरी कर चुके थे, लेकिन फिर भी विद्युत कनेक्शन और खम्भा लगाने के मामले में अवरोध उत्पन्न किया गया। पीड़ित अभिषेक ने बताया मिर्जापुर गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को न केवल काम करने से रोका, बल्कि खम्भा भी उखाड़ दिया और तारों को काट डाला। उन्होंने कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए कहा कि अगर सपा सरकार होती तो तुम सालों की कब्र यही बनवा देता इसके बाद, विद्युत विभाग ने पुनः प्रयास किया और जूनियर इंजीनियर को पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने का आदेश दिया। लेकिन जब 6 मार्च 2025 को खम्भा लगाया गया, तो आरोपियों ने फिर से पीड़ित पर हमला कर दिया और उसे मारने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और बिजली कर्मचारी अपनी जान बचाकर भाग गए।

पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित और उसके परिवार को लगातार इस डर का सामना करना पड़ रहा है कि आरोपित किसी भी समय उनके खिलाफ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं।

समाज सेविका ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित और उसके परिवार को न्याय मिल सके।

सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हमारा उद्देश्य है कि लोग किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । देवकाली बाईपास स्थित एक स्थानीय होटल में रिलायंस जिओ और सजेंकॉन की ओर से 54वें नेशनल सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिलायंस जिओ के मुख्य मेंटेनेंस मैनेजर प्रकाश गिरी, विशिष्ट अतिथि दीपक दीक्षित, संदीप पाठक, देवेश अवस्थी, विवेक त्रिपाठी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की महत्ता को साझा किया।

इस सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम में रिलायंस जिओ के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों को यह बताया गया कि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें क्या हैं और किस तरह से वे अपनी सेफ्टी को सुनिश्चित कर सकते हैं। रिलायंस जिओ के क्लस्टर मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य है कि लोग किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें।÷

कार्यक्रम में सुरक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे कि सड़क पर बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल, कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना और अल्कोहल से बचना। इसके अलावा, सभी उपस्थित लोगों से सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में कंपनी में अच्छा कार्य करने वाले लगभग 50-60 कर्मचारियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।प्रकाश गिरी, रिलायंस जिओ के चीफ मेंटेनेंस मैनेजर, ने बताया कि ÷हम हर साल राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाते हैं, जो 4 मार्च से 10 मार्च के बीच आयोजित होता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और समाज को सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

इस कार्यक्रम में रिलायंस जिओ के अन्य कर्मचारी जैसे अभिषेक पांडेय, प्रशांत, शिवम् सिंह, संतोष त्रिपाठी, रजनीश, पंकज द्विवेदी, दिलीप सिंह, काली शंकर त्रिपाठी और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम 10 मार्च तक जारी रहेगा और इसके माध्यम से समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश की जाएगी।

बेटियों की शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा पर सरकार गंभीर- शालू जायसवाल

केजीबीवी तुलसीपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बलरामपुर। शनिवार को तुलसीपुर तहसील मुख्यालय पर संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मनमोहक नाटक प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर तहसील की नायब तहसीलदार शालू जायसवाल रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से किया गया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य बेटियों के शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती देना है इसके लिए बेटियों को चुप्पी तोड़नी होगी प्रत्येक कार्य में आगे बढ़ना होगा डर को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि घर से निकलने के पहले बेटियां सारी जानकारी अभिभावक को देकर जाए विपरीत परिस्थिति आने पर घबराएं नहीं सरकारी योजनाओं से संचालित नंबर पर तत्काल कॉल करें उनकी तत्काल मदद होगी उन्होंने बेटियों को पढ़ाई में आगे बढ़ाने रहने के लिए प्रेरित किया है साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी है।विद्यालय वार्डन संगीता मिश्रा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नायब तहसीलदार को लड़कियों को समय देने के लिए आभार जताया है।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नामक नाटक का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। बच्चों ने अपने नाटक के माध्यम से यह सभी को सन्देश देने का प्रयास किया कि किस तरह से अशिक्षा हमारे समाज के लिए अभिशाप है। नाटक में कक्षा 7 की करिश्मा कक्षा 8 की प्राची , राधिका, सिंधु, आरती, सृष्टि, रेहाना, परी आदि बलिकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय की वार्डेन संगीता मिश्रा, लेखाकार विशाल श्रीवास्तव, शिक्षिका ममता पाण्डेय, प्रेमलता प्रजापति, गीता, अर्चना, सुमन, अपर्णा, सैयदाह खातून, लक्ष्मी, आरती, सुरेश, रत्नो,अनीता, कामेश्वर सहित अन्य स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कोतवाली बदलापुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारीगण को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने होली पर्व और रमजान माह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिया और सभी से अपील की गई कि आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ आगामी त्योहार मनाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एक दिन की बीएसए बनीं दीपिका विश्वकर्मा

जौनपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दीपिका विश्वकर्मा कक्षा-5, कम्पोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज को एक दिन के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया।

यह दिवस विशेष कर महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा व प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

बीएसए डॉ गोरखनाथ पटेल ने छात्रा को एक दिन के लिए बीएसए बनने पर शुभकामनाएं दी। कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी की छात्रा दीपिका विश्वकर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी बनकर विभागीय कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया। दीपिका विश्वकर्मा ने कार्यों की समीक्षा की और जानकारी प्राप्त की। दीपिका ने अपने प्रभावी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। ज़िलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने छात्रा की प्रतिभा से मंत्र मुग्ध होकर छात्रा के लिए रू0 11000 धनराशि फिक्स डिपॉजिट करने की बात कही जिसका प्रयोग वह 18 वर्ष पूर्ण होने पर कर सकेगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने दीपिका को इनाम स्वरूप रू0 5100 रुपए की धनराशि प्रदान की। दीपिका विश्वकर्मा ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि वह भविष्य में पढ़ लिख कर अपने माता पिता का नाम रौशन करना चाहती हैं। उसने कहा कि आज बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है। मैं सभी बहनों से अपेक्षा करती हूं कि वह भी पढ़ लिखकर अच्छे पदों पर आसीन होकर समाज, देश व महिलाओं और बच्चों की सेवा करें, जिससे हमारा देश आत्मनिर्भर बन सकें।

परिवार न्यायालय ने निस्तारित हुए लगभग 150 मामले

सचिव ने कहा सुलह समझौते के आधार पर वादों का शीघ्र निस्तारण कराना है उद्देश्य

सुल्तानपुर। आज राष्ट्रीय लोक अदालत में शिखा और विजय (पति पत्नी) साथ रहने को हुए राजी, नगर के गभरिया आदर्श नगर के विजय का प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय में सुलह हुए। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मो.अशरफ अंसारी ने बताया कि आज (8 मार्च) विश्व महिला दिवस के अवसर पर तकरीबन डेढ़ सौ मामले का निस्तारण कराया गया। दर्जनों जोड़ो को सुलह समझौता के आधार पर विदाई कराई गई। एडीजे सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों के सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि विजय और शिखा की विदाई सुलह समझौते के आधार पर करवाई गई, दोनों के बीच अब किसी प्रकार का विवाद नही है। एक बच्चे का स्कूल में दाखिला भी पिता के घर के निकट स्कूल में हो गया है। विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशा अधिक से अधिक मामलों में सुलह समझौते के आधार पर वाद के निस्तारण का है। जनपद न्यायधीश लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक जोर परिवार की विघटन को रोकने के लिए रहता है। छोटी -छोटी समस्याओं की काउंसलिंग करके विधिक सेवा प्राधिकरण जोड़ों को एक छत के नीचे जीवनयापन करने के लिए राजी करता है।

जिसमे प्राधिकरण के अधिवक्ताओं का महती भूमिका रहती है।

बोधगया के महाबोधि प्रकरण में मोस्ट ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्राचीन साहित्यों व पुरातात्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट से बोध गया स्थित महाबोधि महाविहार स्थल बौद्ध उत्पत्ति और विरासत की पुष्टि करते हैं और यह पवित्र स्थल प्राचीन काल से केवल बौद्धों के नियंत्रण और देख रेख में रहा है किंतु बोधगया मंदिर अधिनियम (बी0टी0एम0सी0) 1949 जो पवित्र महाबोधि महाविहार में गैर बौद्ध प्रथाओं एवं अनुष्ठानों को मानने वाले पुजारियों को शामिल करने का अवसर प्रदान करता है। यह अधिनियम न केवल बौद्ध धम्म और बौद्ध संघ की पवित्रता को अपमानित करता है बल्कि बौद्ध धम्म के सार का अनादर कर दुनिया भर के बौद्धों पर ब्राहम्णी अनुष्ठानों को थोपता है। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत का संविधान अनुच्छेद 25, 26 और 30 धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों की गारंटी देते हैं बौद्ध धम्म में आस्था विश्वास रखने वालों के उक्त मूल अधिकारों की रक्षा करते हैं।

मोस्ट ने मांग की है कि बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 जो गैर बौद्धों को हस्तक्षेप करने का अवसर प्रदान करता है उसे रद्द किया जाय और बौद्ध संचालित प्रबन्धन ट्रस्ट की स्थापना की जाय, जिसका प्रबन्धन पूरी तरह से बौद्धों द्वारा किया जाए, महाबोधि महाविहार गैर बौद्धवादी प्रभाव से पूर्णतया मुक्त रखा जाय।

फार्मेसी संकाय में मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम

सुलतानपुर। कमला नेहरू संस्थान में कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो. डॉ महेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित द्वारा किया। जिसके साथ ही उन्होंने बताया कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, साथ ही समाज में हो रहे दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए सभी को साथ आने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने बताया कि महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान।

इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे कि स्पीच, नुक्कड़ नाटक जैसे अन्य कार्यक्रम में बढ़ चढ़ के भाग लिया। जिसमें संस्थान के सभी शिक्षक एवं अन्य स्टाफ भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक, एवं अन्य स्टाफ ने महिलाओं को सम्मान देने एवं समाज में हो रहे महिलाओं के प्रति अपराध को खत्म की प्रतिज्ञा ली। उक्त अवसर पर संस्थान के प्रबंधक माननीय श्री विनोद सिंह ने इस कार्यक्रम में सभी छात्रों, शिक्षकगण, स्टाफको शुभकामना दी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन 08 मार्च 2025 को डायट, जौनपुर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री इशिता किशोर, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला तथा जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनिता द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर तथा सभी अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। अतिथियों के स्वागत में कस्तूरबा गॉधी की छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा से संबंधित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री इशिता किशोर ने बालिकाओं को आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए अभिप्रेरित किया, बेटियों को अधिक अवसर दिया जाए, इमोशनल इंटेलिजेंस पर अधिक ध्यान दिया जाए, निर्णय लेने में फाइनेंशियल पर अधिक ध्यान देने, महिला व बालिकाओं की सुरक्षा संरक्षा पर ध्यान देने तथा बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ और बेटियों को जिंदगी में बड़ा लक्ष्य रखने के लिए समझाते हुए खुद पर भरोसा रखने की बात कही।

सीबीएसई इंटर गणित में एक छात्र में छोड़ी परीक्षा

बलरामपुर। सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा तीन केंद्र पर आयोजित हुई। इंटर गणित विषय की परीक्षा में एक छात्र अनुपस्थित रहा है यह छात्र शारदा पब्लिक स्कूल केंद्र का है।

जिले में तीन केंद्र पर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा चल रही है शनिवार को सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पर इंटर गणित विषयमें 59 में सभी उपस्थित रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय केंद्र पर इंटर गणित विषय में 48 छात्रों में सभी छात्रों ने परीक्षा दी है केंद्र व्यवस्थापक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गणित विषय की परीक्षा में सभी छात्र उपस्थित रहे हैं। शारदा पब्लिक स्कूल केंद्र पर इंटरमीडिएट गणित विषय में 56 छात्रों में 55 ने परीक्षा दी है एक छात्र अनुपस्थित रहा है। केंद्र व्यवस्थापक सुजाता आनंद ने बताया कि केंद्र पर गणित विषय में सिर्फ एक छात्र ने परीक्षा नहीं दिया हैं।

जिम्मेदार के बोल

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद आसिम रूमी की माने तो सीबीएसई बोर्ड परीक्षा जिले के तीन केंद्र पर चल रही है इंटर गणित विषय में एक छात्र अनुपस्थित रहा है प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी एवं पुलिस निगरानी में परीक्षा चल रही है।

समाजसेवियों ने क्षयरोगियों को गोद लेकर दिया पौष्टिक आहार किट

सुल्तानपुर। देश से टीबी रोग का समूल नाश करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ग्राऊंड जीरो पर उतरकर काम कर रहा है, शायद यही कारण है कि क्षयरोग से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार रुकती हुई दिखाई दे रही है, इसकी वजह स्थानीय स्तर पर विभागीय कर्मचारियों की मेहनत से इंकार नही किया जा सकता है, एक आंकड़े के मुताबिक अब तक क्षयरोग विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के चलते सैकड़ो क्षयरोगियों को समाजसेवियों व समाजिक संस्थाओं ने गोद ले रखा है। बीते शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकाधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक विजय राय, मो.वसीम, बेलाल अहमद व बरनवाल सेवा समिति ने मिलकर 12 क्षयरोगियों को गोद लेकर सभी क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित किया। साथ ही गोद लिए क्षयरोगियों की देखभाल उन्हें समय से दवा-ईलाज और उनके बेहतर खान-पान के लिए उनसे संपर्क बनाए रखने का भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर गोद लेने वाले समाजसेवियों में वरि.सहायक विजय राय, वाहन चालक संघ के वरि.पदाधिकारी मो.वसीम, बेलाल अहमद व बरनवाल सेवा समिति से देवेश बरनवाल, अभिषेक कुमार बरनवाल व गोद लिए गए क्षयरोगी मौजूद रहे। साथ ही जिला क्षयरोग अधिकारी डां.आरके कन्नौजिया, सुरेश कुमार, केके तिवारी सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

बीकॉम की छात्रा ने कॉलेज बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर से लगाई छलांग

पैर फ्रैक्चर, कमर की हड्डी भी टूटी लखनऊ रेफर

सुल्तानपुर। बीकॉम तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के थर्ड फ्लोर से आज छलांग लगा दिया। छात्रा को गंभीर चोटे आई, उसे गंभीर अवस्था में स्थानीय लोग राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लेकर पहुंचे। जहां से चिंता जनक अवस्था में उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली देहात थाना अंतर्गत एक गांव की छात्रा शनिवार शहर स्थित गनपत सहाय पीजी कॉलेज सिविल लाइन में बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा है। 20 वर्षीय छात्रा आज घर से दोस्त के घर जाने का बोल कर निकली थी। उसके बाद दोपहर में एकाएक उसने कमला नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के थर्ड फ्लोर से संदिग्ध परिस्थितियों में छलांग लगा दिया जिससे उसे काफी चोटे आई। वहां मौजूद स्टॉफ व स्थानीय लोग आनन फानन में लेकर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डॉक्टरो ने बताया कि छात्रा का दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया है। उसकी कमर की हड्डी भी इंजर्ड है। ऐसे में उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि छात्रा का पिता रोडवेज में तैनात है, वो 3 भाई बहन में बड़ी है। सूत्रों की माने तो प्रेम प्रसंग को लेकर छात्रा ने खौफनाक कदम उठाया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि छात्रा को अस्पताल ले जाया गया जहा से वो लखनऊ के लिए रेफर हो गई है। अभी ये कहना मुश्किल है कि वो स्वयं कूदी है या एक्सीडेंटल घटना हुई है। या किसी ने उसको धक्का दिया है। ये सारी चीजें सामने आएगी जब पीड़िता वहां से वापस आएगी उससे बातचीत करके और परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

थाना परिसर में हुई अमन कमेटी की बैठक

बल्दीराय थाना क्षेत्र में 168 स्थानो पर होगा होलिका दहन

सुल्तानपुर। बल्दीराय थाने पर अमन कमेटी की बैठक बल्दीराय तहसीलदार देवानंद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अमन कमेटी को संबोधित करते हुए तहसीलदार ने कहा कि इस वर्ष होली शुक्रवार को पड़ रही है,दूसरी तरफ दूसरे सम्प्रदाय का रोज़ा भी चल रहा है इस लिए ऐसा उपाय अपनाया जाए कि बिना किसी व्यवधान के त्योहार सम्पन्न हो जाए। डीएसपी सौरभ सामंत ने उपस्थित मसजिदों के इमाम सहित अन्य लोगों से अपील की होली के दिन सामूहिक तौर पर जुमा की नमाज़ मस्जिदों में सवा एक के बाद पढ़ाई जाएगी और 2 बजे तक समाप्त होगी,उपस्थित उलेमा ने कहा यदि स्थानीय प्रशासन सहित पुलिस महकमा हमसे मदद की उम्मीद करता है तो हम पूरी तरह से मदद करेंगे और थाना क्षेत्र में स्थित मस्जिद जहां भी जुमा की नमाज होती है सवा एक के बाद ही अजान होगी और लगभग 2 बजे के आस पास खत्म होगी। डीजे वालों को सख्त हिदायत बल्दीराय थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि थाने पर डी जे संचालकों के साथ बैठक कर तय किया कि यदि डी जे को लेकर कहीं कोई बाद विवाद की स्थित पैदा हुई तो डी जे मालिक,डी जे ऑपरेट करने वाला और डीजे बुक करने वाले पर मुकदमा लिखा जाएगा। अमन कमेटी की बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों के इमाम के साथ साथ स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पुलिस मुठभेड़ में लेखपाल से छिनैती मामले में एक गिरफ्तार

सुल्तानपुर। विवाह समारोह में छिनैती करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, एक घायल, दूसरा फरार। जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में 2 मार्च की रात एक विवाह समारोह में राजस्व निरीक्षक के साथ हुई छिनैती की घटना के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों मंगल और कृष्णा की पहचान की गई थी।मुखबिर की सूचना पर पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी दुर्गापुर की ओर भाग रहे हैं। पुलिस ने पीछा किया, जिस पर अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी मंगल के पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी कृष्णा मौके से फरार होने में सफल रहा। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उसे भी पकड़ा जाएगा। फिलहाल घायल आरोपी का इलाज कराया जा रहा है और अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

इबादत का बेहतरीन महीना है रमजान

सुलतानपुर। महान है वह जात जिसे हम प्रभू परमात्मा ईश्वर खुदा के नाम से पुकारते हैं जिसके कब्जे में हम सब की जान है। जिस तरीके से एक माता पिता अपने बच्चे से प्यार करता उसी तरीके से खुदा भी अपने बन्दो से प्यार करता है और वह हमारे हर गुवाहो की माफी के लिए रास्ता खोल रखा है। जो खुदा हमारे ऊपर इतना मेहरबान है उसको कैसे कोई भुला सकता है इसी लिए उस महान हस्ती को कोई नमाज पढ़कर कोई पूजा करके अपने अपने धर्म के अनुसार मानता है। उसी खुदा की इबादत करने का पवित्र महीना रमजान है जो आज से शुरू हो रहा है रमजान में जमाअत के साथ नमाज पढ़ने में बेहद सवाब है इसी लिए पॉच वक्त रमजान में सभी मस्जिदों में जमाअत के साथ नमाज होती है और जुमाकी नमाज में दूर दराज से लोग नमाज पढ़ने आते है।

रमजान का जुमा साल भर के जुमा से कहीं बढ़कर है इसी लिए इबादत के लिए रमजान के महीने की खास अहमियत है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्तियों का हुआ सम्मान

बलरामपुर। मौजूदा समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे हैं स्थिति यह है कि महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं यह बातें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डायट मृदुला आनंद ने कही। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग से जिला स्तर पर मिशन शक्ति, मेला , नोडल शिक्षक सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया इसका शुभारंभ डायट प्राचार्य मृदुला आनंद एवं विशिष्ट अतिथि डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय , बीएसए शुभम शुक्ला सहित डीसी प्रशिक्षण मोहित देव त्रिपाठी मां सरस्वती के चित्र पर

माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जनपद में मीना मंच एवं पावर एंजेल सशक्तिकरण के सुचारू क्रियान्वयन के लिए नामित नोडल प्रत्येक विकास खंड के नोडल को सम्मानित किया गया जिसमें जनपद नोडल शिवा कांत त्रिपाठी, विकासखंड शिवपुरा से मंजू गुप्ता, बलरामपुर देहात से रेशु पांडे, बलरामपुर नगर से सलमा खान, तुलसीपुर से कुसुम कुमारी, गैंसडी से प्रियंका वर्मा, पचपेड़वा से संध्या श्रीवास्तव, उतरौला से श्रद्धा सिंह, गंडास बुजुर्ग से सीमा यादव और रेहरा बाजार से प्रतिमा यादव, केजीबीवी नगर से करुणा , देहात से अर्चना , श्रीदतगंज से पूज्यता, गैंडास बुजुर्ग से रेखा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड से मिशन शक्ति मेला स्टॉल लगाने वाली एवं अपने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 महिला शिक्षिकाओं कुल 50 शिक्षिकाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर केजीबीवी देहात की बालिकाओं द्वारा बाल विवाह पर नाटक, केजीबीवी नगर बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना ,स्वागत गीत, महिला सशक्तिकरण पर नृत्य, यूपीएस कन्या तुलसीपुर की बालिकाओं द्वारा यौन शोषण रोकथाम, बेटी बचाव पर नृत्य, यूपीएस इमलिया की बालिकाओं द्वारा नारी शक्ति पर गीत प्रस्तुत किया गया प्रतिभागी केजीबीवी नगर, केजीबीवी देहात , यूपीएस इमलिया एवं कन्या तुलसीपुर की बालिकाओं को भी प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के संचालन मोहित देव जिला समन्वयक प्रशिक्षण एवं एसआरजी महमुदुल हक ने किया कार्यक्रम के अंत में साहित्य शाला मंच द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रियंका गुप्ता, बरखा गर्ग, कुसुम कुमारी, मोनिका देवी, अर्चना द्विवेदी आदि कवित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यालय सहायक आशुतोष मिश्रा, शिक्षक दीपक, फरीद, आशीष, रजनीश,विचित्र वीर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संक्षिप्त खबरें

शांति और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार - डीएम

बांदा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति की बैठक में शांति के साथ त्योहार मनाए जाने की बात कही। इस दौरान बैठक में धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत लोग बैठक में मौजूद रहे। कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार का उपद्रव न हो।

जिलाधिकारी जे. रिभा व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना बबेरु पर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के सभी धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को विश्वास दिलाया कि सभी समुदाय के लोग आपसी प्रेम, भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि होली, रमज़ान एवं ईद के पर्व हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब के प्रतीक हैं, जिनका शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न होना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की कि समाज में शांति एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक ने लोगों को आश्वस्त किया कि पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन निरंतर गश्त, निगरानी एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतत निगरानी की जा रही है, जो भी व्यक्ति सामाजिक सौहार्द एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा उस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं, कानून व्यवस्था का पालन करें। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें । आसामाजिक व शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या डायल यूपी-112 को दें। बैठक में उपस्थित सभी धर्मगुरुओं ने एक स्वर में समाज में शांति, एकता एवं सौहार्द बनाए रखने तथा त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समस्त जनमानस को होली, रमज़ान एवं ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि सभी लोग त्यौहारों को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएंगे।

फरियादियों की समस्याओं का गंभीरता से करें निस्तारण - डीएम

बांदा। थाना समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त चित्रूकटधाम मण्डल अजीत कुमार ने बिसंडा थाने पर शिकायतें सुनी गईं। जिलाधिकारी व एसपी ने थाना बबेरु पर जनशिकायतों को सुन उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि फरियादियों की समस्याओं का गंभीरता के साथ निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार द्वारा थाना बिसंडा पर जनशिकायतों को सुना गया। इस दौरान कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें टीम गठन करते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी जे. रिभा व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बबेरु में जनशिकातें सुनीं। इस दौरान कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष 03 शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतें सुनी गईं। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया।

एनेमिक महिलाओं की विशेष देखरेख की जाए - डीएम

बांदा। डीएम जे. रीभा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति व नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं का एचआरपी रजिस्टर में अंकन किया जाए। उनका एमसीपी कार्ड अवश्य बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य सब सेन्टर व अस्पताल में आने पर उनकी ओपीडी में एएलसी जांच व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच अवश्य की जायें तथा एनीमिक महिलाओं की विशेष देखरेख रखी जाए। उन्होंने सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम में बच्चों को टीकाकरण के लिए बीएचएनडी दिवस में टीकाकरण का प्रचार-प्रसार कर व बुलावा टोली बनाकर सभी बच्चों का टीकाकरण कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने आरबीएसके टीमों के द्वारा विद्यालयों व आंगनबाडी केन्द्रों में नियमित रूप से माइक्रोप्लान के अनुसार स्वास्थ्य जांच कराकर मिलने वाले अतिकुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु एनआरसी सेन्टर में भर्ती कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि नवजात बच्चों का बर्थ डोज टीकाकरण शत-प्रतिशत रूप से किया जाए। उन्होंने आयुष्मान भवः योजना के अन्तर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड को जनसुविधा केन्द्रों के सहयोग से बडी ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की समीक्षा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को इन योजनाओं में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवार नियोजन के कार्यों की समीक्षा करते हुए बिसण्डा एवं तिन्दवारी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप परिवार नियोजन कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद को अवशेष दो सब सेन्टर का निर्माण कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसएन मिश्रा, एसीएमओ डॉ. जय प्रकाश, डॉ. आरएन प्रसाद व सीएमएस डॉ. सुनीता सिंह, डब्लू एचओ की वर्षा, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

2280.70 लाख से होगा सड़क का चौड़ीकरण, जाम से मिलेगी निजात

सदर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष और पालिका चेयरमैन ने किया भूमिपूजन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। बाईपास सड़क चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत चेयरमैन मालती बासू ने भूमि पूजन करते हुए शिलान्यास किया। परियोजना की लागत 2280.70 लाख रुपये है।

शनिवार को भूमिपूजन किया गया। पूर्व में स्वीकृत महारानी अवन्तीबाई चैक, कालूकुआं से राजा खेत सिह खंगार चौक, पल्हरी बाईपास तक के चौड़करण एवं सुदृढीकरण का कार्य होगा। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इस स्वीकृत परियोजना के अन्तर्गत लगभग 3.1 किलोमीटर रोड को फोर लेन करते हुये इसका चैडीकरण एवं सुदृढीकरण किया जायेगा।इस परियोजना की कुल लागत रुपये 2280.70 लाख है। विधायक ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से निश्चित ही नगर

वासियों को अतिक्रमण की समस्या से निजात मिलेगी। आमजनमानस को इस मार्ग पर अवागमन में सुगमता होगी। इस मार्ग के चैडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड बांदा द्वारा कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि इस मार्ग पर पडने वाली पुलियों का जीर्णोधार करते हुये मध्य में 1.5 मीटर चैडे डिवाइडर का निर्माण किया जायेगा तथा डिवाइडर के दोनो तरफ 07-07 मीटर चैडे मार्गो का निर्माण करते हुये इसको कैटआई एवं थर्मोस्टेट व रेडियम पट्टियों से सुशज्जित किया जायेगा तथा साथ ही साथ मार्ग के दोनो ओर लगभग 1.5 किलोमीटर लम्बे नालो का भी निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बडोखर स्वर्ण सिंह सोनू जी महिला मोर्चा अध्यक्ष वन्दना गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष दक्षिणी राकेश गुप्ता दद्दू, नगर अध्यक्ष उत्तरी राजेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष दक्षिणी राजेश गुप्ता रज्जन, प्रतिनिधित नगर पालिका अंकित बासू, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला, लवलेश व अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, सुरेश गुप्ता, संजय त्रिवेदी, वेद शर्मा, सुल्ली महाराज, अमर यादव, रामपाल प्रजापति सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुल्हाड़ी के हमले से घायल युवक ने दम तोड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। तीन माह पहले कुल्हाड़ी के हमले से घायल हुए युवक ने घर पर दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बिसंडा थाना क्षेत्र के कोरंही गांव निवासी 25 वर्षीय समीमुददीन पुत्र बदरूददीन जमीन बटवारे को लेकर 6 नवंबर 025 को ताऊ के बेटे वासिफ उर्फ बड़े से विवाद हो गया था। वासिफ ने समीमुददीन के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया था। उसका कानपुर में इलाज किया गया। हालत में सुधार होने पर परिजन उसे गांव ले आए थे। परिजन हर सप्ताह समीमुददीन को इलाज करवाने के लिए कानपुर ले जाते थे। शुक्रवार को भी परिजन कानपुर से इलाज करवाकर घर आए थे। रात को उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के मृतक के पिता ने बताया कि वह लोग तीन भाई है। पैतृक जमीन 4 बिस्वा है। बदरूददीन अपने भाईयो से हिस्सा मांग रहा था। इसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मृतक अपने पीछे पत्नी वफातन खातून के अलावा दो पुत्र छोड़ गया है। वही इंस्पेक्टर बिसंडा सुरेश सैनी का कहना है कि जमीन बटवारे के विवाद था। बदरूददीन की तरफ से छह लोगो पर और हमला वर वासिफ उर्फ बड़े की तहरीर पर बदरूददीन समेंत नौ लोगो पर रिपोर्ट दर्ज है। अब धारा गैर इरातन हत्या की बढाई जाएगी।

सजा के साथ दो हजार रुपये लगाया जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। न्यायालय एसीजेएम रेलवे कोर्ट सुचेता चौरसिया ने अभियुक्त रमेश पुत्र शिवप्रसाद निवासी चमरौडी कोतवाली नगर जेल मे बिताई गई अवधि व दो हजार रुपये जुर्माने से दण्डित किया। जुर्माना अदा न कर पाने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया। प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री थाना जीआरपी ने बताया गया कि ऐसी सजा से अपराधियों का मनोबल गिरता है। मालूम हो कि 2 जून 2007 को पंजीकृत हुआ था। मुकदमे में अभियुक्त को यात्री ट्रेन में चोरी की योजना बनाते समय तत्कालीन एचसीपी जयपाल वर्मा व उनकी टीम थाना जीआरपी ने गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त के कब्जे से पेचकश , चाभी का गुच्छा व कटर बरामद किया गया था । मुकदमा उपरोक्त के तत्कालीन विवेचक उप निरीक्षक जीएस वाजपेयी ने साक्ष्य संकलन एवं विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त रमेश रैदास उपरोक्त के विरूद्ध अरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। जिसका ट्रायल न्यायालय एसीजेएम रेलवे कोर्ट में चल रहा था, जिस पर न्यायालय ने सजा से दंडित किया।

एक लाख से अधिक वाद सुलह समझौते से किए गए निस्तारित

»एक करोड़ 96 हजार 82 लाख 570 रुपये किया गया वसूल

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जनपद व तहसील मुख्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में वादकारियों की भीड़ लगी रही। सुलह समझौते के आधार पर 103877 वाद निस्तारित किए गए। इस दौरान एक करोड़ 96 लाख 82 हजार 570 रुपये वसूल किए गए। जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त महिला न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी गई।

जनपद न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने सिविल व किमिनल के चार वाद निस्तारित करते हुये 2000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। संजीव कुमार सिंह प्रथम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 49 वाद निस्तारित करते हुए रुपये 15940000 बीमा कम्पनियों द्वारा पीड़ित पक्षों को दिलाया गया। रोहित सिन्हा, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित छह वाद निस्तारित किये गये। साथ ही प्री-लिटिगेशन पारिवारिक वादों से सम्बन्धित 20 वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया। चन्द्रपाल-द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज, बांदा द्वारा ऑरबिट्रेशन का 01 वाद निस्तारित किया गया। डा0 विकास श्रीवास्तव, अपर जिला

जज/एस0सी0/एस0टी0, बांदा द्वारा कुल 02 वाद निस्तारित किये। श्री निरंजन कुमार, अपर जिला जज /दस्यु प्रभावित क्षेत्र द्वारा कुल 10 वाद निस्तारित किया गया। छोटेलाल यादव, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित सर्वाधिक कुल 9011 वाद निस्तारित करते हुये 18858900 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, इन वादों के निस्तारण में विजनेश कुमार विशेष लोक अभियोजक का विशेष योगदान रहा। गुणेन्द्र प्रकाश, अपर जिला जज पंचम बांदा द्वारा कुल दो वाद निस्तारित कर 26000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। हेमन्त कुमार कुशवाहा, अपर जिला जज पाक्सो बांदा ने चार वाद निस्तारित किये गये। पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज एफटीसी प्रथम बांदा द्वारा कुल आठ वाद निस्तारित कर 4000 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वारा एमवी एक्ट के सर्वाधिक 508 वाद निस्तारित करते हुये मु0 184400/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। गरिमा सिंह, सिविल जज सी0डि0, द्वारा उत्तराधिकार के साथ कुल 17 वाद निस्तारित करते हुये मु0 12620772.87/ उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किये गये। श्रीमती सुचेता चौरसिया, अपर सी0 जे0एम0, रेलवे बांदा द्वारा 313 वाद निस्तारित करते हुये मु0 286335/- अर्थदण्ड अधिरोपित किये गये। श्री प्रफुल्ल कुमार चौधरी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम बाँदा द्वारा कुल 94 वाद निस्तारित करते हुये 123600/- अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूल किया गया। सुश्री वरुणा वशिष्ठ, सिविल जज (सी0डि0/एफ0टी0सी) बांदा द्वारा कुल 19 वाद निस्तारित करते हुये मु0 195/ अर्थदण्ड आरोपित किया गया। सुश्री बिन्नी बाल्यान, सिविल जज जू0डि0 बांदा द्वारा 15 वाद उत्तराधिकार से सम्बन्धित निस्तारित किये गये तथा मु0 रु0 1162328/- के प्रमाण पत्र जारी किये गये। श्रीमती राखी सिंह, सिविल जज जू0डि0- अतर्रा द्वारा कुल 10 वाद निस्तारित करते हुये मु0 21350/- अर्थदण्ड अधिरोपित किये गये। अर्पिता साहू, अपर सिविल जज जूडि द्वितीय बांदा द्वारा कुल 24 वाद निस्तारित करते हुये 1520000 एनआईएक्ट की धनराशि वसूल की गयी तथा 9100 अर्थदण्ड अधिरोपित किये गये। अभय कुमार, सिविल जज जूडि ग्राम न्यायालय नरैनी बांदा द्वारा कुल 128 वाद सुलह-समझौते के माध्यम् से निस्तारित करते हुए रुपये 2100 अर्थदण्ड आरोपित किया गया। कौशलकिशोर प्रजापति, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, बॉदा द्वारा एनआईएक्ट से संबंधित कुल 11 वाद निस्तारित करते हुये 198200 पीडित पक्ष को दिलाया गया। सत्यवीर सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने 09 वाद निस्तारित किये गये जिसमें एनआईएक्ट से संबंधित कुल 05 वाद निस्तारित करते हुये 92998 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत कमलेश दुबे द्वारा 10 वाद निस्तारित किये गयें। राजस्व विभाग के सभी न्यायालयों द्वारा कुल 73,068 वाद निस्तारित किये गये। पुलिस विभाग द्वारा प्रि-लिटिगेशन के 7049 वाद तथा आरटीओ बांदा द्वारा 12316 वाद निस्तारित किए गए। बैंक द्वारा कुल 993 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया जिसमें 150590000/-रुपये कर्जदारों से वसूल किये गये तथा बी0एस0एन0एल0 द्वारा 07 वाद निस्तारित करते हुए मु0 रु0 17951/-वसूला गया। राष्ट्रीय लोक अदालत उे द्घाटन समारोह में श्री कमलेश दुबे अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, श्री द्वारिकेश सिंह मण्डेला अध्यक्ष व श्री मनोज निगम लाला-सचिव, जिला अधिवक्ता संघ के साथ श्री रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक आदि के साथ अधिवक्तागण भी मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में मनाया गया सातवां जन औषधि दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिला अस्पताल में सातवां जन औषधि दिवस राजकीय जिला पुरुष चिकित्सालय में मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू रहीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार व डॉ. आर्यन प्रसाद जिला पुरुष चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एचडी त्रिपाठी जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुशाल यादव कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रसून खरे, धर्मेंद्र कुमार, कौशलेंद्र सिंह रहे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉक्टर ऋषिका सिंह ने किया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार ने जेनेरिक दावों के विषय में जागरूक किया। मुख्य अतिथि मालती बासू ने जिले में चल रहे जन औषधि केदो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी इस दौरान जनपद के समस्त राजकीय चिकित्सालयों के वेंडर प्रीतेश भारत मिश्रा, ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। जनपद पर एरिया वाइज जन औषधि केंटो का संचालन कहां पर और किस प्रकार किया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी दी व राजकीय चिकित्सालय में जन औषधि केंद्र कब से धरातल स्तर पर काम करेंगे। इस पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान प्रीतेश की टीम में फार्मासिस्ट जो मर्दननाका के संचालक हैं। मोहम्मद हसन व राजकीय जिला चिकित्सालय में जो करत है योगेश जी उपस्थित रहे। जन औषधि केंद्र की लाभार्थी सजल गुप्ता, जन औषधि के लाभ को जनता के बीच प्रस्तुत किया।

वक्फ मस्जिद बोड़े में तरावीह के दौरान कुरान हुआ पूरा

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। रमजान का पहला अशरा (10 दिन) आते-आते लगभग सभी मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान पूरा होने का सिलसिला जारी है, रमजान का चांद निकलते ही उसी रात से तरावीह (विशेष नमाज) शुरू होती है। अल्लाह की मुकद्दस किताब कुरआन शरीफ रमजान में नाजिल हुई थी। ईशा की नमाज के बाद 20 रकआत तरावीह की नमाज अदा होती है। जिसे रमजान में अदा की जाती है। पूरे रमजान चलने वाली तरावीह में हाफिज पूरा कुरआन शरीफ सुनाते हैं, उसी क्रम में शहर कोतवाली के सामने स्थित वक्फ मस्जिद बोड़े में सातवीं तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया, यहाँ भारी संख्या में लोगों ने तरावीह की नमाज अदा की, मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी फसीउल्ला खांन, खजांची/मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आफ इंडिया के मेंबर हाजी आरिफ़ खाँन ने सभी को रमजान की मुबारकबाद पेश की व सभी से अपील कर कहा की रोजेदारों को इफ्तार कराएं, कुरान पाक की तिलावत करें, पूरा महीना इबादत में गुजारे, गुनाह से दूर रहें और

जरूरतमंदों की व एक-दूसरे की भरपूर मदद करें, रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं होता है। ये हाथ-पैर, आंख आदि सभी अंगों का भी रोजा होता है। जो लोग किसी वजह से रोजा नहीं रख पाते, वे रोजेदारों का एहतिराम करें, देश और समाज में अमन-मोहब्बत की दुआ करें। साथ ही हाफिज साहब को तोहफ़े/नजराना देकर हौसला अफजाई किया गया, तरावीह के बाद सामूहिक दुआ हुई, यहां हाफिज एहतेशाम उल हक ने इमामत करते हुऐ कुरान सुनाया, इस मुबारक मौके पर मस्जिद इमाम मौलाना मुफ्ती शफीकउद्दीन साहब ने जकात के मसले पर अपना जोर देते हुए कहा सभी को इमानदारी से पाई-पाई जकात निकालनी है, जकात पहले अपने परिवार में फिर उन गरीब परिवार को दी जानी चाहिय जो इसका जादा जरूरतमंद हो, इस दौरान प्रमुख रूप से मेराज कादरी, रशीद आतिशबाज, हमीद आतिशबाज, हनीफ अंसारी, गौहर बाबू, अरशद बिलाल, आदिल मसूदी, साबिर बाबू, नासिर, वहीद उल्ला, अनवर मिस्त्री सहित मस्जिद के सभी मेंबरान मौजूद रहे, सुब्हान आलम, अब्बास हक़ गोलू, सेफान, फैजान, कौसेन, जीशान, जिया सहित मोहल्ले के बच्चों नें ठंडे जूस का इंतेजाम किया। रमजान के महीने में तरावीह को अपनी अकीदत के हिसाब से सब लोग अलग-अलग दिनों में पूरा करते हैं। अरबी कैलेंडर के 9वें महीने रमजानुल मुबारक का चांद 1 मार्च को नजर आया। लोगों ने चांद देखकर खुशहाली की दुआ मांगी। रात को इशां की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने तरावीह की नमाज शुरू की। शहर की लगभग 50 मस्जिदों कैंपस और घरों पर भी लोग तरावीह की नमाज पढ़ रहें हैं। पहला रोजा 2 मार्च को शुरू हुआ। चांद रात से ही मुस्लिम बहुल इलाकों के बाजारों में देर रात तक चहल-पहल और रौनक चल रही है। रोजाना लोग सहरी और इफ्तार के सामान की खरीदारी कर रहें हैं, पैगंबर-ए-इस्लाम ने रमजान के तीस दिनों को तीन अशरों में बांट कर अहमियत बताई है। पहले 10 दिन का अशरा रहमतों का होता है। दूसरा अशरा गुनाहों से माफी और तीसरा जहन्नम से निजात का है।

रोडवेज बस में यात्री की बीमारी से मौत

बांदा। नए गांव से इलाज करवा रोड वेज बस में बैठकर बांदा आ रहे अधेड़ की बस में अचानक मौत हो गई। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के मलेहरा नेवादा गांव निवासी 55 वर्षीय कामता पुत्र रामाधीन क्षय रोग से पीड़ित था। उसका छतपुर जिला के नए गांव स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह शुक्रवार को अपने पुत्र सुरेंद्र के साथ इलाज करवाने गया था। वह रोड वेज बस में बैठ कर गांव जाने के लिए बांदा आ रहा था। तभी रास्ते में बस के अंदर ही कामता ने दम तोड़ दिया।

बांदा आने पर जब बस स्टैड पहुंची पुत्र ने उसे हिलाया डुलाया देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि उसका पिता दस वर्ष से टीबी के मर्ज से ग्रसित था। वह अपने पीछे पत्नी कल्ली के अलावा तीन पुत्र छोड़ गया है।

किशोर ने फंदा लगा कर ली खुदकुशी

बांदा। किशोर ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्का थाना क्षेत्र के बैरफ गांव के मजरा बड़ी खैरी निवासी 17 वर्षीय अमित उर्फ उमाशंकर पुत्र गोरेलाल ने शुक्रवार की दोपहर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। शाम को खेत से घर लौटी मां राजकुमारी ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुड़ी खटखटाईलेकिन कोई हरकत नही हुई। किसी तरह दरवाजा खोल कर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे देखा तो उसका शव फंदे पर लट कर रहा था। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई अंशू ने बताया कि अमित दो भाईयो में छोटा था। उसका पिता दिल्ली में रह कर मजदूरी करता है।

दिन-दिहाड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पर पत्रकार को गोली मारकर हत्या, हमलावर फरार

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पत्रकार को घायल समझकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने पत्रकार को मृत घोषित कर दिया।

शनिवार दोपहर पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई बाइक से सीतापुर गए थे। जहां से वापस महोली अपने घर जा रहे थे। हेमपुर ओवरब्रिज के पास बाइक सवार हमलावरों ने उनकी बाइक को टक्कर मारी। राघवेंद्र के गिरते ही हमलावरों ने उन पर कई राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल राघवेंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। वारदात इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में हुई। पत्रकार थाना महोली के कस्बा के रहने वाले थे।

परिजन ने कहा- 10 दिन पहले मिली थी धमकी

परिजन जयप्रकाश शुक्ला ने बताया राघवेंद्र के पास शनिवार दोपहर किसी व्यक्ति का फोन आया था। बात करने के बाद घर से राघवेंद्र बाइक से निकल गए थे। कुछ देर बाद राघवेंद्र को गोली मारे जाने की सूचना परिजनों को मिली। राघवेंद्र के परिवार में उनकी पत्नी के अलावा 8 साल की बेटी अस्मिता और 10 साल का बेटा आराध्या है। अस्पताल पहुंचे पुलिस ने पत्रकार की डेड बॉडी का एक्सरे कराया, तभी उनके कपड़े में फंसी एक बुलेट मिली।

भाजपा विधायक समेत कई नेता पहुंचे जिला अस्पताल

अस्पताल में परिजनों से मिलने महोली के भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी पहुंचे। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने का भरोसा दिया। कहा कि सरकार हर संभव में मदद करेगी। पूर्व सपा विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव अनूप गुप्ता, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी भी जिला अस्पताल पहुंचे।

इफ्तार का हुआ आयोजन

करछना(प्रयागराज)। आज रमजान के 6 रोजा पर रोजा इफ्तार का 17 मस्जिद में करवाया गया। बता दे की पचदेवरा गधीयांव, डीहा चुपेपुर चनैनी कपठूआ रामपुर हल्दी कला हल्दी खुर्द में दो मस्जिद गलुआ बाद में दो मस्जिद करेहा में दो मस्ज़िद रोजा में इफ्तार करवाया गया सभी मस्जिद में पेश इमाम वह हाफिज मौजूद रहे और सभी गांव के मुस्लिम समाज के लोग एकत्र होकर रोज इफ्तार किया और देश की अमन चैन के लिए दुआ मांगा शुक्रवार की वजह से सभी मस्जिदों में काफी भीड़ एकत्र थी और सभी ने रोजा खोलने के बाद नमाज अदा की रोजा इफ्तार का आयोजन लाडली कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक एमए सिद्दीकी ने किया सिद्दीकी ने कहा कि कई वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है रोजा इफ्तार रमजान के पवित्र पाक महीने में रोजगार के साथ रोजा खोलने से सभी को सवाब मिलता है इसी वजह से जो रोजगार रहता है वह भी साथ में रोजा खोलता है और जो रोजा नहीं रहता है वह भी रोजगार के साथ रोज खोलकर इस पवित्र माह में रोजा खुलवाना सवाब का काम है

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सहसों । भारतीय जनता पार्टी के द्वाराअंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्तियों का सम्मान करने के लिए महिला सम्मेलन सम्मान समारोह का कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में आयोजित किया गया। जिसमें जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं चाहे वह समूह की महिला हो महिला ग्राम प्रधान हो डॉक्टर वकील या अन्य क्षेत्रों में काम करने वाली कामकाजी महिलाएं जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी नई पहचान बनाई है ऐसी महिलाओं का सम्मान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व संकल्पित है यह उक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री संतोष सिंह पटेल ने कहीं क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाली 10 महिलाओं को सम्मानित भी किया कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने संचालन करते हुए महिलाओं का सम्मान करते हुए कहा कि सुकन्या योजना मात्र बंधन योजना लखपति दीदी बालिकाओं के लिए निशुल्क शिक्षा सामूहिक विवाह योजना और आज के दिन प्रधानमंत्री जी ने दिल्ली की महिलाओं के लिए₹25000 प्रतिमा देने की भी घोषणा किया है योगी और मोदी की सरकार में ही महिलाएं सुरक्षित और समृद्ध हो रही हैं यह सरकार महिला के विकास के लिए समर्पित और संकल्पित हैं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले की अध्यक्ष श्रीमती कविता पटेल ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य सहसों ब्लॉक प्रमुख गीता सिंहसह संयोजक अंजन त्रिपाठी रूपम, शकुंतला शुक्ला मंडल अध्यक्ष पुष्कर सिंह पटेल आलोक गुप्ता अनिल मौर्य विमलेश पटेल सुरेश विश्वकर्मा पवन कुमार शुक्ला संगीता पटेल अंजू मौर्य सहित अन्य महिलाएं एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

महमूदाबाद में 108 सुहागिन महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के मोहल्ला नई बाजार स्थित श्री निवास मिश्रा, सुषमा मिश्रा द्वारा शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शनिवार को श्री संकटा देवी मंदिर से 108 सुहागिन महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा श्री संकटा देवी मंदिर से तहसील रोड, बजाजा चौराहा, रामकुंड चौराहा होते हुए नई बाजार पहुंची। इस कलश यात्रा में सुहागिन महिलाएं सिर पर कलश रखे बड़ी संख्या में पीताम्बर वस्त्र धारण किए महिलाओं की भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकलना शुरू हुई तो आस्था व भक्ति के संगम में लोग सराबोर हो गए। डीजे की भक्तिमय भजन व

जय भोलेनाथ, जय श्री राम, जय हनुमान के गगनभेदी नारों से

वातावरण गुंजायमान हो गया।

ज्ञात हो की नई बाजार उत्तरी निवासी श्री निवास मिश्रा व उनकी पत्नी सुषमा मिश्रा द्वारा भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जा रही है 9 मार्च को अन्नाधिवास, फलाधिवास, वेदी पूजन व 10 मार्च को विशाल शोभा यात्रा के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व रामपुर मथुरा मार्ग पर स्थित निजी लान मे विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर दो बजे होगा !इस अवसर पर रवि भूषण, कृतार्थ मिश्रा, गौरव मिश्रा,एकता मिश्रा, मोनिका मिश्रा, सारिका शुक्ला, प्रिया मिश्रा, अंशु अवस्थी, अक्षया मिश्रा, सरिता दीक्षित, सुनीता मिश्रा, अभव्या मिश्रा, निधि अवस्थी, सभासद बीना गुप्ता, श्रीमती चौहान, शिव देवी, रोली चौहान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे!

बल्ब के विवाद में भाइयों का खूनी संघर्ष, कुल्हाड़ी लाठी से हमला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

सराय अकिल/बारा, (कौशाम्बी)। सराय अकिल क्षेत्र फैजुल्लापुर गांव में शराब के नशे में दो सगे भाइयों के बीच बल्ब को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। कुल्हाड़ी और लाठियां चलने से गोपी की मौत हो गई, जबकि उसका भाई संतोष गंभीर रूप से घायल है।

बता दें सराय अकिल के कनैली चौकी क्षेत्र में सोमवार देर रात संतोष और गोपी घर के बाहर बैठे थे, तभी किसी बात पर बल्ब को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। शराब के नशे में धुत दोनों

भाइयों के बीच गाली-गलौज हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। देखते ही देखते कुल्हाड़ी और लाठियां चलने लगीं, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल भाइयों को परिजन आनन-फानन में मंझनपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां से गोपी की हालत नाजुक देखते हुए उसे प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संतोष अभी भी अस्पताल में भर्ती है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद सराय अकिल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव में इस घटना के बाद मातम का माहौल है। परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शिक्षक का हुआ निधन, विद्यालय परिवार मे शोक की लहर

लोकमित्र ब्यूरो

उतराव। उतराव क्षेत्र मे स्थित के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज के एक शिक्षक का निधन हो गया। शिक्षक के निधन से विद्यालय परिवार मे शोक की लहर है। उतराव क्षेत्र के सरायबाकी ग्रामसभा मैराडाड गांव निवासी मिथलेश कुमार 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय पन्नालाल क्षेत्र के के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज निमिथरिया मे शिक्षक थे शिक्षक मिथलेश कुमार का दो दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ी घर वाले आनन-फानन नजदीक के हॉस्पिटल ले गये। लेकिन तबियत मे सुधार न होने से परिजन बेहतर इलाज के प्रयागराज शहर ले गये। जहां इलाज के दौरान मिथलेश कुमार का शनिवार की सुबह मौत हो गयी। मौत की सूचना पाकर पूरा विद्यालय शोक मे

डूब गया। वही विद्यालय परिवार शोक संवेदना करते हुए परिजनों का ढाढ़स बधाया। माता गुनराजी, पत्नी गीता देवी, छोटे छोटे बच्चो परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

एक सशक्त समाज का निर्माण बिना महिलाओं के संभव नहीं- फादर

सीतापुर। सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में वूमेन फोरम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। नदी फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग प्रदान की गई। संगीत और नृत्य के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम कराए गए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में संस्थान के प्राचार्य फादर प्रशांत ने महिलाओं को सशक्त करने का संदेश दिया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि एक सशक्त समाज का निर्माण महिलाओं के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन वूमेन फॉर्म के अध्यक्ष रीमा शर्मा एवं उनके सहयोगी रश्मि मिश्रा, सुष्मिता श्रीवास्तव, सोनाली श्रीवास्तव द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में मनीषा, ईशा, एश्ले, इशिता, वैष्णवी, जाशिका,नमन, डोमिनिक, आदि बच्चों ने प्रतिभा किया एवं कार्यक्रम को संपन्न करवाया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर व्यापारियों ने तहसीलदार और बीडीओ को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली परिसर महराजगंज में व्यापारी नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा और बीडीओ वर्षा सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर कोतवाल जगदीश यादव भी मौजूद रहे।आपको बता दें कि, व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि, महिलाओं के सशक्तिकरण से समाज का विकास होता है। यह जरूरी है कि, हम महिलाओं को केवल उनके अधिकार ही नहीं बल्कि समान अवसर भी प्रदान करें।

महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत सशक्तिकरण समाज की समृद्धि के लिए आवश्यक है। जब तक महिलाएं समाज में बराबरी का स्थान नहीं प्राप्त करतीं, तब तक समाज की प्रगति अधूरी है।व्यापारी नेता ने महिलाओं के

नेतृत्व, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से बात करी और समाज के हर वर्ग से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में योगदान की अपील करी। उन्होंने कहा कि, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो समाज का हर क्षेत्र फलता-फूलता है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं, बस उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्यापारी नेताओं ने इस तहसीलदार मंजुला मिश्रा और बीडीओ वर्षा सिंह समेत महिलाओं को सम्मान चिह्न भेंट कर उनकी सराहना करी। व्यापारी नेताओं द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत उन्नति के लिए किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतीक चिन्ह भेंटकर यह सम्मान किया गया। इस मौके पर मुकेश मोदनवाल, रामबली, मोहित वर्मा, कानूनगो मोहम्मद अहमद, आबिद अली, लेखपालों में शैलेंद्र कुमार, संतोष पटेल, राजेंद्र भारती, राजीव मिश्रा, राजेश कुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

निफ्ट के रॉक बैंड के लाइव कंसर्ट पर दर्शक झूमे

अनन्या प्रसाद, प्रशांत, नव्या शर्मा और सचिन मनोज ने अपनी परफॉर्मेंस से बांधा समां

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। फिरोज गांधी कॉलेज सभागार परिसर में चल रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में निफ्ट के बच्चों के रॉक बैंड का लाइव कंसर्ट में दर्शक झूम गए। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच छात्रा अनन्या प्रसाद और छात्र प्रशांत ने जैसे ही परफॉर्मेंस शुरू की तो समां बंध गया। निफ्ट के करीब 20 छात्र-छात्राएं शाम पांच बजे पुस्तक मेले में मीडिया हेड हर्ष और

एकेडमिक हेड प्रवीन श्रीवास्तव के साथ पहुंचे। ड्रम पर सचिन मनोज और गिटार पर नव्या शर्मा के साथ निफ्ट के छात्र प्रशांत, अनन्या प्रसाद ने हर लम्हा..तुझसे कहता रहता हूं..गाना शुरू किया तो सब वाह वाह कर उठे। तालियों की गड़गड़ाहट से मैदान गूंज उठा। ड्रमिस्ट सचिन मनोज की ड्रम पर सोलो परफॉर्मेंस ने भी लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। करीब एक घंटे तक चली प्रस्तुतियों का समापन गायक अंकुर कक्कड़ द्वारा गाए गए गए कैलाश खेर के चर्चित गीत के साथ हुआ। अंत में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास की तरफ से रॉक बैंड के साथ प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं को अतुल भार्गव, संध्या भार्गव, डॉ आदर्श कुमार, दीपमाला तिवारी, श्रीपति नारायण सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर जेपी त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय त्रिपाठी, रघुनाथ द्विवेदी, ठाकुर प्रसाद सिंह, महेंद्र अग्रवाल, शैलेंद्र अग्निहोत्री, रागिनी सिंह, डॉ रीता श्रीवास्तव, केके सिंह, मुन्नालाल साहू आदि मौजूद रहे।

आर ए एफ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

फाफामऊ। कमाण्डेन्ट-101आर.ए.एफ के दिशा-निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का संचालन प्रीती गौतम क्षेत्रीय कावाध्यक्षा 101- आर.ए.एफ के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर कावाध्यक्षा के नेतृत्व में जवानों के परिवारजनों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल (खो-खो, कबड्डी, रंगोली. मेहन्दी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रीती गौतम क्षेत्रीय कावाध्यक्षा द्वारा फीता काटकर किया गया तथा जवानों के परिवारजनो एवं महिला कार्मिकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम कावाध्यक्षा महोदया ने अतिथियों पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उक्त समारोह का शुभारंम्भ किया गया।उक्त अवसर पर समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाने हेतु गीता शास्त्री द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं समाज में महिलाओं के योगदान के विषय पर महत्वपूर्ण सम्बोधन किया गया।कार्यक्रम के अन्त में कावाध्यक्षा-101आर.ए.एफ ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज समाज को बेहतर बनाने में जितना योगदान पुरुषों का है उतना ही योगदान महिलाओं का भी है। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है और अपने सपनों को साकार कर रही है।

%यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवताओं का वास होता है, इसी के साथ कावाध्यक्षा महोदया ने सभी विशिष्ठ अतिथियों को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।उक्त अवसर पर प्रीती गौतम गीता शास्त्री विधायिका (सोरांव), निशा गुप्ता पार्षद (फाफामऊ) , शशि मौर्या प्रधान (टी.टी. अब्दालपुर) महिला कार्मिक और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

मकान का दरवाजा तोड़ कर नगदी जेवरात उड़ाया

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। शुक्रवार की रात में थाना क्षेत्र के भवानापुर निवासी मुख्तार अहमद पुत्र मकबूल अहमद के मकान का दरवाजा तोड़कर चोर घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात और चालीस हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गये। सभी लोग बगल के कमरे में सोए थे। सुबह जब लोग सो कर उठे तो घर का दरवाजा टूटा देख भौचक रह गये। घर के अंदर जा कर देखा तो अलमारी में रखी नगदी व जेवरात गायब थे। भुक्तभोगी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच की जांच पड़ताल की। लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चला।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की बैठक आज

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ गंगापार के पदाधिकारी सदस्यों की रविवार को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत सचिवालय जैतवारडीह डीघी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया है । उक्त आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष श्याम कृष्ण पिंटू शुक्ल ने दी है ।

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अध्यक्ष व ईओ ने महिलाओं को प्रतिमा फोटो तथा पुष्पगुच्छ देकर किया गया सम्मनित

नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद मंझनपुर के सभागार में अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी) के अध्यक्षता में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निकाय में कार्यरत प्रतिभा सिंह, अधिशासी अधिकारी व महिला थाना मंझनपुर के थानाध्यक्ष नीलम राघव, शिवकली प्रजापति (एच0एम0), महिला सिपाही विद्या यादव, छाया पाण्डेय, अर्चना बाजपेई, अंजली चौहान, शची शुक्ला, सोनम कुमारी तथा सभी संविदा/आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी गीता देवी, शकुन्तला देवी, अनीता देवी, सीमा देवी, गुड़िया देवी, ममता देवी, सरिता देवी, ऊषा देवी, व गुड़िया हेला, सोनी देवी, ममता देवी, शोभा देवी, सोनी देवी, रीता देवी, कुसुमा देवी, कुसुम देवी, राज कुमारी, राजकुमारी सरोज, रूपा देवी, सुमन देवी, मालती देवी, लक्ष्मी देवी एवं अन्य महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र (शाल) व धार्मिक प्रतिमा फोटो तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मनित किया गया इस अवसर पर ओमकार पटेल अवर अभियन्ता, संजय कुमार गुप्ता, लेखा लिपिक, विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि व श्री अशुल केसरवानी, लवलेश कुमार, अजय कुमार, निरंजन लाल, नत्थू, मो0 नजीर, अमित कुमार सोनकर, खुशनसीब अहमद, जीतेन्द्र कुमार साहू, विनोद कुमार, अभय राज, हरिश्चन्द्र, रामयश, राजू सिंह, सलमान हैदर, सनी पाल एवं सविता कुमारी सभासद व प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद, सुभीति सभासद व प्रतिनिधि भारत गौतम, सीमा चौरसिया सभासद व प्रतिनिधि झल्लर प्रसाद चौरसिया, काजल देवी सभासद व प्रतिनिधि सुनील कुमार मिश्रा, ममता देवी सभासद व प्रतिनिधि हरिश्चन्द्र, रंजना देवी सभासद व प्रतिनिधि रामसिंह, शमीमा बेगम सभासद व प्रतिनिधि शमीम अहमद, गमला देवी सभासद व प्रतिनिधि आर्यवीर, सोनी यादव सभासद व प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार व निकाय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

भवंस मेहता में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। भवंस मेहता में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का प्रथम -सत्र बच्चों की अनुभूति और प्राथमिक शिक्षा तथा द्वितीय सत्र अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया उसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। स्वयंसेवको द्वारा प्रथम सत्र में कम्पोजिट विद्यालय ,परसरा का भ्रमण किया गया। उन्होंने विद्यालय पहुँचकर बच्चों से बात करके उनके ज्ञान और बोध का परीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने उनकी समस्याओं और उनके भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत रूप से बात किया।इस दौरान स्वयंसेवको ने विद्यालय के बच्चों पढ़ाया भी। स्वयंसेवकों से पढ़कर और उनसे बात करके बच्चे बहुत प्रसन्न थे।इसके उपरांत महिला जागरूकता को आगे बढ़ाने के लिए उनके अधिकारों को सबको बताने के लिए, रैली निकाली गई।

इसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता पर सार्थक चर्चा आरम्भ हुई। इस कार्यक्रम को सबसे पहले संबोधित करते हुए प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिला को पुरुष बनाने से नही है। बल्कि इसका उद्देश्य उसे जागरूक करने और अपने अधिकार के प्रति सजग करने से है,उन्होंने इस दौरान महिलाओं में बढ़ती नकरत्मकता पर।निराशा व्यक्त किया।इसके उपरांत प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ने महिला दिवस पर बोलते हुए कहा कि मैं आज जो कुछ हूँ, अपनी मां की बदौलत हूँ। आगे उन्होंने बोलते हुए कहा कि यदि समाज से लैंगिक भेदभाव खत्म हो जाये तो समस्या अपने आप खत्म हो जायेगी।इसके उपरांत कार्यक्रम को डॉ0 संजू ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं को शहरी महिलाओं की अपेक्षा ज्यादा संघर्ष करना पड़ता है,परंतु जो महिला इन परिस्थितियों का सामना करके आगे बढ़ती है तो वो निश्चित रूप से सफल होती है। कार्यक्रम को अगले वक्ता के रूप में प्रोफेसर विवेक कुमार त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को मीराबाई, यशोदा देवी से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए जिन्होंने संघर्ष करके अपने जीवन को सफल बनाया।उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि स्त्रियों को इतिहास में हमेशा अन्य के नजरिये से देखा गया है या कहें कि इतिहास में उनकी बात केवल रंचमात्र आती है।इसके बाद कार्यक्रम को डॉ0 श्रद्धा तिवारी ने संबोधित किया उन्होंने बताया कि कैसे लड़कियां अपनी आजादी का दुरूपयोग कर रही हैं।उन्होंने बताया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा द्वारा हम समाज में अपने आपको आगे बढ़ा सकते हैं।इसके उपरांत डॉ0 चुम्मन प्रसाद ने स्त्री सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि जब सारे देवता हार गए तब संघर्ष के लिए शक्ति को पैदा किया गया।इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रोफेसर श्वेता यादव ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा महिलाओं के लिये किये जाने वाली घोषणाओं के बारे में चर्चा किया साथ ही साथ उन्होंने लड़कियों को अपने अधिकारों को जानने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया।इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को लड़कियों को उनके स्वाभाविक की तरफ ध्यान देना चाहिए।इस अवसर पर वॉइजा अरब,अर्सिया और वैष्णवी विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।बच्चों द्वारा इस अवसर पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने पुरखास से निकाली पदयात्रा

प्रशासन के उदासीन रवैये से यात्रा के बाद क्रमिक अनशन पर बैठे

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, (कौशाम्बी)। जिला पंचायत सदस्य साधना सिंह पटेल एवं समाजसेवी विनय सिंह पटेल ने कहा कि केवट पुरवा यमुना घाट से ट्रैक्टर और ट्रकों के जरिये बालू के परिवहन के कारण पुरखास तक 5 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुकी है। बालू लदे ट्रकों के रिसने वाले पानी से पूरी सड़क दलदल गई है। डेढ़ साल पहले इस सड़क को 611 लाख रुपये में निर्माण की निविदा निकाली गई थी। लेकिन आज तक सड़क निर्माण काम नहीं शुरु हुआ है। इस दौरान अधिकारियों से कई बार सड़क निर्माण की मांग की गई। लेकिन अधिकारी नई तकनीक से सड़क निर्माण पर बजट में कमी बता सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। इससे केवट पुरवा, मल्हीपुर, इसीपुर, पुरखास, गडरियां का पुरवा और नंदा का पुरवा गांव के करीब 50 हजार ग्रामीण नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पद यात्रा में जिला पंचायत सदस्य साधना सिंह पटेल, समाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह पटेल, विख्यात शायर शाहरुख सिद्दीकी, समाजसेवी सैय्यद अली मेंहदी, मनीष निषाद (क्षेत्र पंचायत सदस्य), अभिषेक पटेल, नियाज अहमद, एहसान सिद्दीकी, छोटे लाल पाल, भगवती निषाद प्रधान मल्हीपुर, हीरा लाल निषाद पूर्व प्रधान मल्हीपुर, सविता देवी प्रधान मोहम्मदाबाद और गुलफाम अहमद आदि सैकड़ों ग्रामीण प्रशासन के उदासीन रवैये से पद यात्रा निकाल केवट पुरवा में क्रमिक अनशन पर बैठ गये हैं।

मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालयध्यांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा विद्यालय में जाकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा माता शीतला धाम मन्दिर में भ्रमण कर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर छात्राओं, बच्चियों,महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4) मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

हरि यमुना सहयोग समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

108 पंचमुखी हनुमान मूर्ति स्थापना एवं हरि यमुना परिक्रमा पथ पुनरुत्थान का संकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

बारा, कौशाम्बी। हरि यमुना सहयोग समिति, पांवटा साहिब (हि.प्र.) के तत्वावधान में श्री प्रकाश चौतन्य जी महाराज के नेतृत्व में 108 श्रीमद्भागवत कथाओं की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र पहल के अंतर्गत 108 पंचमुखी श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापना, यमुना के तटों पर सघन वन लगाने तथा हरि यमुना परिक्रमा पथ के पुनरुत्थान का संकल्प लिया गया है। इस अभियान की कड़ी में कौशाम्बी जिले के महिला गांव में 50वें अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसे विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह आयोजन 27 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक पातालेश्वर मंदिर, अमन शहीद, हमीरपुर में संपन्न हुआ। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित था, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रकाश चौतन्य जी महाराज ने माता यमुना की परिक्रमा कर 108 यज्ञ कथाओं को संपन्न करने का संकल्प लिया है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य यमुना नदी के तटों पर हरित वातावरण का निर्माण करना और परिक्रमा पथ का पुनरुत्थान करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। हरि यमुना सहयोग समिति के तत्वावधान में यमुनोत्री से प्रयागराज और पुनः यमुनोत्री तक श्हरित यमुना-स्वच्छ यमुना-सुरक्षित यमुनाश् अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 108 श्रीमद्भागवत कथाओं का आयोजन शामिल है, जिससे न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना का भी प्रसार होगा। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इससे यमुना नदी की पवित्रता को बनाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। हरि यमुना सहयोग समिति सभी श्रद्धालुओं से इस पुनीत कार्य में योगदान देने की अपील करती है।

सामाजिक न्याय कि लड़ाई में फ्रैंक हुजूर हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे- तमजीद अहमद

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। दुनिया भर में अपने लेखन के जरिये जाने जाने वाले और हाल ही में कांग्रेस ज्वाइन करने वाले फ्रैंक हुजूर का दिल्ली में निधन हो गया, उनकी अचानक देर रात तबियत बिगड़ गई और दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता तमजीद अहमद ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि सामाजिक न्याय कि लड़ाई कि एक बेहद मजबूत कड़ी टूट गयी है पर उनका जीवन इस लड़ाई को लड़ने वाले योद्धाओं को प्रेरित करता रहेगा।उन्होंने कहा हाल ही में उम्होने राहुल गाँधी कि सामाजिक न्याय कि लड़ाई से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कि थी।

सामाजिक चिंतक असरार नियाजी ने कहा उनका असमयिक निधन से उनके समर्थकों में बेहद शोक है, उनका जीवन समाजवाद कि जड़ों को मजबूत करने में रहा। उनका अंतिम संस्कार आज लखनऊ में होगा।

अपने हक और अधिकार के प्रति सजग रहे नारीशक्ति- पूर्णिमा प्रांजल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिजवी कॉलेज ऑफलॉ परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण की जिला सचिव ने नारीशक्ति को किया संबोधित, गिनाई उनके हक और अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, (कौशाम्बी)। शनिवार को करारी कस्बा स्थित डॉ0 रिजवी कॉलेज ऑफलॉ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रहीं।उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं, महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दिया।

कस्बा के रिजवी कॉलेज ऑफलॉ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।मुख्य अतिथि रहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पूर्णिमा प्रांजल ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह महिलाओं के लिए गर्व का विषय है कि पूरे विश्व में आठ मार्च को अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसका जन्म1908 में न्यूयॉर्क शहर में हुआ हुआ था।

जब लगभग 15,000 महिलाओं ने कम काम के घंटे, बेहतर मजदूरी और मतदान के अधिकार की माँग करते हुए सड़कों पर मार्च निकाला था।इसके बाद 1909 में सोशलिस्ट पार्टी ऑफ अमेरिका ने पहला राष्ट्रीय महिला दिवस (छॅक) आयोजित किया। 1910 में कोपेनहेगन में द्वितीय अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी महिला सम्मेलन आयोजित किया गया, जहाँ जर्मन समाजवादी और महिला अधिकार कार्यकर्ता, क्लारा जेटकिन ने एक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की स्थापना का विचार प्रस्तावित किया।इसके बाद 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। 1917 में रूसी क्रांति के दौरान, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और यह दिन 8 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया।आज का यह दिन पूरी दुनिया में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत ही नहीं बल्कि विश्व में महिलाएं हर वो काम कर रही हैं जो एक पुरुष करता है।भारत की राष्ट्रपति भी महिला हैं।भारत सरकार महिलाओं का सम्मान करने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाकर लाभ पहुंचा रही है।

रिजवी कॉलेज ऑफलॉ के प्राचार्य मुहम्मद जफर ने प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि नारी सशक्तिकरण और स्वतंत्रता का महत्व महिलाओं को अपनी शक्ति और क्षमता को पहचानने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता हैं।नारी स्वतंत्रता का मतलब उसकी शक्ति को पहचानना और सम्मान देना है।हर नारी को खुद पर विश्वास होना चाहिए, तभी वह कुछ बड़ा कर सकती है।एक महिला केवल घर नहीं संभालती, वह पूरी दुनिया बदल सकती है।सशक्त महिला वह है जो खुद के फैसले लेने में सक्षम हो। महिलाओं को अपने अधिकारों और क्षमताओं के बारे में जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रेरित अंतरराष्ट्रीय दिवस प्रेरित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य मुहम्मद जफर ने मुख्य अतिथि को उपहार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन जकिया सुल्ताना ने किया।साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं, महिलाओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आलोक श्रीवास्तव ,एजाज अहमद,मनीष पांडेय, हुसैन फातमा सहित सैकड़ों की संख्या में छात्रा व छात्र उपस्थित रहें।

प्लेट फार्म पर पैदल चलने वाले पुल का विस्तार करने की कस्बाइयों ने मंडल रेल प्रबन्धक से की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। कौशाम्बी नगर पालिका परिषद भरवारी रेलवे स्टेशन पर पैदल चलने वाला पुल जो कि एक नंबर से होता हुआ प्लेट फार्म नंबर दो एवं तीन पर जा कर समाप्त हो जाता है सयहां तक तो बहुत अच्छा बना हुआ है स अब सवाल उठता है कि प्लेट फार्म नंबर तीन के बाद शिशु मंदिर कॉलोनी गुलाब बिहार मेहता रोड नया बाजार सिंघिया गेरसा बिसारा परसरा आदि नगर पालिका परिषद सीमा अंतर्गत लोगों को रेलवे क्रासिंग बंद होने पर सभी लोग शिशु मंदिर कॉलोनी होकर ही ट्रेनों को पकड़ते है जिसकी वजह से यात्रियों को लाइन पार करना तथा प्लेट फार्म पर चढ़ना बहुत ही टेढ़ी खीर है सऐसे में यात्रियों के सामने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय यह है कि रेलवे क्रासिंग बंद हो उसी के साथ प्लेट फार्म नंबर तीन के बगल में लूप लाइन मे मॉल गाड़ी खड़ी हो तो ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों के सामने बहुत ही विकराल समस्या खड़ी हो जाती है।

यहां के स्थानीय लोग मनोज कुमार पूर्व सभासद मोहम्मद हुसैन उर्फ मन्नान जय सिंह सुशील कुमार अजय कुमार अतिन कुमार सुरेश चंद्र लोहा बब्बू अग्रवाल आदि लोगो ने उक्त पुल को दो तीन नंबर प्लेट फार्म से बढ़ाकर दोनों लूप लाइन को पार करते हुए इसका सीमा विस्तार करने की मांग उत्तर मध्य रेलवे के प्रबन्धक प्रयागराज से करते हुए इस विकराल समस्या को संज्ञान ले कर समाधान करने की मांग की है जिससे प्रतिदिन इस पार से उस पार तक जाने वाले यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में आसानी हो सबसे ज्यादा परेशानी वरिष्ठ नागरिकों एवं नन्हे मुन्ने बच्चों एवं दिव्यांग व्यक्तियों को होती है उन्हें अपनी यात्रा करने में मदद मिल सके।

ब्रूक इंडिया द्वारा विश्व महिला दिवस मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। ब्रूक इंडिया द्वारा बड़गांव, और शहनाई गेस्ट हाउस करारी दो स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम में महिलाओ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के कारण ,महिलाओं के अधिकार महिलाओं की समाज में सहभागिता, महिला सशक्तिकरण महिलाओं को समानता का अधिकार। महिलाओं की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा संचालित वूमेन पावर हेल्पलाइन और महिला उत्पीड़न से बचाव हेतु सरकार द्वारा संचालित टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्रोक इंडिया के फील्ड अस्सिटेंट सुदामा के द्वारा महिला अधिकारों पर चर्चा सुनीता के द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाएगी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में ब्रूक इंडिया के राममूर्ति मिश्रा, अनुराग कुमार, रामकिशन, संजय मौर्य, पुष्पा आदि स्टाफ द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

रंगीन पापड़, मिलावटी मिठाई बदरंग कर सकती है, होली

कौंधियारा (प्रयागराज)। जिले यमुना नगर के कौंधियारा क्षेत्र में होली के त्योहार आने के साथ ही बड़े पैमाने पर मिलावटी खाद्य पदार्थ बाजार में आ रहे हैं। यह खाद्य पदार्थ होली के त्योहार को पूरी तरह से बदरंग कर सकते हैं। मिलावटी कलर मिक्स पापड़ खाने वालों को बदहजमी, बेचैनी होने के साथ ही लीवर और किडनी तक प्रभावित कर सकता है। बाजार में बिकने वाले पापड़ चिप्स को खरीदारी करने से परहेज करें। बेहतर होगा कि लोग अपने ही घरों पर पापड़ चिप्स की तैयारी होली पर्व पर लोगों की पहली पसंद गुझिया होती है। यह यह खोया से बनाया जाता है। इसकी मिलावट तो जगजाहिर है। दूसरे खाद्य पदार्थ में रंगीन पापड़ का भी बहुत अधिक प्रयोग किया जाता है। रंग-बिरंगी पापड़, पुल्ली , जितना अधिक रंगीन होती है वह उतना ही खतरनाक होती है। पापड़ ,चिप्स को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए कलर मिलाया जाता है। इसके लिए रंग का मानक निर्धारित है। मिठाई से लेकर पापड़ तक में मिलाने के लिए विशेष रंग का प्रयोग करना निर्धारित है। खाद्य एवं औषधि विभाग से उसी रंग के प्रयोग की अनुमति दी जाती है। इस प्रकार के रंग बाजार में मंहगें बिकते हैं और रंग भी हल्का होता है। इसी रंग को परमिटेड कलर के नाम से जाना जाता है।

निर्माण इकाइयां सामान्य वाले नॉन परमिटेड कलर का प्रयोग करती हैं। इससे खाद्य पदार्थ बेहतर हो जाते हैं, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह से घातक होते हैं।

समाधान दिवस के अवसर पर समस्त थानों पर सुनी गई जनशिकायतें

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कोखराज व थाना संदीपनघाट में जनशिकायतों को सुनकर कुछ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना सैनी व क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना पश्चिम शरीरा पर तथा जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जनशिकायतों को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को अवगत कराया गया। जनपद में कुल 23 15 भूमि विवाद व 08 अन्य विवाद पुलिस प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 06 प्रार्थनापत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना संदीपनघाट पुलिस उपनिरीक्षक जगरूप यादव राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा राम बहादुर निवासी छबिलवा थाना संदीपनघाट को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च 2025 को इंटरनेशनल साइन सेवा ट्रस्ट साई धाम मंझनपुर की पहल पर मॉडल जिला बार एसोसिएशन कौशांबी एवं सोशल जस्टिस फोरम द्वारा जनपद न्यायालय कौशांबी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कौशांबी की सचिव अपर जिला जज पूर्णिमा प्रांजल रही। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय की महिला न्यायाधीश अधिकारी गढ़ को ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया मॉडल जिला बार एसोसिएशन कौशांबी के अध्यक्ष दिलीप पांडे एडवोकेट महामंत्री तुषार तिवारी एडवोकेट ब्राह्मी भूषण मिश्रा कौशलेश द्विवेदी सुनील त्रिपाठी विकास मिश्रा एवं अनिल कुमार द्विवेदी एडवोकेट प्रबंधक सोशल जस्टिस फोरम इंटरनेशनल साइन सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट केडी द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

जनपद एवं सत्र न्यायालय कौशाम्बी में वरिष्ठता उषा मिश्रा एवं जय लता त्रिपाठी को सामाजिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण में कार्य करने के कारण कौशांबी गौरव सम्मान पुरस्कार दिया गया।